Website- Edristi.in

नवत्रा

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 4 >>> अंक - 10 >>> अप्रैल, 2021

51वां दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, 2019

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2021

प्रधानमंत्री की बांग्लादेश यात्रा

VISIT…

प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेन्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेन्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए।

दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं

करेन्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों। माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा।ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं।हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है।आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (मार्च,2021) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं।ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 12

51वां दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, 2019 12

प्रधानमंत्री की बांग्लादेश की यात्रा 12

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2021 14

छठी भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (IBSA) महिला फोरम की बैठक-2021 16

क्ववाड नेताओं का पहला वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2021 16

11वां इंडिया केम, 2021 17

भारत फिनलैंड वर्चुअल सम्मेलन, 2021 18

आजादी का अमृत महोत्सव 19

भारत में इलेक्ट्रिक वाहन संबंधी रिपोर्ट 19

मध्य प्रदेश बजट- 2021-22 20

'स्मार्टअप उन्नति' कार्यक्रम 23

भारत-स्वीडन वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2021 23

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि 24

पुडुचेरी में राष्ट्रपति शासन 26

नेशनल हार्टीकल्चर फेयर, 2021 27

एशिया-पैसिफिक रूरल एंड एग्री क्रेडिट एसोसिएशन (अप्राका) व नाबार्ड के 'क्षेत्रीय नीति फोरम' की बैठक, 2021 27

इंडिया टेलीकॉम, 2021 28

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 28

ढाका तथा न्यूजलपाईगुड़ी के मध्य प्रारंभ नई यात्री ट्रेन सेवा 29

कोवैक्स कार्यक्रम के तहत कोरोना वायरस टीके का शिपमेंट प्राप्त करने वाला विश्व का पहला देश 29

विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट, 2021 30

अंतरराष्ट्रीय शस्त्र हस्तांतरण प्रवृत्तियां, 2020 31

मेकिंग पीस विद नेचर रिपोर्ट 33

ट्रैफिक क्रैश इन्जरीज एंड डिसएबिलिटिज: द बर्डन ऑन इंडियन सोसाइटी 36

आर्थिक परिदृश्य 37

10 हजार एफपीओ के गठन एवं संवर्धन की योजना की प्रथम वर्षगांठ 37

तेलंगाना ग्रामीण बैंक तथा आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक के द्वारा वीडियो-केवाईसी सुविधा का प्रारंभ 39

अंकटाड : व्यापार और विकास रिपोर्ट अपडेट, मार्च 2021 40
एशिया व प्रशांत एसडीजी प्रगति रिपोर्ट, 2021 40
दुनिया का पहला ग्रीन हेजिंग लेनदेन 41
भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 42
एम-कैप(बाजार पूंजीकरण) लाभ के मामले में अग्रणी देश 43
जेएलएल एचपीआई सूचकांक 43
आईपीओ अनुप्रयोगों के लिए पेटीएम UPI हैंडल को मंजूरी 45
अमेरिका बना भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश 45
बीमा क्षेत्र में एफडीआई में वृद्धि 47
विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनियों(SPACs) की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए विशेषज्ञ समूह 48
संयुक्त उद्यम कंपनी EMITS की स्थापना के लिए साझेदारी 49
'RuPay SoftPoS' सॉल्यूशन के लॉन्चिंग हेतु साझेदारी 49
ओईसीडी इकोनॉमिक आउटलुक: अंतरिम रिपोर्ट मार्च, 2021 50
गोम स्पेस (Gom Space) और जे.पी. मॉर्गन द्वारा ब्लॉकचेन लेनदेन परीक्षण 51
एसबीआई म्यूचुअल फंड का पहला अंतरराष्ट्रीय फंड 52
नम्मा चेन्नई स्मार्ट कार्ड 53
बिजनेस-टू-कंज्यूमर (B2C) ई-कॉमर्स इंडेक्स, 2020 53
एचडीएफसी बैंक का 'स्मार्टअप उन्नति' कार्यक्रम 54
वित्तीय संस्थानों हेतु 'बिजनेस किस्त सुरक्षा' उत्पाद की लॉन्चिंग 55
इरकॉन इंटरनेशनल में विनिवेश 56
बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) रिपोर्ट-2021 57
11वीं भारत-यूरोपीय मैक्रो इकोनॉमिक संवाद, 2021 58
ई-कारोबार में टाटा का बड़ा निवेश 59
फिनो पेमेंट्स बैंक 59
एमएसएमई के लिए ऋण पूंजी मंच की व्यवहार्यता का परीक्षण : सिडबी - एनएसई समझौता 60
भारतीय अर्थव्यवस्था : मूडीज का पूर्वानुमान 61
भारत के शीर्ष व्यापार साझेदार के रूप में चीन की वापसी 62
आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक, 2021 63
यूके से भारत में होने वाले एफडीआई प्रवाह का आंकड़ा 64

भारतीय रिजर्व बैंक के विनियामक दायरे में विस्तार 65
वैज्ञानिक परिदृश्य 66
रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 66
भारत एवं जापान ने संयुक्त रूप से की चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण (LUPEX) मिशन की समीक्षा 66
क्रोटलारिया लैमेलिफॉर्मिस 67
क्लाउड आधारित 5 जी रेडियो समाधान 67
विश्व का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर-'फुगाकू' 68
HP द्वारा महासागर के प्लास्टिक कचरे से पीसी का निर्माण 69
आर्कटिक जलवायु की निगरानी के लिए पहला उपग्रह 70
एडवांस लाइट टॉरपीडो 71
इक्विन हर्पीस वायरस-1 72
भारतीय नौसेना की प्रथम (मोंगला) यात्रा 72
दो प्रौद्योगिकी केंद्रों का उद्घाटन 73
अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान केंद्र 74
NASA ने अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए सप्लाई शिप लांच किया 75
वर्टिकल लांच शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (VL-SRSAM) का सफल परीक्षण 75
एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम्स 'हेलिना' और 'ध्रुवास्त्र' का सफल प्रयोक्ता परीक्षण 76
संदेश 77
सॉफ्टवेयर 'अमार वाशा' 78
अभ्यास डस्टलिक-II 79
दूसरा ग्लोबल बायो-इंडिया, 2021 79
पीएसएलवी-सी 51 का सफल प्रक्षेपण 80
मिसाइल सहगोला बारूद नौकाओं की खरीद हेतु अनुबंध 81
स्कॉर्पियन श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' भारतीय नौसेना में शामिल 82
युद्धाभ्यास डेजर्ट फ्लैग-VI 83
आईसीजी C-453 इंटरसेप्टर वोट 83
खेल परिदृश्य 84
टेनिस 84
कतर एक्सॉनमोबिल ओपन, 2021 84

यूपी ओपन आईटीएफ मेंस फ्यूचर टेनिस टूर्नामेंट, 2021 85
कतर टोटल-ओपन, 2021 85
एबीएन एमरो वर्ल्ड टेनिस टूर्नामेंट, 2021 86
अर्जेंटीना ओपन, 2021 87
ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2021 87
क्रिकेट 89
विजय हजारे ट्रॉफी, 2020-21 89
वीवो इंडियन प्रीमियर लीग, 2021 के कार्यक्रम की घोषणा 90
भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज, 2021 91
आईपीएल, 2021: खिलाड़ियों की नीलामी 92
आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ - (फरवरी, 2021) 94
फुटबॉल 95
हीरो इंडियन सुपर लीग, 2020-21 95
बैडमिंटन 96
योनेक्स स्विस ओपन, 2021 96
गोल्फ 97
द प्लेयर चैपियनशिप, 2021 97
प्यूर्टो रिको ओपन, 2021 97
12वां एफआईए-जेसीबी गोल्फ टूर्नामेंट, 2021 98
गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप, 2021 98
एथलेटिक्स 99
नई दिल्ली मैराथन, 2021 99
खेल विविध 100
आईपीएल का आधिकारिक पार्टनर 100
यूएई के दो क्रिकेटरों पर प्रतिबंध 100
सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड 101
'मार्वलस' मार्विन हैगलर 102
ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भारत की पहली तलवारबाज 102
इंटरनेशनल वुमन क्लब की वर्ष 2021 की ग्लोबल एंबेसडर 103

मैटियो पेलिकोन रोम रैंकिंग सीरीज, 2021 104
विनय कुमार 105
7 वीं फाजा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट, 2021 105
अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IoC) के अध्यक्ष 106
XXIV आउटस्टैंडिग यूक्रेनियन रेसलर्स एंड कोचेस मेमोरियल टूर्नामेंट, 2021 107
30 वां एड्रियाटिक पर्ल यूथ टूर्नामेंट, 2021 107
फिलिप आइसलैंड ट्रॉफी, 2021 109
टाटा मोटर्स 65वीं सीनियर ग्रीको रोमन राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 110
संक्षिप्तियां 110
चर्चित व्यक्ति 110
सागर सरहदी 110
लक्ष्मण पाई 111
डेयरी क्षेत्र के लिए उत्कृष्टता केंद्र 111
एनएसजी के नए महानिदेशक 112
जॉन पॉम्बे जोसेफ मागुफुली 113
स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड के नए अध्यक्ष 113
चेमांचेरी कुन्हीरमण नायर 114
मानवाधिकार परिषद की सलाहकार समिति के पहले भारतीय अध्यक्ष 114
तेत्सुशी सामाकमांतो जापान के एकाकीपन मंत्री नियुक्त 115
सीआरपीएफ के नए महानिदेशक 116
अमेरिकी राष्ट्रपति के नए उप सहायक और व्हाइट हाउस सैन्य कार्यालय के नए निदेशक 117
यूएनएफपीए की नई गुडविल एंबेसेडर 118
इटली के नए प्रधानमंत्री 118
देश के नए मुख्य सांख्यिकीविद 119
टाटा मोटर्स लि. के नए एमडी एवं सीईओ 119
लेवी के वैश्विक ब्रांड एंबेसेडर की नियुक्ति 120
टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति के नए अध्यक्ष 120
उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री 121
कैप्टन सतीश शर्मा 122

संयुक्त राष्ट्र पूंजी विकास कोष की नई कार्यकारी सचिव 122
मध्य प्रदेश विधानसभा के नए अध्यक्ष 123
किरण आहूजा 123
चर्चित स्थल 124
सैंगे ज्वालामुखी 124
उत्तर प्रदेश में संचालित 8वां हवाई अड्डा 125
देसिकन भवन 126
रुस में भारत का ऊर्जा कार्यालय 126
पूर्वी भारत का पहला कौशल विश्वविद्यालय 127
पुष्प प्रसंस्करण केंद्र 128
दो प्रौद्योगिकी केंद्रों का उद्घाटन 129
देश में पूर्णत: महिलाओं द्वारा संचालित दो पासपोर्ट सेवा केंद्र 129
सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन गेमिंग 130
उदयपुर विज्ञान केन्द्र 131
एशिया के सबसे बड़े कैटल पार्क का उद्घाटन 131
होशंगाबाद शहर के नाम में परिवर्तन 132
स्वच्छ आइकॉनिक स्थलों के चयन की घोषणा 133
नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम 135
डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान 136
ट्री सिटी ऑफ दि वर्ल्ड-2020 136
पुरस्कार/सम्मान 137
67वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2019, ... 137
गांधी शांति पुरस्कार, 2019-2020 139
विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस 140
एसजेए ब्रिटिश स्पोर्ट्स जर्नलिज्म अवॉर्ड्स, 2020 141
प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार, 2021 141
साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार, 2020 142
11वें सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार, 2020-21 में 'रोल मॉडल' पुरस्कार 143
साहित्य अकादेमी पुरस्कार, 2020 143

दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स, 2021 145
स्कॉच चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर, अवॉर्ड 146
किंग भूमिबोल वर्ल्ड सॉइल डे-2020 पुरस्कार 147
जीव-जंतु कल्याण एवं संरक्षण के लिए पुरस्कार, 2020-21 147
30वां बिहारी पुरस्कार, 2020 148
78वां गोल्डन ग्लोब पुरस्कार-2021 149
योजना/परियोजना 150
ईंधन सेल आधारित एयर इंडिपेंडेट प्रोपल्शन प्रणाली का विकास 150
रूफटॉप सोलर को फाइनेंस करने के लिए यूएसऐड और यूएस डीएफसी लोन गारंटी प्रोग्राम 152
एलआईसी की बचत प्लस योजना 152
पर्यटक वाहन संचालकों के लिए नई योजना 154
4 राज्यों में ईएसआई लाभार्थियों को कैशलेस उपचार की सुविधा 155
हरि हर योजना 155
प्रधानमंत्री द्वारा कोयम्बटूर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन 157
दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का दूसरा चरण 158
'ई-परिवहन व्यवस्था' का शुभारंभ 158
मिशन 'लाल लकीर' 159
महिला उद्यमियों के लिए 'विकास आशा'ऋण योजना 160
'मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास' परियोजना 161
एलआईसी द्वारा 'बीमा ज्योति'योजना का प्रारंभ 162
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं 163
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सभी योजनाएं मंत्रालय की 3 प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत श्रेणीबद्ध 165
आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 166
आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक ह्वप से पिछड़ी जातियों के लिए नये लोककल्याणकारी योजना के लिए मंजूरी 167
प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम बंगाल में अनेक रेल परियोजनाओं का उद्घाटन 168
दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे-एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर 169
दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए उत्पादन से संबंद्ध लाभ (पीएलआई) योजना 170
दो नई लौह अयस्क खदानों में उत्पादन से जुड़ी गतिविधि का शुभारंभ 172
पंजाब में सौर-आधारित जल आपूर्ति परियोजना की शुरुआत 172

कोच्चि वाटर मेट्रो परियोजना 173
जम्मू-कश्मीर में ई-कुबेर भुगतान प्रणाली का शुभारंभ 174
पुगलुर-त्रिशूर एचवीडीसी परियोजना 175
आयोग/समिति 176
स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ मनाने हेतु राष्ट्रीय समिति गठित 176
ऑपरेशन/अभियान 177
हिंद महासागर में 90 दिवसीय समुद्री सीएसआईआर-अभियान 177
सम्मेलन/समारोह 178
काला नमक चावल महोत्सव 178
अपराध की रोकथाम और आपराधिक न्याय पर 14वां यूएन कांग्रेस 2021 179
ब्रिक्स शेरपाओं तथा सू (Sous) -शेरपाओं की पहली बैठक, 2021 179
16 वां फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन, 2021 180
24वीं भारत -यूएसए कार्यकारी संचालन समूह की बैठक, 2021 181
संधि/समझौता 182
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा केंद्रीय रेशम बोर्ड के मध्य समझौता 182
उत्तर प्रदेश में सीवेज शोधन संयंत्र के विकास हेतु अनुबंध 183
एडॉप्ट ए हेरिटेज: अपनी धरोहर, अपनी पहचान परियोजना के तहत 28 वां समझौता-ज्ञापन 184
खेल तथा युवा मामलों में सहयोग हेतु समझौता 185
एमसीए और सीबीआईसी में समझौता 186
ओडिशा सरकार तथा आर्सेलर मित्तल-निपोन स्टील इंडिया में समझौता 187
नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता 188
डीआईएवी और वीणा नैय्यर के बीच समझौता 188
BPCL में विनिवेश प्रक्रिया : नुमालीगढ़ रिफाइनरी में BPCL की संपूर्ण हिस्सेदारी की बिक्री 189
कोल इंडिया लिमिटेड तथा रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र के मध्य समझौता-ज्ञापन 190
आयुष मंत्रालय,भारत सरकार, डब्ल्यूएचओ में समझौता 191
पारादीप प्लास्टिक पार्क हेतु समझौता 192
छत्तीसगढ़ सरकार-इंडिया सेंटर फाउंडेशन में समझौता 193
इंडियन इकोनॉमिक ट्रेड आर्गनाइजेशन तथा कर्नाटक सरकार के मध्य समझौता-ज्ञापन 194
सिविल स्पेस गतिविधियों के संबंध में समझौता ज्ञापन 195

भारत-मॉरीशस में समझौता 195
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, डब्ल्यूएचओ में समझौता 197
वीएसएनएल में टाटा की हिस्सेदारी 198
आंध्र प्रदेश के परियोजना प्रबंधन इकाई की स्थापना के लिए समझौता 198
MCEME तथा ऑर्डीनेंस फैक्ट्री मेडक के मध्य समझौता 199
संघ/संगठन 200
इटली अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल 200
एनएएम एस्टेट्स और एम्बेसी वन कॉमर्शियल प्रॉपर्टी डेवलपमेंट विलय 201
बैंक ऑफ महाराष्ट्र - वायना नेटवर्क साझेदारी 202
पिरामल ग्रुप द्वारा डीएचएफएल का अधिग्रहण 202
विधि/न्याय 203
गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) विधेयक, 2020 203
वर्ष/दिवस/सप्ताह 204
अर्थ ऑवर, 2021 204
विश्व रंगमंच दिवस 205
नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस 205
विश्व कविता दिवस 206
विश्व क्षय रोग दिवस, 2021 206
विश्व मौसम विज्ञान दिवस 207
विश्व जल दिवस 208
अंतरराष्ट्रीय वन दिवस 208
अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस, 2021 209
विश्व गौरैया दिवस 210
विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 210
विश्व वन्यजीव दिवस 211
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 211
विश्व किडनी दिवस 212
विश्व सामाजिक न्याय दिवस 213
राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 214

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 215
विश्व श्रवण दिवस 215
अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 216
शून्य भेदभाव दिवस 217
पुस्तकें 218
एडवांटेज इंडिया : द स्टोरी ऑफ इंडियन टेनिस 218
पुस्तक-एग्रीकल्चर ऐक्ट्स ऑफ, 2020 218
पुस्तक-द टेरीबल हॉरीबल, वेरी बैड गुड न्यूज 219
पुस्तक-'राष्ट्र प्रथम-82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा' 219
विविध 220
300 एचपी केप गेज लोकोमोटिव 220
सुगम्य भारत ऐप तथा पुस्तिका 'एक्सेस-द फोटो डाइजेस्ट' 221
हरियाणा में अविश्वास प्रस्ताव 222
भारतीय नौ सेना द्वारा युद्धपोतों पर महिला अधिकारियों की नियुक्ति 223
हेराथ (Herath) पर्व 223
ग्लोबल एनर्जी रिव्यू : CO2 एमिसंस इन-2020 224
स्वच्छता सारथी फेलोशिप 225
योनो मर्चेंट ऐप 226
गिरगिट की बहुत ही छोटी प्रजाति की खोज 226
खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल, 2021 227
बिहार में विभिन्न ऐप का शुभारंभ 228
तीसरा इंडिया टूरिज्म मार्ट, 2021 228
देश का पहला डिजिटल यूनिवर्सिटी 229
'नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज' कोहॉर्ट 230
वर्ल्ड फ्यूचर फ्यूल समिट एंड एक्सपो, 2021 231
'कार्बन वॉच' मोबाइल एप्लीकेशन 231
धोने योग्य संबंधित उत्पाद विकसित 232

राष्ट्रीय परिदृश्य

51वां दादा साहेब फाल्के पुरस्कार, 2019

प्रश्न- 1 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किसे वर्ष 2019 के प्रतिष्ठित 51वें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई है?

(a) अमिताभ बच्चन (b) रजनीकांत (c) नसिरूद्दीन शाह (d) अनुपम खेर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 अप्रैल, 2021 को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता रजनीकांत को वर्ष 2019 के 51वें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।
- यह पुरस्कार भारत सरकार की ओर से दिया जाने वाला फिल्म इंडस्ट्री का सबसे बड़ा सम्मान है।
- यह पुरस्कार भारतीय सिनेमा की प्रगति और विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।
- इस पुरस्कार का प्रारंभ दादा साहेब फाल्के के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 से हुआ था।
- पहला पुरस्कार देविका रानी को प्राप्त हुआ था।
- इस पुरस्कार के तहत एक स्वर्ण कमल, 10 लाख रुपये और एक शॉल प्रदान किया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 का 50वां दादा साहेब फाल्के पुरस्कार प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1708897

प्रधानमंत्री की बांग्लादेश की यात्रा

प्रश्न-26-27 मार्च, 2021 के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांग्लादेश की यात्रा पर रहे। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) कोविड-19 महामारी के प्रारंभ के बाद से यह प्रधानमंत्री की दूसरी विदेश यात्रा थी।

(ii) प्रधानमंत्री की यह यात्रा बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के 75 वर्ष पूर्ण होने से संबंधित रही।

(iii) बंगबंधु मकबरा परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यह किसी विदेशी राज्य प्रमुख की दूसरी यात्रा थी।

उपर्युक्त कथनों में से सही कथन है/हैं-

(a) (i) एवं (ii) (b) (ii) एवं (iii) (c) इनमें से कोई नहीं (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 26-27 मार्च, 2021 के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के निमंत्रण पर बांग्लादेश की यात्रा पर रहे।
- कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली विदेश यात्रा रही।
- प्रधानमंत्री की यह यात्रा बांग्लादेश के संस्थापक नेता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्मशती, भारत एवं बांग्लादेश के मध्य राजनयिक संबंधों के स्थापित होने के 50 वर्ष पूर्ण होने तथा बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के 50 वर्ष के पूर्ण होने से संबंधित रही।
- 26 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ढाका स्थित राष्ट्रीय शहीद स्मारक जाकर बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- ढाका के उत्तर-पश्चिम से 35 किमी. दूर सावर में स्थित यह स्मारक बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में शहीदों का राष्ट्रीय प्रतीक है।
- इसे सैयद मैनुल हसन ने डिजाइन किया था।
- प्रधानमंत्री द्वारा स्मारक परिसर में 'अर्जुन' का एक पौधा भी लगाया गया।
- अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने बांग्लादेश में 14 दलों वाले गठबंधन के नेताओं और उनके संयोजक से मुलाकात की।
- इस दौरान दोनों देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की गई।
- 26 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बांग्लादेश में राष्ट्रीय दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे।
- यह कार्यक्रम राष्ट्रीय परेड स्क्वायर, तेजगांव में आयोजित हुआ।
- इस कार्यक्रम में बांग्लादेश के राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्म शताब्दी भी मनाई गई।
- इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान को मरणोपरांत दिए गये गांधी शांति पुरस्कार, 2020 को उनकी बेटियों प्रधानमंत्री शेख हसीना एवं रेहाना को प्रदान किया गया।
- इस कार्यक्रम के भाषण के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा भारत-बांग्लादेश संबंधों के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बांग्लादेश के 50 उद्यमियों को भारत के स्टार्टअप और इनोवेशन इको-सिस्टम से जुड़ने हेतु आमंत्रित किया गया।
- अपनी इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ संयुक्त रूप से बापू-बंगबंधु पर एक डिजिटल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

- 27 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शतखिरा में जेशोरेश्वरी काली शक्तिपीठ में पूजा की, जो प्राचीन परम्परा में 51 शक्तिपीठों में से एक है।
- इस दौरान उन्होंने मंदिर के समीप एक सामुदायिक भवन सह चक्रवात आश्रय स्थल के निर्माण के लिए अनुदान देने की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश की यात्रा के दूसरे दिन तुंगीपारा स्थित बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के मकबरे पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- बंगबंधु मकबरा परिसर में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यह किसी विदेशी राज्य प्रमुख या सरकार के प्रमुख की पहली यात्रा थी।
- प्रधानमंत्री द्वारा इस ऐतिहासिक अवसर की स्मृति में एक 'बकुल' का पौधा भी लगाया गया।
- अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने ओराकान्दी ठाकुरबाड़ी में संबोधन दिया एवं श्री श्री हॉरिचान्द ठाकुर जी एवं श्री श्री गुरुचान्द ठाकुर जी को नमन किया।
- यहां प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार ओराकान्दी में लड़कियों के मिडिल स्कूल का उन्नयन करेगी तथा नई आधुनिक सुविधाएं जोड़ेगी। साथ ही भारत सरकार द्वारा यहां एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना भी की जाएगी।
- इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की गई साथ ही दोनों देशों के संबंध आपस में और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा विकास के विभिन्न बिंदुओं पर मिलकर सहयोग करने पर भी चर्चा की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/outgoing-visit-info.htm?2/1303/Visit+of+Prime+Minister+to+Bangladesh+March+2627+2021
https://mea.gov.in/outoging-visit-detail.htm?33746/Joint+Statement+issued+on+the+occasion+of+the+visit+of+Prime+Minister+of+India+to+Bangladesh

वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2021

प्रश्न-30 मार्च, 2021 को विश्व आर्थिक मंच द्वारा वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट जारी की गई। इससे सम्बंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिये -

(i) इस रिपोर्ट के अंतर्गत जारी वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में १५६ देशों को शामिल किया गया है।

(ii) इस सूचकांक में आइसलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) भारत इस सूचकांक में १४०वें स्थान पर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 मार्च, 2021 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट (Global Gender Gap Report), 2020 जारी की गई।
- इस रिपोर्ट के अंतर्गत जारी वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में 156 देशों को शामिल किया गया है।
- यह सूचकांक 4 क्षेत्रों में लैंगिक अंतराल का परीक्षण करता है। यह निम्नलिखित हैं-

  (i) आर्थिक भागीदारी और अवसर (Economic Participation and Opportuntiy)।
  (ii) शैक्षणिक उपलब्धियां (Educational Attainment)।
  (iii) स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता (Health and Survival)।
  (iv) राजनीतिक सशक्तीकरण (Political Empowerment)।

- यह सूचकांक 0 से 1 के मध्य विस्तारित है।
- इसमें 1 का अर्थ पूर्ण लैंगिक समानता तथा 0 का अर्थ पूर्ण लैंगिक असमानता है।
- इस सूचकांक में आइसलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात फिनलैंड को दूसरा, नॉर्वे को तीसरा, न्यूजीलैंड को चौथा तथा स्वीडन को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस सूचकांक में निचले क्रम के पांच देश हैं-अफगानिस्तान (156वां स्थान), यमन (155वां), इराक (154वां), पाकिस्तान (153वां), तथा सीरिया (152वां स्थान)।
- इस सूचकांक में भारत 0.625 स्कोर के साथ 140वें स्थान पर है।
- जबकि गत वर्ष भारत इस सूचकांक में 112वें स्थान पर था।
- सूचकांक में भारत के पड़ोसी देशों में बांग्लादेश को 65वां, नेपाल को 106वां, चीन को 107वां, श्रीलंका को 116वां, भूटान को 130वां तथा पाकिस्तान को 153वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- ब्रिक्स देशों में दक्षिण अफ्रीका 18वें, रूस 81वें, ब्राजील 93वें, चीन 107वें, तथा भारत 140वें स्थान पर रहा।
- इस सूचकांक में विश्व के अन्य विकसित देशों में जर्मनी 11वें , फ़्रांस 16वें, यू.के. 23वें, कनाडा 24वें, यूएसए 30वें, तथा जापान 120वें स्थान पर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www3.weforum.org/docs/WEF_GGGR_2021.pdf

छठी भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (IBSA) महिला फोरम की बैठक-2021

प्रश्न-16 मार्च, 2021 को छठी भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (IBSA) महिला फोरम की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संपन्न हुई। इसे किस देश द्वारा आयोजित किया गया था?

(a) ब्राजील (b) भारत (c) दक्षिण अफ्रीका (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को छठी भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (IBSA) महिला फोरम (6th India-Brazil-South Africa (IBSA) Woman's Forumeeting), 2021 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुई।
- यह महिला और बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किया गया था।
- IBSA देशों के महिला मामलों के जवाबदेह मंत्रियों और अधिकारियों की भागीदारी इस फोरम में हुई।
- इस दौरान, महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए फोरम ने प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।
- साथ ही लैंगिक समानता वाली अर्थव्यवस्था को लेकर उठाए गए कदमों पर प्रकाश डाला गया, जिससे लिंग आधारित भेदभाव और महिलाओं के खिलाफ हिंसा खत्म करने में मदद मिलेगी।
- सम्मेलन के अंत में, जीवन के सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता प्राप्त करने हेतु IBSA के लक्ष्यों और प्रतिबद्धताओं पर प्रकाश डालते हुए एक संयुक्त घोषणा-पत्र जारी किया गया।
- IBSA त्रिपक्षीय सहयोग मंच का एक अनूठा मंच है, जो तीन अलग-अलग महाद्वीपों से भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका तीन बड़े लोकतंत्रों और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाने का काम करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1705296

क्ववाड नेताओं का पहला वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2021

प्रश्न-हाल ही में क्ववाड (Quad) नेताओं की पहली वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2021 कब आयोजित हुआ?

(a) 14 मार्च, 2021 (b) 12 मार्च, 2021 (c) 16 मार्च, 2021 (d) 10 मार्च, 2021

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 मार्च, 2021 को क्ववाड नेताओं की पहली वर्चुअल शिखर सम्मेलन (First Quad Leaders Virtual Summit), 2021 आयोजित है।
- इस (Quad) समूह में भारत, जापान, यूएसए तथा ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।
- इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन तथा अमेरिकी राष्ट्रीपति जो बाइडेन शामिल हुए।
- यह शिखर सम्मेलन कई समकालीन चुनौतियों जैसे उभरती और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, समुद्री सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया गया।
- शिखर सम्मेन के दौरान क्वाड नेता कोविड-19 महामारी का मुकाबला करने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षित, समान और सस्ते टीके उपलब्ध कराने हेतु सहयोग हेतु सहमत हुए।
- इसके अलावा, सम्मेलन में क्ववाड नेता साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की और एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी भारत-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने की दिशा में सहयोग के व्यावहारिक क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1704244

11वां इंडिया केम, 2021

प्रश्न-17-19 मार्च, 2021 के मध्य '11 वां इंडिया केम' कहां आयोजित किया जा रहा है?

(a) रांची (b) नई दिल्ली (c) भुवनेश्वर (d) पुणे

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17-19 मार्च, 2021 के मध्य 11वां इंडिया केम' (11Th India Chem)-2021 होटल ताज पैलेस नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इसका मुख्य विषय (Theme) "भारत: रसायन एवं पेट्रो-केमिकल के लिए ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब" (India: Global Manufacturing Hub for Chemicals and Petrochemicals) ।
- इसका आयोजन रसायन एवं पेट्रो-रसायन विभाग द्वारा फिक्की के सहयोग से किया गया।
- यह कार्यक्रम एशिया-प्रशांत क्षेत्र में रसायन और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र की सबसे बृहद आयोजनों में शामिल है।
- इस दौरान ग्लोबल सीईओ राउंडटेबल, कॉन्क्लेव ऑन ग्लोबल केमिकल इंडस्ट्री: विशेष रसायानों पर खास जोर, जीसीसी के सहयोग से ग्लोबल पेट्रो-केमिकल पर कॉन्क्लेव, ग्लोबल एग्रोकेमिकल इंडस्ट्री पर कॉन्क्लेव, पूंजीगत सामग्री, प्लांट मशीनरी आदि पर सम्मेलन आयोजिन किए गये।

- इस क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से 19 मार्च, 2021 को (i) भारत जापान रसायन एवं पेट्रोकेमिकल फोरम- (ii) भारत-यूरोपीय संघ केमिकल एवं पेट्रोकेमिकल फोरम और (iii) भारत-अमेरिका केमिकल एवं पेट्रो-केमिकल फोरम नामक त्रिपक्षीय कार्यक्रम आयोजित किए गये।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1705093

भारत फिनलैंड वर्चुअल सम्मेलन, 2021

प्रश्न-हाल ही में भारत-फिनलैंड वर्चुअल सम्मेलन, 2021 कब आयोजित हुआ?
(a) 17 मार्च, 2021 (b) 13 मार्च, 2021 (c) 16 मार्च, 2021 (d) 14 मार्च, 2021

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को भारत-फिनलैंड वर्चुअल सम्मेलन, (India-Finland Virtual Summit), 2021 आयोजित हुआ।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और फिनलैंड गणराज्य के प्रधानमंत्री एच.ई. सुश्री सना मारिन ने आज एक वर्चुअल सम्मेलन में भाग लिया।
- इस अवसर पर दोनों देशों ने द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ आपसी हित के अन्य क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।
- दोनों नेताओं ने कहा कि भारत और फिनलैंड के बीच घनिष्ठ संबंध, लोकतंत्र के साझा मूल्यों, कानून के शासन, समानता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के सम्मान पर आधारित हैं।उन्होंने बहुलवाद, कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, सतत विकास और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए काम करने की अपनी मजबूत प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया।
- इस अवसर पर दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की, जिसमें भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी, आर्कटिक क्षेत्र में सहयोग, विश्व व्यापार संगठन और संयुक्त राष्ट्र में सुधार जैसे मुद्दे शामिल हैं।दोनों पक्षों ने अफ्रीका में विकास संबंधी गतिविधियों में सहयोग करने के लिए भारत और फिनलैंड की भागीदारी की संभावनाओं पर भी चर्चा की।
- प्रधानमंत्री मोदी ने फिनलैंड को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) और आपदा प्रतिरोधक आधारभूत संरचना गठबंधन (सीडीआरआई) में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1705231

आजादी का अमृत महोत्सव

प्रश्न-12 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां से 'आजादी का अमृत महोत्सव' (India @ 75) के पूर्वावलोक कार्यकलापों का उद्घाटन किया?

(a) चंपारण (b) साबरमती (c) बेलगांव (d) नागपुर

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 12 मार्च, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से 'आजादी का अमृत महोत्सव' (India@75) के पूर्वावलोकन कार्यकलापों का उद्घाटन किया।
- इसके साथ ही उन्होंने साबरमती आश्रम से 'पदयात्रा' (फ्रीडम मार्च) को झंडी दिखाई।
- इस अवसर पर उन्होंने (India@75) समारोहों के लिए अन्य विभिन्न सांस्कृतिक और डिजिटल पहलों को भी लांच किया।
- उल्लेखनीय है कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' भारत की स्वाधीनता की 75 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की एक शृंखला है।
- यह महोत्सव जनभागीदारी की भावना में एक जन-उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।
- 15 अगस्त, 2022 से 75 सप्ताह पूर्व शुरू हुआ यह 'आजादी का अमृत महोत्सव' 15 अगस्त, 2023 तक चलेगा।
- उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के प्रसिद्ध शहीद स्थल काकोरी में 'आजादी के अमृत महोत्सव' का शुभारंभ किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1704365

भारत में इलेक्ट्रिक वाहन संबंधी रिपोर्ट

प्रश्न-हाल ही में नीति आयोग तथा रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट इंडिया द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 तक भारत के इलेक्ट्रिक वाहन वित्तपोषण उद्योग का आकार कितना होगा?

(a) 10 लाख करोड़ (b) 3.7 लाख करोड़ (c) 5 लाख करोड़ (d) 8 लाख करोड़

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 9 मार्च, 2021 को नीति आयोग और रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट इंडिया के द्वारा भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों हेतु वित्तपोषण पर एक नई रिपोर्ट जारी की गई।

- इस रिपोर्ट का नाम 'मोबिलाइजिंग इलेक्ट्रिक व्हीकल फाइनेंसिंग इन इंडिया' है।
- रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वर्ष 2030 तक इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग का आकार लगभग 3.7 लाख करोड़ होगा, अर्थात वर्तमान आकार से 80 प्रतिशत अधिक होगा।
- हालांकि रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में उपभोक्तताओं को उच्च ब्याज दर, बीमा की उच्च दरें और मूल्य के अनुपात में कम ऋण जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।
- इन चुनौतियों से निपटने के लिए रिपोर्ट में 10 समाधानों की एक टूल किट की पहचान की गई है, जो वित्तीय संस्थान जैसे बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के साथ उद्योग और सरकार द्वारा आवश्यक पूंजी को उत्प्रेरित करने के लिए उपयोग में ला सकते हैं।
- जिन 10 समाधानों की सिफारिश की गई है, उनमें वित्तीय उपाय के लिए प्राथमिक क्षेत्र में कर्ज और ब्याज संबंधी सहायता शामिल की गई है।
- वर्तमान में नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://beeindia.gov.in/content/e-mobility

मध्य प्रदेश बजट- 2021-22

प्रश्न-2 मार्च, 2021 को मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत बजट, 2021-22से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने मध्य प्रदेश विधानसभा में वर्ष 2021-22 का बजट प्रस्तुत किया।

(ii) इसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 2.41375 करोड़ रुपये की कुल विनियोग राशि का प्रावधान किया गया है।

(iii) वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटा 50 938 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 4.5 प्रतिशत है।

(iv) इस बजट में किसानों की फसल का उपार्जन सुगमता से हो सके

इस उद्देश्य से एक नई योजना मुख्यमंत्री फसल उपार्जन सहायता योजना लागू करना प्रस्तावित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (i), (ii) एवं (iv) (c) केवल (ii) एवं (iv) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 2 मार्च, 2021 को मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में वर्ष 2021-22 का बजट प्रस्तुत किया।

- वर्ष 2021-22 का बजट डिजिटली प्रस्तुत किया।
- इस बजट को 'आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश' को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न योजनाएं मिशन मोड में तैयार किया गया है।
- बजट 2021-22 के प्रमुख बिंदु
- वर्ष 2021-22 के लिए कुल विनियोग की राशि 2 41 375 करोड़ रुपये, राजस्व व्यय के अंतर्गत 1726971 करोड़ रुपये तथा पूंजीगत व्यय के अंतर्गत 44152 करोड़ रूपये प्रस्तावित है।
- सामाजिकर्-अिर्थिक उत्थान की योजनाओं के लिए वर्ष 2021-22 के लिए समग्र रूप से बजट अनुमान 112521 करोड़ रूपये है।
- इसके अनुसार वर्ष 2021-22 में राजकोषीय घाटा 50938 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 4.5 प्रतिशत अनुमानित है।
- इस वर्ष 8 हजार 294 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुमानित है।
- वर्ष 2021-22 में पूंजीगत परिव्यय राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का 3.90 प्रतिशत अनुमानित है।
- वर्ष 2021-22 में राजस्व घाटा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का -0.73 प्रतिशत है।
- वर्ष 2021-22 में ब्याज भुगतान कुल राजस्व प्राप्तियों का 12.72 प्रतिशत है।
- भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के लिए लगभग 19 353 करोड़ रुपये के अतिरिक्त संसाधन का प्रावधान किया गया है।
- चंबल अंचल के विकास को द्रुत गति देने के लिए अटल प्रोगेस-वे बनाए जाने की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है।
- इसके अतिरिक्त प्रदेश के पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्रों को जोड़ने वाले 'नर्मदा एक्सप्रेस-वे के निर्माण का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है।
- ओंकारेश्वर में 600 मेगावॉट की विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट विकसित करने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है।
- विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2021-22 में लगभग 24,200 पदों पर शिक्षकों की नवीन भर्ती का प्रस्ताव है।
- स्ट्रेथनिंग टीचिंग लर्निंग एंड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स (STARS) योजना के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।
- ऐसे जिले जिनमें बैगा, सहरिया भरिया जनजाति समूह निवासरत हैं, उनकी 38 आश्रम शालाओं में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्री-प्राइमरी कक्षाओं का संचालन किया जाएगा।
- राज्य में खगोल विज्ञान के प्रचार-प्रसार हेतु उज्जैन क्षेत्रीय विज्ञान, उप-केंद्र कार्य कर रहा है एवं जबलपुर में नया क्षेत्रीय विज्ञान उप-केंद्र स्थापित किया जाएगा।

- इसके अनुसार, वर्ष 2022 के खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी मध्य प्रदेश को दिये जाने की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हो गई है।
- खेलो इंडिया के अंतर्गत भोपाल में शूटिंग व रोइंग तथा ग्वालियर में हॉकी के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा देने की स्वीकृति दे दी गई है।
- म.प्र. में 18 खेलों के लिए खेल अकादमियां संचालित हैं।
- इसके अनुसार जबलपुर में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट तथा ग्वालियर में टर्शरी कैंसर केयर शीघ्र कार्य करना प्रारंभ कर देंगे।
- मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना को पुन: संचालित किया जाएगा।
- किसानों की फसल का उपार्जन सुगमता से हो सके इस उद्देश्य से एक नई योजना- 'मुख्यमंत्री फसल उपार्जन सहायता योजना' लागू करना प्रस्तावित है।
- इस योजना में राज्य की उपार्जन संस्थाओं, जैसे नागरिक आपूर्ति निगम तथा मार्कफेड को आवश्यकतानुसार सहायता दी जाएगी।
- इस योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2000 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है।
- युवाओं को पशुपालन के क्षेत्र में आकर्षित करने हेतु नाना जी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा ज्ञान पोर्टल तैयार किया गया है।
- वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से एक नवीन योजना- 'मुख्यमंत्री स्वरोजगार (ब्याज परिदान) योजना प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है।
- पन्ना में डायमंड म्यूजियम स्थापित करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है।
- जटाशंकर, जिला छतरपुर में रोप-वे का निर्माण प्रस्तावित है।
- निर्भया फंड से महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के बारे में जागरुकता लाने के लिए सेफ सिटी कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। इसकी वार्षिक थीम का विषय है- 'लड़कियों व महिलाओं के प्रति सम्मानपूर्वक नजरिए व व्यवहार को बढ़ावा देना तथा छेड़छाड़ मुक्त शहर का निर्माण करना।'
- म.प्र. सरकार लापता बच्चों को उनके घर वापस लाने के लिए 'मुस्कान अभियान' चला रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://finance.mp.gov.in/uploads/budget/badt234.pdf

'स्मार्टअप उन्नति' कार्यक्रम

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को महिला उद्यमियों को समर्थन एवं सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किस बैंक ने 'स्मार्टअप उन्नति' नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत करने की घोषणा की है?

(a) एक्सिस बैंक (b) आईसीआईसीआई बैंक

(c) एचडीएफसी बैंक (d) पंजाब नेशनल बैंक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को महिला उद्यमियों को समर्थन एवं सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से एचडीएफसी बैंक ने 'स्मार्टअप उन्नति' नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत करने की घोषणा की।
- इस कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक की डोमेन विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ महिलाकर्मी आगामी 1 वर्ष में महिला उद्यमियों को परामर्श संबंधी सेवाएं प्रदान करेंगी, जिससे उन्हें अपने लक्ष्य को पूर्ण करने में सहायता प्रदान की जा सके।
- यह कार्यक्रम बैंक के केवल मौजूदा ग्राहकों के लिए ही उपलब्ध है।
- इस कार्यक्रम के तहत शुरुआत में 3000 महिला उद्यमियों को लक्षित किया जाएगा।
- यह कार्यक्रम महिलाओं को बेहतर परामर्श प्राप्त कर अपने दृष्टिकोण के विस्तार और कारोबार की वृद्धि करने में सक्षम बनाएगा।
- इससे पूर्व एचडीएफसी बैंक ने अपने स्मार्टअप कार्यक्रम के तहत वर्ष 2018 में बैंकिंग स्टार्टअप हेतु एक ऑनलाइन मेंटरिंग प्लेटफॉर्म लांच किया था।
- इस कार्यक्रम के तहत उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए बैंक विभिन्न राज्य सरकारों, इन्क्यूबेटरों और एक्सेलरेटरों के साथ काम कर रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/hdfc-bank-launches-smartup-unnati-programme/article34019075.ece

भारत-स्वीडन वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2021

प्रश्न-हाल ही में भारत-स्वीडन वर्चुअल शिखर सम्मेलन कब संपन्न हुआ?

(a) 6 मार्च, 2021 (b) 5 मार्च, 2021 (c) 3 मार्च, 2021 (d) 1 मार्च, 2021

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 मार्च, 2021 को भारत स्वीडन वर्चुअल शिखर सम्मेलन, 2021 संपन्न हुआ।
- इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वीडन के प्रधानमंत्री स्टीफन लोफवेन ने भाग लिया।
- वर्ष 2015 के बाद से दोनों नेताओं के बीच यह पांचवां संवाद है।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले भारत नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अप्रैल, 2018 में स्टॉकहोम की यात्रा की थी।
- जबकि स्वीडन के प्रधामनंत्री स्टीफन लोफवेन ने विशेष मेक इन इंडिया सप्ताह के लिए फरवरी, 2016 में भारत की यात्रा की थी।गौरतलब है कि भारत और स्वीडन के बीच लोकतंत्र स्वतंत्रता, बहुलवाद और नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के साझा मूल्यों पर आधारित जीवंत एवं मैत्रीपूर्ण संबंध हैं।दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ ही अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग कायम है।
- स्वीडन की लगभग 250 कंपनियां भारत में स्वास्थ्य एवं जीवन विज्ञान, वाहन उद्योग, स्वच्छ तकनीक, रक्षा, भारी मशीनरी एवं उपकरण जैसे क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।
- भारत की लगभग 75 कंपनियां भी स्वीडन में सक्रिय हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/33594/India++Sweden+Virtual+Summit

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि

प्रश्न-मार्च, 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त अधिनियम, 2007 के सेक्शन 136B के तहत लिए जाने वाले स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर से प्राप्त होने वाली राशि से स्वास्थ्य क्षेत्र हेतु एक 'प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि' (पीएमएसएसएन) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) पीएमएसएसएन सार्वजनिक खाते में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक 'सिंगल नॉन लैप्सेबल रिजर्व फंड' है।

(b) पीएमएसएसएन में भेजी गई राशि का उपयोग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय केवल आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में करेगा।

(c) स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर से प्राप्त राशि में से स्वास्थ्य का अंश पीएमएसएसएन में भेजा जाएगा।

(d) पीएमएसएसएन को लागू करने और उसके देखभाल की जिम्मेदारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की होगी।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त अधिनियम, 2007 के सेक्शन 136B के तहत लिए जाने वाले स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर से प्राप्त होने वाली राशि से स्वास्थ्य क्षेत्र हेतु एक 'प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि' (पीएमएसएसएन) बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
- यह सार्वजनिक खाते में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक 'सिंगल नॉन लैप्सेबल रिजर्व फंड' है।
- स्वास्थ्य एवं शिक्षा उपकर से प्राप्त राशि में से स्वास्थ्य उपकर का अंश प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि (पीएमएसएसएन) में जमा किया जाएगा।
- पीएमएसएसएन में भेजी गई राशि का उपयोग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कई योजनाओं में किया जाएगा।
- इन योजनाओं में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं देखभाल केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई), स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों में आपातकाल एवं आकस्मिक विपत्ति काल में तैयारी, प्रतिक्रिया और कोई भी अन्य भावी कार्यक्रम या योजना जिसका लक्ष्य एसडीजी की दिशा में प्रगति हासिल करना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के तहत लक्ष्यों को प्राप्त करना शामिल है।
- पीएमएसएसएन को लागू करने और उसके देखभाल की जिम्मेदारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की होगी।
- किसी भी वित्तीय वर्ष में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की उक्त योजनाओं का व्यय प्रारंभिक तौर पर पीएमएसएसएन से लिया जाएगा और बाद में सकल बजट सहायता (ग्रास बजटरी सपोर्ट) से लिया जाएगा।
- इसका मुख्य लाभ यह होगा कि तय संसाधनों की उपलब्धता के माध्यम से सार्वभौमिक और वहनीय स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच मुहैया कराई जा सकेगी और साथ ही यह भी सुनिश्चित या जा सकेगा कि किसी भी वित्तीय वर्ष के अंत में इसके लिए निर्धारित राशि समाप्त (लैप्स) नहीं होगी।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2018 के बजट भाषण में वित्तमंत्री ने आयुष्मान भारत की घोषणा करते हुए मौजूदा 3 प्रतिशत शिक्षा उपकर के स्थान पर 4 प्रतिशत स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर लगाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703736

पुडुचेरी में राष्ट्रपति शासन

प्रश्न-हाल ही में कब पुडुचेरी में राष्ट्रपति शासन लगाने की राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना जारी की गई?

(a) 22 फरवरी, 2021 (b) 24 फरवरी, 2021

(c) 25 फरवरी, 2021 (d) 20 फरवरी, 2021

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2021 को केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में राष्ट्रपति शासन लगाने की राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना जारी की गई।
- पुडुचेरी में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के अल्पमत में आ जाने के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर यहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।
- राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना के अनुसार, पुडुचेरी की कार्यवाहक प्रशासक (उप-राज्यपाल) डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन से 22 फरवरी, 2021 को मिली रिपोर्ट के बाद यह निर्णय लिया गया।
- गौरतलब है कि पुडुचेरी की उप-राज्यपाल किरन बेदी को केंद्र सरकार द्वारा हटाए जाने के बाद तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन को पुडुचेरी का कार्यवाहक उप-राज्यपाल बनाया गया।
- राष्ट्रपति ने केंद्रशासित प्रदेश की सरकार अधिनियम, 1963 के विभिन्न प्रावधानों को भी निलंबित कर दिया।
- अधिसूचना के अनुसार, यहां की विधानसभा निलंबित अवस्था में रहेगी।
- उल्लेखनीय है कि यहां कांग्रेस सरकार का नेतृत्व कर रहे वी.नारायणस्वामी ने विश्वास मत से पहले ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- कांग्रेस पार्टी के कई विधायकों और द्रमुक के एक विधायक के हाल में इस्तीफा देने के बाद उनकी सरकार अल्पमत में आ गई थी।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 में राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने से संबंधित प्रावधान का उल्लेख है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/puducherry/presidents-rule-imposed-in-puducherry/article33933493.ece

नेशनल हार्टीकल्चर फेयर, 2021

प्रश्न-8-12 फरवरी, 2021 के मध्य नेशनल हार्टीकल्चर फेयर, 2021 कहां संपन्न हुआ?

(a) नई दिल्ली (b) भुवनेश्वर (c) बंगलुहव (d) रांची

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 8-12 फरवरी, 2021 के मध्य नेशनल हार्टीकल्चर फेयर (National Horticulture Fair), 2021 बंगलुहव (कर्नाटक) में संपन्न हुआ।
- थीम-"Horticulture: For Startup & Stand-UP India"।
- इसका आयोजन आईसीएआर (ICAR) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हार्टीकल्चर रिसर्च, बंगलुहव द्वारा किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iihr.res.in/national-horticulture-fair-2021

एशिया-पैसिफिक रूरल एंड एग्री क्रेडिट एसोसिएशन (अप्राका) व नाबार्ड के 'क्षेत्रीय नीति फोरम' की बैठक, 2021

प्रश्न-4 मार्च, 2021 को एशिया पैसिफिक रूरल एंड एग्री क्रेडिट एसोसिएशन (अप्राका) व नाबार्ड के क्षेत्रीय नीति फोरम की बैठक, 2021 का उद्घाटन किसने किया?

(a) नरेंद्र सिंह तोमर (b) गजेंद्र सिंह शेखावत

(c) एम. वेंकैया नायडू (d) पीयूष गोयल

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को एशिया पैसिफिक रूरल एंड एग्री क्रेडिट एसोसिएशन (अप्राका) व राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के क्षेत्रीय नीति फोरम की बैठक, 2021 वर्चुअल प्रारूप में संपन्न हुई।
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इसका उद्घाटन किया।
- इसका आयोजन अप्राका और नाबार्ड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
- इस बैठक का विषय "कृषि व्यवसाय क्लस्टरों को बढ़ावा देने और ऋण बढ़ोतरी के साधनों के लिए विकास सहयोग' रहा।

- उल्लेखनीय है कि अप्राका 24 देशों का संघ है, जिसमें इन देशों के केंद्रीय बैंक, नियामक प्राधिकरण, एआरडीबी, सहकारी बैंक महासंघ, वाणिज्यिक बैंक, कृषि वित्त से जुड़ी सरकारी एजेंसियां आदि 87 संस्थाएं सदस्य हैं।
- अप्राका का उद्देश्य विभिन्न विकासात्मक बैंकों, केंद्रीय बैंकों, कृषि व ग्रामीण विकास से जुड़ी अन्य एजेंसियों में कृषि को बढ़ावा देने के लिए बेहतर समझ, क्रॉस लर्निंग व सहयोग विकसित करना है।भारत, अप्राका के 16 संस्थापक सदस्य देशों में एक है।
- नाबार्ड के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. जी.आर. चिंतला जल्द ही अप्राका के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1702431

इंडिया टेलीकॉम, 2021

प्रश्न-हाल ही में वर्चुअल प्रारूप में इंडिया टेलीकॉम कब आयोजित किया गया?

(a) 3-4 मार्च, 2021 (b) 1-2 मार्च, 2021 (c) 2-4 मार्च, 2021 (d) 1-3 मार्च, 2021

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 3-4 मार्च, 2021 को टेलीकॉम इक्विपमेंट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (TEPC) ने भारत सरकार के वाणिज्य विभाग की बाजार पहुंच पहल योजना (MAI) के अंतर्गत एक विशेष अंतरराष्ट्रीय मेला 'इंडिया टेलीकॉम 2021' का आयोजन वर्चुअली किया।
- इसे दूरसंचार विभाग और विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया गया।
- इसका उद्घाटन केंद्रीय संचार, शिक्षा और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री संजय शामराव धोत्रे द्वारा किया गया।
- इस कार्यक्रम में 1000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें लगभग 200 प्रतिनिधि 45 से अधिक देशों से थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1702318

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

ढाका तथा न्यूजलपाईगुड़ी के मध्य प्रारंभ नई यात्री ट्रेन सेवा

प्रश्न-26 मार्च, 2021 को ढ़ाका तथा न्यू जलपाईगुड़ी के मध्य प्रारंभ होने वाली नई यात्री ट्रेन का संचालन किस रेलमार्ग द्वारा किया जाएगा?

(a) चिल्हाटी-हल्दीबाड़ी (b) पेट्रापोल-बेनापोल

(c) गेडे-दर्शना (d) सिंघाबाद-रोहनपुर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 मार्च, 2021 को ढाका एवं न्यू जलपाईगुड़ी के मध्य एक नई यात्री ट्रेन सेवा बांग्लादेश की स्वतंत्रता की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रारंभ की जाएगी।
- बांग्लादेश रेल मंत्रालय की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार ढाका तथा न्यू जलपाईगुडी के मध्य सीधी ट्रेन सेवा चिल्हाटी-हल्दीबाड़ी सीमा पार रेल मार्ग से चलेगी।
- वर्तमान में बांग्लादेश और भारत के बीच दो यात्री ट्रेन चल रही है जिनमें 'मैत्री एक्सप्रेस' ढाका एवं कोलकाता के मध्य तथा 'वंघन एक्सप्रेस' खुलना (बांग्लादेश) एवं कोलकाता के मध्य चलती है।
- गौरतलब है कि वर्तमान में 5 रेलमार्ग भारत एवं बांग्लादेश को जोड़ते है। इनके नाम इस प्रकार हैं-पेट्रापोल-बेनापोल, गेडे-दर्शना, सिंघाबाद-रोहनपुर, राधिकापुर-बिरोल, तथा हल्दीबाड़ी चिल्हाटी।
- ध्यातव्य है कि दिसंबर, 2020 में भारतीय प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी तथा बांग्लादेश की प्रधामनंत्री शेख हसीना के मध्य हुए वर्चुअल शिखर सम्मेलन के दौरान 55 वर्ष के अंतराल के बाद मालगाड़ी के परिचालन के लिए हल्दीबाड़ी चिल्हाटी रेल मार्ग को पुन: खोला गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/international/new-passenger-train-service-start-between-dhaka-and-new-jalpaiguri-bangladesh-railways

कोवैक्स कार्यक्रम के तहत कोरोना वायरस टीके का शिपमेंट प्राप्त करने वाला विश्व का पहला देश

प्रश्न-फरवरी, 2021 में कौन देश कोवैक्स (COVAX) कार्यक्रम के तहत कोरोना वायरस टीके का शिपमेंट प्राप्त करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है?

(a) घाना (b) नाइजीरिया (c) माली (d) अल्जीरिया

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में घाना कोवैक्स (COVAX) कार्यक्रम के तहत कोरोना वायरस टीके का शिपमेंट प्राप्त करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है।
- इस कार्यक्रम के तहत पुणे स्थिति सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका वैक्सीन की लगभग 600,000 खुराक घाना भेजी गई है।
- ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन जिसे भारत में कोविशील्ड के नाम से जाना जाता है, को इसी माह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा समिति उपयोग हेतु आपातकालीन मंजूरी प्रदान की गई थी।
- कोवैक्स कार्यक्रम के तहत वर्ष 2021 के अंत तक कोरोना वायरस टीकों की 2 बिलियन से अधिक खुराक वितरित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- कोवैक्स, 'एक्सेस टू एक्सेलरेटर' के तीन स्तंभों में से एक है।
- इसकी शुरुआत कोरोना वायरस /(कोविड-19) महामारी से निपटने के लिए अप्रैल, 2020 में विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूरोपीय आयोग और फ्रांस के सहयोग से की गई थी।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य महामारी से निपटने हेतु वैश्विक स्तर पर टीकों का समान वितरण सुनिश्चित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.who.int/news/item/24-02-2021-covid-19-vaccine-doses-shipped-by-the-covax-facility-head-to-ghana-marking-beginning-of-global-rollout

विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट, 2021

प्रश्न-20 मार्च, 2021 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र निर्वहनीय विकास समाधान नेटवर्क (UNSDSN) द्वारा जारी 'विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट, 2021 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस रिपोर्ट की सूची में 149 सदस्य देशों को शामिल किया गया है।

(ii)विश्व के सबसे खुशहाल देशों की सूची में फिनलैंड प्रथम स्थान पर है।

(iii) इस सूची में भारत 139वें स्थान पर हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (ii) एवं (iii) (b) केवल (i) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 20 मार्च, 2021 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र निर्वहनीय विकास समाधान नेटवर्क (UNSDSN) द्वारा नौवीं 'विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट' (World Happiness Report), 2021 जारी की गई।
- विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट, 2021 की इस सूची में 149 सदस्य देशों को शामिल किया गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, विश्व के सबसे खुशहाल देशों की सूची में फिनलैंड प्रथम स्थान पर है।
- इसके पश्चात डेनमार्क दूसरे, स्विट्ज़रलैंड तीसरे, आइसलैंड चौथे तथा नीदरलैंड्स पांचवें स्थान पर रहा।
- इस सूची में विश्व के प्रमुख विकसित देशों में कनाडा 14वें, ऑस्ट्रेलिया 11वें, जर्मनी 13वें, यूनाइडेट किंगडम 17वें, यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका (USA) 19वें, फ्रांस 21वें स्थान पर रहा।
- **इस रिपोर्ट के अनुसार, इस सूची में भारत 139वें(स्कोर-3.819) स्थान पर है।**
- जबकि गत वर्ष भारत इस सूची में 144वें स्थान पर था।
- भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 105वें, चीन 84वें, नेपाल 87वें, बांग्लादेश 101वें स्थान पर रहा।
- इस प्रकार भारत इस सूची में अपने पड़ोसी देशों से काफी पीछे है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान विश्व के सबसे प्रसन्न देशों की सूची में अंतिम पायदान पर है। उसका स्थान 149वां है।
- गौरतलब है कि वर्ष 2012 से संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी की जाने वाली इस रिपोर्ट का मुख्य उद्देश्य सदस्य देशों को अपने नागरिकों की संतुष्टि एवं प्रसन्नता के स्तर को ध्यान में रखते हुए लोक नीतियों के निर्माण हेतु प्रेरित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://happiness-report.s3.amazonaws.com/2021/WHR+21.pdf

अंतरराष्ट्रीय शस्त्र हस्तांतरण प्रवृत्तियां, 2020

प्रश्न-15 मार्च, 2021 को स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान (SIPRI) द्वारा जारी रिपोर्ट 'अंतरराष्ट्रीय शस्त्र हस्तांतरण प्रवृत्तियां, 2020 के अनुसार, वर्ष 2016-20 वर्ष अवधि में विश्व का शीर्ष शस्त्र आयातक देश कौन-सा है?

(a) भारत (b) सऊदी अरब (c) मिस्र (d) इराक

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को स्टॉकहोम अंतरराष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान (SIPRI) द्वारा विश्व में पारंपरिक आयुधों के हस्तांतरण की स्थिति पर वार्षिक रिपोर्ट-अंतरराष्ट्रीय शस्त्र हस्तांतरण प्रवृत्तियां (Trends in International Arms Transfers), 2020 जारी की गई।
- रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख आयुधों के हस्तांतरण की मात्रा वर्ष 2011-15 की तुलना में वर्ष 2016-20 में 0.5 प्रतिशत कम रही और वर्ष 2006-10 की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक रही।
- वर्ष 2016-20 की अवधि में विश्व के शीर्ष 10 शस्त्र निर्यातक देश तथा उनका विश्व के शस्त्र निर्यात में हिस्सा इस प्रकार है-

1. यूएसए (37 प्रतिशत)
2. रूस (20 प्रतिशत)
3. फ्रांस (8.2 प्रतिशत)
4. जर्मनी (5.5 प्रतिशत)
5. चीन (5.2 प्रतिशत)
6. यू.के. (3.3 प्रतिशत)
7. स्पेन (3.2 प्रतिशत)
8. इस्राइल (3.0 प्रतिशत)
9. दक्षिण कोरिया (2.7 प्रतिशत)
10. इटली (2.2 प्रतिशत)

- **शस्त्र निर्यातकों की सूची में भारत 24वें स्थान** (0.2 प्रतिशत) है।
- वर्ष 2016-20 की अवधि में 5 शीर्ष आपूर्तिकर्ता देश विश्वव्यापी शस्त्र निर्यातों का कुल 76 प्रतिशत हेतु उत्तरदायी हैं।
- वर्ष 2011-15 और 2016-20 के बीच भारत द्वारा शस्त्र आयात में 33 प्रतिशत की कमी आई है।
- वर्ष 2016-20 की अवधि में विश्व के शीर्ष 10 शस्त्र आयातक देश तथा उनका विश्व शस्त्र आयात में हिस्सा इस प्रकार हैं-

1. सऊदी अरब (11 प्रतिशत)
2. **भारत (9.5 प्रतिशत)**
3. मिस्र (5.8 प्रतिशत)
4. ऑस्ट्रेलिया (5.1 प्रतिशत)

5. चीन (4.7 प्रतिशत)
6. अल्जीरिया (4.3 प्रतिशत)
7. दक्षिण कोरिया (4.3 प्रतिशत)
8. कतर (3.8 प्रतिशत)
9. यूएई (3.0 प्रतिशत)
10. पाकिस्तान (2.7 प्रतिशत)

- वर्ष 2015-20 के दौरान शीर्ष 5 शस्त्र आयातकों ने विश्वव्यापी शस्त्र आयात के कुल 36 प्रतिशत का आयात किया।
- वर्ष 2016-20 की अवधि में भारत को शस्त्रों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता 3 देश हैं-

1. रूस (49 प्रतिशत)
2. फ्रांस (18 प्रतिशत)
3. इस्राइल (13 प्रतिशत)

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.sipri.org/sites/default/files/2021-03/fs_2103_at_2020.pdf

मेकिंग पीस विद नेचर रिपोर्ट

प्रश्न-फरवरी, 2021 में जारी की गई मेकिंग पीस विद नेचर रिपोर्ट (Making Peace With Nature) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करे-

(1) इस रिपोर्ट का प्रकाशन विश्व बैंक के द्वारा किया गया है।
(2) इस रिपोर्ट में जलवायु, जैव विविधता तथा प्रदूषण से निपटने एवं प्रकृति के साथ अपने संबंधों को परिवर्तित करने पर बल दिया गया है।
(3) इस रिपोर्ट के तहत पांच पर्यावरणीय संकटों का वैश्विक आधार पर आकलन किया गया है।
(4) इस रिपोर्ट के तहत 2050 तक कार्बन न्यूट्रल के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विचार व्यक्त किया गया है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) (1) एवं (2) (b) (2) एवं (3) (c) (3) एवं (4) (d) (2) एवं (4)

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2021 को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा एक नई रिपोर्ट का प्रकाशन किया गया है, जिसका शीर्षक 'प्रकृति के साथ शांति बनाना' (Making Peace with Nature) है।

- उक्त रिपोर्ट में यह दर्शाया गया है कि किस प्रकार दुनिया जलवायु जैव विविधता व प्रदूषण से निपटने के साथ-साथ भविष्य की महामारियों को रोकने तथा अपने भविष्य को सुरक्षित करने हेतु प्रकृति के साथ अपने संबंधों को परिवर्तित कर सकती है।
- उक्त रिपोर्ट के तहत तीन पर्यावणीय संकटों का वैश्विक आधार पर आकलन किया गया है जिसके अंतर्गत जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए अंतर-सरकारी विज्ञान नीति प्लेटफार्म के साथ-साथ UNEP की ग्लोबल इनवायरमेंट आउटलुक रिपोर्ट सम्मिलित है।
- इस रिपोर्ट में विभिन्न पर्यावरणीय एवं विकास संबंधी चुनौतियों के मध्य संबंधों का आकलन करते हुए यह दर्शाया गया है कि किस प्रकार विज्ञान एवं Bold Policy Making में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकती है।
- इसके अलावा इस रिपोर्ट में प्रदूषण व कचरे के उत्पादन पर अंकुश लगाने तथा जैव विविधता के क्षरण को कम करते हुए 2050 तक कार्बन न्यूट्रल के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विचार व्यक्त किया गया है।
- इस रिपोर्ट में उपर्युक्त समस्याओं के निदान के लिए उन गतिविधियों में नवाचार एवं निवेश की प्रक्रिया को अपनाने पर जोर दिया गया है, जो व्यक्तियों के साथ प्रकृति की भी रक्षा करते हैं।
- उक्त नीति में रीस्टोर्ड (Restored) पारिस्थितिक तंत्र एवं स्वस्थ्य जीवन के साथ-साथ एक स्थिर जलवायु की संकल्पना को रेखांकित किया गया है।
- विभिन्न जलवायुविक समस्याओं के कारण प्रतिवर्ष लाखों व्यक्तियों की मृत्यु होने के साथ-साथ जैव विविधता क्षरण तथा पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।
- इन समस्याओं को दूर करने के लिए विभिन्न नीतियों, योजनाओं और आर्थिक प्रणालियों में इसके वास्तविक मूल्य को दर्शाते हुए निवेश को उन गतिविधियों में शामिल करना चाहिए, जो प्रकृति की रक्षा करती हैं।
- इस रिपोर्ट में सरकारों, व्यवसायियों (Businesses) तथा समुदायों के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर अपनाई जाने वाली भूमिकाओं का उल्लेख किया गया है, जिसके फलस्वरूप विभिन्न जलवायुविक समस्याओं को दूर किया जा सकता है।
- जैव विविधता के संरक्षण के दृष्टिकोण से 2021 का वर्ष विशेष महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इस दौरान जलवायु एवं जैंवविविधता से संबंधित महत्वपूर्ण बैठकों यथा-जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन COP 26 तथा CBD COP 15 का आयोजन किया जाना है।
- उक्त सम्मेलन में विभिन्न देशों की सरकारों को इस दशक के अंत तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की मात्रा को लगभग आधा करने एवं पृथ्वी की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए तालमेल बैठाने पर बल दिया जाना है।

- वर्तमान आर्थिक विकास की तीव्र वृद्धि ने वैश्विक जनसंख्या के मध्य आर्थिक समृद्धि का असमान वितरण किया है, जिसके फलस्वरूप लगभग 1.3 बिलियन लोग गरीबी के शिकार हुए हैं जबकि प्राकृतिक संसाधनों का निष्कर्षण नुकसानदायक स्तर से तीन गुना बढ़ गया है।
- कोविड-19 महामारी के कारण ग्रीन हाउस गैंसों के उत्सर्जन में आई अस्थायी गिरावट के बावजूद पृथ्वी का तापमान इस सदी के अंत तक 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा।
- इन समस्याओं के कारण अनुमानत: 8 मिलियन पौधों तथा जानवरों की प्रजातियों में से एक मिलियन से अधिक विलुप्त होने के कगार पर हैं तथा प्रदूषण से होने वाली बीमारियों के कारण प्रति वर्ष लगभग 9 मिलियन लोगों की मृत्यु हो रही है।
- उक्त रिपोर्ट में लोगों की मानसिकता एवं मूल्यों को बदलने के साथ-साथ पृथ्वी की पर्यावरणीयियों समस्याओं को दूर करने के लिए विभिन्न राजनीतिक एवं तकनीकी समाधानों पर प्रकाश डाला गया है।
- ध्यातव्य है कि अपने सभी रूपों में पर्यावरणीय गिरावट को समाप्त करना, गरीबी उन्मूलन, खाद्य एवं जल सुरक्षा के साथ-साथ सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य जैसे विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाना बेहद आवश्यक है।
- यह रिपोर्ट विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने के लिए समाज के सभी स्तरों पर विभिन्न हितधारकों के निर्णय की प्रक्रिया में शामिल होने की आवश्यकता पर बल देने के साथ-साथ दर्जनों प्रमुख क्रियाकलापों की पहचान की है।
- सतत विश्व का निर्माण करने के लिए विभिन्न हितधारकों जैसे, सरकारों, व्यवसायियों, समुदायों के साथ-साथ व्यक्तिगत स्तर पर निर्णय प्रक्रिया में भाग लेने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। जैसे-
- शासन (सरकार) के स्तर पर सरकारों के द्वारा जीवाश्मीय ईंधनों, नॉन सस्टेनेबल एग्रीकल्चर तथा परिवहन पर प्रदान की जाने वाली खरबों डॉलर सब्सिडी को प्रकृति अनुकूल समाधानों के लिए आर्थिक प्रदर्शन के उपायों में शामिल किया जा सकता है।
- अंतरराष्ट्रीय संगठनों के स्तर पर विस्तारित एवं संगठित क्षेत्र नेटवर्क जैसे जैवविविधता क्षेत्रों हेतु वन हेल्थ दृष्टिकोण तथा महात्वाकांक्षी अंतर्राष्ट्रीय लक्ष्यों को बढ़ावा दिया जा सकता है।
- वित्तीय संगठनों के स्तर पर जीवाश्मीय ईंधनों को प्रदान किए जाने वाले ऋण के स्थान पर जैव-विविधता संरक्षण तथा सतत कृषि (Sustainable Agriculure) हेतु अभिनव वित्त का विकास किया जा सकता है।
- विभिन्न व्यवसायों के स्तर पर उनके द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के दोहन तथा कचरे को कम करने तथा मुक्त आपूर्ति शृंखला को बनाए रखने के लिए सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों को अपनाया जा सकता है।

- गैर-सरकारी संगठनों के स्तर पर उनके द्वारा भूमि एवं समुद्री संसाधनों के स्थायी उपयोग के बारे में अपनी पूर्ण भागदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न हितधारकों के नेटवर्क का निर्माण किया जा सकता है।
- वैज्ञानिक संगठनों के स्तर पर उनके द्वारा कार्बन उत्सर्जन को कम करने तथा संसाधन दक्षता को बढ़ाने के साथ-साथ शहरों, उद्योगों, समुदायों एवं पारिस्थितिक तंत्रों के लचीलेपन को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकी एवं नीतियों को अपनाया जा सकता है।
- वैयक्तिक स्तर पर व्यक्तियों के द्वारा प्रकृति के साथ अपने संबंधों के बारे में पुनर्विचार करना बेहद आवश्यक है। इसके तहत प्रकृतिक संसाधनों के उपयोग तथा उन पर अपनी निर्भरता को कम करने हेतु अपनी आदतों को परिवर्तित कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.downtoearth.org.in/news/environment/time-to-reset-our-relationship-with-nature-un-ahead-of-5th-environment-assembly-75613#:~:text=Published%3A%20Sunday%2021%20February%202021,of%20its%20fifth%20Environment%20Assembly.

ट्रैफिक क्रैश इन्जरीज एंड डिसएबिलिटिज: द बर्डन ऑन इंडियन सोसाइटी

प्रश्न : विश्व बैंक ने 13 फरवरी, 2021 को भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े जारी किए। सड़क दुर्घटनाओं में वैश्विक मौत में भारत की हिस्सेदारी कितनी है ?

(a) 10 प्रतिशत (b) 21 प्रतिशत (c) 06 प्रतिशत (d) 31 प्रतिशत

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- विश्व बैंक ने 13 फरवरी, 2021 को भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े जारी किए।
- सेव लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से तैयार – 'ट्रैफिक क्रैश इंजरी एंड डिसएबिलिटीज: द बर्डन ऑन इंडियन सोसाइटी' शीर्षक वाली रिपोर्ट से भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का पता चलता है।
- सड़क दुर्घटनाओं से आय में गिरावट (विशेषकर गरीब समुदाय में) को इस रिपोर्ट के माध्यम से व्यक्त किया गया है।
- रिपोर्ट के मुख्य अंश नीचे दिए गए हैं –
- भारत में वाहनों की वैश्विक हिस्सेदारी मात्र 1% है, लेकिन सभी सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की वैश्विक हिस्सेदारी लगभग 10% है।

- पिछले एक दशक में, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 1.3 मिलियन मारे गए और 5 मिलियन से अधिक घायल हुए।
- भारत में 75 प्रतिशत से अधिक गरीब घरों में सड़क के दुर्घटना परिणामस्वरूप उनकी आय में गिरावट दर्ज की गयी। गरीबों की दुर्घटना में वित्तीय हानि सात महीने में अधिक की घरेलू आय के बराबर है जबकि अमीर घरों के लिए एक महीने से कम की आय के बराबर है।
- यह रिपोर्ट भारत के 4 राज्यों-उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु महाराष्ट्र से लिए गये आंकड़ों पर आधारित है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2025 तक सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य भारत सरकार द्वारा तय किया गया है।
- उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, महाराष्ट्र राज्य कुल सड़क दुर्घटनाओं के 35 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं।
- सेवलाइफ फाउंडेशन
- यह एक गैर-लाभकारी, गैर-सरकारी संगठन है जो भारत भर में सड़क सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा देखभाल में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldbank.org/en/news/press-release/2021/02/13/road-crashes-in-india-increase-household-poverty-and-debt

आर्थिक परिदृश्य

10 हजार एफपीओ के गठन एवं संवर्धन की योजना की प्रथम वर्षगांठ

प्रश्न-1 मार्च, 2021 को 10000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओं) के गठन एवं संवर्धन संबंधी केंद्रीय क्षेत्र की योजना की प्रथम वर्षगांठ पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौनर-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 29 फरवरी, 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चित्रकूट में इस योजना का शुभारंभ किया था।

(b) 10 हजार एफपीओ बनाने की नई स्कीम में कार्यान्वयन एजेंसियों को वर्ष 2020-21 के दौरान 2200 से अधिक एफपीओ उत्पादक क्लस्टरों का आवंटन किया गया है।

(c) ये एफपीओ सेब, बादाम, शहद, चाय, मूंगफली, कपास, सोयाबीन, अलसी, गन्ना और सब्जियों आदि से संबंधित हैं।

(d) एफपीओ स्कीम के लिए 7200 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 मार्च, 2021 को 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन एवं संवर्धन संबंधी केंद्रीय क्षेत्र की योजना की प्रथम वर्षगांठ पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- 29 फरवरी, 2020 को प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी ने चित्रकूट में 6865 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान के साथ इस योजना का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया था।
- 10 हजार एफपीओ बनाने की नई स्कीम में कार्यान्वयन एजेंसियों को वर्ष 2020-21 के दौरान 2200 से अधिक एफपीओ उत्पादक क्लस्टरों का आवंटन किया गया है।
- एजेंसियों ने विभिन्न राज्यों जैसे कश्मीर, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और उत्तर-पूर्वी राज्य अरुणाचल प्रदेश में एफपीओ के पंजीयन कराएं हैं एवं अन्य एफपीओ का भी पंजीकरण कार्य किया जा रहा है।
- ये एफपीओ सेब, बादाम, शहद, चाय, मूंगफली, कपास, सोयाबीन, अलसी, गन्ना, सब्जियों आदि से संबंधित है।
- इस पूरी योजना में किसानों एवं एफपीओ के लिए तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान केंद्र सरकार द्वारा किया गया है।
- क्लस्टर आधारित व्यवसाय संगठनों द्वारा एफपीओ को 5 वर्ष की अवधि के लिए व्यावसायिक हैंडहोल्डिंग समर्थन प्रदान किया जाएगा।
- एफपीओ के प्रति किसान सदस्य को 2 हजार रुपये (अधिकतम 15 लाख रुपये प्रति एफपीओ) इक्विटी अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा।
- एफपीओ को 2 करोड़ रुपये की बैंक योग्य परियोजना हेतु 75 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवर की सहायता प्रदान की जाएगी, जबकि 1 करोड़ रुपये की बैंक योग्य परियोजना के लिए 85 प्रतिशत तक क्रेडिट गारंटी कवर की सहायता प्रदान की जाएगी।
- एफपीओ स्कीम के लिए 6865 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1701767

तेलंगाना ग्रामीण बैंक तथा आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक के द्वारा वीडियो-केवाईसी सुविधा का प्रारंभ

प्रश्न-मार्च, 2021 में नये ग्राहकों के लिए डिजिटल बचत खाता खोलने के लिए प्रांरभ किए गये वीडियो केवाईसी सुविधा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) इस सुविधा का प्रारंभ तेलंगाना ग्रामीण बैंक तथा आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक द्वारा प्रारंभ किया गया है।

(2) इन दोनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को चयन उक्त सुविधा हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किया गया है।

(3) इस सुविधा का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा किया गया है।

(4) इस वीडियों-केवाईसी एप्लीकेशन के जरिए नये ग्राहकों हेतु डिजिटल बचत खाता खोलने की प्रक्रिया की शुरुआत की गई है।

उपर्युक्त दिए गये कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 4

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में तेलंगाना ग्रामीण बैंक तथा आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक ने वीडियो-केवाईसी (Know Your Customer) एप्लीकेशन के जरिए नये ग्राहको हेतु डिजिटल बचत खाता खोलने की प्रक्रिया की शुरूआत की है।इन दोनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का चयन वीडियो-केवाईसी के तहत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किया गया है।
- इस सुविधा का शुभारंभ भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खरा द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया है।
- इन उपकरणों के माध्यम से आरबीआई के निर्देशों के अनुसार जियोटैगिंग जैसे केवाईसी प्रक्रिया को सुरक्षित बनाया जाएगा।
- इसके तहत तेलंगाना ग्रामीण बैंक तथा आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक देश का पहला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक गये है जिसने अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से ग्राहकों के लिए शून्य संपर्क ऑनबोर्ड (Zero Contact on Boarding) की सुविधा प्रदान की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/Hyderabad/video-kyc-for-digital-sb-account-opening-launched/article33974229.ece

अंकटाड : व्यापार और विकास रिपोर्ट अपडेट, मार्च 2021

प्रश्न: UNCTAD के 'व्यापार और विकास रिपोर्ट अपडेट, मार्च 2021' में वर्ष 2021 के लिए भारत के विकास का पूर्वानुमान बताया गया है –

(a) 5.0% (b) -6.9% (c) 4.9% (d) 6.8%

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- UNCTAD के 'व्यापार और विकास रिपोर्ट अपडेट, मार्च 2021' ने वर्ष 2021 के लिए भारत के विकास का पूर्वानुमान 5.0% बताया है।
- संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन(UNCTAD) 1964 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित एक स्थायी अंतर सरकारी निकाय है।
- इसने कहा कि कोविड -19 के कारण भारत का 2020 में अपेक्षित आर्थिक प्रदर्शन कमतर रहा है भारत द्वारा अपनाए गए राहत उपाय न केवल छोटे थे, बल्कि आपूर्ति पक्ष की बाधाओं को कम करने और कुल मांग समर्थन के बजाय तरलता सहायता प्रदान करने पर केंद्रित थे।
- UNCTAD का अनुमान है कि भारत की जीडीपी 2020 में 6.9% थी।
- विश्व विकास परिदृश्य
- UNCTAD ने 2021 में विश्व उत्पादन वृद्धि 4.7% पर पूर्वानुमानित किया है।
- यह 2020 में -3.9 प्रतिशत पर अनुमानित है।
- चीन
- वर्ष 2021 में चीन की विकास दर 8.1 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान है।
- जबकि वर्ष 2020 के लिए यह 2.3% अनुमानित है, जो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://unctad.org/system/files/official-document/gdsinf2021d1_en.pdf

एशिया व प्रशांत एसडीजी प्रगति रिपोर्ट, 2021

प्रश्न : 16 मार्च, 2021 को UN ESCAP द्वारा " एशिया व प्रशांत एसडीजी प्रगति रिपोर्ट, 2021" प्रकाशित किया गया । रिपोर्ट के अनुसार, एशिया-प्रशांत क्षेत्र सतत विकास लक्ष्यों को कितना प्राप्त कर सकता है?

(a) 10 प्रतिशत से कम (b) 12 प्रतिशत (c) 14 प्रतिशत (d) 16 प्रतिशत



उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को UN ESCAP द्वारा " एशिया व प्रशांत एसडीजी प्रगति रिपोर्ट, 2021" प्रकाशित किया गया ।
- रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान गति से एशिया व प्रशांत क्षेत्र SDG लक्ष्य का 10 प्रतिशत से कम ही हासिल कर सकता है।
- उल्लेखनीय है कि SDG(सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) के 104 औसत दर्जे के लक्ष्य हैं।
- इनमें से केवल 9 को 2030 तक ट्रैक किया जा सकेगा।
- सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के लक्ष्यों में से आधे पर APAC(एशिया प्रशांत) क्षेत्र की प्रगति बहुत धीमी है और कई तो 2020 के नीचे के स्तर पर ही ठप हो गए हैं।
- अलग-अलग लक्ष्य और सापेक्ष प्रगति
- रिपोर्ट के अनुसार पर्यावरण लक्ष्यों पर प्रगति बहुत निराशाजनक रही है।
- अन्य लक्ष्य जहां इस क्षेत्र(APAC) की प्रगति उम्मीदों से कम थी वो इस प्रकार हैं –
- लिंग समानता (लक्ष्य 5),
- स्वच्छ जल और स्वच्छता (लक्ष्य 6),
- सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा (लक्ष्य 7),
- डीसेंट कार्य और आर्थिक विकास (लक्ष्य 8), और भूमि पर जीवन (लक्ष्य 15)।
- जलवायु कार्रवाई (लक्ष्य 13) और पानी के नीचे जीवन (लक्ष्य 14) के लिए निराशाजनक प्रदर्शन विशेष चिंता का विषय है। वास्तव में, स्थिति अब 2000 की तुलना में बदतर है।
- APAC वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के 50% से अधिक के लिए जिम्मेदार है।
- स्थायी शहरों और समुदायों के लिए एसडीजी लक्ष्य 2000 से अछूते ही हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unescap.org/news/launch-asia-and-pacific-sdg-progress-report-2021

दुनिया का पहला ग्रीन हेजिंग लेनदेन

प्रश्न : हाल ही में निम्नलिखित में से किस पक्ष ने दुनिया के पहले ग्रीन हेजिंग लेनदेन को अंजाम दिया है ?

(a) इ्यूश बैंक और कॉन्टिनम एनर्जी (b) एचएसबीसी बैंक और अदानी एनर्जी
(c) JPMogan चेस और सुजलॉन एनर्जी (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को ड्यूश बैंक और 'कॉन्टिनम एनर्जी लेवान्टर पीटीई लिमिटेड', ने घोषणा किया कि उन्होंने विशेष रूप से डिजाइन किए गए हरित रूपरेखा(ग्रीन बांड ढांचे) के आधार दुनिया की पहली ग्रीन हेजिंग लेनदेन को अंजाम दिया है।
- हेजिंग से तात्पर्य बांड मार्केट में निहित जोखिमों के प्रतिरक्षण से होता है
- जबकि हरित बांड मार्केट मूल रूप से ग्रीन पावर, सोलर पावर, बायोमास पावर, स्मॉल हाइड्रो पावर, वेस्ट-टू-पावर आदि जैसे हरित परियोजनाओं के लिए धन जुटाने का एक साधन है।
- यह सामान्य बांड से अलग है क्योंकि इस बांड से एकत्र किया गया धन केवल हरित परियोजनाओ के लिए उपयोग किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.db.com/news/detail/20210316-deutsche-bank-executes-world-s-first-green-hedge-with-continuum

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

प्रश्न: भारत सर्वाधिक विदेशी मुद्रा भंडार वाले देशों की सूची में किस स्थान पर पहुँच गया है ?

(a)चौथे स्थान पर (b) पांचवे स्थान पर (c) छठवे स्थान पर (d) सातवें स्थान पर

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- मार्च 2021 में, रूस को पछाड़कर, भारत विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बन गया है।
- ध्यातव्य है कि RBI ने अर्थव्यवस्था को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए डॉलर जमा करना जारी रखा है, जिसकी वजह से भारत को यह उपलब्धि हासिल हुई है।
- विदेशी मुद्रा के संबंध में शीर्ष तीन देश हैं, क्रमशः – चीन> जापान> स्विट्जरलैंड।
- आरबीआई के 12 मार्च को जारी आंकड़ों में विदेशी मुद्रा भंडार 68.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 584.554 अरब डॉलर हो गया था.
- इससे पहले भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 जनवरी 2021 को समाप्त सप्ताह में 590.185 अरब डॉलर के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था.

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/economy-policy/india-fx-reserves-surpass-russia-s-to-become-world-s-4th-biggest-121031400470_1.html

एम-कैप(बाजार पूंजीकरण) लाभ के मामले में अग्रणी देश

प्रश्न: हाल ही में किस देश के शेयरों ने एम-कैप(बाजार पूंजीकरण) के मामले में सबसे अधिक लाभ अर्जित किया है ?

(a) बांग्लादेश (b) भूटान (c) श्रीलंकाई (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (D)

संबंधित तथ्य

- भारतीय शेयरों ने हाल ही में एम-कैप(बाजार पूंजीकरण) के मामले में सबसे अधिक लाभ अर्जित किया है ।
- कोविड के कारण उपजे सामाजिक आर्थिक उथल-पुथल और आर्थिक अनिश्चितताओं से अपरिवर्तित रहने वाली शेयरों की रैली(तेजी के रुझानों) की ताकत को रेखांकित करते हुए, भारतीय शेयरों ने इस वित्तीय वर्ष में एम-कैप(बाजार पूंजीकरण) के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 देशों के शेयरों की तुलना में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया।
- भारत का सकल बाजार पूंजीकरण इस वित्तीय वर्ष में डॉलर के संदर्भ में 88% बढ़ गया।
- वित्त वर्ष 11 के बाद से कुल बाजार पूंजीकरण में यह सबसे तेज वृद्धि है।
- ध्यातव्य है किपिछले वित्त वर्ष में, भारत के बाजार पूंजीकरण ने 31% की गिरावट के साथ निवेशकों की भावनाओं को हतोत्साहित किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/market/stock-market-news/india-leads-m-cap-gains-in-top-markets-11615922037568.html

जेएलएल एचपीआई सूचकांक

प्रश्न: जेएलएल(जोन्स लैंग लासेल), एक वाणिज्यिक अचल संपत्ति और निवेश प्रबंधन कंपनी है, जिसने हाल ही में मानव प्रदर्शन संकेतक(एचपीआई) जारी किया है। इस संकेतक के अनुसार, कार्यस्थल की संतुष्टि में भारत की स्थिति क्या है ?

(a) उच्चतम रैंक (b) मध्यम रैंक (c) दूसरा निम्नतम रैंक (d) निम्नतम रैंक

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- जेएलएल(जोन्स लैंग लासेल), एक वाणिज्यिक अचल संपत्ति और निवेश प्रबंधन कंपनी है, जिसने हाल ही में(मार्च, 2021) मानव प्रदर्शन संकेतक(एचपीआई) जारी किया है।

- एचपीआई एक नया तरीका है जो कार्यस्थल की प्रकृति के विभिन्न पहलुओं के बारे में व्यापक दृष्टिकोण देता है।
- इसमें मानव प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए स्थान की पर्याप्तता, प्रौद्योगिकी और संस्कृति के संयोजन पर व्यापक दृष्टिकोण शामिल हैं।
- मानव प्रदर्शन संकेतक(एचपीआई) के निष्कर्ष पांच देशों में एक हजार से अधिक कर्मचारियों के अध्ययन पर आधारित हैं।
- एचपीआई
- एचपीआई एशिया पैसिफिक के निष्कर्ष ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान और सिंगापुर को कवर करने वाले एक ऑनलाइन अध्ययन/ सर्वेक्षण पर आधारित हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत अन्य एशिया पैसिफिक देशों की तुलना में लचीले कार्य प्रकृति,लचीली कार्यावधि और वर्क फ्रॉम होम जैसी विशेषताओं सहित एचपीआई में उच्च प्रदर्शन करने वाले देशों में अग्रणी है।(जिस पर सर्वेक्षण में शामिल 81 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हामी भरा)
- सर्वेक्षण में शामिल अन्य एशिया प्रशांत देशों की तुलना में, भारत 98 प्रतिशत उत्तरदाताओं के साथ कार्यस्थल के प्रति संतुष्टि में सर्वोच्च स्थान पर रहा।
- इसके बाद दूसरे स्थान पर चीन रहा(97 फीसदी उत्तरदाताओं के साथ)। इस प्रकार भारत और चीन मानव प्रदर्शन संकेतक में उच्च प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल हैं।
- भारत और चीन जैसे देशों में कार्यस्थल के प्रति कर्मचारियों की संतुष्टि को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों में शामिल है - 'परिष्कृत कार्यस्थलों और प्रौद्योगिकियों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच' ।
- इन देशों ने मानव प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध रिक्त स्थान और प्रौद्योगिकियों के इष्टतम उपयोग के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए एक मजबूत परिवर्तन प्रबंधन कार्यक्रम तैयार किया है।
- शोध में पाया गया कि केवल एक-तिहाई एशिया प्रशांत के कार्यस्थलों में एक ऐसा वातावरण है जो कर्मचारी प्रदर्शन को बढ़ाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/economy/macro-economy/india-ranks-highest-in-workplace-satisfaction-jll-hpi-index/article34072473.ece

आईपीओ अनुप्रयोगों के लिए पेटीएम UPI हैंडल को मंजूरी

प्रश्न : सेबी ने हाल ही में आईपीओ अनुप्रयोगों के लिए पेटीएम UPI हैंडल को मंजूरी दी है। IPO से क्या तात्पर्य है ?

(a) प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश(Initial Public Offering)

(b) प्रारंभिक खरीद की पेशकश(Initial Procurement Offering)

(c) प्रारंभिक सार्वजनिक विकल्प(Initial Public Option)

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में सेबी ने आईपीओ अनुप्रयोगों के लिए पेटीएम UPI हैंडल को मंजूरी दे दी।
- यह कदम आईपीओ अनुप्रयोगों के लिए तीव्र और निर्बाध भुगतान को सक्षम करेगा।
- साझेदारी
- इस उद्देश्य के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक (PPBL) ने पेटीएम मनी के साथ पार्टनरशिप(साझेदारी) की है ताकि आईपीओ अनुप्रयोगों(applications) के लिए पेमेंट करना सक्षम हो सके।
- पेटीएम(Paytm) का लक्ष्य और देश के स्टॉक एक्सचेंजों का प्रदर्शन
- उल्लेखनीय है कि पेटीएम मनी वित्तीय वर्ष 2022 तक 10 मिलियन भारतीयों को इक्विटी बाजारों में लाना चाहती है।
- पेटीएम के स्टॉकब्रेकिंग प्लेटफॉर्म का लक्ष्य साल के अंत तक 3.5 लाख डीमैट खाते खोलने का है और अनुमान है कि इनमें से 60 फीसदी छोटे शहरों में खुलेंगे।
- वित्तीय वर्ष 2021 में, देश के शेयर बाजारों में लगभग 24 प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश(IPO : Initial Public Offering) देखने को मिलेंगे और पूंजी बाजारों से 48,493 करोड़ रुपये की पूंजी अर्जित की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/markets/regulator-sebi-approves-paytm-upi-handle-for-ipo-applications-121031500890_1.html

अमेरिका बना भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश

प्रश्न-हाल ही में रिउटर्स द्वारा जारी आंकड़ों के तहत फरवरी, 2021 में भारत के शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता देशों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) इस रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी, 2021 में भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता देश

वेनेजुएला है।
(2) फरवरी, 2021 में वेनेजुएला ने 867500 बैरल प्रतिदिन तेल का निर्यात भारत को किया है।
(3) फरवरी, 2021 में अमेरिका, सऊदी अरब को पीछे छोड़कर भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश बन गया है।
(4) फरवरी, 2021 में अमेरिका से भारत का तेल आयात 48 प्रतिशत बढ़कर 545300 बैरल प्रतिदिन हो गया, जो पिछले महीने भारत के कुल आयात का 14 प्रतिशत था।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 3 एवं 4 (d) 1 एवं 4

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- हाल ही में रिउटर्स (Reuters) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी, 2021 में अमेरिका सऊदी अरब को पीछे छोड़कर भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश बन गया है।
- इन आंकड़ों के अनुसार, ओपेक प्लस देशों (Organization of The Petroleum Exporting Countries) के द्वारा तेल आपूर्ति में कटौती के बाद भारत द्वारा अमेरिका से सस्ते कच्चे तेल की खरीद को तरजीह देना है।
- आपूर्ति में यह बदलाव अमेरिका में कच्चे तेल की मांग कम होने तथा सऊदी अरब द्वारा स्वैच्छिक रूप से 1 मिलियन बैरल प्रतिदिन उत्पादन को कम करने के कारण हुआ।
- ध्यातव्य है कि तेल निर्यातक देशों के संगठन तथा उसके सहयोगी (ओपेक प्लस) की ओर से कम उत्पादन बनाए रखने के समझौते का पालन करते हुए सऊदी अरब द्वारा उत्पादन में कटौती की गई है।
- रिउटर्स द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, विश्व के सबसे बड़े तेल उत्पादक अमेरिका से भारत का आयात फरवरी माह में रिकॉर्ड 48 प्रतिशत बढ़कर 545300 बैरल प्रतिदिन हो गया, जो पिछले महीने भारत के कुल आयात का 14 प्रतिशत है।
- गौरतलब है कि इन आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में सऊदी अरब से आयात पहले के महीने से 42 प्रतिशत घटकर एक दशक के निचले स्तर पर 445200 बैरल प्रतिदिन हो गया है।
- ध्यातव्य है कि सऊदी अरब, जो लगातार भारत के शीर्ष दो आपूर्तिकर्ताओं में से एक रहा है, जनवरी, 2006 के बाद पहली बार चौथे स्थान पर आ गया है।
- रिउटर्स द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार इराक वर्तमान में भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता देश है। पांच महीने के निचले स्तर पर तेल खरीद में 23 प्रतिशत गिरावट के बावजूद इराक ने 867500 बैरल प्रतिदिन का निर्यात भारत को किया है।

- ध्यातव्य है कि ओपेक (COPEC) के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक के तौर पर इराक ने भारतीय रिफाइनर्स (Indian Refiners) को तेल की आपूर्ति में वर्ष 2021 के दौरान 20 प्रतिशत की कमी कर दी है।
- इराक द्वारा समूह के उत्पादन समझौते के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए यह कदम उठाया गया है।
- संयुक्त अरब अमीरात (W.A.E.) वर्तमान में भारत के शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता देश के क्रम में पांचवें स्थान पर आ गया है, जबकि पूर्व में वह तीसरे स्थान पर था।
- वर्तमान में नाइजीरिया भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता देशों के क्रम में तीसरे स्थान पर स्थित है, जबकि पूर्व में वह पांचवे स्थान पर था। इस दौरान नाइजीरिया ने 472300 बैरल प्रतिदिन तेल का निर्यात किया है जो अक्टूबर, 2019 के बाद से सर्वाधिक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/business/us-becomes-india-s-second-biggest-oil-supplier-saudi-plunges-to-number-4-101615800729995.html

बीमा क्षेत्र में एफडीआई में वृद्धि

प्रश्न-10 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर कितना किए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की है?

(a) 49 प्रतिशत (b) 62 प्रतिशत (c) 74 प्रतिशत (d) 100 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस संबंध में मंत्रिमंडल ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश (एफडीआई) की मौजूदा 49 प्रतिशत को बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने हेतु बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन के लिए मंजूरी प्रदान की है।
- बजट 2021-22 में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने विदेशी स्वामित्व को अनुमति देने और सुरक्षा उपायों के साथ नियंत्रण बढ़ाने की बात कहीं थी।
- वर्ष 2015 में मोदी सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई कैप को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत कर दिया था।
- मार्च, 2020 तक के आंकड़ों के अनुसार 23 जीवन बीमा कंपनियों में औसत विदेशी निवेश 37.41 प्रतिशत है।

- मात्र 9 प्राइवेट बीमा कंपनियों में ही विदेशी निवेश 49 प्रतिशत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/finance/cabinet-approves-amendment-to-insurance-act-paving-way-for-74-fdi-limit-121031001384_1.html

विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनियों(SPACs) की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए विशेषज्ञ समूह

प्रश्न : किस संगठन ने विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनियों(SPACs) की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए विशेषज्ञ समूह का गठन किया है ?
(a) RBI (b) SEBI (c) DIPAM (d) CCI
उत्तर (b)
संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में सेबी(SEBI) ने विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनियों(SPACs) की व्यवहार्यता की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया।
- पीएमएसी
- सेबी के प्राथमिक बाजार सलाहकार समिति(पीएमएसी) के तहत गठित इस विशेषज्ञ समूह द्वारा शीघ्र ही इस संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।
- उद्देश्य
- सेबी विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनियों(SPACs) की क्षमता का पता लगाने के साथ- साथ उनसे संबंधित जोखिमों की मॉनीटरिंग के लिए विनियामक ढांचे में पर्याप्त जांच और संतुलन स्थापित करना चाहता है।
- विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनियों
- विशेष प्रयोजन अधिग्रहण कंपनियों का गठन प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम(आईपीओ) में पूंजी जुटाने के लिए किया जाता है, जिसका उद्देश्य आय का उपयोग करके किसी लक्ष्य कंपनी की पहचान करना और उसका विलय करना है।ऐसी कंपनियां हाल ही में अमेरिका में लोकप्रिय हुई हैं।
- भारत में भी SPACs की लोकप्रियता बढ़ रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/market/stock-market-news/sebi-forms-an-expert-group-to-examine-the-feasibility-of-spacs-11615461299861.html

संयुक्त उद्यम कंपनी EMITS की स्थापना के लिए साझेदारी

प्रश्न: बैटरी भंडारण, सौर और ईवी समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से संयुक्त उद्यम कंपनी EMITS की स्थापना के लिए कौन सी कंपनियों ने साझेदारी की घोषणा की है ?

(a) फोर्थ पार्टनर एनर्जी और फर्स्ट सोर्स लिमिटेड

(b) फोर्थ पार्टनर एनर्जी और इंडिका एनर्जी

(c) इंडिका एनर्जी और 3I इन्फोटेक (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में भारत की प्रमुख सॉलर सोल्यूशन फर्म 'फोर्थ पार्टनर एनर्जी' ने बैटरी भंडारण, सौर और ईवी समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से इंडोनेशियाई कंपनी 'इंडिका एनर्जी' के साथ साझेदारी की घोषणा की।साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां संयुक्त उद्यम कंपनी EMITS की स्थापना करेंगी।EMITS का पूर्ण रूप है – Empat Mitra Indika Tenaga Surya(एम्पट मित्रा इंडिका तेन्गा सूर्या)।EMITS इंडोनेशिया के नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण को गति देगा।
- यह इंडोनेशिया के व्यवसायों के लिए एकीकृत भंडारण, सौर और ईवी चार्जिंग समाधान पेश करेगा।
- स्वामित्व - ढांचा
- EMITS में 'इंडिका एनर्जी' की 51 प्रतिशत और 'फोर्थ पार्टनर एनर्जी' की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।इस साझेदारी को TPG की प्रभावशाली निवेश शाखा 'द राइज़ फ़ंड'(फोर्थ पार्टनर एनर्जी में बहुसंख्य शेयरधारक) ने सुविधा प्रदान की है।
- पांच बिलियन डालर से अधिक की प्रबंधाधीन संपत्ति के साथ, 'द राइज़ फंड' दुनिया में सबसे बड़ा निजी बाजार सामाजिक प्रभाव निधि(private markets social impact fund) है।

संबंधित लिंक भी देखें...'

https://economictimes.indiatimes.com/industry/energy/power/fourth-partner-energy-ties-up-with-indonesias-indika-energy/articleshow/81350517.cms?from=mdr#:~:text=Synopsis,company%20said%20in%20a%20statement.

'RuPay SoftPoS' सॉल्यूशन के लॉन्चिंग हेतु साझेदारी

प्रश्न : 'RuPay SoftPoS' समाधान लॉन्च करने के लिए कौन से संस्थाओं ने साझेदारी किया है ?

(a) एनपीसीआई और एसबीआई पेमेंट्स

(b) बीबीपीएस(भारत बिल भुगतान प्रणाली) और बीओबी

(c) वेलस्पन इन्वेस्टमेंट्स एंड कमर्शियल और पीएनबी

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में एनपीसीआई ने 'RuPay SoftPoS'(रुपे सॉफ्टपोस) समाधान लॉन्च करने के लिए एसबीआई पेमेंट्स के साथ समझौता किया।
- रुपे सॉफ्टपोस का उद्देश्य व्यापारियों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाना है जिससे कि वो अपने स्मार्टफ़ोन से ही PoS(प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन की भी सुविधा प्राप्त कर सकें।
- यह अभिनव व सुविधाजनक समाधान व्यापारियों के लिए कम लागत वाला, उपयोग में आसान और एक मान्य बुनियादी ढांचा तैयार करेगा।
- रुपे सॉफ्टपोस ग्राहकों को व्यापारी के NFC(नियर फ़ील्ड कम्यूनिकेशन) सक्षम स्मार्ट फोन का उपयोग करके 'टैप एंड गो' भुगतान करने में सक्षम बनाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.npci.org.in/PDF/npci/press-releases/2021/NPCI-Press-Release-NPCI-partners-with-SBI-to-launch-RuPay-SoftPoS-Solution.pdf

ओईसीडी इकोनॉमिक आउटलुक: अंतरिम रिपोर्ट मार्च, 2021

प्रश्न: ओईसीडी ने 2021-22 के लिए भारत के आर्थिक विकास का अनुमान बढ़ा कर कितने प्रतिशत कर दिया है?

(a) 12.6 प्रतिशत (b) 11.6 प्रतिशत (c) 10.6 प्रतिशत (d) 9.6 प्रतिशत

उत्तर। (a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में ओईसीडी ने इंटरिम(अंतरिम) इकोनॉमिक आउटलुक पूर्वानुमान जारी किया।
- जिसमें ओईसीडी(आर्थिक सहयोग और विकास संगठन) ने 2021-22 के लिए भारत के आर्थिक विकास के अनुमान को बढ़ाकर 12.6% कर दिया।
- आर्थिक विकास का यह दर भारत को दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के अपने पहचान को बनाए रखने में सक्षम करेगा।
- अन्य प्रमुख तथ्य –

- ओईसीडी ने वर्ष 2022-23 के लिए भारत के आर्थिक विकास के अनुमान को बढ़ाकर 5.4% कर दिया है।
- OECD के अनुसार, वर्ष 2022-23 में भारत अपने 'सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था' के पहचान को इंडोनेशिया के साथ साझा करेगा।
- वैश्विक जीडीपी वृद्धि
- हाल के महीनों में वैश्विक आर्थिक संभावनाओं में सुधार हुआ है, कोविड 19 टीकों के क्रमिक विस्तारण, कुछ देशों में अतिरिक्त राजकोषीय समर्थन की घोषणाओं से मदद मिली है।
- वैश्विक जीडीपी वृद्धि 2021-22 में 5.6 प्रतिशत और वर्ष 2022-23 में 4% होने का अनुमान है।
- बेहतर वैश्विक दृष्टिकोण के बावजूद, वर्ष 2022 के अंत में, कई देशों में उत्पादन और आय महामारी से पहले अपेक्षित स्तर से नीचे रहेगी।चीन, भारत और तुर्की में आर्थिक गतिविधियों को महामारी से पहले के स्तर से ऊपर ले जाया गया, जिससे सुधार में मदद मिली है।
- चीन की जीडीपी ग्रोथ
- OECD ने वर्ष 2021-22 के लिए चीन के आर्थिक विकास के अनुमान को मामूली रूप से घटाकर 7.8% कर दिया है।जबकि वर्ष 2022-23 के लिए विकास का अनुमान 4.9% पर बरकरार रखा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.oecd.org/economic-outlook/march-2021/

गोम स्पेस (Gom Space) और जे.पी. मॉर्गन द्वारा ब्लॉकचेन लेनदेन परीक्षण

प्रश्न-हाल ही में जेपी मोर्गन संस्था ने स्पेस आधारित भुगतान अवसंरचना का परीक्षण ब्लॉकचेन तकनीक द्वारा किया, इस प्रक्रिया में उपयुक्त उपग्रह का क्या नाम है?

(a) GOMX-4 (b) GOMX-3 (c) GOMX-5 (d) GOMX-10

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 फरवरी, 2021 को अमेरिका के निवेश बैंक (Investment Bank) जेपी मोर्गन गोम स्पेस द्वारा स्पेस आधारित भुगतान अवंसरचना का परीक्षण ब्लॉक चेन तकनीक की सहायता से किया गया।
- इस परीक्षण में सहयोगी संस्था के रूप में गोमस्पेस (GOM Space) ने सहायता प्रदान की।
- परीक्षण में उपयुक्त उपग्रह का नाम GOMX-4 है।
- इस उपग्रह की स्थापना का लक्ष्य पृथ्वी की निचली ध्रुवीय कक्षा में स्थापित होकर पृथ्वी और उपग्रह के मध्य भुगतान संबंधी संपर्क सुनिश्चित करना है।

- इस तकनीक के माध्यम से पृथ्वी पर संचार के नेटवर्क में विकेंद्री करण की स्थापना की जायेगी ताकि भुगतान प्रणाली को सुगम बनाया जा सके।
- यह तकनीक बाजार एवं लोगों के मध्य संबंध को एक लंबे समय तक सहायता देगी, जिससे बाजार में भुगतान संबंधी समस्याओं को दूर किया जा सकेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://gomspace.com/news/gomspace-and-jp-morgan-test-blockchain-transa.aspx

एसबीआई म्यूचुअल फंड का पहला अंतरराष्ट्रीय फंड

प्रश्न: एसबीआई म्यूचुअल फंड ने हाल ही में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय फंड लॉन्च किया है। योजना के परिसंपत्ति आवंटन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य सही है?

1. यह योजना अपनी शुद्ध संपत्ति का 55% से 60% अमुंडी(Amundi) फंड्स में निवेश करेगी
2. ये अमुंडी फंड्स यूएस पायनियर फंड हैं
3. इन अमुंडी फंड्स में ETF शामिल हैं

नीचे दिए गए कोड की मदद से उत्तर दें –

(a) केवल 1

(b) केवल 1. & 2.

(c) केवल 2. और 3.

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (c)

संबंधित तथ्य

- एसबीआई म्यूचुअल फंड ने फरवरी 2021 में 'एसबीआई इंटरनेशनल एक्सेस-यूएस इक्विटी एफओएफ' नाम से अपना पहला अंतरराष्ट्रीय फंड लांच किया है।
- यह योजना आम तौर पर अमुंडी फंड्स - "यूएस पायनियर फंड"(ईटीएफ सहित) में अपनी शुद्ध संपत्ति का 95% -100% निवेश करेगी जो मुख्य रूप से अमेरिकी बाजारों में निवेश करती है।
- सेबी के नियमों के अनुसार जो म्यूचुअल फंड दूसरे देशों की इक्विटी या इक्विटी रिलेटेड इक्यूपमेंट में 80 प्रतिशत से अधिक निवेश करते हैं, वह इंटरनेशनल फंड की कटेगिरी में आते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/mf/mf-news/sbi-mutual-fund-launched-sbi-international-access-us-equity-fof/articleshow/81286638.cms

नम्मा चेन्नई स्मार्ट कार्ड

प्रश्न-फरवरी, 2020 में किस बैंक द्वारा ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन और चेन्नई स्मार्ट सिटी लिमिटेड के साथ साझेदारी में 'नम्मा चेन्नई समार्ट कार्ड' शुरू किया गया है?

(a) एचडीएफसी बैंक (b) आईसीआईसीआई बैंक (c) एक्सिस बैंक (d) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में आईसीआईसीआई (ICICI) बैंक ने विभिन्न प्रकार के भुगतान करने हेतु नागरिकों को वन-स्टॉप समाधान प्रदान करने के लिए ग्रेटर चेन्नई कॉर्पोरेशन और चेन्नई स्मार्ट सिटी लिमिटेड के साथ साझेदारी में एक कॉमन पेमेंट कॉर्ड सिस्टम 'नम्मा चेन्नई समार्ट कॉर्ड' शुरू करने की घोषणा की है।
- यह प्रीपेड कार्ड चेन्नई के साथ-साथ देशभर के रिटेल स्टोर और ई-कॉमर्स वेबसाइटों में भी खुदरा भुगतान की सुविधा प्रदान करता है।
- यह शहर के भीतर विभिन्न सेवाओं के लिए भुगतान करने हेतु निवासियों को एक सामान्य भुगतान कार्ड प्लेटफार्म प्रदान करेगा।
- नम्मा चेन्नई स्मार्ट कार्ड में विभिन्न विशेषताएं हैं जो निवासियों को समर्पित ग्राहक पोर्टल पर मूल रूप से ऑनलाइन प्रबंधित कर सकते हैं, इनमें कार्ड ब्लॉक/अनब्लॉक, सक्रियण, पिन-रीसेट जैसी विशेषताएं शामिल हैं।
- इसके अलावा आगामी दिनों में निवासी यूपीआई के माध्यम से ग्राहक पोर्टल या i Smart City ऐप पर डिजिटल रूप से पुन: लोड कर सकेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/icici-bank-launches-namma-chennai-smart-card-all-you-need-to-know-1772654-2021-02-24

बिजनेस-टू-कंज्यूमर (B2C) ई-कॉमर्स इंडेक्स, 2020

प्रश्न-17 फरवरी, 2021 को अंकटाड (UNCTAD) द्वारा जारी बिजनेस-टू-कंज्यूमर (B2C) ई-कॉमर्स इंडेक्स, 2020 में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ?

(a) 80वां (b) 85वां (c) 71वां (d) 65वां

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2021 को अंकटाड (UNCTAD: United Nations Conference on Trade and Development) द्वारा बिजनेस-टू-कंज्यूमर (B2C) ई-कॉमर्स इंडेक्स, 2020 जारी किया गया।
- इस इंडेक्स में 152 देशों को शामिल किया गया है।
- यह इंडेक्स ऑनलाइन खरीददारी दिखाने हेतु देशों को रैंकिंग प्रदान करता है।
- इस इंडेक्स में स्विट्जरलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात नीदरलैंड्स को दूसरा, डेनमार्क को तीसरा, सिंगापुर को चौथा तथा यूनाइटेड किंगडम को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।
- जबकि नाइजर को इस इंडेक्स में सबसे निचला (152वां) स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात, चाड, बुरूंडी, कोमोरोस, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो को क्रमश: 151वां, 150वां, 149वां तथा 148वां स्थान प्राप्त हुआ।
- सिंगापुर तथा हांगकांग (SAR) (10वां स्थान) शीर्ष 10 में स्थान शामिल होने वाले एशिया के मात्र दो देश रहे।
- इस इंडेक्स में भारत को 71 वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- जबकि वर्ष 2019 में भारत को 75 वां स्थान प्राप्त हुआ था।
- भारत के पड़ोसी देशों में श्रीलंका को 91 वां, नेपाल को 113वां, भूटान को 114वां, बांग्लादेश को 115 वां तथा पाकिस्तान को 116 वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- विश्व के अन्य प्रमुख देशों में जर्मनी को 6वां, यूएसए को 12वां, फ्रांस को 17 वां तथा जापान को 20 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://unctad.org/system/files/official-document/tn_unctad_ict4d17_en.pdf

एचडीएफसी बैंक का 'स्मार्टअप उन्नति' कार्यक्रम

प्रश्न: एचडीएफसी बैंक का 'स्मार्टअप उन्नति' कार्यक्रम एक मेंटरशिप प्रोग्राम है जो महिला उद्यमियों को _ से सलाह लेने के लिए एक मंच देता है।

नीचे दिए गए उपयुक्त विकल्प के साथ रिक्त स्थान भरें –

(a) एचडीएफसी बैंक की शीर्ष महिला अधिकारियों

(b) रोजगार कार्यालयों के अधिकारियों

(c) भारत के शीर्ष प्रेरक नेताओं(motivational leaders)

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर (a)

- 8 मार्च, 2021 को HDFC बैंक ने महिला उद्यमियों के लिए 'स्मार्टअप उन्नति' कार्यक्रम शुरू किया।
- उद्देश्य
- उल्लेखनीय है कि आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- कार्यक्रम का उद्देश्य एचडीएफसी बैंक के 'स्मार्टअप उन्नति' कार्यक्रम के साथ महिला सशक्तीकरणा के बैंक के प्रयासों को फलीभूत करना है।
- एचडीएफसी बैंक का 'स्मार्टअप उन्नति' कार्यक्रम एक मेंटरशिप प्रोग्राम (सलाह कार्यक्रम) है जो महिला उद्यमियों को एचडीएफसी बैंक की शीर्ष महिला अधिकारियों से सलाह लेने के लिए एक मंच प्रदान करता है।
- मंच का उद्देश्य महिला उद्यमियों को व्यावसायिक चुनौतियों से उबरने और विकास के नए अवसरों की खोज में मदद करना है।
- कार्यक्रम
- यह कार्यक्रम केवल एचडीएफसी बैंक के मौजूदा महिला ग्राहकों के लिए उपलब्ध है।
- 'स्मार्टअप उन्नति' प्रारंभ में HDFC बैंक के SmartUp कार्यक्रम से जुड़ी 3,000 से अधिक महिला उद्यमियों को लक्षित करेगा।
- उल्लेखनीय है कि एचडीएफसी बैंक ने अपने स्मार्टअप(SmartUp) प्रोग्राम के तहत 2018 में बैंकिंग स्टार्ट-अप के लिए एक ऑनलाइन मेंटरिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/hdfc-bank-launches-smartup-unnati-programme/article34019075.ece

वित्तीय संस्थानों हेतु 'बिजनेस किस्त सुरक्षा' उत्पाद की लॉन्चिंग

प्रश्न : 'व्यावसायिक किस्त सुरक्षा' उत्पाद का उद्देश्य उधारकर्ताओं द्वारा ईएमआई का भुगतान न करने के कारण वित्तीय संस्थानों की बैलेंस शीट पर पड़ने वाले प्रभाव को सीमित करना है। किस बीमा कंपनी ने यह उत्पाद लॉन्च किया है ?

(a) एचडीएफसी ईआरजीओ जनरल इंश्योरेंस (b) भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस

(c) एडलवाइस जनरल इंश्योरेंस (d) इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस

उत्तर - (a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में एचडीएफसी ईआरजीओ जनरल इंश्योरेंस ने 'बिजनेस किस्त सुरक्षा' नामक एक नया उत्पाद लॉन्च किया
- इसका उद्देश्य उधारकर्ताओं द्वारा ईएमआई का भुगतान न करने के कारण वित्तीय संस्थानों की बैलेंस शीट पर पड़ने वाले प्रभाव को सीमित करना है।
- ध्यातव्य है कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली सामाजिक - आर्थिक क्षति के कारण अक्सर एमएफआईज़(MFIs) या वित्तीय संस्थानों को उधारकर्ताओं से ईएमआई का भुगतान नहीं प्राप्त हो पाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hdfcergo.com/commercial-insurance/property-insurance-policy/business-suraksha-insurance-policy

इरकॉन इंटरनेशनल में विनिवेश

प्रश्न : मार्च, 2021 में सरकार ने लगभग 662 करोड़ रुपये जुटाने के लिए इरकॉन में इंटरनेशानल_ हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया। नीचे दिए गए उचित विकल्प के साथ रिक्त स्थान भरें।

(a) 16% (b) 19% (c) 11% (d) 20%

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में सरकार ने लगभग 662 करोड़ रुपये जुटाने के लिए इरकॉन इंटरनेशनल में 16% हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया।
- सरकार ने ग्रीन विकल्प के रूप में अतिरिक्त 6% के साथ 10% इक्विटी का विनिवेश किया।
- डीआईपीएएम(दीपम)
- निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग(डीआईपीएएम) केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में इक्विटी के विनिवेश सहित इक्विटी में केंद्र सरकार के निवेश के प्रबंधन से जुड़े सभी मामलों से संबंधित है।
- इसके चार प्रमुख कार्य क्षेत्र रणनीतिक विनिवेशा अल्पसंख्या हिस्सेदारी ब्रिक्री, परिसंपत्ति मुद्रीकरण और पूंजी पुनर्गठन है।
- इरकॉन इंटरनेशनल
- इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड(पूर्व नाम इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड या इरकॉन), परिवहन बुनियादी ढांचे में विशिष्टता प्राप्त एक इंजीनियरिंग और निर्माण संगठन है।

- सरकार के पास इरकॉन में 89.18 प्रतिशत हिस्सेदारी है।
- ग्रीन शू विकल्प
- ग्रीन शू विकल्प के तहत, शेयर जारी करने वाली कंपनी के पास एक निर्दिष्ट राशि तक अतिरिक्त इक्विटी शेयर आवंटित करने का विकल्प होता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dipam.gov.in/dipam/

बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) रिपोर्ट-2021

प्रश्न-मार्च, 2021 में बैंक ऑफ अमेरिका (Bofa) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, लैंगिक विविधिता व समावेशन की कमी के कारण वर्ष 1990 से विश्व को कितने यूएस डॉलर का नुकसान हुआ है?

(a) 70 ट्रिलियनडॉलर (b) 110 ट्रिलियन डॉलर (c) 95 ट्रिलियन डॉलर

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

- 5 मार्च, 2021 को जारी बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) रिपोर्ट के अनुसार लैंगिक असमानता के चलते 1990 के बाद से दुनिया को नुकसान 70 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ।
- रिपोर्ट के अनुसार, लैंगिक अंतराल को वर्तमान दर पर कम करने में 257 वर्ष का समय लगेगा।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी ने लिंग असमानता संकट को और गहरा कर दिया है जिसके कारण 2021 में लगभग 96 मिलियन लोगों को अत्यधिक गरीबी में शामिल होने का अनुमान हैं, जिसमें से 47 मिलियन महिलाएं होंगी।
- इसके अनुसार, महिलाओं की 19% से अधिक नौकरियां खतरे में हैं।
- 90% विकलांग बच्चें स्कूल से वंचित हैं।
- अगले दशक में एलजीबीबीटीक्यू समुदाय दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के बराबर है जो कि 3.9 ट्रिलियन डॉलर है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/gender-inequality-has-cost-world-70-trillion-since-1990-report-11614955845809.html

11वीं भारत-यूरोपीय मैक्रो इकोनॉमिक संवाद, 2021

प्रश्न-19 फरवरी, 2021 को 11वीं भारत-यूरोपीय मैक्रोन्इकोनॉमिक संवाद, 2021 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुआ। इसमें किसने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया?

(a) डॉ. राजीव कुमार (b) पीयूष गोयल (c) निर्मला सीतारमण (d) तरुण बजाज

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2021 को 11 वीं भारत-यूरोपीय संघ मैक्रो-इकोनॉमिक अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को लेकर संवाद, 2021 वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित हुआ।
- इस अवसर पर आर्थिक मामलों के सचिव श्री तरुण बजाज ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- भारतीय प्रतिनिधिमंडल में आर्थिक मामलों के विभाग, राजस्व विभाग और विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल थे।
- यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूरोपीय आयोग के आर्थिक और वित्तीय मामलों (ईसीएफआईएन) के महानिदेशक श्री मार्टेन वेरवे ने किया।
- गौरतलब है कि भारत-यूरोपीय संघ संबंध एक बहुपक्षीय साझेदारी के ह्वप में विकसित हुए हैं।
- यूरोपीय संघ, भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है।
- वह भारत में बसे बड़े निवेशकों में से एक है, जो प्रौद्योगिकी, इन्नोवेशन और सर्वोत्तम कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत है।
- इस संवाद में दोनों पक्षों ने जहां अपने अनुभवों को साझा किया साथ ही जी-20 के साथ साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा भी की है।
- इसके तहत वित्तीय मामले, जी-20 के फ्रेमवर्क के कार्यकारी समूह के कार्य, जी-20 एक्शन प्लान, कर्ज संबंधित मुद्दें और डिजिटल अर्थव्यवस्था में अंतरराष्ट्रीय कर प्रणाली पर भी चर्चा की गई।
- इसके अलावा राजकोषीय नीति के असर और मध्यम अवधि की वित्तीय/संरचनात्मक सुधार प्राथमिकताओं पर भी चर्चा की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1699460

ई-कारोबार में टाटा का बड़ा निवेश

प्रश्न-हाल ही में टाटा समूह ने ऑनलाइन किराना सामान बेचने वाली कंपनी बिग बास्केट में कितने प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का निर्णय लिया है?

(a) 75 प्रतिशत (b) 50 प्रतिशत (c) 80 प्रतिशत (d) 68 प्रतिशत

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में टाटा ग्रुप ने ऑनलाइन किराना सामान बेचने वाली कंपनी 'बिग बास्केट में 68 फीसदी की हिस्सेदारी खरीदने की आधिकारिक घोषणा कर दी है।
- यह समझौता हिस्सेदारी की लागत से लगभग 9500 करोड़ रुपये राशि में तय किया गया है।
- ध्यातव्य है कि अब तक बिग बास्केट (Big Basket) में सबसे बड़े निवेशक के तौर पर कंपनी अलीबाबा थी, जिसके नियंत्रक चीनी उद्योगपति 'जैक मा' हैं।
- टाटा डिजिटल के निवेश से पहले 'बिग बॉस्केट' में निवेशकों का हिस्सेदारी प्रतिशत था- अलीबाबा 29.1 प्रतिशत, अबराज ग्रुप 16.3 प्रतिशत, एसेंट कैपिटल 8.6 प्रतिशत, इत्यादि।
- भारत में बिग बॉस्केट प्लेटफार्म पर 1000 कंपनियों के लगभग 4000 उत्पाद उपलब्ध हैं।
- बिग बॉस्केट ऐप को 60 लाख से ज्यादा ग्राहक उपयोग में लेते हैं।
- इस कंपनी का कारोबार भारत के 26 शहरों में उपलब्ध हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/tatas-to-buy-68-in-bigbasket-for-rs-9-500-cr-deal-likely-in-4-5-weeks-121021601243_1.html

फिनो पेमेंट्स बैंक

प्रश्न : फिनो पेमेंट्स बैंक अब एक अनुसूचित बैंक बन गया है, इस बारे में आरबीआई ने भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की किस अनुसूची में फिनो पेमेंट्स बैंक को शामिल करने की अधिसूचना जारी की है।

(a) दूसरी अनुसूची (b) तीसरी अनुसूची (c) चौथी अनुसूची (d) पांचवी अनुसूची

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- फिनो पेमेंट्स बैंक अब एक अनुसूचित बैंक बन गया है, ।

- फरवरी, 2021 में भारतीय रिवर्ज बैंक द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में फिनो पेमेंट्स बैंक को शामिल करने की अधिसूचना जारी की है।
- अनुसूचित बैंक
- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में शामिल सभी बैंक अनुसूचित बैंक कहलाते हैं।
- इन बैंकों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक और अनुसूचित सहकारी बैंक शामिल हैं।
- अनुसूचित बैंक होने का महत्व

1. आरबीआई से बैंक दर पर ऋण प्राप्त करने की पात्रता
2. क्लियरिंग हाउस की स्वतः सदस्यता
3. आरबीआई से प्रथम श्रेणी के विनिमय बिलों के पुनर्बट्टा(rediscounting) की सुविधा

- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की श्रेणी
- भारत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को उनके स्वामित्व और संचालन की प्रकृति के अनुसार पांच अलग-अलग समूहों में वर्गीकृत किया गया है। ये बैंक समूह हैं:
- भारतीय स्टेट बैंक और उसके सहयोगी
- राष्ट्रीयकृत बैंक
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
- विदेशी बैंक
- अन्य भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (निजी क्षेत्र में)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.rbi.org.in/scripts/NotificationUser.aspx?Id=12034&Mode=0

एमएसएमई के लिए ऋण पूंजी मंच की व्यवहार्यता का परीक्षण : सिडबी - एनएसई समझौता

प्रश्न: एनएसई और सिडबी ने निम्न में से किसके लिए ऋण पूंजी मंच की व्यवहार्यता का परीक्षण करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं ?

(a) एमएसएमई (b) हेवी इंडस्ट्रीज (c) कृषि जिंस (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में सिडबी और एनएसई (राष्ट्रीय शेयर बाजार) ने एमएसएमई से संबंधित विभिन्न चल रही पहलों में सहयोग के लिए और एमएसएमई के लिए ऋण पूंजी मंच की व्यवहार्यता का परीक्षण करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- देश में बहुत बड़े और विविध एमएसएमई क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए, एमएसएमई क्षेत्र के लाभ के लिए विभिन्न संस्थानों को एक-दूसरे के साथ समन्वय और सहयोग करने की निरंतर आवश्यकता है।
- इसमें एमएसएमई क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों को चालने एवं उसके प्रभाव तथा पहुंच को बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- श्री यूके सिन्हा की अध्यक्षता में गठित एमएसएमई पर विशेषज्ञ समिति ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए कई सिफारिशें की हैं जिनमें ऋण और इक्विटी के लिए अतिरिक्त साधन विकसित करने पर जोर दिया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/economy-policy/nse-sidbi-sign-mou-to-test-feasibility-of-debt-capital-platform-for-msmes-121030201397_1.html

भारतीय अर्थव्यवस्था : मूडीज का पूर्वानुमान

प्रश्न : वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने हाल ही में भारत के विकास के पूर्वानुमान(वित्त वर्ष 22) को बढ़ाया है –

(a) 13.7% तक (b) 14.7% तक (c) 15.7% तक (d) 16.7% तक

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने हाल ही में(फरवरी, 2021) भारत के विकास के पूर्वानुमान(वित्त वर्ष 22) को13.7% तक बढ़ा दिया है।
- जो कि पहले यह 10.8% अनुमानित था।
- बढ़ती विकास दर के कारण हैं –

1. कोविड -19 टीकाकरण(Vaccination) की शुरुआत
2. आर्थिक गतिविधियों के सामान्यीकरण के कारण अर्थव्यवस्था में बढ़ता आत्मविश्वास

- मौजूदा वित्त वर्ष(FY21) के लिए, मूडीज ने वास्तविक जीडीपी में संकुचन की अपनी भविष्यवाणी को संशोधित कर 10.6% से 7% कर दिया है।
- राजकोषीय और अन्य पूर्वानुमान

- मौजूदा वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही में मजबूत राजस्व की प्राप्ति(stronger revenue generation) और उसके बाद उच्चतर सांकेतिक जीडीपी वृद्धि के समर्थन से राजकोषीय घाटा में सुधार संभव है।
- वित्त वर्ष 2021 और 2022 के लिए भारत का राजकोषीय घाटा अनुमानित(क्रमशः जीडीपी का 9.5% और 6.8%) की तुलना में कम हो सकता है।
- वित्त वर्ष 2021 में भारत का ऋण स्तर एक साल पहले सांकेतिक जीडीपी के 72% की तुलना में 90% रहने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/economy/fy22-outlook-moodys-raises-india-growth-forecast-to-13-7/2202002/

भारत के शीर्ष व्यापार साझेदार के रूप में चीन की वापसी

प्रश्न : वर्ष, 2020 में भारत और चीन के बीच कुल कितनी राशि का द्विपक्षीय व्यापार हुआ ?

(a) 77.7 बिलियन डॉलर (b) 67.7 बिलियन डॉलर

(c) 57.7 बिलियन डॉलर (d) 47.7 बिलियन डॉलर

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा जारी अनंतिम(provisional) आंकड़ों के अनुसार, सीमा पर तनाव के बीच चीन वर्ष 2020 में एक बार फिर भारत का शीर्ष व्यापार भागीदार बन गया है।
- आंकड़ों के अनुसार, 2020 में भारत और चीन के बीच कुल 77.7 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ।
- यद्यपि यह पिछले वर्ष (2019) के 85.5 बिलियन डॉलर से कम था।
- भारत के शीर्ष व्यापार भागीदार बनने के क्रम में चीन ने अमेरिकी व्यापार को विस्थापित किया
- अमेरिका के साथ 2020 में भारत का द्विपक्षीय व्यापार 75.9 बिलियन डॉलर था।
- 2020 में यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।
- ध्यातव्य है कि चीन को 2020 में भारत द्वारा केवल 19 बिलियन डॉलर का ही निर्यात किया जा सका है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/news/business-56164154

आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक, 2021

प्रश्न-4 मार्च , 2021 को अमेरिकी थिंक टैंक 'द हेरिटेज फाउंडेशन' द्वारा जारी आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक, 2021' से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस सूचकांक में सिंगापुर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(ii) भारत को 121वां स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) सूचकांक में उत्तर कोरिया को सबसे निचला स्थान प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं-

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (ii) (d) उपर्युक्त सभी



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च , 2021 को अमेरिकी थिंक टैंक 'द हेरिटेज फाउंडेशन' द्वारा आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक (Economic Freedom Index)-2021 जारी किया गया।
- आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक, 2021 में कुल 178 देशों को रैंकिंग प्रदान की गई है।
- आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक (EFI) विश्व के विभिन्न देशों में दी गई आर्थिक स्वतंत्रताओं का तुलनात्मक अध्ययन करने का बहुआयामी सूचकांक है।
- यह सूचकांक 12 मापकों के चार स्तंभों-कानून, सीमित सरकार, नियामक दक्षता और खुले बाजार के आधार पर बनाया जाता है।
- इस सूचकांक के कुल 178 देशों में 89 देशों के स्कोर में वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि 80 देशों के स्कोर में गिरावट और 9 देशों का स्कोर अपरिवर्तित है।
- इस सूचकांक में शामिल देशों का वर्गीकरण निम्न श्रेणियों में किया गया है-

(i) 5 देश-'स्वतंत्र' (Free), स्कोर-(100-80)
(ii) 33 देश-'प्रायः स्वतंत्र' (Mostly Free), स्कोर (79.9-70 के मध्य)
(iii) 56 देश-'नियंत्रित रूप से स्वतंत्र' (Moderately free), स्कोर-(69.9-60) के मध्य
(iv) 63 देश-'प्रायः गैर स्वतंत्र' (Mostly unfree), स्कोर-(59.9-50 के मध्य)
(v) 18 देश-'दमित' (Repressed), स्कोर-(49.9-0 के मध्य)

- इस सूचकांक में सिंगापुर की शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात न्यूज़ीलैंड को दूसरा स्थान, ऑस्ट्रेलिया को तीसरा, स्विट्जरलैंड को चौथा तथा आयरलैंड को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।

- इस सूचकांक में निचले पांच स्थान प्राप्त करने वाले देश क्रमशः हैं-(178) उत्तर कोरिया, (177) वेनेजुएला, (176) क्यूबा, (175) सूडान, तथा (174) जिम्बाब्वे।
- इस सूचकांक में **भारत को 121वां** स्थान प्राप्त हुआ है। इसका स्कोर-56.5 है।
- जबकि गत वर्ष भारत इस सूचकांक में 120वें स्थान पर था।
- सूचकांक में भारत को 'प्रायः गैर स्वतंत्र' देशों की श्रेणी में शामिल किया गया है।
- भारत के पड़ोसी देशों में भूटान को 109वां, चीन को 107वां, नेपाल को 157वां, श्रीलंका को 131वां, बांग्लादेश को 120वां तथा पाकिस्तान को 152वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.heritage.org/index/ranking

यूके से भारत में होने वाले एफडीआई प्रवाह का आंकड़ा

प्रश्न : 17 फरवरी, 2021 को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, यूके से भारत में एफडीआई प्रवाह 2015-16 में 898 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2019-20 में 1,422 मिलियन डॉलर हो गया है। यह रिपोर्ट है –-
(a) ग्रांट थॉर्नटन की 'ब्रिटेन मीट्स इंडिया' रिपोर्ट (b) ग्रांट थॉर्नटन की 'ब्रिटेन मीट्स पार्टनर' रिपोर्ट
(c) ग्रांट थॉर्नटन की 'इंग्लैंड मीट्स इंडिया' रिपोर्ट (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर: (a)
संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी,2021 को जारी ग्रांट थॉर्नटन की "ब्रिटेन मीट्स इंडिया" रिपोर्ट के अनुसार, यूके/ ब्रिटेन से भारत में एफडीआई प्रवाह 2015-16 में 898 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2019-20 में 1,422 मिलियन डॉलर हो गया है।
- CII की भूमिका
- इस रिपोर्ट को तैयार करने में भारतीय उद्योग परिसंघ(CII: Confederation of Indian Industry) की महत्वपूर्ण भूमिका है।
- रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 572 यूके कंपनियों की पहचान की गई, जिनका कारोबार लगभग 3,390 बिलियन रुपये (2019-20) है, कर भुगतान लगभग 173 बिलियन रुपये का है और उन्होंने 416,121 लोगों को सीधे रोजगार दिया है।
- यह यूके की कंपनियों द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास(development) के प्रमुख सहयोगी के पर तौर महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाता है।

- रिपोर्ट में कोविड के बाद के विश्व में भारत-ब्रिटेन के द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई पर पहुंचने की भविष्यवाणी की गई है।
- ब्रिटेन की भारत में सर्वाधिक तेजगति से विकास करने वाली कंपनी डायसन टेव्नâोलॉजी है।
- सर्वाधिक राजस्व अर्जित करने वाली कंपनी वेदान्ता लिमिटेड है।
- यूके कंपनियों के फोकस क्षेत्र और यूके कंपनियों के लिए शीर्ष निवेश गंतव्य
- यूके की कंपनियों ने मुख्य रूप से औद्योगिक और व्यावसायिक सेवा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है।
- राज्यों में महाराष्ट्र यूके कंपनियों के लिए शीर्ष निवेश गंतव्य के रूप में सामने आया है, इसके बाद हरियाणा, दिल्ली, तमिलनाडु, तेलंगाना और कर्नाटक हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.grantthornton.in/insights/articles/britain-meets-india/

भारतीय रिजर्व बैंक के विनियामक दायरे में विस्तार

प्रश्न: फरवरी, 2021 में आरबीआई ने अपना विनियामक दायरा बढ़ाया है। कौन-सा बैंक RBI के विनियामक दायरे में लाया गया है ?

(a) स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम (b) स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर
(c) स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर (d) सौराष्ट्र का स्टेट बैंक

उत्तर। (a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में RBI ने अपने नियामक दायरे में स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम को भी शामिल कर लिया।
- स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम की स्थापना वर्ष 1968 में हुई थी और इसके कुल 42 शाखा कार्यालय हैं।
- यह, राज्य सरकार(सिक्किम) के लिए कोष संचालन प्रदान करता है।
- यह बैंक केवल सिक्किम के भीतर संचालित होता है और राज्य सरकार के पूर्ण स्वामित्व में है।
- RBI के विनियामक दायरे में शामिल होने के बावजूद इसका स्वामित्व ढांचा नहीं बदलेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/finance/state-bank-of-sikkim-under-reserve-bank-of-india-s-regulatory-purview-121022100837_1.html

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

भारत एवं जापान ने संयुक्त रूप से की चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण (LUPEX) मिशन की समीक्षा

प्रश्न-हाल ही में भारत एवं जापान के मध्य संयुक्त रूप से एक चंद्र मिशन सहयोग की समीक्षा की गई, इस मिशन का क्या नाम है?

(a) LUPEX (b) PRAGYAN (c) OPPORTUNITY (d) SPACE RESEARCH

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 11 मार्च, 2021 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation-ISRO) और जापान एयरोस्पेस एक्सल्पोरेशन एजेंसी (Japan Aerospace Exploration Agency-JAXA) द्वारा चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण (LUPEX-Lunar Polar Exploration) के तहत की गई अंतरराष्ट्रीय सहयोग की समीक्षा की गई।
- ध्यातव्य हो कि LUPEX एक रोबोट चंद्र मिशन है तथा इसका उद्देश्य ध्रुव पर लैंडर और रोवर भेजना है।हालांकि यह सहयोग समीक्षा एक आभासी बैठक के माध्यम संपन्न हुई जिसमें भारतीय पक्ष का नेतृत्व इसरो के अध्यक्ष के.सिवन तथा जापान का प्रतिनिधित्व JAXA के अध्यक्ष हिरोशी यामाकावा ने किया।इस सहयोग के अंतर्गत दोनों पक्षों ने पृथ्वी अवलोकन, चंद्र अन्वेषण और उपग्रह नेविगेशन में चल रहे सहयोग की भी समीक्षा की।
- भारत और जापन की संयुक्त चंद्र ध्रुवीय अन्वेषण (LUPEX) के तहत वर्ष 2024 तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंदर और रोवर भेजने की योजना है।
- दोनों एजेंसियों ने उपग्रह डेटा का उपयेग करके चावल के फसल क्षेत्र और वायु गुणवत्ता निगरानी पर सहयोग गतिविधियों के लिए एक कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर किये।
- मिशन का उद्देश्य चंद्रमा पर पानी की मौजूदगी का पता लगाना है तथा जल संसाधनों के वितरण, स्थितियों, रूप तथा अन्य मापदंडों के पानी की मात्रा पर जमीनी आंकड़े प्राप्त करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sci-tech/science/india-japan-space-agencies-review-cooperation/article34045001.ece

क्रोटलारिया लैमेलिफॉर्मिस

प्रश्न-हाल ही में आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में 'क्रोटलारिया लैमेलिफॉर्मिस' नामक नए पौधे की प्रजाति की खोज की गयी है। इस खोज का प्रकाशन किस अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में हुआ था?

(a) डिस्कवरी ऑफ स्पेसीज (b) फाइटोटैक्सा (c) आंध्रा टाइम्स (d) दि हिंदू

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में वनस्पति विज्ञानियों की एक टीम द्वारा आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के सदाशिवकोना क्षेत्र में एक नये प्रजाति की खोज की गई।
- इस नए प्रजाति के पौधे का नाम 'क्रोटलारिया लैमेलिफॉर्मिस' (Crotalaria lamelliformis) रखा गया है।
- 'क्रोटलारिया लैमेलिफॉर्मिस' की खोज सर्वप्रथम 'फाइटोरैक्सा' नामक एक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित की गई थी।
- यह प्रजाति कैलासकोना और पुडी के आस-पास के क्षेत्रों में भी पाई जाती है।
- इंटरनेशनल कोड फॉर बोटैनिकल नोमेनक्लेचर (IUCN) नियमों के अनुसार इस प्रजाति को आंकड़ों की कमी के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है।
- ऐसे प्रजाति के पौधे अधिकतर भारत के प्रायद्वीपीय क्षेत्र में ही पाये जाते हैं।
- वर्तमान भारत में इस प्रजाति के अतिरिक्त ऐसी 116 प्रजातियां पायी जाती हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/andhra-pradesh/new-plant-species-found-in-chittoor/article34086725.ece

क्लाउड आधारित 5 जी रेडियो समाधान

प्रश्न-हाल ही में टेलीकॉम उपकरण निर्माता कंपनी नोकिया द्वारा क्लाउड आधारित 5 जी रेडियो समाधान विकसित करने के लिए एक साझेदारी अनुबंध स्थापित किया गया है, नीचे दिये गये विकल्प में से किस कंपनी के साथ यह समझौता नहीं किया गया है?

(a) गूगल (b) माइक्रोसॉफ्ट (c) अमेजॉन (d) लावा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को फिनलैंड स्थित टेलीकॉम उपकरण निर्माता कंपनी नोकिया द्वारा माईक्रोसॉफ्ट, अमेजॉन, तथा गूगल के साथ एक साझेदारी अनुबंध के स्थापना की घोषणा की गई।
- यह समझौता नये क्लाउड आधारित 5 जी रेडिया समाधान को विकसित करने के लिए किया गया है।
- यह समाधान रेडियो एक्सेस नेटवर्क (RAN) तकनीक से विकसित किये जाएंगे।
- रेडियो एक्सेस नेटवर्क (RAN) मोबाइल दूरसंचार प्रणाली का एक हिस्सा है।
- यह नेटवर्क मोबाइल फोन, कम्प्यूटर या किसी रिमोट से नियंत्रित मशीन जैसे उपकरण के मध्य कार्यान्वित होता है।
- यह कोर नेटवर्क से साथ कनेक्शन प्रदान करने में भी सक्षम होता है।
- रेडियो एक्सेस नेटवर्क की कार्यक्षमता आमतौर पर सिलिकॉन चिप द्वारा प्रदान की जाती है, जो कोर नेटवर्क और उपयोगकर्ता उपकरण दोनों में पायी जाती है।
- यह नेटवर्क एकल फोन या एक साथ कई डेटा लिंक से जुड़ा हो सकता है, रेडियो एक्सेस नेटवर्क विभिन्न फीचर्स के लिए सक्षम है।
- इस तरह के उपकरण उपयोगकर्ता द्वारा बिना किसी व्यवधान के विभिन्न रेडियो एक्सेस नेटवर्क से चल रहे कॉल को भी स्थानांतरित कर सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nokia.com/about-us/news/releases/2021/03/15/nokia-and-google-cloud-partner-to-develop-new-cloud-based-5g-radio-solutions/

विश्व का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर-'फुगाकू'

प्रश्न-मार्च, 2021 में किस देश के वैज्ञानिकों ने विश्व के सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर 'फुगाकू' को तैयार किया है?

(a) चीन (b) जापान (c) दक्षिण कोरिया (d) रुस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 मार्च, 2021 को जापानी वैज्ञानिक संस्स्थान रिकेन एवं फुजित्सु द्वारा विश्व शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर 'फुगाकू' (Fugaku) को पूर्ण रूप से उपयोग हेतु विकसित किया गया।
- जापानी वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान रिकेन (RIKEN) और फुजित्सु (UJITSU) ने जापान की कंप्यूटिंग अवसंरचना में वृद्धि करने के उद्देश्य से 6 वर्ष पूर्व (वर्ष 2014 में) इस सुपर कंप्यूटर पर कार्य करना शुरू किया था।

- अप्रैल, 2020 में कोविड-19 महामारी से निपटने हेतु विशेष परियोजनाओं के लिए इस सुपर कंप्यूटर का परीक्षण किया गया था।
- वैज्ञानिकों के अनुसार 'फुगाकू' सुपर कंप्यूटर में जापान के ही सुपर कंप्यूटर की तुलना में 100 गुना अधिक प्रदर्शन क्षमता है। और इसे मुख्य रूप से उच्च-रिजॉल्यूशन, लंबी अवधि और बड़े पैमाने पर सिमुलेशन को लागू करने हेतु विकसित किया गया है।
- सुपर कंप्यूटर उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग (HPC) का भौतिक मूर्त रूप है, जो संगठनों को उन समस्याओं को हल करने में सक्षम बनाता है, जिन्हें सामान्य कंप्यूटर द्वारा हल किया जाना असंभव है।
- इस सुपर कंप्यूटर ने नवंबर में प्रकाशित सबसे तेज सुपर कंप्यूटर की शीर्ष 500 सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है, जो कि सुपर कंप्यूटर 'बेंचमार्क इंडेक्स' है।
- उल्लेखनीय है कि फुगाकू का उपयोग टोक्यो मेडिकल और डेंटल यूनिवर्सिटी और फुजित्सु प्रयोगशालाओं द्वारा संयुक्त रूप से कैंसर जीन का विश्लेषण करने के लिए किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.fujitsu.com/global/about/resources/news/press-releases/2021/0309-02.html

HP द्वारा महासागर के प्लास्टिक कचरे से पीसी का निर्माण

प्रश्न-हाल ही में वैश्विक कंप्यूटर निर्माता कंपनी HP ने महासागर के प्लस्टिक कचरे से अपने पहले पर्सनल कंप्यूटर का निर्माण किया है। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) इसके तहत HP ने पैविलियन 13, पैविलियन 14 एवं पैविलियन 15 नामक लैपटॉप का निर्माण किया है।

(2) इस तरह के प्लास्टिक कचरे का उपकरणों में उपयोग करने के परिणामस्वरूप महासागरों तथा लैंडफिल्स से लगभग 92 हजार प्लास्टिक की बोतले इस्तेमाल होंगी।

(3) इन उत्पादों को पैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले बाहरी बक्से तथा फाइबर कुशन भी 100 प्रतिशत रिसाइकिल सामग्री के साथ बनाये गये है।

(4) ये सभी लैपटॉप नीले कलर में उपलब्ध हैं।

उपर्युक्त दिए गये कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथनों का चुनाव करे-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 1, 2 एवं 3 (d) 3 एवं 4

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में वैश्विक कंप्यूटर विनिर्माता कंपनी एचपी ने महासागर के प्लास्टिक कचरे का उपयोग करके अपना पहला पर्सनल कंप्यूटर का निर्माण किया है।

- एचपी ने महासागर के प्लास्टिक का उपयोग करते हुए पैविलियन 13 (Pavilion 13), पैविलियन 14 तथा पैविलियन 13 15 नामक लैपटाप का निर्माण किया है।
- एचपी का अनुमान है कि इस तरह के प्लास्टिक कचरे का उपकरणों में उपयोग करने के परिणामस्वरूप महासागरों और लैंडफिल्स (Lanad Fills) से लगभग 92 हजार प्लास्टिक की बोतले इस्तेमाल होंगी।
- इन उत्पादों को पैक करने के लिए उपयोग किए जाने वाले बाहरी बक्से और फाइबर कुशन (Fibre Cushions) भी 100 प्रतिशत रिसाइकिल सामग्री के साथ बनाए गये है।
- ध्यातव्य है कि पैविलियन 14 एवं 15 में 8.75 घंटे की बैटरी लाइफ के साथ-साथ एचडी या फुल एचडी डिस्पले (Panel) है।
- गौरतलब है कि पैविलियन पीसी में वाई-फाई 6 हैं, जो वाई-फाई की गति को 4 गुना बढ़ाने के साथ-साथ 75 प्रतिशत ऊर्जा (Lower Energy) की बचत करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sci-tech/technology/hp-makes-first-ever-pcs-with-plastic-waste-in-ocean/article33960798.ece

आर्कटिक जलवायु की निगरानी के लिए पहला उपग्रह

प्रश्न-फरवरी 2021 में किस देश द्वारा आर्कटिक की जलवायु और पर्यावरण की निगरानी के लिए पहला उपग्रह लांच किया गया है?

(a) रूस (b) चीन (c) जापान (d) अमेरिका

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में रुस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोसमोस (Roscosmos)ने आर्कटिक की जलवायु और पर्यावरण निगरानी के लिए अपना पहला उपग्रह 'आर्कटिका-एम' को सफलापूर्वक लांच किया है।'आर्कटिका-एम' उपग्रह एक रिमोट-सेंसिंग संचार उपग्रह हैं।
- यह उपग्रह अल्पकालीन मौसम पूर्वानुमान के लिए अधिक उपयोगी है। जिससे शोधकर्ताओं के लिए वैश्विक जलवायु के अध्ययन के लिए अधिक मात्रा में डाटा उपलब्ध हो सकेगा।
- वर्ष 2023 में एक दूसरे उपग्रह को रूस द्वारा भेजने की योजना है। इस उपग्रह को 'आर्कटिका-एम' के साथ जोड़ा जायेगा, जिससे ये दोनों उपग्रह चौबीस घंटे आर्कटिक महासगार और पृथ्वी की निगरानी करने में सक्षम होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://weather.com/en-IN/india/space/news/2021-03-01-russia-launches-first-satellite-to-monitor-climate-of-arctic#:~:text=Russia's%20space%20agency%20Roscosmos%20successfully,at%209.55%20a.m.%20on%20Sunday.

एडवांस लाइट टॉरपीडो

प्रश्न-हाल ही में भारतीय नौसेना के आईएल-38 एयरक्राफ्ट के माध्यम से किस पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो का पहला उड़ान परीक्षण किया गया है?

(a) शायना (b) ब्रह्मोस (c) आरडी-73 (d) पिनाका

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को विशाखापत्तन स्थित नौसेना विज्ञान एवं तकनीकि प्रयोगशाला (Naral Science and Technological Laboratory) द्वारा भारतीय नौसेना के लिए विमान आईएल-38 से पैराशूट प्रणाली के साथ स्वदेशी इंस्ट्रूमेंटेड एडवांस लाइट टॉरपीडो को तैनात करने की पहली उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न की गई।
- ध्यातव्य हो कि नौसेना 'विज्ञान एवं तकनीकी प्रयोगशाला' (NSTL) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन' (DRDO) की एक इकाई है।
- इस एडवांस लाइट टॉरपीडो को भारतीय नौसेना में 'शायना' के नाम से जाना जाता है।
- यह एक स्वदेशी उन्नत हल्की पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो है।
- इसकी मारक क्षमता को सटीक बनाने के लिए इसका परीक्षण फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट की सहायता से किया गया।
- यह एक साथ कई लक्ष्यों को लक्षित करने में सक्षम है।
- इस टॉरपीड का वजन लगभग 220 किलोग्राम है।
- यह 450 मीटर गहराई में भी मार करने में सक्षम है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://dbpedia.org/page/Advanced_Light_Torpedo_Shyena

इक्विन हर्पीस वायरस-1

प्रश्न-इक्विन हर्पीस वायरस-1 (EHV-1) के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) मार्च, 2021 में यूरोप में घोड़ों में इक्विन हर्पीस वायरस-1 (EHV-1) का प्रकोप पाया गया है।

(b) अब तक 2 देशों स्पेन और बेल्जियम में (EHV-1) के मामलों की पुष्टि हुई है।

(c) इक्विन हर्पीस वायरस एक सामान्य डीएनए वायरस है जो विश्वभर में घोड़ों की आबादी के बीच में फैलता है।

(d) यह संक्रामक है और श्वसन पथ द्वारा नाक से स्राव के माध्यम से घोड़ों में आपसी संपर्क से फैलता है।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में यूरोप में घोड़ों में इक्विन हर्पीस वायरस-1 (EHV-1) का प्रकोप पाया गया है।
- अब तक 7 देशों स्पेन, बेल्जियम, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्वीडन और कतर में (EHV-1) मामलों की पुष्टि हुई है।इक्विन हर्पीस वायरस एक सामान्य डीएनए वायरस है जो विश्व भर में घोड़ों की आबादी के बीच में उत्पन्न होता है।यह संक्रामक है और श्वसन पथ द्वारा नाक से स्राव के माध्यम से घोड़ों में आपसी संपर्क से फैलता है।
- संक्रमित घोड़ों के साथ काम करने वाले लोगों द्वारा वायरस को कपड़ों और यार्ड उपकरणों पर भी प्रसारित किया जा सकता है।
- इसके उपचार के लिए एंटी-इनफ्लेमेटरी दवाओं का प्रयोग किया जाता है।
- EHV-1 से पीड़ित घोड़ों में बुखार, सांस की बीमारी जैसे खांसी और नामक से स्राव हो सकता है।
- संक्रमित घोड़े द्वितीय जीवाणु संक्रमण जैसी जटिलताओं को विकसित कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://thehorse.com/197975/11-horses-dead-from-ehv-1-outbreak-in-spain/

भारतीय नौसेना की प्रथम (मोंगला) यात्रा

प्रश्न-8-10 मार्च, 2021 के बीच भारतीय नौसेना पोत 'सुमेधा' ऐतिहासिक बंदरगाह शहर 'मोंगला' की यात्रा पर थी। 'मोंगला' बंदरगाह शहर किस देश में स्थित है?

(a) श्रीलंका (b) मालदीव (c) बांग्लादेश (d) चीन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 से 10 मार्च 2021 के बीच भारतीय नौसेना पोत 'सुमेधा' और मिसाइल कोर्वेट 'कुलीश' बांग्लादेश के बंदरगाह शहर मोंगला की यात्रा पर गए।
- 'सुमेधा' स्वदेश निर्मित एक अपतटीय गश्ती पोत है।
- यह ऐतिहासिक बंदरगाह शहर 'मोगला' की भारतीय नौसेना पोतों की प्रथम यात्रा है।
- इस दौरे का लक्ष्य वर्ष् 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में शहादत देने वाले बांग्लादेशी और भारतीय सैनिकों को श्रद्धाजंलि अर्पित करना था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/india/ahead-of-pms-visit-india-sends-warships-to-bangladesh-to-50th-anniversary-of-1971-war/articleshow/81378660.cms

दो प्रौद्योगिकी केंद्रों का उद्घाटन

प्रश्न-10 मार्च, 2021 को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गड़करी ने एमएसएमई क्षेत्र के दो प्रौद्योगिकी केंद्रों और तीन विस्तार केंद्रों का वर्चुअली उद्घाटन किया। दोनों प्रौद्योगिकी केंद्र कहां बनाए गए हैं?

(a) श्रीनगर और जयपुर (b) जयपुर और नागपुर
(c) विशाखापट्टनम और भोपाल (d) चेन्नई और बंगलुरू

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी प्रौद्योगिकी केंद्रों के ने एमएसएमई क्षेत्र के दो प्रौद्योगिकी केंद्रों और तीन विस्तार केंद्रों का वर्चुअली उद्घाटन किया।
- यह दो केंद्र विशाखापत्तनम और भोपाल में बनाए गए हैं।
- इन प्रौद्योगिकी केंद्रों में प्रशिक्षण और उत्पादन के लिए बुनियादी ढांचा मौजूद है और यहां प्रतिवर्ष 16000 से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षण किया जाएगा।
- देशभर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने हेतु टेक्नोलॉजी सेंटर सिस्टम प्रोग्राम की शुरुआत की गई है।
- इस अवसर पर गड़करी ने ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मदद पहुंचा ने के लिए सात उद्यम एक्सप्रेस मोबाइल वैन की भी शुरुआत की।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/sme-sector/gadkari-inaugurates-technology-centres-to-boost-msme-sector/articleshow/81442710.cms?from=mdr#:~:text=NEW%20DELHI%3A%20Minister%20of%20Micro,and%20seven%20mobile%20Udyam%20Express.

अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान केंद्र

प्रश्न-हाल ही में किन दो देशों के मध्य 'अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान केंद्र' को स्थापित करने हेतु सहमति बनी है?

(a) भारत-अमेरिका (b) भारत-इजराइल (c) चीन-रूस (d) चीन-कनाडा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 मार्च, 2021 को चीन और रूस के मध्य एक 'अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन के लिए स्थापना संबंधी समझौते पर सहमति बनी।
- इन दो देशों के मध्य अंतरिक्ष सहयोग का नेतृत्वक चीन स्थित 'चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन' (China National Space Administraion) तथा रूस की संघीय अंतरिक्ष एजेंसी' 'रासकॉस्मॉस' (Roscosmos) के अंतर्गत किया जायेगा।
- हालांकि यह अनुसंधान केंद्र विश्व के किसी भी देश द्वारा उपयोग में लाई जा सकेगी।
- यह केंद्र अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी (International Space Station) के विकल्पे के रूप में कार्य करने में सक्षम होगी।
- यह अनुसंधान केंद्र अनुसंधान एवं प्रयोगात्मnक सुविधाओं का एक परिसर होगा, जो चंद्रमा की सतह या चंद्रमा की कक्षा में बनाया जायेगा।
- इस केंद्र को बहुउद्देश्यीय और बहुविषयक अनुसंधान कार्य के लिए डिजाइन किया जायेगा।
- अंतरक्षि में नवीनतम संयुक्ती परियोजनाओं पर अनुसंधान हेतु दोनों देश सह परामर्श, साझा लाभ और संयुक्त् निर्माण के सिद्धांत पर कार्य करेंगे।
- यह परियोजना मानवता के अन्वेरषण और उद्देश्यों के लिए बाहरी स्थान के उपयोग को बढ़ावा देगी।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://spacenews.com/china-russia-enter-mou-on-international-lunar-research-station/

NASA ने अन्तरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए सप्लाई शिप लांच किया

प्रश्न-अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (NASA) द्वारा हाल ही में लांच किए गए अन्तरराष्ट्रीय स्टेशन हेतु सप्लाई शिप को क्या नाम दिया गया है?

(a) एस.एस कैथरीन जॉनसन (b) नील आर्मस्ट्रांग (c) कल्पना चावला (d) एडविन-एल्ड्रिन

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2021 को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन ने अन्तराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (International Space Sattion) को सप्लाई शिप लांच किया।
- स्पेश स्टेशन सप्लाई शिप, नॉर्थोप ग्रुमैन साइगन्स कैप्सूल का नाम S.S. Katherine Johnson के नाम पर रखा गया है।
- अश्वेत महिला के रूप में, कैथरीन जॉनसन ने रंगभेद एवं लिंग की बाधाओं को परास्त करते हुए अमेरिका के प्रारंभिक दौर के अंतरिक्ष कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- यह अंतरिक्ष कैप्सूल अपने साथ लगभग 8000 पाउंड वजन के वैज्ञानिक अनुसंधान संबंधी साजो-सामान अपने साथ ले गया है।
- नासा के लिए नॉर्थोप ग्रुमैन साइगन्स कैप्सूल का 15वां आपूर्ति मिशन था।
- अब से 59 वर्ष पहले 1962 में 20 फरवरी के दिन पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले पहले अमेरिकी जॉन ग्लेन की उड़ान में S.S. Ktherine की गणना ने महत्वपूर्ण योगदान किया था।
- यह अंतरिक्ष कैप्सूल अन्तरराष्ट्रीय केन्द्र में मई तक रहेगा और बाद में अपनी वापसी यात्रा के दौरान यह कई हजार पाउंड कचरा का निपटान करते हुए वायुमंडल में जलकर नष्ट हो जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nasa.gov/press-release/nasa-science-cargo-launches-on-15th-northrop-grumman-resupply-mission-to-space-station

वर्टिकल लांच शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (VL-SRSAM) का सफल परीक्षण

प्रश्न-22 फरवरी, 2021 को डीआरडीओ ने कहां से वर्टिकल लांच शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण किया?

(a) चांदीपुर (b) जैशलमेर (c) कोचीन (d) अंडमान निकोबार

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2021 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा तट के चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) से वर्टिकल लांच शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (VL-SRSAM) के दो सफल प्रक्षेपण किए।
- यह समुद्र स्किमिंग लक्ष्यों सहित नजदीकी सीमाओं पर विभिन्न खतरों के लिए डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी तौर पर डिजाइन और विकसित किया गया।
- वर्तमान प्रक्षेपण इस मिसाइल के पहले प्रक्षेपण अभियान के तहत उâर्ध्वाधर प्रक्षेपण क्षमता के प्रदर्शन के लिए किए गए हैं।
- दोनों प्रक्षेपण अवसर पर मिसाइल पिनप्वाइंट सटीकता के साथ सिम्युलेटेड लक्ष्यों को भेदने में सफल रहीं।
- इन मिसाइलों का परीक्षण न्यूनतम और अधिकतम रेंज के लिए किया गया था।परीक्षण के दौरान इस मिसाइल के साथ हथियार नियंत्रण प्रणाली (WCS) को तैनात किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700039

एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम्स 'हेलिना' और 'ध्रुवास्त्र' का सफल प्रयोक्ता परीक्षण

प्रश्न-19 फरवरी, 2021 को एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम्स 'हेलिना' और 'ध्रुवास्त्र' का सफल प्रयोक्ता परीक्षण हुआ। इसे किसके द्वारा विकसित किया गया है?

(a) एचएएल (b) डीआरडीओ (c) बीईएल (d) एनडीएल

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2021 को एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम्स 'हेलिना' और 'ध्रुवस्त्र ' का सफल प्रयोक्ता परीक्षण (User Trail) हुआ।
- हेलिना (आर्मी वर्जन) और ध्रुवस्त्र (एयरफोर्स वर्जन) मिसाइल सिस्टम्स के लिए संयुक्त उपयोगकर्त्ता परीक्षण में एडवांस्ड लाइट हेलीकाप्टर (एएलएच) प्लेटफार्म से डेजर्ट रेंज में किए गए हैं।
- इन मिसाइल प्रणालियों को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगङ्गन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी ह्टप से डिजाइन और विकसित किया गया है।

- न्यूनतम और अधिकतम रेंज में मिसाइल क्षमताओं के मूल्यांकन के लिए पांच मिशन संचालित किए गए।
- हेलिना और ध्रुवस्त्र तीसरी पीढ़ी के लॉक ऑन बिफोर लॉन्च (LOBL) फायर एंड फॉरबेट एंटी-टैंक गाइडेट मिसाइल हैं, जो डायरेक्ट हिट मोड के साथ-साथ टॉप अटैक मोड दोनों में लक्ष्य पर निशाना साधने में सक्षम हैं।
- इस प्रणाली में सभी मौसम में दिन और रात वाली क्षमता है और पारंपरिक कवच वाले टैंक के साथ विस्फोटक प्रतिक्रियाशील कवच वाले युद्धक टैंकों को पराजित करने की क्षमता भी है।
- यह दुनिया के सबसे उन्नत एंटी टैंक हथियारों में से एक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1699418

संदेश

प्रश्न-निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य 'संदेश' (Sandes) नामक त्वरित मैसेजिंग प्लेटफार्म के संबंध में असत्य है?

(a) यह राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा शुहव किया गया।
(b) प्रारंभ में इसका उपयोग केवल सरकारी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा था।
(c) यह उपयोगकर्ता को अपनी ई-मेल आईडी या पंजीकृत फोन नंबर बदलने की अनुमति देता है।
(d) यह व्हाट्सऐप के विकल्प के रूप में है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में संदेश ऐप, इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा प्रारंभ किया गया है।
- यह ऐप एक त्वरित संदेश प्लेटफॉर्म है।
- कोविड-19 के दौरान राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन में सरकार अपने कर्मचारियों हेतु एक सुरक्षित संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के क्रम में इस ऐप को तैयार किया गया था।
- इस ऐप का पहला वर्जन अगस्त, 2020 में जारी किया गया था। प्रारंभ में इस ऐप का उपयोग केवल सरकारी अधिकारियों द्वारा ही किया जाता था, हालांकि अब इसे जन-सामान्य के लिए जारी किया गया है।
- यह व्हाट्सऐप की तर्ज पर विकसित किया गया है।

- व्हाट्सऐप की तरह, इसे भी मोबाइल नंबर या ई-मेल आईडी से संचालित किया जाता है।
- यह ऐप उपयोगकर्ता को अपनी ई-मेल आईडी या पंजीकृत फोन नंबर बदलने की अनुमति नहीं देता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.firstpost.com/tech/news-analysis/indian-government-launches-sandes-an-instant-messaging-app-for-government-employees-9319101.html

सॉफ्टवेयर 'अमार वाशा'

प्रश्न-18 फरवरी, 2021 को किस देश की सुप्रीम कोर्ट ने वर्चुअल कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर 'अमार वाशा' की शुरुआत की?

(a) भूटान (b) भारत (c) बांग्लादेश (d) श्रीलंका

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2021 को बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने एक वर्चुअल कार्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर 'अमार वाशा' की शुरुआत की।
- इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट के आदेश और फैसलों का अंग्रेजी भाषा से बांग्ला भाषा में अनुवाद हो सकेगा।
- यह सॉफ्टवेयर भारत की एक संस्था 'एकस्टेप' (Ekstep) फाउंडेशन के साथ विकसित किया गया है।
- वर्ष 2019 से भारत के उच्चतम न्यायालय में सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर-SUVASC 'सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर' का उपयोग किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Bangladesh-Supreme-Court-launches-AI-based-translation-software-%E2%80%98Amar-Vasha%E2%80%99&id=410142

अभ्यास डस्टलिक-II

प्रश्न-10-19 मार्च, 2021 के मध्य भारत एवं उज्बेकिस्तान की सेनाओं के मध्य दूसरा संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक-II कहां आयोजित किया जा रहा है?

(a) चौबटिया, रानीखेत (उत्तराखंड) (b) ग्वालियर, मध्यप्रदेश

(c) जैसलमेर, राजस्थान (d) चिरचिक ट्रेनिंग एरिया, उज्बेकिस्तान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10-19 मार्च, 2021 के मध्य भारत एवं उज्बेकिस्तान की सेनाओं के मध्य दूसरा संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' (DUSTLIK)-II चौबटिया, रानीखेत (उत्तराखंड) मेंआयोजित किया जा रहा है।
- इस सैन्य अभ्यास में दोनों देशों के 45-45 सैनिक भाग ले रहे हैं।
- दोनों सैन्य टुकड़ियां संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था के अंतर्गत पर्वतीय या ग्रामीण या शहरी परिदृश्य में, आतंकरोधी कार्रवाइयों में अपनी-अपनी विशेषज्ञता और कौशल का आदान-प्रदान करेंगी।
- ज्ञातव्य है कि इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का पहला संस्करण नवंबर, 2019 में चिरचिक ट्रेनिंग एरिया उज्बेकिस्तान में आयोजित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703755

दूसरा ग्लोबल बायो-इंडिया, 2021

प्रश्न-1-3 मार्च, 2021 के मध्य ग्लोबल बायो-इंडिया का दूसरा संस्करण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए।

(i) इस वर्ष के लिए मुख्य विषय - 'बदलती जिंदगियां' है।

(ii) इस कार्यक्रम का साझीदार देश जापान है।

(iii) इस कार्यक्रम का साझीदार राज्य कर्नाटक है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
MINISTRY OF SCIENCE & TECHNOLOGY
GOVERNMENT OF INDIA

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (i) एवं (ii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 1-3 मार्च, 2021 के मध्य ग्लोबल बायो-इंडिया का दूसरा संस्करण वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किया गया।

- इस वर्ष के लिए मुख्य विषय - 'बदलती जिंदगियां' है।
- इस कार्यक्रम का टैग लाइन 'जैव विज्ञान से जैव अर्थव्यवस्था है।'
- ग्लोबल बायो-इंडिया, जैव प्रौद्योगिकी पक्षधारकों के सबसे बड़े संगड्गनों में से एक है।
- यह कार्यक्रम जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार और उसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (BIRAC) के साथ मिलकर उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (CII), एसोसिएशन ऑफ बायोटेक्नोलॉजी लेड एंटरप्राइजेस (ABLE) और इन्वेस्ट इंडिया के साथ भागीदारी में आयोजित किया गया।
- इसके साझीदार देश के रूप में स्विट्जरलैंड और साझीदार राज्य के रूप में कर्नाटक जुड़ा हुआ है।
- ग्लोबल बायो-इंडिया, 2021 में 50 से ज्यादा देशों के 6000 प्रतिनिधि शामिल हैं।
- ज्ञातव्य है कि प्रथम ग्लोबल बायो-इंडिया वर्ष 2019 में नई दिल्ली में संपन्न हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://dbtindia.gov.in/pressrelease/second-edition-global-bio-india-be-organised-1-3-march-2021-digital-platform

पीएसएलवी-सी 51 का सफल प्रक्षेपण

प्रश्न-28 फरवरी, 2021 को इसरो ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) सी 51 के जरिए किस देश के अमेजोनिया1 (Amazonia-1) और 18 अन्य उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया?

(a) रूस (b) जापान (c) ब्राजील (d) यूएसए

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 28 फरवरी, 2021 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) सी-51 का सफल प्रक्षेपण किया।
- इसका सफल प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC) श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश किया गया।
- पीएसएलवी सी-51 के जरिए ब्राजील के अमेजोनिया1 और 18 अन्य उपग्रहों का प्रक्षेपण हुआ।
- अमेजोनिया1 ब्राजील का पहला उपग्रह है जिसे भारत से प्रक्षेपित किया गया।
- यह राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (INPE) का ऑप्टिकल पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है।
- जिन अन्य 18 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया गया है उनमें से 4 उपग्रह इसरो के भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-Space) और 14 उपग्रह इसरो की वाणिज्यिक इकाई न्यूस्पेस इंडिया लि. (NSIL) के हैं।
- पीएसएलवी-C51/ अमेजेनिया1 एनएसआईएल का पहला समर्पित वाणिज्यिक मिशन है।

- एनएसआईएल अंतरिक्ष विभाग के अधीन भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।
- एसडी-सैट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर उकेरी गई है।
- इसके अलावा, यह सुरक्षित डिजिटल कार्ड प्राइवप में भगवद्गीता को भी अपने साथ ले गया है।
- एनएसआईएल के 14 व्यावसायिक उपग्रहों में से 1 भारत का तथा 13 यूएसए का था।
- पीएसएलवी C51 पीएसएलवी की 3वीं उड़ान थी।
- इसके साथ ही यह SDSC SHAR, श्रीहरिकोटा से 78वां लांच वेहिकल मिशन है।
- अब तक, पीएसएलवी द्वारा 34 देशों के 342 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया जा चुका है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.isro.gov.in/update/28-feb-2021/pslv-c51-first-dedicated-launch-nsil-successfully-launches-amazonia-1-and-18-co#:~:text=India's%20Polar%20Satellite%20Launch%20Vehicle,hours%20(IST)%20as%20planned.

मिसाइल सहगोला बारूद नौकाओं की खरीद हेतु अनुबंध

प्रश्न-19फरवरी, 2021 को भारतीय नौसेना ने कितने मिसाइल सहगोला बारूद वाली नौकाओं के निर्माण हेतु मैसर्स सीकोन (एसईसीओएन), विशाखापट्टनम के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?

(a) 8 (b) 10 (c) 12 (d) 15

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2021 को भारतीय नौसेना ने 8 मिसाइल सहगोला बारूद (MCA) वाली नौकाओं के निर्माण हेतु मौसर्स सीकोन (एसईसीओएन), विशाखापट्टनम के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।
- इन नौकाओं की डिलीवरी 22 जुलाई से शुरू की होगी।
- इन नौकाओं का उपयोग किसी भी मिशन पर मिसाइलों को लाने-ले जाने और गोला-बारूद की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा।
- यह परियोजना भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत कार्यान्वित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indiannavy.nic.in/content/contract-signing-ms-secon-visakhapatnam-acquisition-eight-missile-cum-ammunition-barge

स्कॉर्पियन श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' भारतीय नौसेना में शामिल

प्रश्न-10 मार्च, 2021 को स्कॉर्पियन श्रेणी की स्वदेश निर्मित तीसरी पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' भारतीय नौसेना में शामिल हुई। इस श्रेणी की पनडुब्बियों का विकास भारत सरकार द्वारा किसके संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है?

(a) रूस (b) इस्राइल (c) अमेरिका (d) फ्रांस

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को नेवल डॉकयार्ड, मुंबई में आयोजित एक समारोह में स्कॉर्पियन श्रेणी की स्वदेश निर्मित तीसरी पनडुब्बी आईएनएस 'करंज' भारतीय नौसेना में शामिल हुई।
- इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल करमवीर सिंह उपस्थित थे।
- 'करंज' प्रोजेक्ट-75 के तहत विकसित की जाने वाली 6 स्कॉर्पियन पनडुब्बियों की ऋंखला की तीसरी पनडुब्बी है।
- 'कलवरी' तथा 'खंदेरी' स्कॉपियन श्रेणी की स्वदेश निर्मित क्रमशः पहली तथा दूसरी पनडुब्बी है।
- यह पनडुब्बी लगभग 70 मी. लंबी, 12 मी. ऊंची और लगभग 1600 टन वजनी है।
- इस पनडुब्बी का निर्माण 'मेक इन इंडिया' प्रोजेक्ट के तहत किया गया है।
- यह पनडुब्बी निर्देशित हथियारों से छिपकर हमला करने की क्षमता से युक्त है।
- इसके द्वारा जल से सतह पर अथवा पानी के नीचे एंटीशिप मिसाइलों व तारपीडो से हमला किया जा सकता है।यह सभी तरह के मौसमों में संचालित की जा सकती है।
- यह पनडुब्बी कई प्रकार के मिशनों को अंजाम देने में सक्षम है।
- इनमें पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, सूचना संग्रहण, क्षेत्र निगरानी आदि शामिल है।
- 'करंज' पनडुब्बी एक विशेष प्रकार के इस्पात (स्टील) द्वारा निर्मित है जो उच्च तनाव सहने की क्षमता व उच्च तन्यता की विशेषता से युक्त है।
- इस पनडुब्बी में ऑक्सीजन भी बनाया जा सकता है।
- प्रोजेक्ट-75 के तहत विकसित स्कॉर्पियन पनडुब्बियों की लागत लगभग 3.5 बिलियन डॉलर है।
- फ्रांस की डीसीएनएस (DCNS) व भारत के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्श लि. के मध्य तकनीकी हस्तांतरण के आधार पर मझगांव डॉक लि., मुंबई में इन पनडुब्बियों का निर्माण किया जा रहा है।ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व 'करंज' वर्ष 1969 से 2003 तक भारतीय नौसेना में कार्यरत थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703732

युद्धाभ्यास डेजर्ट फ्लैग-VI

प्रश्न-27 मार्च, 2021 के मध्य किस देश की मेजबानी में आयोजित युद्धाभ्यास डेजर्ट फ्लैग-VI में भारतीय वायुसेना पहली बार भाग ले रही है?

(a) सऊदी अरब (b) संयुक्त अरब अमीरात (c) रूस (d) कतर

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 3-27 मार्च, 2021 के मध्य संयुक्त अरब अमीरात (UAE) की मेजबानी में युद्धाभ्यास डेजर्ट फ्लैग-VI (Ex Desert Flag-VI) का आयोजन अल-दाफरा एयरबेस पर किया जा रहा है।
- यह यूएई की मेजबानी में आयोजित एक वार्षिक बहुराष्ट्रीय बड़ा युद्धाभ्यास है।
- इसमें भारतीय वायुसेना पहली बार भाग ले रही है।
- इसके अलावा, इसमें यूएसए, फ्रांस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और बहरीन की वायु सेना भाग ले रही है।
- भारतीय वायुसेना 6 सुखोई-30 MKI, 2 सी-17 और एक आईएल-78 टैंकर विमान के साथ इस युद्धाभ्यास में भाग ले रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1701975

आईसीजी C-453 इंटरसेप्टर वोट

प्रश्न-भारतीय तटरक्षक बल को एक निगरानी पोत सौंपा गया, इस पोत को किस कंपनी द्वारा बनाया गया है?

(a) रिलायंस (b) मझगाव डाकयार्ड (c) लार्सन एवं टुब्रो (d) डीआरडीओ

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2021 को स्वदेश निर्मित एक निगरानी पोत को भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में शामिल किया गया।
- इस निगरानी पोत (Interceptor boat) को लार्सन एवं टुब्रो लिमिटेड द्वारा बनाया गया है।
- यह कुल 18 निगरानी पोत में से 17 वीं पोत है।
- इसके सहायक कमांडेट अनिमेघ शर्मा होंगे तथा यह पोत (पूर्व) तटरक्षक क्षेत्र के तहत चेन्नई में तैनात की जायेगी।

- इसकी तैनाती विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) की निगरानी को और मजबूत बनाने के लिए की जायेगी।
- भारतीय तटरक्षक बल के पास कुल 157 पोत तथा 62 निगरानी विमान हैं।
- यह एक 27.80 मीटर लंबी निगरानी पोत है, जिसकी विस्थापन 105 टन है।
- इसकी अधिकतम गति 85 किलोमीटर प्रति घंटा है।
- इसमें उन्नत संचार उपकरण एवं नेविगेशन सिस्टम लगाये गये हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/icg-ship-c-453-commissioned/article33884538.ece

खेल परिदृश्य

टेनिस

कतर एक्सॉनमोबिल ओपन, 2021

प्रश्न-13 मार्च, 2021 को दोहा, कतर में संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता कवर एक्सॉनमोबिल ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है ?

(a) रॉबर्टो बतिस्ता अगुट (b) निकोलोज बेसिलाशविली

(c) डोमिनिक थिएम (d) रोजर फेडरर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8-13 मार्च, 2021 के मध्य एटीपी टूर सत्र, 2021 की पुरुष टेनिस प्रतियोगिता कतर एक्सॉनमोबिल ओपन, 2021 दोहा कतर में संपन्न हुई।प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-निकोलोज बेसिलाशविली (जॉर्जिया)
- उपविजेता-रॉबर्टो बतिस्ता अगुट (स्पेन)
- पुरुष युगल
- विजेता-असलान करात्सेव और आंद्रे रुबलेव (दोनों रुस)
- उपविजेता-मार्कस डेनियल (न्यूजीलैंड) और फिलिप ओस्वावल्र्ड (ऑस्ट्रिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/tournaments/doha/451/overview

यूपी ओपन आईटीएफ मेंस फ्यूचर टेनिस टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-7 मार्च, 2021 को संपन्न यूपी ओपन आईटीएफ मेंस फ्यूचर टेनिस टूर्नामेंट, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?

(a) साकेत मायनेनी (b) जेन रवान (c) सिद्धार्थ विश्वकर्मा (d) फिलिप बर्गेवी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1-7 मार्च, 2021 के मध्य ओपन आईटीएफ मेंस फ्यूचर टेनिस टूर्नामेंट, 204, लखनऊ में संपन्न हुआ।
- पुरुष एकल
- विजेता-जेन खान (अमेरिका)
- उपविजेता-साकेत मायनेनी (भारत)
- पुरुष युगल
- विजेता-युकी भांबरी और साकेत मायनेनी (दोनों भारत)
- उपविजेता-विनायक शर्मा काजा और एन विजय सुंदर प्रशांत (दोनों भारत)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.itftennis.com/en/tournament-calendar/mens-world-tennis-tour-calendar/?startdate=2021-03

कतर टोटल-ओपन, 2021

प्रश्न-6 मार्च, 2021 को संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता कतर टोटल ओपन, 2020 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) गरबाइन मुगुरुजा (b) पेत्रा क्वितोवा (c) विक्टोरिया अजारेंका (d) जेसिका पेगुला

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1-6 मार्च, 2021 के मध्य WTA सत्र, 2021 को महिला टेनिस प्रतियोगिता कतर टोटल ओपन, 2021 दोहा, कतर में संपन्न हुआ।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- महिला एकल
- विजेता-पेत्रा क्वितोवा (चेक गणराज्य)

- उपविजेता-गरबाइन मुगुरुजा (स्पेन)
- महिला युगल
- विजेता-निकोल मेलिचार (अमेरिका) और डेमी शूर्स (नीदरलैंड्स)
- उपविजेता-मोनिका निकुलेस्कु (रोमानिया) और जेलेना ओस्टापेंको (लाटविया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wtatennis.com/tournament/1003/doha/past-winners

एबीएन एमरो वर्ल्ड टेनिस टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-7 मार्च, 2021 को संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता एबीएन एमरो वर्ल्ड टेनिस टूर्नामेंट, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीत लिया?



(a) मर्टन फुकोविक्स (b) डेविड गॉफिन (c) आंद्रे रुबलेव (d) स्टेन वावरिंका

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 1-7 मार्च, 2021 के मध्य एटीपी टूर सत्र, 2021 की पुरुष टेनिस प्रतियोगिता एबीएन एमरो वर्ल्ड टेनिस टूर्नामेंट, 2021 रॉटर्डम, नीदरलैंड्स में संपन्न हुआ।
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष एकल
- विजेता-आंद्रे रुबलेव (रूस)
- उपविजेता-मर्टन फुकोविक्स (हंगरी)
- पुरुष युगल
- विजेता-निकोला मेक्टिक और मैट पाविक (दोनों क्रोएशिया)
- उपविजेता-केविन क्राविट्ज (जर्मनी) और होरिया टेकाऊ (रोमानिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/tournaments/rotterdam/407/overview

अर्जेंटीना ओपन, 2021

प्रश्न-7 मार्च, 2021 को संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता अर्जेंटीना ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है।

(a) फ्रांसिस्को सेरुनडोलो (b) डिएगो श्वार्टजमैन (c) अल्बर्ट रामोस-विनोलास
(d) सुमित नागल

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 1-7 मार्च, 2021 के मध्य एटीपी टूर सत्र, 2021 की पुरुष टेनिस प्रतियोगिता अर्जेंटीना ओपन, 2021 ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में संपन्न हुआ।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-डिएगो श्वार्टजमैन (अर्जेंटीना)
- उपविजेता-फ्रांसिस्को सेरुनडोलो (अर्जेंटीना)
- पुरुष युगल
- विजेता-टोमिस्लाव बरकिक (बोस्निया) और निकोला कासिक (सर्बिया)
- उपविजेता-एरियल बेहर (उरुग्वे) और गोंजालो एस्कोबार (इक्वाडोर)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.atptour.com/en/tournaments/buenos-aires/506/overview

ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2021

प्रश्न-8-21 फरवरी, 2021 के मध्य संपन्न वर्ष की पहली ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2021 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) पुरुष एकल का खिताब नोवाक जोकोविक ने रिकॉर्ड 8वीं बार जीता है।
(b) महिला एकल का खिताब जापान की नाओमी ओसाका ने जीता है।
(c) पुरुष युगल का खिताब इवान डोडिंग (क्रोएशिया) और फिलिप पोलासेक (स्वोवाकिया) ने जीता है।
(d) महिला युगल का खिताब एलिसे मर्टेंस (बेल्जियम) और एरीना सबालिंका (बेलारूस) की जोड़ी ने जीता।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 8 फरवरी से 21 फरवरी, 2021 के मध्य वर्ष की पहली टेनिस ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2021 मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई।
- इस प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-नोवाक जोकोविक (सर्बिया)
- उपविजेता-डेनियल मेदवेदेव (रूस)
- महिला एकल
- विजेता-नाओमी ओसाका (जापान)
- उपविजेता-जेनिफर ब्रैडी (अमेरिका)
- पुरुष युगल
- विजेता-इवान डोडिंग (क्रोएशिया) और फिलिप पोलासेक (स्लोवाकिया)
- उपविजेता-राजीव राय (अमेरिका) और जोए सेलिसबरी (ब्रिटेन)
- महिला युगल
- विजेता-एलिसे मर्टेंस (बेल्जियम) और एरीना सबालेंका (बेलारूस)
- उपविजेता-बाराबोरा क्रेजिकोवा (चेक गणराज्य) और कैटरीना सिनियाकोवा (चेक गणराज्य)
- मिश्रित युगल
- विजेता-बाराबोरा क्रेजिकोवा (चेक गणराज्य) और राजीव राम (अमेरिका)
- उपविजेता-सामान्था स्टोसुर (ऑस्ट्रेलिया) और मैथ्यू एबडेन (ऑस्ट्रेलिया)
- जोकोविक ने रिकॉर्ड 9वीं बार इस ग्रैंड स्लैम का खिताब जीता है।
- जोकोविक द्वारा कॅरियर में विजित यह 18वां ग्रैंड स्लैम खिताब है।
- नाओमी ओसाका द्वारा विजित यह चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है।
- ओसाका ने दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/sports/tennis/story/australian-open-2021-sania-mirza-backs-novak-djokovic-more-grand-slams-1771610-2021-02-21

क्रिकेट

विजय हजारे ट्रॉफी, 2020-21

प्रश्न-14 मार्च, 2021 को संपन्न लिस्ट 'ए' क्रिकेट टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी, 2020-21 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 14 मार्च, 2021 को मुंबई और उत्तर प्रदेश के बीच फाइनल मुकाबला नई दिल्ली स्थित अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।

(b) फाइनल मुकाबले में मुंबई ने उत्तर प्रदेश को 6 विकेट से पराजित कर चौथी बार इस ट्रॉफी को जीत लिया।

(c) इस सत्र में मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ 8 मैचों में कुल 827 रन बनाए और एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

(d) टूर्नामेंट के इस सत्र में गुजरात के अर्जन नागवासवाला ने सर्वाधिक 20 विकेट 7 मैचों में लिए।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी से 14 मार्च, 2021 तक भारत का लिस्ट 'ए' क्रिकेट टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी 2020-21 भारत के विभिन्न शहरों में आयेजित किया गया।
- 14 मार्च, 2021 को मुंबई और उत्तर प्रदेश के मध्य फाइनल मुकाबला नई दिल्ली स्थिति अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।
- फाइनल मुकाबले में मुंबई ने उत्तर प्रदेश को 6 विकेट से पराजित कर चौथी बार इस ट्रॉफी को जीत लिया।
- फाइनल सलामी बल्लेबाज माधव कौशिक की 158 रनों की शतकीय पारी की बदौलत उत्तर प्रदेश 50 ओवरों में 4 विकेट खोकर 312 रन बनाए।
- मंुबई ने यह लक्ष्य 41.3 ओवर में ही 4 विकेट पर 315 रन बनाकर हासिल कर लिया।
- फाइनल में 118 रन की नाबाद पारी खेलने वाले मुंबई के विकेटकीपर बल्लेबाज आदित्य तारे को 'प्लेयर आॉफ द मैच घोषित किया गया।
- इस खिताबी जीत के साथ ही पृथ्वी शॉ अंडर-19 विश्व कप और विजय हजारे ट्रॉफी जीतने वाले पहले कप्तान बन गए हैं।
- विकेटों के मामले में गुजरात के अर्जन नागवासवाला सबसे आगे रहे, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में 7 मैचों में 19 विकेट हासिल किए।
- इस टूर्नामेंट में मुंबई के कप्तान पृथ्वी शॉ और उत्तर प्रदेश के कप्तान करन शर्मा थे।

- तमिलनाडु ने सर्वाधिक 5 बार विजय हजारे ट्रॉफी जीता है, जबकि मुंबई और कर्नाटक ने 4-4 बार यह ट्राफी जीती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cricbuzz.com/cricket-series/3422/vijay-hazare-trophy-2020-21/matches

वीवो इंडियन प्रीमियर लीग, 2021 के कार्यक्रम की घोषणा

प्रश्न-7 मार्च, 2021 को आईपीएल, गवर्निंग काउंसिल ने वीवो इंडियन प्रीमियर लीग (IPL), 2021 के कार्यक्रम की घोषणा की। इस घोषित कार्यक्रम के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) आईपीएल, 2021 के सत्र का आयोजन 9 अप्रैल से 30 मई, 2021 होगा।
(b) आईपीएल के मुकाबले अहमदाबाद, बंगलुरू, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में आयोजित होंगे।
(c) फाइनल मुकाबला 30 मई, 2021 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।
(d) अहमदाबाद में 8 और दिल्ली में 6 मैच आयोजित होंगे।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 7 मार्च, 2021 को आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने वीवो इंडियन प्रीमियर लीग (IPL), 2021 के कार्यक्रम की घोषणा की।
- लगभग 2 वर्षों के बाद आईपीएल का आयोजन भारत में किया जाएगा।
- यह आईपीएल का 14 वां संस्करण है।
- आईपीएल, 2021 का प्रायोजक पुन: वीवो (VIVO) को बनाया गया है।
- आईपीएल, 2021 के सत्र का आयोजन 9 अप्रैल से 30 मई, 2021 तक होगा।
- आईपीएल के मुकाबले 6 मैदानों में खेले जाएंगे।
- ये मुकाबले अहमदाबाद, बंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में आयोजित होंगे।
- 9 अप्रैल, को आईपीएल का पहला मुकाबला
- 5 चेन्नई में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होगा।
- फाइनल मुकाबला 30 मई, 2021 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा।
- आईपीएल लीग के 56 मुकाबले में से बंगलुरु, चेन्नई, मुंबई ओर कोलकाता में 10-10 मैच आयोजित किए जाएंगे।
- दिल्ली और अहमदाबाद में 8-8 मैच आयोजित होगा।

- ज्ञातव्य है कि कोरोना वायरस के कारण आईपीएल, 2020 का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iplt20.com/news/228478/bcci-announces-schedule-for-vivo-ipl-2021

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज, 2021

प्रश्न-5 फरवरी, 2021 से 8 मार्च, 2021 के मध्य भारत-इंग्लैंड के मध्य 4 टेस्ट मैचों की सीरीज भारत में संपन्न हुई। इस सीरीज के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) भारत ने यह सीरीज-3-1 के अंतर से जीती है।
(b) सीरीज का पहला मैच एम.ए.चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई में खेला गया जिसे भारत ने 227 रनों से जीता।
(c) इस सीरीज में 32 विकेट लेने वाले रविचंद्रन अश्विन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।
(d) अश्विन ने तीसरे टेस्ट में जोफ्रा आर्चर को आउट करने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट पूरे किए।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 5 फरवरी, 2021 से 8 मार्च, 2021 के मध्य भारत-इंग्लैंड के मध्य 4 टेस्ट मैचों की सीरीज भारत में संपन्न हुई।
- भारत ने 4 टेस्ट मैचों की सीरीज 3-1 के अंतर से जीत ली है। इस जीत पर भारत को एंथोनी डी मेलो ट्रॉफी प्रदान की गई।
- यह भारत की घरेलू सरजमीं पर 13 वीं टेस्ट सीरीज जीत है।
- सीरीज के चौथे और अंतिम मैच में 101 रन बनाने वाले भारतीय विकेट कीपर ऋषभ पंत को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
- इस सीरीज में 32 विकेट लेने वाले और 189 रन बनाने वाले भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए।
- सीरीज का पहला मैच एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई में खेला गया, जिसे इंग्लैंड ने 227 रनों से जीत लिया।
- दूसरा मैच भी इसी स्टेडियम भी खेला गया जिसे भारत ने 317 रनों से जीता।
- तीसरा टेस्ट मैच अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया, जिसे भारत ने 2 दिन के भीतर ही 10 विकेट से जीत लिया।

- इस सीरीज को जीतने के साथ ही भारत पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गया।
- टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से इंग्लैंड में 18 से 22 जून तक साउथम्पटन में होगा।
- अश्विन ने तीसरे टेस्ट मैच में जोफ्रा आर्चर को आउट करने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट पूरे किए, और वह भारत की तरफ से यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे गेंदबाज बन गए हैं।
- विराट कोहली का बतौर कप्तान यह 23वीं टेस्ट जीत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cricbuzz.com/cricket-series/3362/england-tour-of-india-2021/stats

https://www.bcci.tv/events/22455/india-v-england-2021/match/22459/4th-test

आईपीएल, 2021: खिलाड़ियों की नीलामी

प्रश्न-18 फरवरी, 2021 को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL), 2021 के 14 वें संस्करण हेतु खिलाड़ियों की नीलामी चेन्नई, तमिलनाडु में संपन्न हुई। इस नीलामी के संबंद्ध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) क्रिस मॉरिस ने ऑक्शन में सभी रिकॉर्ड तोड़े और आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने जिन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ में खरीदा

(b) भारतीय खिलाड़ियों में अनकैप्ड खिलाड़ी कृष्णप्पा गौतम सबसे महंगे खिलाड़ी रहे जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 9.25 करोड़ रुपये में खरीदा।

(c) इस नीलामी में कुल 61 खिलाड़ी बिके।

(d) क्रिस मॉरिस के बाद काइल जैमिसन सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी हैं जिन्हें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 15 करोड़ रुपये में खरीदा है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2021 को इंडियन प्रीमियर लीग, 2021 के 14 वें संस्करण हेतु खिलाड़ियों की नीलामी चेन्नई, तमिलनाडु में संपन्न हुई।
- इस नीलामी में कुल 57 खिलाड़ी बिके जिसमें 22 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं।

- क्रिस मॉरिस ने ऑक्शन में सभी रिकॉर्ड तोड़े और आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने।
- क्रिस मॉरिस को राजस्थान रॉयल्स ने 16.25 करोड़ रुपये में खरीदा।
- उन्होंने युवराज सिंह का रिकॉर्ड तोड़ जिन्हें दिल्ली डेयरडेविल्स ने वर्ष 2015 में 16 करोड़ में खरीदा था।
- भारतीय खिलाड़ियों में अनकैप्ड खिलाड़ी कृष्णप्पा गौतम सबसे महंगे खिलाड़ी रहे जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 9.25 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कीमत में खरीदा।
- आईपीएल, 2021 की नीलामी में सबसे महंगे बिके 5 खिलाड़ी है-

1. क्रिस मॉरिस-16.25 करोड़ रुपये, टीम-राजस्थान रॉयल्स
2. काइल जैमिसन-15 करोड़ रुपये, टीम-रायल चैलेंजर्स बैंगलोर
3. ग्लेन मैक्सवेल-14.25 करोड़ रुपये, टीम-रायल चैलेंजर्स बैंगलौर
4. झाई रिचर्डसन-14 करोड़ रुपये टीम-पंजाब किंग्स
5. कृष्णप्पा गौतम-9.25 करोड़ रुपये, टीम-चेन्नई सुपर किंग्स

- इन 5 खिलाड़ियों के अतिरिक्त 5 करोड़ रुपए से अधिक बिकने वाले खिलाड़ियों में रिले मेडेरिथ जिन्हें पंजाब किंग्स ने 8 करोड़ रुपये में खरीदा है, मोइन अली जिन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 7 करोड़ रुपये में और शाहरुख खान (अनकैप्ड खिलाड़ी) जिन्हें पंजाब किंग्स ने 5.25 करोड़ रुपये में, जबकि टॉम कुरेन को दिल्ली कैपिटल्स ने 5.25 करोड़ में खरीदा है। शामिल हैं।
- सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को मुंबई इंडियस ने 20 लाख रुपये के बेस प्राइज पर खरीदा है।
- टेस्ट विशेष खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा को चेन्नई सुपर किंग्स ने उनके बेस प्राइज 50 लाख रुपये में खरीदा है।
- कुल 298 खिलाड़ियों को नीलामी के लिए सूचीबद्ध किया गया था, किंतु इंग्लैंड के मार्क वुड ने नीलामी से पूर्व अपना नाम वापस ले लिया।
- इस नीलामी में खिलाड़ियों को खरीदने के लिए सभी फ्रेंचाइजी टीमों ने 1,45,30,00, 000 रुपये खर्च किए।
- 9 अधिकतम खिलाड़ियों को पंजाब किंग्स ने खरीदा, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने सबसे कम 3 खिलाड़ियों को खरीदा है।
- ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को दिल्ली कैपिटल्स ने 2.20 करोड़ रुपए में खरीदा है।
- मुंबई इंडियंस ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिलने को 3.20 करोड़ रुपये में खरीदा है।
- हरभजन सिंह को कोलकाता नाइटराइडर्स ने 2 करोड़ रुपये में खरीदा है।

- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महज 37 गेदों में शतक जड़ने वाले मोहम्मद अजहरुद्दीन को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में बेस प्राइज 20 लाख रुपये में खरीदा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/cricket/ipl/ipl-news/ipl-2021-auction-full-squad-players-list-of-all-eight-teams/article33872975.ece

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ - (फरवरी, 2021)

प्रश्न- 9 मार्च, 2021 को किस क्रिकेटर को आईसीसी ने फरवरी माह के लिए आईसीसी मेंस प्लेयरऑफ द मंथ चुना है?

(a) जोए एट (b) काइल मेयर्स (c) रविचंद्रन अश्विन (d) ऋषभ पंत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 मार्च, 2021 कोअंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फरवरी माह के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स के विजेताओं की घोषणा की।
- आईसीसी ने भारत के रविचंद्रन अश्विन को फरवरी माह के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है।
- अश्विन को इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन के कारण इस पुरस्कार हेतु चुना गया है।
- अहमदाबाद में हुए तीसरे टेस्ट में उन्होंने अपने टेस्ट कैरियर में 400 विकेट का आंकड़ा छुआ।
- इंग्लैंड की महिला क्रिकेटर टैमी ब्यूमोंट को फरवरी माह के लिए आईसीसी वुमेन प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है।
- ब्यूमोंट ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध खेली गई 3 मैचों की वनडे सीरीज के तीनों मुकाबलों में अर्धशतक बनाए थे।
- उन्होंने इस सीरीज में कुल 231 रन बनाया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/2059946

फुटबॉल

हीरो इंडियन सुपर लीग, 2020-21

प्रश्न-13 मार्च, 2021 को संपन्न भारत की पेशेवर फुटबॉल लीगों में से एक इंडियन सुपर लीग (ISL), 2020-21 का खिताब किस टीम ने जीत लिया?

(a) बंगलुरू एफसी (b) एटीके मोहन बागान

(c) मुंबई सिटी एफसी (d) केरला ब्लास्टर्स एफसी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2020 से 13 मार्च, 2021 के मध्य भारत की पेशेवर लीगों में से एक हीरो इंडियन सुपर लीग (ISL), 2020-21 का सातवां संस्करण संपन्न हुआ।
- भारत में कोविड-19 महामारी के कारण इसका आयोजन गोवा में 3 स्थानों पर किया गया।
- 3 मार्च, 2019 को गोवा के फटोर्दा स्टेडियम (Fatorda Stadium) में खेले गए फाइनल मुकाबले में मुंबई सिटी एफसी ने एटीके मोहन बागान को 2-1 से पराजित कर खिताब जीत लिया।
- मुंबई सिटी एफसी ने पहली बार इस लीग का खिताब जीता है।
- फाइनल मुकाबले में मुंबई के विपिन सिंह ने निर्णायक गोल किया।
- फाइनल मुकाबले में एटीके मोहन बागान के डिफेंडर टिरी ने 29 वें मिनट में आत्मघाती गोल किया।इस लीग में प्रदत्त पुरस्कार इस प्रकार रहे-
- हीरो ऑफ द फाइनल मैच-बिपिन सिंह (मुंबई सिटी एफसी) डीएचएल विनिंग पास ऑफ द मैच-बार्थोलोमेव ओग्बेचे।क्लब अवॉर्ड-मुंबई सिटी एफसी
- डीएचएल विनिंग पास ऑफ द लीग 2020-21 अल्बर्टो नोगुएरा (एफसी गोवा)
- गोल्डन ग्लोब अवॉ-अरिंदम भट्टाचार्य (एटीके मोहन बागान)
- गोल्डन बूट अवॉर्ड-इगोर एंगुलो (एफसी गोवा)
- इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर-लालेंगमाविया (नार्थईस्ट यूनाइटेड एफसी)
- हीरो ऑफ द लीग-गोल्डेन बाल विनर-रॉय कृष्णा (एटीके मोहन बागान)
- इस लीग में एफसी गोवा के इगोर एंगुलो और एटीके मोहन बागान के फुटबॉलर रॉय कृष्णा ने सर्वाधिक 14-14 गोल किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiansuperleague.com/stats/202-150-golden-boot-award-statistics

बैडमिंटन

योनेक्स स्विस ओपन, 2021

प्रश्न-7 मार्च, 2021 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता योनेक्स स्विस ओपन, 2021 के महिला एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?

(a) पी.वी. सिंधु (b) कैरोलिना मारिन (c) मिया ब्लीचफेल्ट (d) पोर्नपावी चोचुवोंग

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2-7 मार्च, 2021 के मध्य बीडब्ल्यूएफ सत्र, 2021 की बैडमिंटन प्रतियोगिता योनेक्स स्विस ओपन, 2021 बासेल, स्विट्जरलैंड में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क)
- उपविजेता-कुनलवुट वितिदसरन (थाईलैंड)
- महिला एकल
- विजेता-कैरोलिना मारिन (स्पेन)
- उपविजेता-पी.वी.सिंधु (भारत)
- पुरुष युगल
- विजेता-किम अस्ट्रुप और एंडर्स स्कारूप राममुसेन (दोनों डेनमार्क)
- उपविजेता-मार्क लैम्सफुल और मार्विन सीडेल (दोनों जर्मनी)
- महिला युगल
- विजेता-पीअर्ली टैन और थिनाह मुरलीथरन (दोनों मलेशिया)
- उपविजेता-गैब्रिएल स्टोएवा और स्टेफनी स्टोएवा (दोनों बुल्गारिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/3964/yonex-swiss-open-2021-new-dates/results/podium

गोल्फ

द प्लेयर चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-14 मार्च, 2021 के मध्य संपन्न पीजीए टूर सत्र, 2021 की गोल्फ प्रतियोगिता द प्लेयर चैंपियनशिप, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) ब्रायन हरमन (b) ली वेस्टवुड (c) टेलर गूच (d) जस्टिन थॉमस

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 11-14 मार्च, 2021 के मध्य पीजीए टूर सत्र, 2021 की गोल्फ प्रतियोगिता द प्लेयर चैंपियनशिप, 2021, फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न हुई।
- इस चैंपियनशिप का खिताब अमेरिकी गोल्फर जस्टिन थॉमस ने जीता।
- ब्रिटिश गोल्फर ली वेस्टवुड इस चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pgatour.com/daily-wrapup/2021/03/14/justin-thomas-rallies-to-win-the-players-championship.html

प्यूर्टो रिको ओपन, 2021

प्रश्न-28 फरवरी, 2021 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता प्यूर्टो रिको ओपन, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) जोनाटन वेगास (b) गैरीसन मुरे (c) ब्रेंडन ग्रेस (d) फैबियन गोमेज

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 24-28 फरवरी, 2021 के मध्य पीजीए टूर सत्र, 2021 की गोल्फ प्रतियोगिता प्यूर्टो रिको ओपन, 2021 प्यूर्टो रिको में संपन्न हुई।दक्षिण अफ्रीकी गोल्फर ब्रेंडन ग्रेस ने इस प्रतियोगिता का खिताब जीता।
- ग्रेस द्वारा विजित यह पीजीए टूर का दूसरा खिताब है।
- यह उनके कॅरियर में विजित 13वां खिताब है।
- वेनेजुएला के जोनाटन वेगास दूसरे स्थान पर रहे।

12वां एफआईए-जेसीबी गोल्फ टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-21 फरवरी, 2021 को संपन्न एफआईए-जेसीबी गोल्फ टूर्नामेंट, 2021 के 12 वें संस्करण का खिताब किसने जीत लिया?

(a) शिव खन्ना (b) सिद्धार्थ खुराना (c) खलिन जोशी (d) एसएसपी चौरसिया

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2021 को फरीदाबाद, हरियाणा स्थित अरावली गोल्फ क्लब में 12 वां एफआईए-जेसीबी गोल्फ टूर्नामेंट 2021 संपन्न हुआ।
- इसका आयोजन फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एफआईए) और जेसीबी इंडिया लिमिटेड ने संयुक्त रूप से किया।
- 12 वें संस्करण का खिताब शिव खन्ना ने जीत लिया।
- सिद्धार्थ खुराना दूसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livehindustan.com/ncr/faridabad/story-shiv-khanna-wins-in-jcb-fia-golf-tournament-3867802.html

गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-19 फरवरी, 2021 को संपन्न गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) विराज मदप्पा (b) ओम प्रकाश चौहान (c) चिक्कारंगप्पा (d) राहित गंगजी

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 16-19 फरवरी, 2021 के मध्य टाटा स्टील पीजीटीआई टूर सत्र 2021 को गोल्फ प्रतियोगिता गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप, 2021 अहमदाबाद, गुजरात में संपन्न हुई।
- यह चैंपियनशिप कल्हार ब्लूज एंड ग्रीन्स गोल्फ क्लब में आयोजित हुई।
- इसका आयोजन गुजरात पर्यटन निगम ने किया।
- गुजरात ओपन गोल्फ चैंपियनशिप, 2021 का खिताब बंगलुरू के चिक्कारंगप्पा एस. ने जीता।
- कोलकाता के विराज मदप्पा दूसरे स्थान पर रहे।
- मध्य प्रदेश के ओम प्रकाश चौहान ने तीसरा स्थान हासिल किया।

- पुरस्कार राशि-30 लाख रुपये।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.pgtofindia.com/news/2076

एथलेटिक्स

नई दिल्ली मैराथन, 2021

प्रश्न-7 मार्च, 2021 को संपन्न एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस नई दिल्ली मैराथन, 2021 पुरुष इलीट मैराथन और महिला इलीट मैराथन का खिताब किसने जीता?

(a) नितेंद्र सिंह रावत और ज्योति गावटे (b) श्रीनू बुगाथा और सुधा सिंह
(c) रशपाल सिंह और जिगमेट डोल्मा (d) रशपाल सिंह और सुधा सिंह

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 मार्च, 2021 नई दिल्ली मैराथन, 2021 का छठा संस्करण नई दिल्ली संपन्न हुआ।
- प्रायेजक-एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस
- इस मैराथन का पूरा नाम एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस नई दिल्ली मैराथन था।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष इलीट मैराथन
- प्रथम स्थान-श्रीनू बुगाथा (2 घंटा, 14 मिनट, 59 सेकेंड)
- हॉफ मैराथन (पुरुष)
- प्रथम स्थान-अमर सिंह देवड़ा (1 घंटा, 13 मिनट, 58 सेकेंड)
- द्वितीय स्थान-ज्योति गावटे (2 घंटा, 58 मिनट, 23 सेकेंड)
- तृतीय स्थान-जिगमेट डोल्या (3 घंटा, 4 मिनट, 53 सेकेंड)
- हॉफ मैराथन (पुरुष)
- प्रथम स्थान-अमर सिंह देवड़ा (1 घंटा, 15 मिनट, 33 सेकेंड)
- द्वितीय स्थान-धनंजय शर्मा (1 घंटा, 15 मिनट, 33 सेकेंड)
- तृतीय स्थान-संघ प्रिय गौतम (1 घंटा, 16 मिनट, 35 सेकेंड)
- हॉफ मैराथन (महिला)
- प्रथम स्थान-ज्योति चौहान (1 घंटा, 20 मिनट, 57 सेकेंड)

- द्वितीय स्थान-पूजा (1 घंटा, 28 मिनट, 39 सेकेंड)
- तृतीय स्थान-ताशी लाडोल (1 घंटा, 30 मिनट, 13 सेकेंड)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://newdelhimarathon.com/

खेल विविध

आईपीएल का आधिकारिक पार्टनर

प्रश्न-16 मार्च, 2021 को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने किसे आईपीएल के लिए आधिकारिक पार्टनर नियुक्त किया है?

(a) ड्रीम 11 (b) अनएकेडमी (c) बॉयजूस (d) अपस्टॉक्स

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'अपस्टॉक्स' (Upstox) को आईपीएल के लिए आधिकारिक पार्टनर नियुक्त किया।
- इंडियन प्रीमियर लीग गवर्निंग काउंसिल (आईपीएल जीसी) ने आईपीएल के लिए आधिकारिक पार्टनर के रूप में भारत की अग्रणी और तेजी से बढ़ती डिजिटल ब्रोकरेज फर्मों में से एक अपस्टॉक्स की घोषणा की।अपस्टॉक्स के सह-संस्थापक और सीईओ रवि कुमार हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iplt20.com/news/228486/bcci-announces-upstox-as-official-partner-for-ipl

यूएई के दो क्रिकेटरों पर प्रतिबंध

प्रश्न-16 मार्च, 2021 को आईसीसी के एंटी-करप्शन ट्रिब्यूनल ने संयुक्त अरब अमीरात के किन दो क्रिकेटरों को आईसीसी एंटी करप्शन कोड को भंग करने का दोषी पाए जाने पर 8 वर्ष तक लिए प्रारूपों क्रिकेट खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया है?

(a) अहमद रजा और रोहन मुस्तफा (b) सीपी रिजवान और चिराग सूरी (c) मोहम्मद नवीद और शैमान अनवर बट (d) मोहम्मद उस्मान और जहूर खान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को आईसीसी के एंटी-करप्शन ट्रिब्यूनल द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दो क्रिकेटरों मोहम्मद नवीद और शैमान अनवर बट को आईसीसी एंटी-करप्शन कोड को भंग करने का दोषी पाए जाने पर 8 वर्ष तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।
- यह प्रतिबंध क्रिकेट के सभी प्रारूपों पर लगाया गया है।
- आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी इकाई ने इन दोनों क्रिकेटरों को इस वर्ष जनवरी में भ्रष्टाचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया था।
- यह प्रतिबंध 16 अक्टूबर, 2019 से लागू होगा, जब उन्हें आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालीफायर, 2019 के दौरान मैचों में भ्रष्टाचार करने के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था।
- मोहम्मद नवीद यूएई टीम के पूर्व कप्तान और शैमान अनवर बट ओपनर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/2069768

सबसे अधिक गोल करने का रिकॉर्ड

प्रश्न-14 मार्च, 2021 को किस फुटबॉलर ने फुटबॉल इतिहास में ओवरऑल सबसे अधिक गोल करने के ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का रिकॉर्ड तोड़ दिया है?

(a) लियोनेल मेसी (b) क्रिस्टियानो रोनाल्डो (c) जोसफ बिकान (d) रोमारियो

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 मार्च, 2021 को पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानों रोनाल्डो ने इटैलियन लीग सेरी-ए में कैगिलियरी के खिलाफ हैट्रिक लगाई और फुटबॉल इतिहास में ओवरऑल सबसे अधिक 770 गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए।
- इसी के साथ ही रोनाल्डो ने ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।
- पेले के आधिकारिक अकाउंट के अनुसार उन्होंने कैरियर में 767 गोल किए थे।
- गोल करने के मामले में ऑस्ट्रिया के फुटबॉलर जोसफ बिकान तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 759 गोल किए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espn.in/football/juventus/story/4338473/pele-congratulates-ronaldo-for-breaking-his-goals-record

'मार्वलस' मार्विन हैगलर

प्रश्न-13 मार्च, 2021 'मार्वलस' मार्विन हैगलर का निधन हो गया। वे किस खेल से संबंधित थे?

(a) फुटबॉल (b) बॉस्केटबॉल (c) मुक्केबाजी (d) साइक्लिंग

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 मार्च, 2021 को पूर्व मिडिलवेट चैंपियन 'मार्वलस' मार्विन हैगलर का निधन हो गया।
- हैगलर ने अपने 14 वर्षीय पेशेवर कैरियर में 67 मुकाबलों में भाग लिया, जिसमें से उन्होंने 62 मुकाबलों में जीत दर्ज की।
- उनकी सबसे प्रसिद्ध फाइट अप्रैल, 1985 में हुई जिसमें उन्होंने थामस 'हिटमैन' हर्नस को पराजित किया।
- इस फाइट को 'द वार' के नाम से जाना जाता है।
- हैगलर वर्ष 1980 से 1987 तक निर्विवाद मिडिलवेट चैंपियन रहे।
- वर्ष 1993 में उन्हें इंटरनेशनल बॉक्सिंग हाल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espn.in/boxing/story/_/id/31059483/marvin-hagler-middleweight-boxing-great-dies-66

https://www.bbc.com/sport/boxing/56390270

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भारत की पहली तलवारबाज

प्रश्न-मार्च, 2021 कौन महिला तलवारबाज टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बन गई हैं?

(a) सीए भवानी देवी (b) ज्योतिका दत्ता (c) प्रियंका कुमारी (d) मौमादास

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में तमिलनाडु की तलवारबाज सीए भवानी देवी टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बन गई हैं।
- उन्होंने समयोजित (एडजस्टेड) आधिकारिक रैंकिग के आधार पर क्वालिफिकेशन हासिल किया है।
- यद्यपि आधिकारिक रूप से क्वालिफिकेशन पर मुहर 5 अप्रैल को रैंकिग जारी होने पर लगेगी।
- भवानी देवी ने वर्ष 2017 में आइसलैंड में आयोजित महिला विश्व कप सैटेलाइट टुर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता था।
- भवानी देवी अंतरराष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/other-sports/bhavani-devi-becomes-first-indian-fencer-to-qualify-for-olympics/article34067133.ece#:~:text=Bhavani%20Devi%20became%20the%20first,Official%20Ranking%20(AOR)%20Method.

इंटरनेशनल वुमन क्लब की वर्ष 2021 की ग्लोबल एंबेसडर

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को इंटरनेशनल वुमेन क्लब (IWC) ने किस अंतरराष्ट्रीय भारतीय महिला शूटर को वर्ष 2021 का ग्लोबल एंबेसेडर नियुक्त किया है?

(a) मनीषा कीर (b) अपूर्वी चंदेला (c) तेजस्विनी सावंत (d) गौरी श्योराण

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय भारतीय महिला शूटर गौरी श्योराण को इंटरनेशनल वुमेन क्लब (IWC) ने वर्ष 2021 का ग्लोबल एंबेसेडर नियुक्त किया है।
- इक्वाडोर की पूर्व राष्ट्रपति रोसालिया अर्टिगा ने श्योराण की नियुक्ति की घोषणा की।
- कोरोना काल में महिलाओं और लोगों की सेवा के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों के कारण उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है।
- गौरी की उपलब्धियों के दृष्टिगत हरियाणा सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हरियाणा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का ब्रांड एंबेसेडर बनाया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://digitalhayat.in/2021/03/08/shooter-gauri-sheoran-appointed-as-global-ambassador-of-iwc/

मैटियो पेलिकोन रोम रैंकिंग सीरीज, 2021

प्रश्न-4-7 मार्च, 2021 के मध्य मैटियो पेलिकोन रोम रैंकिंग सीरीज, 2021 संपन्न हुई। इस कुश्ती प्रतियोगिता के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस प्रतियोगिता में भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा के 65 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

(b) पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अमेरिका प्रथम स्थान पर रहा।

(c) फ्रीस्टाईल स्पर्धा के 70 किग्रा. भार वर्ग में भारतीय पहलवान विशाल कालीरमण ने कांस्य पदक जीता है।

(d) भारतीय महिला पहलवान विनेदश फोगाट ने 530 किग्रा. भार वर्ग में रजत पदक जीता है।



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4-7 मार्च, 2021 के मध्य कुश्ती प्रतियोगिता मैटियो पेलिकोन रोम रैंकिंग सीरीज, 2021 रोम, इटली में संपन्न हुई।इस प्रतियोगिता में भारत के पहलवान बजरंग पूनिया नो पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा के 65 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- फाइनल मुकाबले में बजरंग ने मंगोलिया के तुल्गा तुमुर ओचिर को पराजित किया।
- बजरंग पूनिया का ये लगातार इस प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक है।
- फ्रीस्टाईल स्पर्धा 70 किग्रा. भार वर्ग में भारतीय पहलवान विशाल कालीरमण ने कांस्य पदक जीता है।भारतीय महिला विनेश फोगाट ने 53 किग्रा. भार वर्ग में कनाडा की डायना वीकर को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।
- विनेश फोगाट टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए क्वालिफाई करने वाली एकमात्र भारतीय महिला पहलवान है।पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अमेरिका ओवरऑल 190 अंकों के साथ पहले स्थान (स्वर्ण पदक) पर रहा।कजाखस्तान 178 अंकों के साथ दूसरे (रजत) स्थान पर रहा।
- तुर्की 113 अंकों के साथ तीसरे (कांस्य) स्थान पर रहा।
- भारत 98 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा।
- कनाडा 89 अंकों के साथ दूसरे और इटली 88 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://uww.org/event/matteo-pellicone-0?tab=brackets&weight-category=a5b4fde3-7b4f-11eb-929b-080027c03e17

विनय कुमार

प्रश्न-26 फरवरी, 2021 को पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज विनय कुमार ने क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने किस देश के विरुद्ध एकमात्र टेस्ट मैच खेला था?

(a) बांग्लादेश (b) ऑस्ट्रेलिया (c) श्रीलंका (d) जिम्बॉब्वे

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 26 फरवरी, 2021 को पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज विनय कुमार ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- विनय कुमार ने जनवरी, 2012 में एक मात्र टेस्ट मैच पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेला था।
- उन्होंने भारत की ओर से 1 टैस्ट मैच, 31 वनडे और 9 टी-20 मैच खेले।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sportstar.thehindu.com/cricket/r-vinay-kumar-announces-retirement-all-forms-of-cricket-karnataka-indian-cricket-ipl/article33941709.ece

7 वीं फाजा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-26 फरवरी, 2021 को संपन्न 7 वीं फाजा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में किस स्थान पर रहा?

(a) पहले (b) दूसरे (c) तीसरे (d) चौथे

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 22-26 फरवरी, 2021 के मध्य 7 वां फाजा पैरा तीरंदाजी विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट, 2021 दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में संपन्न हुआ।
- इस टूर्नामेंट में भारत ने कुल 5 पदक (2 स्वर्ण, 3 रजत) प्राप्त किए और पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा।
- तुर्की ने कुल 8 पदक (3 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य) प्राप्त किए और वह पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।
- रूस ने कुल 4 पदक (3 स्वर्ण और 1 रजत) प्राप्त किया और वह पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।

- भारत की तरफ से हरविंदर सिंह और पूजा ने रिकर्व ओपन मिक्सड टीम स्पर्धा में और कम्पाउंड मेन ओपन स्पर्धा में राकेश कुमार ने स्वर्ण पदक जीते।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://worldarchery.sport/competition/22983/7th-fazza-archery-world-ranking-tournament#!/

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IoC) के अध्यक्ष

प्रश्न- मार्च, 2021 में जर्मनी के थॉमस बाक को आईओसी के 137 वें सत्र में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का (IOC) पुन: अध्यक्ष चुना गया। उनके चुनाव के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) चुनाव में कुल 94 वैध मतों में से 93 वोट उनके पक्ष में और मात्र 1 वोट उनके विरुद्ध पड़ा।
(b) उनका कार्यकाल टोक्यो 2021 ओलंपिक के अंतिम दिन अर्थात 8 अगस्त, 2021 को समाप्त होगा।
(c) उनका दूसरा कार्यकाल 9 अगस्त, 2021 से वर्ष 2026 तक होगा।
(d) थॉमस बाक पहली बार वर्ष 2013 में ब्यूनस आयर्स में आईओसी सत्र में 8 वर्ष के कार्यकाल के लिए आईओसी के अध्यक्ष चुने गऐ थे।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में आईओसी के 137वें सत्र में ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के थॉमस बाक (Thomas Bach) को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का पुन: अध्यक्ष चुना गया।
- चुनाव में कुल 94 वैध वोटों में से 93 वोट उनके पक्ष में और मात्र 1 वोट उनके विरुद्ध पड़ा।
- उनका कार्यकाल टोक्यो ओलंपिक के अंतिम दिन अर्थात 8 अगस्त, 2021 को समाप्त होगा और उनका दूसरा कार्यकाल 9 अगस्त, 2021 से वर्ष 2025 तक (4 वर्ष) होगा।
- थॉमस बाक पहली बार वर्ष 2013 में ब्यूनसआयर्स में आईओसी सत्र में 8 वर्ष के कार्यकाल के लिए आईओसी के अध्यक्ष चुने गए थे।
- अब इसके स्थान पर ओलंपिक एजेंडा 2020+5 को लाया गया है।
- अपने प्रतिस्पर्धी एथलेटिक कॅरियर के दौरान बाक ने ओलंपिक स्वर्ण पदक के अलावा पश्चिम जर्मन फ्वॉइल टीम के साथ दो विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक भी जीते थे।
- थॉमस बाक को विगत वर्ष अक्टूबर में प्रतिष्ठित सियोल शांति पुरस्कार प्राप्त हुआ था।
- वर्ष 2019 में उन्हें एथेंस में सेम पापांड्रेयू (Cem Papandreou) शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, जो उन व्यक्तियों या समूहों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने 'शांति में उत्कृष्ट योगदान' किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.olympic.org/news/thomas-bach-re-elected-as-ioc-president-for-second-term

XXIV आउटस्टैंडिग यूक्रेनियन रेसलर्स एंड कोचेस मेमोरियल टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-28 फरवरी, 2021को संपन्न XXIV आउटस्टैंडिग यूक्रेनियन रेस्टलर्स एंड कोचेस मेमोरियल टूर्नामेंट, 2021 में किस भारतीय महिला पहलावान ने 53 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है?

(a) पूजा ढांडा (b) विनेश फोगाट (c) बबीता फोगाट (d) गीता फोगाट

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 26-28 फरवरी, 2021 के मध्य कुश्ती प्रतियोगिता XXIV आउटस्टैंडिग यूक्रेनियन रेसलर्स एंड कोचेस मेमोरियल टूर्नामेंट, 2021 कीव, यूक्रेन में संपन्न हुई।
- इसका आयोजन यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा किया गया।
- इस कुश्ती प्रतियोगिता में भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट ने 53 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- जिन्होंने फाइनल में बेलारूस की वेनेसा कलादजिंस्काया को पराजित किया।
- विनेश फोगाट ने टोक्यो समर ओलंपिक (जुलाई, 2021 में आयोजित होने वाले) के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया है।
- वह एकमात्र भारतीय महिला पहलवान हैं, जिन्होंने टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/sports/other-sports/story/vinesh-phogat-beats-vanesa-kaladzinskaya-to-win-gold-in-ukraine-wrestling-event-1774028-2021-02-28

30 वां एड्रियाटिक पर्ल यूथ टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-22 फरवरी, 2021 को संपन्न 30 वें एड्रियाटिक पर्ल यूथ टूर्नामेंट, 2021 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) उज्बेकिस्तान कुल 15 पदक प्राप्त कर ओवरऑल पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।

(b) भारत कुल 12 पदक प्राप्त कर ओवरलऑल पदक तालिका में दूसरे स्थान पर

रहा।

(c) टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ महिला मुक्केबाज भारत की सामनामाचू चानू को चुना गया।

(d) सर्वश्रष्ठपुरुष मुक्केबाज बुल्गारिया के विलियम चोलोव को चुना गया।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 16-22 फरवरी, 2021 के मध्य 30 वां एड्रियाटिक पर्ल यूथ टूर्नामेंट, 2021 (यूथ पुरुष और महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता) बुडवा, मोंटेनेग्रो में संपन्न हुआ।
- इस प्रतियोगिता में 13 देशों के युवा मुक्केबाजों ने भाग लिया।
- इससे उज्बेकिस्तान कुल 15 पदक (5 स्वर्ण, 3 रजत और 7 कांस्य) प्राप्त कर ओवर ऑल पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।
- भारत कुल 12 पदक (5 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य) पदक प्राप्त कर ओवर ऑल पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।
- यूक्रेन 15 पदक (4 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य) प्राप्त कर पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा।
- इस टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम ने कुल 10 पदक (5 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य) प्राप्त कर महिला वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल किया।
- महिला वर्ग में उज्बेकिस्तान 2 स्वर्ण पदक जीतकर दूसरे तथा 1 स्वर्ण पदक जीतकर चेक गणराज्य तीसरे स्थान पर रहा।
- स्वर्ण पदक विजेता भारतीय महिला मुक्केबाज-

1. बेबीरोजिसाना चानू नाओरेम (51 किग्रा.)
2. अरुंधति चौधरी (69 किग्रा.)
3. सामनामाचू चानू थोकचोम (75 किग्रा.)
4. पङ्गान अल्फिया तरन्नुम अकरम खार (+81 किग्रा.)
5. विनिका (60 किग्रा.)

- रजत पदक विजेता (महिला)

1. गीतिका (48 किग्रा.)
2. लकी राना (64 किग्रा.)
3. राज साहिता (81 किग्रा.)

- कांस्य पदक विजेता (महिला)

1. नेहा (54 किग्रा.)

2. प्रीति (57 किग्रा.)

- कांस्य पदक विजेता (पुरुष)

1. प्रियांशु डबास (49 किग्रा.)
2. जुगनू (+91 किग्रा.)

- इस टूर्नामेन्ट में किसी भारतीय पुरुष मुक्केबाज ने स्वर्ण पदक और रजत पदक नहीं जीता है।
- टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ महिला मुक्केबाज भारत की विनिका को चुना गया।
- सर्वश्रेष्ठ पुरुष मुक्केबाज बुल्गारिया के विलियम चोलोव को चुना गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.eubcboxing.org/competition/international-tournament-jadran-pearl/

फिलिप आइसलैंड ट्रॉफी, 2021

प्रश्न-19 फरवरी, 2021 को संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता फिलिप आइसलैंड ट्रॉफी, 2021 के महिला एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) डारिया कासात्किना (b) मैरी बुजकोवा (c) अन्ना ब्लिंकोवा (d) कैमिला राखीमोवा

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 13-19 फरवरी, 2021 के मध्य डब्ल्यूटीए (WTA) सत्र, 2021 की महिला टेनिस प्रतियोगिता फिलिप आइसलैंड ट्रॉफी, 2021 मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- महिला एकल
- विजेताडारिया कासात्किना (ह्वस)
- उपविजेतामैरी बुजकोवा (चेक गणराज्य)
- महिला युगल
- विजेताअंकिता रैना (भारत) और कैमिला राखीमोवा (ह्वस)
- उपविजेताअन्ना ब्लिंकोवा और अनास्तासिया पोतापोवा (दोनों ह्वस)
- यह अंकिता रैना द्वारा विजित पहला डब्ल्यूटीए खिताब है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.wtatennis.com/tournament/2027/melbourne-250

टाटा मोटर्स 65वीं सीनियर ग्रीको रोमन राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-20-21 फरवरी, 2021 के मध्य संपन्न टाटा मोटर्स 65 वीं. सीनियर ग्रीको रोमन राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप-2021 किसने जीती।

(a) एमएससीबी (b) आरएसपीबी (c) पंजाब (d) हरियाणा

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 20-21 फरवरी, 2021 के मध्य टाटा मोटर्स 65वीं सीनियर ग्रीको, रोमन राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 आयोजित हुई।
- यह चैंपियनशिप लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर में आयोजित की गई।
- सर्विसेस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड 190 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा।
- रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (RSPB) 170 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।
- पंजाब ने 111 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://wrestlingtv.in/tata-motors-65th-senior-greco-roman-national-wrestling-championship-arjun-harpreet-shine-sachin-rana-and-gyanendra-settle-for-bronze/#:~:text=Harpreet%20Singh%20and%20Arjun%20Halakurki,in%20Lovely%20Professional%20University%2C%20Jalandhar.

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

सागर सरहदी

प्रश्न-21 मार्च, 2021 को सागर सरहदी का निधन हो गया। वह थे-

(a) चित्रकार (b) संतूर वादक (c) सितार वादक (d) लेखक फिल्मनिर्माता

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 21 मार्च, 2021 को प्रसिद्ध लेखक-फिल्मनिर्माण सागर सरहदी का निधन हो गया।
- उन्होंने उर्दू लघु कथाओं से अपने करियर की शुरूआत की और फिर उर्दू नाटककार बन गए।

- फिल्मकार यश चोपड़ा की वर्ष 1976 में आई अमिताभ बच्चन तथा राखी गुलजार अभिनीत फिल्म 'कभी-कभी' से उन्होंने बॉलीवुड में प्रवेश किया।
- उन्होंने नूरी (1979)'सिलसिला' (1981) और 'चांदनी' जैसे फिल्मों के लिए संवाद लेखन किया।
- वर्ष 1992 में आई अभिनेता शाहरूख खान की फिल्म 'दीवाना' और ऋतिक रोशन की पदार्पण फिल्म 'कहो न प्यार है' के संवाद भी लिखे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/entertainment/sagar-sarhadi-writer-of-kabhi-kabhie-silsila-dead/article34128700.ece#:~:text=Noted%20writer%20filmmaker%20Sagar%20Sarhadi,filmmaker%20Ramesh%20Talwar%20told%20PTI.

लक्ष्मण पाई

प्रश्न-14 मार्च, 2021 को लक्ष्मण पाई का निधन हो गया। वह थे-

(a) साहित्यकार (b) पर्यावरणविद (c) चित्रकार (d) इतिहासकार



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 मार्च, 2021 को प्रसिद्ध चित्रकार लक्ष्मण पाई का निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे।
- उनका जन्म वर्ष 1926 को मागाओ, गोवा, (तत्कालीन पुर्तगीज इंडिया) में हुआ था।
- उन्हें वर्ष 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
- इसके अलावा, उन्हें पद्म श्री, नेहरू पुरस्कार और ललित कला अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://dagworld.com/artists/laxman-pai/

डेयरी क्षेत्र के लिए उत्कृष्टता केंद्र

प्रश्न-मार्च, 2021 में किस देश द्वारा राजस्थान में डेयरी क्षेत्र के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया है?

(a) ब्रिटेन (b) न्यूजीलैंड (c) मारीशस (d) डेनमार्क

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 6 मार्च, 2021 को डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वेन ने राजस्थान में डेयरी क्षेत्र के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।
- जिससे पशुपालकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने एवं राजस्थान में डेयरी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में डेनमार्क की विशेषज्ञता को उपलब्ध कराया जा सके।
- डेयरी क्षेत्र के साथ-साथ जल संरक्षण एवं जलआपूर्ति तथा कृषि, पशुपालन, खाद्य और वस्त्र जैसे क्षेत्रों में सहयोग और निवेश करने का निर्णय लिया है।
- भारत विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है जो कुल वैश्विक उत्पादन का लगभग 22 प्रतिशत है, इसके बाद अमेरिका, चीन, पाकिस्तान और ब्राजील का संस्थान है।
- सबसे ज्यादा दूध की कमी वाले देश चीन, इटली, रूसी संघ, मैक्सिको, अल्जीरिया और इंडोनेशिया हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/videos/national/centre-excellence-be-setup-dairy-sector-rajasthan/

एनएसजी के नए महानिदेशक

प्रश्न-18 मार्च, 2021 को किसने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) के नए महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) अनूप कुमार सिंह (b) दिनेश पाठक (c) एम.ए.गणपति (d) सुदीप लखटकिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18 मार्च, 2021 को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एम.ए. गणपति ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) के नए महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- उनका कार्यकाल 29 फरवरी, 2024 तक रहेगा।
- इससे पूर्व वह नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) में महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे।
- इस पद पर वह अतिरिक्त प्रभार देख रहे एस.एस.देसवाल का स्थान लिया।
- गौरतलब है कि NSG की स्थापना वर्ष 1986 में आतंकवादी तथा अपहरण जैसी घटनाओं से निपटने के लिए संघीय आकस्मिक बल के रूप में हुई थी।
- इसका मुख्यालय मानेसर, गुरुग्राम में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://nsg.gov.in/sites/default/files/pre_eng_dg.pdf

जॉन पॉम्बे जोसेफ मागुफुली

प्रश्न-17 मार्च, 2021 को किस देश के राष्ट्रपति जॉन पॉम्बे जोसेफ मागुफुली का निधन हो गया?

(a) तंजानिया (b) मोजाम्बिक (c) दक्षिण सूडान (d) रोमानिया

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 17 मार्च, 2021 को तंजानिया के राष्ट्रपति जॉन पॉम्बे जोसेफ मागुफुली (John Pombe Joseph Magufuli) का निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 2015 में तंजानिया के 5वें राष्ट्ररपति के रूप में पदभार ग्रहण किए थे।
- वह वर्ष 2000-2005 और वर्ष 2010-2015 तक देश के कार्य, परिवहन और संचार मंत्री थे।
- वह वर्ष 2019-2020 तक सदर्न अफ्रीकन डेवलपमेंट कम्युनिटी (Southern African Development Community) के चेयरमैन थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bbc.com/news/world-africa-56437852

स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड के नए अध्यक्ष

प्रश्न-मार्च, 2021 में किसे 'स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड' का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

(a) डॉ. सौम्या स्वामीनाथन (b) डॉ. हर्षवर्धन (c) डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन (d) डॉ.पूनम खेत्रपाल

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17 मार्च, 2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन को 'स्टॉप टीबी पार्टनरशिप बोर्ड' का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- भारत से वर्ष 2025 तक ट्यूबर कुलोसिस यानी क्षय रोग को समाप्त किए जाने के अभियान में उनके अतुलनीय योगदान को महत्व देते हुए इस पद पर नियुक्त किया गया है।
- वह जुलाई, 2021 में पदभार ग्रहण करेंगे।
- उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।
- इस पद पर वह ब्राजील के डॉ. लुइज हेनरिक मैनडेट्टा Luiz Henrique Man detta) का स्थान लेंगे।
- इस संगठन स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी।
- इसका विजन है-"टीबी मुक्त विश्व"।

- इसके साथ 1700 से अधिक सहयोगी संगठन 100 में अधिक देशों में टीबी के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय हैं।
- इसका सचिवालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1705468

चेमांचेरी कुन्हीरमण नायर

प्रश्न-15 मार्च, 2021 को चेमांचेरी कुन्हीरमण नायर का निधन हो गया, वह थे-

(a) प्रसिद्ध संतूर वादक (b) प्रसिद्ध कथकली नर्तक गुरु

(c) प्रसिद्ध तबला वादक (d) प्रसिद्ध साहित्यकार

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को प्रसिद्ध कथकली नर्तक गुरु चेमांचेरी कुन्हीरमण नायर का निधन हो गया। वह 105 वर्ष के थे।उन्हें कथकली की 'कल्लाडिकोडन' शैली में महारथ हासिल थी।
- उन्होंने भारतीय नाट्यकलालयम की वर्ष 1945 में स्थापना की थी, जो उत्तर केरल में स्थापित किया गया नृत्व का पहला स्कूल है।उनको कथकली नृत्य विद्या में उनके अतुलनीय योगदान के लिए वर्ष 2017 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।
- इसके अलावा उनको केरल संगीत नाट्य अकादमी और केरल कलामंडलम समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।
- उनका जन्म वर्ष 1916 में हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/kozhikode/kathakali-maestro-chemancheri-kunhiraman-nair-dead/article34071645.ece

मानवाधिकार परिषद की सलाहकार समिति के पहले भारतीय अध्यक्ष

प्रश्न-फरवरी, 2021 में कौन मानवाधिकार परिषद की सलाहकार समिति के पहले भारतीय अध्यक्ष बने?

(a) अजय माथुर (b) इंद्रमणि पांडे (c) अजय मल्होत्रा (d) राहुल भटनागर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में पूर्व भारतीय राजनयिक अजय मल्होत्रा मानवाधिकर परिषद की सलाहकार समिति के पहले भारतीय अध्यक्ष बने।
- वह रूसी संघ में भारत के राजदूत के रूप में काम कर चुके हैं।
- उन्होंने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव के रूप में भी कार्य किया था।
- वह वर्ष 2015-19 तक ओएनजीसी के स्वतंत्र निदेशक भी रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/world/europe/ajai-malhotra-becomes-first-indian-chairperson-of-advisory-committee-at-human-rights-council20210215235727/

तेत्सुशी सामाकमांतो जापान के एकाकीपन मंत्री नियुक्त

प्रश्न-फरवरी, 2021 में जापान में कोरोना महामारी के कारण आत्महत्या की दर में हुई वृद्धि के लिए एकाकीपन मंत्री की नियुक्ति की गई है। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करिए?

(1) जापान के प्रधानमंत्री द्वारा इस पद पर तेत्सुशी साकामोतो को नियुक्त किया गया है।

(2) कोविड-19 महामारी के दौरान जापान में पिछले 11 वर्षों में पहली बार आत्महत्या की दर में तीव्र वृद्धि हुई है।

(3) जापान में पुरुषों की तुलना में महिलाओं में आत्महत्या से संबंधित मामले अधिक आए हैं।

(4) जापान एकाकीपन मंत्रालय का गठन करने वाला विश्व का प्रथम देश है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 1, 2 एवं 3 (c) 1, 2 एवं 3 (d) 1, 2, 3 एवं 4

उत्तर–(b)



संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार जापान ने कोरोना वायरस के कारण बढ़ते आत्महत्या के मामलों की जांच करने के लिए एकाकीपन मंत्रालय (Loneliness Ministry) के तहत एक मंत्री की नियुक्ति की है।
- ध्यातव्य है कि कोविड-19 महामारी के दौरान जापान में पिछले 11 वर्षों में पहली बार आत्महत्या की दर में तीव्र वृद्धि हुई है।
- जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने इस मंत्रालय के तहत तेत्सुशी साकामोतो (Tetsusni Sakamoto) को नियुक्त किया है।

- इन आंकड़ों में दर्शाया गया है कि जापान में पुरुषों की तुलना में महिलाओं में आत्महत्या के मामले अधिक सामने आए है।
- बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार जापान में बीते अक्टूबर, माह में 880 महिलाओं ने आत्महत्या किया था, जो अक्टूबर, 2019 की तुलना में 70 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शा रहा है।
- हाल ही में जारी जॉन हॉपकिंस विश्वविद्यालय के द्वारा जारी डाटा के अनुसार जापान में कोविड-19 महामारी के कारण 4 लाख 26 हजार से अधिक व्यक्तिय संक्रमित थे जबकि 75577 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।
- ध्यातव्य है कि ब्रिटेन में भी एककीपन की समस्या से निपटने के लिए वर्ष 2018 में एक मंत्रालय का गठन किया गया। ब्रिटेन एकाकीपन मंत्रालय का गठन करने वाला विश्व का पहला देश है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/news/world/japan-appoints-minister-of-loneliness-to-address-growing-suicide-rate-amid-covid-19-pandemic/article33919813.ece#:~:text=a%20similar%20designation.-,Suga%20appointed%20minister%20Tetsushi%20Sakamoto%2C%20who%20is%20also%20in%20charge,new%20portfolio%2C%20Japan%20Times%20reported.

सीआरपीएफ के नए महानिदेशक

प्रश्न-17 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार ने किसे सीआरपीएफ का नया महानिदेशक नियुक्त किया?

(a) बी.बी. मिश्रा (b) सुजीत पांडेय (c) कुलदीप सिंह (d) एस.एस. देसवाल

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 17 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी कुलदीप सिंह को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया।
  उनका कार्यकाल 30 सितंबर, 2022 तक रहेगा।
  वह वर्ष 1986 बैच के पश्चिम बंगाल कैडर के अधिकारी हैं।
  इस पद पर वह ए.पी. माहेश्वरी का स्थान लेंगे
  सीआरपीएफ के बारे में
  यह आंतरिक सुरक्षा के लिए देश का प्रमुख पुलिस बल है।
  यह सबसे पुराने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों में से एक है, जिसे 1939 में क्राउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के रूप में गठित किया गया था।

आजादी के बाद 28 दिसंबर, 1949 को संसद के एक अधिनियम द्वारा इस बल का नाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/ma-ganapathy-appointed-nsg-chief-kuldiep-singh-to-head-crpf-11615913486684.html
https://crpf.gov.in/

अमेरिकी राष्ट्रपति के नए उप सहायक और व्हाइट हाउस सैन्य कार्यालय के नए निदेशक

प्रश्न-मार्च, 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन किस भारतीय-अमेरिकी को अपना उप सहायक और व्हाइट हाउस सैन्य कार्यालय (WHMO) का निदेशक नियुक्त किया?

(a) राघव चौहान (b) राहुल दुबे (c) माजू वर्गीज (d) दिनेश वर्गीज

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय-अमेरिकी माजू वर्गीज को अपना उप सहायक और व्हाइट हाउस सैन्य कार्यालय (WHMO) का निदेशक नियुक्त किया।
- इससे पूर्व वह बाइडेन के चुनाव अभियान एवं शपथ ग्रहण समिति में भी अहम सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं।
- उल्लेखनीय है कि WHMO व्हाइट हाउस में ही एक कार्यालय है, जो व्हाइट हाउस के कामकाज के लिए खाद्य सेवा, राष्ट्रपति के लिए परिवहन, आपातकालीन चिकित्सा सेवा एवं सत्कार सेवा को शामिल करते हुए सैन्य मदद मुहैया कराता है।
- WHMO निदेशक अमेरिकी राष्ट्रपति की विश्व भर में यात्रा के दौरान 'एयरफोर्स वन' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक विमान) में सभी सैन्य परिचालन देखता है।
- माजू वर्गीज का जन्म अमेरिका में ही हुआ था।
- उनके माता-पिता केरल के तिरुवला से यहां आए थे।
- उन्होंने मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र एवं अर्थशास्त्र विषय में स्नातक किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/nri/migrate/indian-american-appointed-deputy-assistant-to-president-biden-and-whmo-director/articleshow/81292254.cms?from=mdr

यूएनएफपीए की नई गुडविल एंबेसेडर

प्रश्न-24 फरवरी, 2021 को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य मामलों पर संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनएफपीए ने किसे अपनी नई एंबेसेडर नियुक्त किया?

(a) नतालिया वोदियानोवा (b) प्रियंका चोपड़ा (c) प्रीती सिन्हा (d) अर्चना सोरेंग

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2021 को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य मामलों पर संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी UNFPA (United Nations Population Fund) ने रूस की सुपरमॉडल और जन सरोकारों से जुड़ी नतालिया वोदियानोवा को अपनी नई गुडविल एंबेसेडर नियुक्त किया।
- UNFPA, उनकी मदद से महिलाओं एवं लड़कियों को सशक्त बनाने और माहवारी से जुड़ी वर्जनाओं का मुकाबला करने का प्रयास किया जाएगा।
- यूएनएफपीए के अनुसार, सामान्यत: किसी एक दिन में, 15 से 49 आयु वर्ग में 80 करोड़ से ज्यादा महिलाओं व लड़कियों को माहवारी होती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/magazines/panache/russian-supermodel-natalia-vodianova-named-new-un-goodwill-ambassador/articleshow/81207840.cms?from=mdr#:~:text=ADD%20COMMENT-,UNITED%20NATIONS%3A%20Russian%20supermodel%20and%20philanthropist%20Natalia%20Vodianova%20became%20a,a%20campaigner%20for%20the%20U.N.

इटली के नए प्रधानमंत्री

प्रश्न-13 फरवरी, 2021 को किसने इटली के नए प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया।

(a) सर्जियो मट्टरेल्ला (b) क्रिस्टिन लैगार्डे (c) मारियो द्राघी (d) गुइसेपे कोंटे

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 13 फरवरी, 2021 को मारियो द्राघी (Mario Draghi) ने इटली के नए प्रधानमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- इससे पूर्व वह 1 नवंबर, 2011 से 31 अक्टूबर 2019 तक यूरोपियन सेंट्रल बैंक के अध्यक्ष थे।
- वह वर्ष 2006-2011 तक बैंक ऑफ इटली के गवर्नर भी थे।
- इस पद पर इन्होनें गुइसेपे कोंटे (Giuseppe Conte) का स्थान लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/international/draghi-sworn-in-as-italys-new-pm-as-country-hopes-to-turn-page/article33831470.ece

देश के नए मुख्य सांख्यिकीविद

प्रश्न-10 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार ने किसे देश का नया मुख्य सांख्यिकीविद नियुक्त किया?

(a) डॉ. क्षत्रपति शिवाजी (b) डॉ. जीपी सामंत

(c) डॉ. उर्जित पटेल (d) डॉ. राकेश मंडल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार ने डॉ. जीपी सामंत को देश का नया मुख्य सांख्यिकीविद नियुक्त किया।
- इससे पूर्व उन्हें आरबीआई में सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग में सलाहकार के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था।
- उनका कार्यकाल 2 वर्ष का होगा।
- इस पद पर वह डॉ. क्षत्रपति शिवाजी का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/govt-appoints-gp-samanta-as-new-chief-statistician/articleshow/81429687.cms

टाटा मोटर्स लि. के नए एमडी एवं सीईओ

प्रश्न-फरवरी, 2021 में कौन टाटा मोटर्स लि. के नए एमडी एवं सीईओ नियुक्त हुए?

(a) रवि कृष्णमूर्ति (b) विशाल अग्रवाल (c) मार्क लिस्टोसेला (d) गुएनटंर बुटसचेक

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में मार्क एल लिस्टोसेला (Marc Llistosella) टाटा मोटर्स लि. के नए प्रबंध निर्देशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए।
- उनका कार्यकाल 1 जुलाई, 2021 से प्रारंभ होगा।

- वह फ्यूसो (Fuso) ट्रक एंड बस कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और सीईओ और एशिया में डायमलर ट्रक्स (Daimler Trucks) के प्रमुख थे।
- इससे पूर्व वह डायमलर इंडिया कामर्शियल वेहिकल्स प्रा. लि. के सीईओ भी थे।
- इस पद पर वह गुएंटर बुट्सचेक (Guenter Bustchek) का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/business/Illistosella-is-new-ceo-of-tata-motors/article33824712.ece

लेवी के वैश्विक ब्रांड एंबेसेडर की नियुक्ति

प्रश्न-लेवी ने किस बालीवुड अभिनेत्री को अपना वैश्विक ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त करने की घोषणा की है?

(a) ऐश्वर्या राय बच्चन (b) दीपिका पादुकोण (c) अनुष्का शर्मा (d) जैकलिन फर्नांडीज

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी 2021 को वस्त्र निर्मात्री कंपनी लेवी (Levis) ने आधिकारिक रूप से दीपिका पादुकोण, को अपना वैश्विक ब्रांड एंबेस्डर नियुक्त करने की घोषणा की।
- दीपिका पादुकोण, भारत में ब्रांड का चेहरा बनने वाली पहली महिला सेलेब्रिटी है। महिला अभिनेत्री है।ध्यातव्य हो कि लेवी एक अमेरिकी डेनिम ब्रांड है, जिसने 25 साल पहले भारत में निवेश आरंभ किया था।
- हालांकि कंपनी का बिजनेस कोविड- 19 महामारी के कारण भारत में प्रभावित हुआ है।
- वित्तीय वर्ष 2020 की समाप्ति के साथ लेवी का भारत में राजस्व की प्राप्ति 1,122.57 करोड़ अंतिम राजकोषीय लाभ की प्राप्ति हुई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/companies/news/levis-appoints-deepika-padukone-as-global-brand-ambassador-11614150178528.html

टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति के नए अध्यक्ष

प्रश्न-18 फरवरी, 2021 को किसे टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति का नया अध्यक्ष चुना गया है?

(a) योशिरी मोदी (b) योशीहिदे सुगा (c) सीको हाशीमोतो (d) युकियो हतोयामा

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2021 को टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति की पुरुष प्रधान कार्यकारी बोर्ड की बैठक में सीको हाशीमोतो को टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति का नया अध्यक्ष चुना गया है।
- वह मोरी योशिरी का स्थान ग्रहण करेंगी, जिन्होंने महिलाओं के संबद्ध में अभद्र टिप्पणी के कारण विगत सप्ताह त्याग पत्र दे दिया था।
- हाशीमोतो वर्तमान में प्रधामनंत्री योशीहिदे सुगा की कैबिनेट में ओलंपिक मंत्री पद पर हैं और उनके पास लैंगिक समानता और महिला शक्तिकरण से जुड़ा विभाग भी है।
- वह तीन ग्रीष्मकालीन ओलंपिक (वर्ष 1988, 1992,1996) और चार शीतकालीन ओलंपिक (वर्ष 1984,1988,1992 और 1994) में भाग ले चुकी हैं।
- उन्होंने वर्ष 1992 में स्पीडस्केटिंग में 1500 मीटर में कांस्य पदक जीता था, जो ओलंपिक में उनके द्वारा विजित एकमात्र पदक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.olympic.org/news/ioc-statement-on-the-appointment-of-hashimoto-seiko-as-tokyo-2020-president

उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री

प्रश्न-10 मार्च, 2021 को किसने उत्तराखंड के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया?

(a) दुष्यंत कुमार गौतम (b) तीरथ सिंह रावत

(c) भुवन चंद्र खंडूरी (d) दिनेश सिंह

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को तीरथ सिंह रावत ने उत्तराखंड के 10वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया।
- राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- इस पद पर इन्होंने त्रिवेंद्र सिंह रावत का स्थान लिया।
- वह वर्ष 2019 में गढ़वाल लोकसभा सीट से सांसद थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/politics/news/uttarakhand-bjp-mp-tirath-singh-rawat-takes-oath-as-cm-11615372950024.html

कैप्टन सतीश शर्मा

प्रश्न-17 फरवरी, 2021 कैप्टन सतीश शर्मा का निधन हो गया। वह थे-

(a) अभिनेता (b) राजनेता (c) इतिहासकार (d) पर्यावरणविद्

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2021 को कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कैप्टन सतीश शर्मा का निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे।
- 11 अक्टूबर, 1947 को सिकंदराबाद (आंध्र प्रदेश) में जन्में वह एक पेशेवर वाणिज्यिक पायलट थे।
- वह नरसिम्हा राव सरकार में वर्ष 1993 से 1996 तक केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री रहे।
- वह वर्ष 1991-1998 तक अमेठी तथा वर्ष 1998 से 2004 तक रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/former-congress-mp-satish-sharma-dies-at-732021021803471 8/

संयुक्त राष्ट्र पूंजी विकास कोष की नई कार्यकारी सचिव

प्रश्न-15 फरवरी, 2021 को भारतीय मूल की किस महिला को संयुक्त राष्ट्र पूंजी विकास कोष (UNCDF) का कार्यकारी सचिव नियुक्त किया गया?

(a) प्रीती सिन्हा (b) रजनी सिन्हा (c) प्रोणिता गुप्ता (d) अंजू भट्टाचार्या

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को भारतीय मूल की इन्वेस्टमेंट एंड डेवलपमेंट बैंकर प्रीती सिन्हा को संयुक्त राष्ट्र पूंजी विकास कोष (UNCDF: United Nations Capital Development Fund) का कार्यकारी सचिव नियुक्त किया गया।
- इस पद पर उन्होंने जूडिथ कार्ल का स्थान लिया।
- वह जेनेवा में एक विशेषज्ञ विकास वित्त, फर्म, एफएफडी फाइनेंसिंग फॉर डेवलपमेंट एलएलसी की सीईओ और अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुकी है।
- यूएनसीडीएफ के बारे में

- यह विश्व के 46 सबसे कम विकसित देश (LDCs: Least Development Countries) के लिए वित्त का काम करता है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1966 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क (USA) में हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.uncdf.org/article/6505/announcement-of-preeti-sinha-as-executive-secretary

मध्य प्रदेश विधानसभा के नए अध्यक्ष

प्रश्न-22 फरवरी, 2021 को किसे सर्वसम्मति से मध्य प्रदेश विधानसभा का नया अध्यक्ष चुना गया?

(a) जगदीश देवड़ा (b) रामेश्वर शर्मा

(c) गिरीश गौतम (d) नर्मदा प्रसाद प्रजापति

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2021 को भारतीय जनता पार्टी के विधायक गिरीश गौतम मध्य प्रदेश विधानसभा के नए अध्यक्ष चुने गए।
- इस पद पर उन्होंने नर्मदा प्रसाद प्रजापति का स्थान लिया, जो 8 जनवरी, 2019 से 23 मार्च, 2020तक विधानसभा के अध्यक्ष रहे।
- इसके बाद 2 जुलाई, 2020 से 22 फरवरी, 2021 तक रामेश्वर शर्मा सामयिक अध्यक्ष (Protem Speaker) रहे।
- वह रीवा जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/bjps-girish-goutam-unanimously-elected-speaker-of-madhya-pradesh-assembly/article33903754.ece

किरण आहूजा

प्रश्न-फरवरी, 2021 में भारतीय मूल की वकील किरण आहूजा किस देश के कार्मिक प्रबंधन कार्यालय की प्रमुख के तौर पर नामित हुई हैं?

(a) न्यूजीलैंड (b) सिंगापुर (c) ब्रिटेन (d) अमेरिका



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल की वकील किरण आहूजा को कार्मिक प्रबंधन कार्यालय की प्रमुख के तौर पर नामित किया।
- यदि उनके नामांकन को सीनेट की मंजूरी मिल जाती है, तो वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली भारतीय अमेरिकी व्यक्ति होंगी।
- उल्लेखनीय है कि कार्मिक प्रबंधन कार्यालय, अमेरिका में 20 लाख से अधिक सिविल सेवा अधिकारियों के प्रबंधन का कामकाज देखता है।
- वर्तमान में वह 'फिलेनथ्रोपी नार्थवेस्ट' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं, जो परोपकारी संस्थाओं का एक क्षेत्रीय नेटवर्क है।
- उन्होंने वर्ष 2015-17 तक कार्मिक प्रबंधन कार्यालय के निदेशक के चीफ ऑफ स्टॉफ के तौर काम किया था।
- उन्होंने अमेरिका के न्याय मंत्रालय में नागरिक अधिकारों की वकील के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/world/joe-biden-nominates-indian-american-lawyer-kiran-ahuja-to-head-office-of-personnel-management-7202162/

चर्चित स्थल

सैंगे ज्वालामुखी

प्रश्न-11 मार्च, 2021 को सैंगे ज्वालामुखी (Sangay Volcano) में विस्फोट हुआ। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?

(a) इटली (b) इंडोनेशिया (c) जापान (d) इक्वाडोर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11 मार्च, 2021 को इक्वाडोर में स्थित सैंगे ज्वालामुखी (Sangay Volcano) में विस्फोट प्रारंभ हुआ।विस्फोट के बाद आकाश में 8500 मीटर (लगभग 28,890 फीट) की ऊंचाई तक राख के बादल छा गए।

- विस्फोट के बाद चिम्बोराजो प्रांत की राजधानी रिओबाम्बा में आकाश राख के बादल से घिर गया था।रिओबाम्बा इस ज्वालामुखी से कम से कम 50 किमी. की दूरी पर स्थित है।
- ज्वालामुखी से निकली राख ने कई क्षेत्रों में फसलों और मवेशियों को नुकसान पहुंचाया है।
- यह लगभग 5230 मीटर (17,159 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है।
- विश्वभर में सबसे अधिक सक्रिय ज्वालामुखियों में एक यह ज्वालामुखी इक्वाडोर में सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है।यह ज्वालामुखी मोरोना सैंटियागो प्रांत में एक जंगल में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/world/ecuadors-sangay-volcano-erupts-ash-8-kilometers-7225406/

उत्तर प्रदेश में संचालित 8वां हवाई अड्डा

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को नव उन्नत बरेली हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस हवाई अड्डे के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 8 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बरेली हवाई अड्डे से पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

(b) यह उत्तर प्रदेश में संचालित होने वाला 8 वां हवाई अड्डा है।

(c) इस अवाई अड्डे को उड़ान (UDAN) आरसीएस (RCS) के तहत वाणिज्यिक उड़ान संचालन हेतु अपग्रेड किया गया है।

(d) बरेली हवाई अड्डा उड़ान (UDAN) के तहत संचालित होने वाला 65 वां हवाई अड्डा है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नव उन्नत बरेली हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इसके साथ ही लखनऊ, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर, कानपुर प्रयागराज और हिडन के बाद बरेली उत्तर प्रदेश में संचालित होने वाला 8 वां हवाई अड्डा बन गया है।इस अवाई अड्डे को उड़ान (UDAN)-आरसीएस (RCS) योजना के तहत वाणिज्यिक उड़ान संचालन के लिए अपग्रेड (उन्नत) किया गया है।बरेली हवाई अड्डा उड़ान (UDAN) के तहत संचालित होने वाला 56 वां हवाई अड्डा है।

देसिकन भवन

प्रश्न-6 मार्च, 2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हषर्वधन ने कहां स्थित आईसीएमआर-एनजेआईएल और ओएमडी, में कोविड-19 की नैदानिक सुविधा से सुसज्जित नए अनुसंधान भवन 'देसिकन भवन' का उद्घाटन किया?

(a) नई दिल्ली (b) आगरा (c) लखनऊ (d) नोएडा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6 मार्च, 2021 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने आगरा, उत्तर प्रदेश में आईसीएमआर-एनजेआईएल और ओएमडी में कोविड-19 की नैदानिक सुविधा से सुसज्जित नए अनुसंधान भवन-'देसिकन भवन' का उद्घाटन किया।
- इस नए भवन का नाम संस्थान के पहले निदेशक डॉ.के. वी. देसिकन के नाम पर रखा गया है।
- यह भवन पशु प्रयोगों, कोविड-19 नमूनों की जांच, विभिन्न माइकोहेक्टीरियु के पूरे जीनोम अनुक्रमण तपेदिक रोधी दवा के विकास के लिए औषधीय पौधों से प्रजातियों ओर फाइटोकेमिकल निष्कर्षण जैसी अनुसंधान सुविधाओं हेतु समर्पित है।
- यह कोविड परीक्षण प्रयोगशाला बायो सुरक्षा स्तर-II (बीएसए-1) कैबिनेट्स, स्वचालित आरएनए निष्कर्षक और रियल टाइम पीसीआर मशीनों से युक्त है, जिसके साथ परीक्षण के परिणाम एक दिन के भीतर प्राप्त हो जाते हैं।
- उल्लेखनीय है कि आईसीएमआर-नेशनल जालमा इंस्टीट्यूट फॉर लेप्रोसी एंड अदर माइकोबैक्टिरयल डिजीज अर्थात राष्ट्रीय जालमा कुष्ठ रोग और अन्य माइकोबैक्टिरियल रोग संस्थान, आगरा को वर्ष 1967 में एशिया के लिए जापान कुष्ठ रोग अभियान (जेएएलएएमए) द्वारा स्थापित किया गया था।
- वर्ष 1976 में यह संस्थान भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद को सौंप दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1702885

रुस में भारत का ऊर्जा कार्यालय

प्रश्न-2 मार्च, 2021 को भारत ने प्रसिद्ध लैंडमार्क फेडरेशन टॉवर में 'भारत ऊर्जा कार्यालय' खोला जो स्थित है?

(a) मास्को (b) लेनिनग्राद (c) सेंट पीट्सबर्ग (d) वोल्गाग्राद

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 मार्च, 2021 को भारत ने मास्को के प्रसिद्ध लैंडमार्क फेडरेशन टॉवर में एक 'ऊर्जा कार्यालय' (Energy Office) खोला है।
- इस कार्यालय में 5 शीर्ष भारतीय ऊर्जा सार्वजनिक उपक्रमों की उपस्थिति होगी।
- इन ऊर्जा सार्वजनिक उपक्रमों में ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, गेल (इंडिया), ऑयल इंडिया लिमिटेड और इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड शामिल हैं।
- यह कार्यालय उद्घाटन भारत के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव तरुण कपूर ने किया।
- इस वर्ष के अंत में रुसी राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान ऊर्जा क्षेत्र में भारत और रूस के बीच सहयोग का मुख्य विषय होगा।
- रूसी राष्ट्रपति इस वर्ष के अंत में वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन और ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा करेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/energy/oil-gas/india-opens-energy-office-in-moscow-to-expand-investments-and-procurement/articleshow/81298326.cms?from=mdr

पूर्वी भारत का पहला कौशल विश्वविद्यालय

प्रश्न-पूर्वी भारत के पहले कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना असम के किस जिले में की जा रही है?

(a) दारांग (b) धेमाजी (c) डिब्रूगढ़ (d) लखीमपुर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने दरांग (Darrang) जिले में पूर्वी भारत के पहले कौशल विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी।
- इस कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य 12 विषयों में 10,000 से अधिक छात्रों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है।
- यह 1000 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ बनाया जाएगा।
- इस विश्वविद्यालय के वर्ष 2026 तक बनकर तैयार होने की उम्मीद है।

- यह विश्वविद्यालय जर्मनी, ताइवान, दक्षिण कोरिया, इस्राइल, जापान और इंग्लैंड जैसे देशों के साथ समझौता करेगा।
- यह भारत में स्थापित तीसरा कौशल विश्वविद्यालय होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/education/assam-cm-sonowal-lays-foundation-of-first-skill-university-of-eastern-india-101613459368639.html

पुष्प प्रसंस्करण केंद्र

प्रश्न-फरवरी, 2021 में किस राज्य के बागवानी विभाग ने राज्य में पुष्पों को विभिन्न उपयोगी उत्पादों में बदलने हेतु एक पुष्प प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है?

(a) हिमाचल प्रदेश (b) उत्तराखंड (c) कर्नाटक (d) केरल

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में कर्नाटक के बागवानी विभाग ने राज्य में पुष्पों को विभिन्न उपयोगी उत्पादों में बदलने हेतु एक पुष्प प्रसंस्करण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है।
- यह केंद्र इंटरनेशनल फ्लावर ऑक्शन बंगलुरू (IFAB) के सहयोग से स्थापित किया जाएगा।
- यह उष्मायन केंद्र पुष्पों को संसधित करेगा और उन्हें कॉस्मेटिक उपयोग के लिए प्राकृतिक रंजक, फ्लोरल पेपर्स, अगरबत्ती और फूल की पंखुड़ी पाउडर जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों में परिवर्तित करेगा।
- यह केंद्र सभी प्रकार के फूलों को प्रसंस्करित करने में सक्षम होगा।
- यह केंद्र इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है कि राज्य में फूलों का उत्पादन काफी अधिक होने अथवा किसी अन्य बाजार व्यवधान के कारण किसानों को नुकसान का सामना नहीं करना पड़ेगा।
- कर्नाटक में लगभग 18,000 हेक्टेयर भूमि पर फूलों का उत्पादन किया जाता है।
- यह भारत में फूलों के कुल उत्पादन में प्रयोग किए जाने वाले क्षेत्र का कुल 14 प्रतिशत हिस्सा कवर करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/karnataka/karnataka-set-to-add-value-to-its-flower-power/article33908566.ece

दो प्रौद्योगिकी केंद्रों का उद्घाटन

प्रश्न-10 मार्च, 2021 को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने एमएसएमई क्षेत्र के दो टेक्नोचलॉजी केंद्रों का वर्चुअली उद्घाटन किया। दोनों प्रौद्योगिकी केंद्र कहां बनाए गए हैं?

(a) श्रीनगर और जयपुर (b) जयपुर और नागपुर

(c) विशाखापत्त नम और भोपाल (d) चेन्नाई और बंगलुरू

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी प्रौद्योगिकी केंद्रों के ने एमएसएमई क्षेत्र के दो प्रौद्योगिकी केंद्रों और तीन बड़े प्रौद्योगिकी केंद्रों के विस्तार केंद्रों का वर्चुअली उद्घाटन किया।
- यह दो प्रौद्योगिक केंद्र विशाखापत्तमनम और भोपाल में बनाए गए हैं।
- देशभर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने हेतु टेक्नोकलॉजी सेंटर सिस्टम प्रोग्राम की शुरुआत की गई है।
- इस अवसर पर गडकरी ने ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और सूदूरवर्ती क्षेत्रों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मदद पहुंचाने के लिए सात मोबाइल उद्यम एक्सकप्रेस की भी शुरुआत की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703731

देश में पूर्णत: महिलाओं द्वारा संचालित दो पासपोर्ट सेवा केंद्र

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने मंत्रालय के प्रमुख पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम के तहत दो पासपोर्ट सेवा केंद्रों का अनावरण किया, जहां सभी कर्मचारी महिलाएं । यह दानों पासपोर्ट सेवा केंद्र किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित हैं?

(a) नई दिल्लीा एवं केरल (b) नई दिल्लीा एवं तमिलनाडु

(c) उत्तार प्रदेश एवं बिहार (d) केरल एवं आंध्र प्रदेश

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने मंत्रालय के प्रमुख पासपोर्ट कार्यक्रम के तहत दो पासपोर्ट सेवा केंद्रों का अनावरण किया।

- दो पासपोर्ट सेवा केंद्रों में एक पासपोर्ट सेवा केंद्र आरके पुरम, भीकाजा कामा प्ले स, नई दिल्लीर और दूसरा त्रिपुनिथुरा, कोचीन, केरल में स्थित है।
- इन दोनों पासपोर्ट सेवा केंद्रों में सभी कर्मचारी महिलाएं होंगी

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/Speeches-Statements.htm?dtl/33597/Remarks_by_Shri_V_Muraleedharan_MOS_for_External_Affairs_and_Parliamentary_Affairs_on_transformation_of_Passport_Seva_Kendras_at_Bhikaji_Cama_Place_RK

सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन गेमिंग

प्रश्न-फरवरी, 2021 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के सहयोग से गेमिंग तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों में 'सेंटर फॉर एक्सीलेंस' की स्थापना करने का निर्णय किया है?'

(a) आईआईटी , दिल्ली (b) आईआईटी, मद्रास (c) आईआईटी बॉम्बे

(d) आईआईटी खड़गपुर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 28 फरवरी, 2021 को केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने जानकारी प्रदान की कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के सहयोग से गेमिंग तथा अन्य संबंधित क्षेत्रों में 'सेंटर फॉर एक्सीलेंस' की स्थापना करने का निर्णय किया है।
- इसके अतिरिक्त आईआईटी, बॉम्बे द्वारा वीएफएक्स (VFX) गेमिंग और एनिमेशन के क्षेत्र में एक पाठ्यक्रम की भी शुरुआत की जाएगी।'सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन गेमिंग' के तहत नए ऑनलाइन खेलों के विकास को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा, जिससे भारतीय सांस्कृतिक लोकाचार को बढ़ावा दिया जा सके।यह सेंटर भारत में होने वाले गेम डेवलपमेंट को भी बढ़ावा देगा।इस पहल के कारण भारत के गेमिंग उद्योग के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।इस सेंटर के माध्यम से भारत की समृद्ध संस्कृति और पारंपरिक मूल्यों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा तथा अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/govt-to-form-centre-of-excellence-in-gaming-in-collaboration-with-iit-b-javadekar-11614532649667.html

उदयपुर विज्ञान केन्द्र

प्रश्न-28 फरवरी, 2021 को किस राज्य में उदयपुर विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन किया है?

(a) राजस्थान (b) त्रिपुरा (c) सिक्किम (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 फरवरी, 2021 को त्रिपुरा के राज्यपाल रमेश बैस ने त्रिपुरा में उदयपुर विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन किया।
- उदयपुर विज्ञान केन्द्र 22 वां केन्द्र है, जिसे राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) द्वारा विकसित करके राज्य सरकार को सौंपा गया है।
- संस्कृति मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विज्ञान संस्कृति को बढ़ावा देने की योजना के तहत राज्य सरकारों को विज्ञान केन्द्र सुपुर्द किए जा रहें हैं।
- इस विज्ञान केन्द्र की निर्माण लागत राशि 6 करोड़ रुपये है।
- यह राशि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के साथ-साथ त्रिपुरा के विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान की गई है।
- एनसीएसएम द्वारा सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों में विज्ञान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।
- इस अवसर पर उन्होंने जानकारी प्रदान की कि एनसीएसएम वर्ष 2021 के दौरान भारत के विभिन्न हिस्सों में 4 और नए विज्ञान केन्द्र खोलेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/videos/national/science-centre-worth-rs-6-crore-inaugurated-tripura/

एशिया के सबसे बड़े कैटल पार्क का उद्घाटन

प्रश्न-फरवरी, 2021 में उद्घाटन किए गए एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड रिसर्च ऑन लाइवस्टाक एण्ड एनिमल साइंस नामक एशिया के सबसे बड़े कैटल पार्क के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) इस पार्क का निर्माण उत्तर प्रदेश के लखनऊ में किया जा रहा है।

(2) इस पार्क की अनुमानित लागत राशि 1023 करोड़ रुपये है।

(3) इस पार्क का निर्माण 1100 एकड़ क्षेत्रफल में किया जाएगा।

(4) इस पार्क में तीन परिसरों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें से प्रथम आधुनिक सुविधाओं से युक्त पशु चिकित्सालय है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों में से सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1, 2, एवं 3 (b) 2, 3 एवं 4 (c) 1, 3, एवं 4 (d) 1 एवं 2

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2021 को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एडाप्पडी के पलानीस्वामी पार्क 'एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड रिसर्च ऑन लाइवस्टॉक एण्ड एनिमल साइंस' (AIIRLAS) का उद्घाटन किया है।
- इस कैटल पार्क की लागत राशि अनुमानत: 1023 करोड़ रुपये है।
- उक्त पार्क का निर्माण 1100 एकड़ क्षेत्रफल में किया जाएगा।
- इस पार्क का निर्माण अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप किया जाएगा तथा इसमें पशुपालन, डेयरी पालन तथा मत्स्य-पालन से संबंधित प्रौद्योगिकी को शामिल किया जाएगा।
- इस पार्क में तीन परिसर का निर्माण किया जाएगा, जिनमें से पहला आधुनिक सुविधाओं से युक्त पशु चिकित्सालय है।
- दूसरे परिसर में दूध, मांस, मछली, तथा अंडे के प्रसंस्करण तथा उत्पादों के मूल्य-संवर्धन एवं विपणन के लिए आधुनिक सुविधाएं होंगी।
- तीसरे परिसर में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, तमिलनाडु के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पशु चिकित्सा से संबंधित छात्रों को प्रशिक्षित करने तथा अनुसंधान के क्षेत्र में सक्षम बनाने हेतु एक बिजनेश इन्क्यूवेशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि इस पार्क में स्थापित तीसरा परिसर प्रशिक्षण, शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/states/tamil-nadu/2021/feb/23/eps-inaugurates-asias-largest-livestock-research-centre-in-salem-2267613.html

होशंगाबाद शहर के नाम में परिवर्तन

प्रश्न-हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किस शहर का नाम बदल कर नर्मदापुरम रखने की घोषणा की गयी है?

(a) होशंगाबाद (b) जबलपुर (c) उमरिया (d) बुरहानपुर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा होशंगाबाद शहर का नाम बदलकर नर्मदापुरम रखने की घोषणा की गयी है।ध्यातव्य हो कि नाम बदले का प्रस्ताव केंद्र को भेजा जा चुका है।
- मध्य प्रदेश सरकार द्वारा यह घोषणा नर्मदा जयंती कार्यक्रम के दौरान की गयी।
- इस शहर का नाम होशंगशाह के नाम पर रखा गया था जो कि एक हमलावर था।
- ऐतिहासिक दृष्टिकोण से जिला नर्वदा (नर्मदा) प्रभाग एवं बरार का हिस्सा था।
- होशंगाबाद की प्रसिद्धि नर्मदा नदी के सुंदर घाटों से है। जिसमें सेङ्गानी घाट प्रमुख आकर्षण है।
- नर्मदा नदी को मध्य प्रदेश की जीवन रेखा माना जाता है।नर्मदा भारत की पांचवीं सबसे बड़ी नदी है।इसके किनारे पर बसे शहर हैं-जबलपुर, होशंगाबाद, मंडला, महेश्वर,ओंकारेश्वर, नरसिंहपुर और झाबुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/cities/bhopal-news/hoshangabad-in-madhya-pradesh-to-be-renamed-as-narmadapuram-says-cm-chouhan-101613822623282.html

स्वच्छ आइकॉनिक स्थलों के चयन की घोषणा

प्रश्न-25 फरवरी, 2021 को जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छ आइकॉनिक स्थल उपक्रम के चौथे चरण में कितने प्रतिष्ङ्खित आइकॉनिक स्थलों के चयन की घोषणा की है?

(a) 15 (b) 12
(c) 18 (d) 10

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2021 को जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छ आइकॉनिक स्थल उपक्रम के चौथे चरण में 12 प्रतिष्ङ्खित आइकॉनिक स्थलों के चयन की घोषणा की।
- 12 प्रतिष्ठित आइकॉनिक स्थल इस प्रकार हैं–

1. अजंता गुफाएं, महाराष्ट्र
2. सांची स्तूप, म.प्र.
3. कुंभलगढ़ किला, राजस्थान

4. जैसलमेर किला, राजस्थान

5. रामदेवरा, जैसलमेर, राजस्थान

6. गोलकुंडा फोर्ट, हैदराबाद, तेलंगाना

7. सूर्य मंदिर, कोणार्क, ओडिशा

8. रॉक गॉर्डन, चंडीगढ़

9. डल झील, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर

10. बांके बिहारी मंदिर, मथुरा, उत्तर प्रदेश

11. आगरा का किला, आगरा, उत्तर प्रदेश

12. कालीघाट मंदिर, पश्चिम बंगाल

- उल्लेखनीय है कि स्वच्छ आइकॉनिक स्थल योजना को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत पेयजल और स्वच्छता विभाग (जल शक्ति मंत्रालय) द्वारा वर्ष 2016 में शुरू किया गया था।
- इस योजना का लक्ष्य इन स्थलों और उनके आस-पास स्वच्छता और सफाई के मानकों में सुधार कर यहां पहुंचने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और अनुभव प्रदान करना है।
- जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और संबंधित राज्य,केंद्रशासित क्षेत्र की सरकारों के सहयोग से इस परियोजना का संचालन किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700780#:~:text=Taking%20forward%20the%20vision%20of,Water%20and%20Sanitation%20(DDWS)%2C

नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम

प्रश्न-24 फरवरी, 2021 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अहमदाबाद के मोटेरा में दर्शक क्षमता की दृष्टि से विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया। इस स्टेडियम का क्या नाम रखा गया है?

(a) सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम (b) मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम

(c) नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम (d) महात्मा गांधी क्रिकेट स्टेडियम

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अहमदाबाद के मोटेरा में नव-निर्मित दर्शक क्षमता की दृष्टि से विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया।
- इस स्टेडियम का नाम नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम रखा गया है।
- इस स्टेडियम में 1.32 लाख दर्शक बैड्ग सकेंगे।
- इस स्टेडियम में 11 पिच है, जो विश्व के किसी अन्य स्टेडियम में नहीं है।
- विश्व का यह सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम सरदार वल्लभ भाई पटेल संकुल (Enclave) के ही अंतर्गत आता है।
- इस अवसर पर राष्ट्रपति ने नव-निर्मित स्टेडियम में सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव की आधारशिला रखी।
- यह स्पोर्ट्स एन्क्लेव 233 एकड़ भूमि पर निर्मित किया जाएगा।
- यह देश का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स एन्क्लेव होगा।
- इसमें सभी विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं होंगी।
- स्पोर्ट्स एन्क्लेव में कुल 20 स्टेडियम बनेगे और जिन खिलाड़ियों ने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है उन सभी के नाम पर इसका नामकरण किया जाएगा।
- यहां पर लगभग 3000 अपार्टमेंट बनाए जाऐंगे, जिसमें 12500 बच्चें रहेंगे।
- इस प्रोजेक्ट की कुल लागत राशि 4600 करोड़ रुपये है, जिसमें 3200 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 1400 करोड़ रुपये का पब्लिक पार्टनरशिप होगा।
- साथ ही नारायणपुरा में 18 एकड़ में एक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स भी बनाया जाएगा।
- उद्घाटन के बाद पहली बार इस स्टेडियम में पिंक गेंद से भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है।
- कपिलदेव ने सर्वाधिक 431 विकेट लेने के रिचर्ड हेडली के रिकॉर्ड को इसी मैदान पर तोड़ा था।
- सुनील गावस्कर ने 10000 रन इसी मैदान पर पूरे किए थे।

- सचिन तेंदुलकर ने वनडे मैचों में 18,000 रन और क्रिकेट कॅरियर में अपने 20 वर्ष इसी स्टेडियम में पूरे किए थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700417

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान

प्रश्न-23 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किस आईआईटी संस्थान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान का उद्घाटन किया?

(a) आईआईटी, रुड़की (b) आईआईटी, भोपाल

(c) आईआईटी, मद्रास (d) आईआईटी, खड़गपुर

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आईआईटी, खड़गपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान का उद्घाटन किया।
- इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से आईआईटी, खड़गपुर द्वारा की गई है।
- यह अस्पताल जीव चिकित्सा, नैदानिक और ट्रांसलेशनल रिसर्च, रिमोट डायग्नोटिक्स, टेलीमेडिसिन, टेलीरेडियोलॉजी के साथ-साथ दवा डिजाइन और वितरण संबंधी शोध पर ध्यान केंद्रित करेगा।स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के अलावा एमबीबीएस पाठ्यक्रम शैक्षणिक वर्ष 2021-22 से शुरू होने की उम्मीद है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700149

ट्री सिटी ऑफ दि वर्ल्ड-2020

प्रश्न-हाल ही में भारत के किस शहर को ट्री सिटी ऑफ दि वर्ल्ड के रूप में मान्यता मिली है?

(a) अहमदाबाद (b) हैदराबाद (c) लखनऊ (d) बैंगलोर

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 4 फरवरी, 2021 को भारतीय शहर हैदराबाद को 'ट्री सिटी ऑफ दि वर्ल्ड' 2020 के रूप में मान्यता दी गयी।
- यह मान्यता संयुक्त राष्ट्र (United Nation) के आर्बर डे फाउंडेशन (Arbor Day Foundition) एवं खाद्य एवं कृषि संगठन (Food and Agriculture Organisation) द्वारा प्रदान किया गया।
- यह मान्यता का प्रावधान विशेष रूप से उन शहरों के लिए है, जो शहरी वन के विकास और रख-रखाव के लिए तथा उसमें योगदान एवं प्रतिबद्धता के लिए तत्पर रहते हैं।
- हैदराबाद भारत का पहला और एकमात्र शहर बन गया है, जिसे यह मान्यता प्राप्त हुई है।
- हैदराबाद के साथ-साथ विश्व के 51 अन्य शहरों को भी 'ट्री सिटी ऑफ दी वर्ल्ड' घोषित किया गया है, जिनमें से अधिकांश शहर अमेरिका, यूके, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया से हैं।
- इसके अंतर्गत एक शहर का मूल्यांकन निम्न मानकों के आधार पर की जाती है-उत्तरदायित्व स्थापित करना, नियम निर्धारित करना, आपके पास क्या है यह जानना तथा संसाधनों का आवंटन
- हैदराबाद एकमात्र ऐसा शहर है, जिसे उसके 'हरित हरम कार्यक्रम' और 'अर्बन फॉरेस्ट्स पार्कों' के माध्यम से शहरी वानिकी को बढ़ावा देने के लिये चयनित किया गया है।
- इस कार्यक्रम की शुरुआत वर्ष 2019 में आर्बर के फाउंडेशन द्वारा की गयी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/cities/hyderabad/hyderabad-recognised-as-a-tree-city-of-the-world-7196815/#:~:text=In%20a%20unique%20distinction%2C%20Hyderabad,other%20cities%20from%2063%20countries.

पुरस्कार/सम्मान

67वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2019,

प्रश्न-22 मार्च, 2021 को 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2019 की घोषणा की गई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) धनुष और मनोज बाजपेयी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा।

(ii) सर्वाधिक फिल्म-अनुकूल राज्य का पुरस्कार मध्य प्रदेश को प्रदान किए जाने की घोषणा।

(iii) कंगना रनौत को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (i) एवं (iii)

(c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 मार्च, 2021 को 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2019 की घोषणा की गई।
- प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म, 'मरक्कर-अराबिक्काडालिन्ते-सिम्हम' (Marakkar Arabikkadalinte Simham) को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए स्वर्ण कमल प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- गैर-फीचर फिल्म की श्रेणी में 'एन इंजीनियर्ड ड्रीम' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- अन्य प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं-
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-संजय पूरन सिंह चौहान (फिल्म-बहत्तर हूरें (Bahattar Hoorain) हिंदी)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-मनोज बाजपेयी (फिल्म-भोंसले (Bhonsle), हिंदी) एवं धनुष (फिल्म-असुरन (तमिल)।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-कंगना रनौत (फिल्म-मणिकर्णिका-द क्वीन ऑफ झांसी एवं पंगा के लिए)।
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-विजया सेतुपथी
- (फिल्म-सुपर डीलक्स, तमिल)।
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-पल्लवी जोशी (फिल्म-दि ताशकंत फाइल्स (The Tashkent Files), हिंदी)
- सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म-छिछोरे (निर्देशक-नितेश तिवारी)
- सामाजिक मुद्दों पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म-आनंदी गोपाल (मराठी)
- पर्यावरण संरक्षण पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म-वाटर ब्युरियल (Water Burial)।
- सर्वश्रेष्ठ पापुलर (संपूर्ण मंनोजन प्रदान करने वाली फिल्म)- महर्षि (तेलुगु)।
- राष्ट्रीय अखंडता पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार ताजमहल (मराठी)
- सर्वश्रेष्ठ बाल फिल्म-कस्तूरी (हिंदी)
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक-बी. प्राक (गीत-तेरी मिट्टी) फिल्म-केसरी।
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका-सावनी रविंद्र (गीत-रानपेटाला) (फिल्म-बारदो)
- सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी-गिरीश गंगाधरन (फिल्म-जल्लीकट्टू मलयालम)
- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक (गीत एवं बैकग्राउंड म्यूजिक)-डी. इम्मान (फिल्म-विस्वासम, तमिल) एवं प्रबुद्ध बनर्जी (फिल्म-ज्येष्ठोपुत्रो, बांग्ला)
- सर्वश्रेष्ठ गीत (Lyrics)-प्रभा वर्मा (फिल्म-कोलांबी (Kolaambi) (गीत-Arodum Parayuka vayya)।

- विशेष ज्युरी पुरस्कार-'ओथ्था सेरूप्पु साइज-7' (तमिल)
- सर्वाधिक फिल्म-अनुकूल राज्य का पुरस्कार सिक्किम को प्रदान किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1706663

गांधी शांति पुरस्कार, 2019-2020

प्रश्न-22 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 के गांधी शांति पुरस्कार की घोषणा की। वर्ष 2020 का यह पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?

(a) शेख मुजीबुर रहमान (b) योही सासाकावा
(c) चंडी प्रसाद भट्ट (d) डॉ. गेरहार्ड फिशर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 22 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 तथा 2020 के गांधी शांति पुरस्कार की घोषणा की गई।
- वर्ष 2019 का यह पुरस्कार ओमान के (दिवंगत) सुल्तान काबूस बिन सैद अल सैद को प्रदान किया जाएगा।
- उन्हें यह पुरस्कार उनके अहिंसक एवं अन्य गांधीवादी तरीकों के जरिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन में उत्कृष्ट योगदान देने हेतु प्रदान किया जाएगा।
- वर्ष 2020 का यह पुरस्कार बांग्लादेश के संस्थापक एवं प्रथम राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान को प्रदान किया जाएगा।
- उन्हें यह पुरस्कार उनके अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन के लिए उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।
- गौरतलब है कि इस पुरस्कार के लिए जूरी की अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की गई।
- इसमें दो पदेन सदस्य-भारत के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता भी शामिल रहें।
- दो प्रतिष्ठित सदस्य भी जूरी का हिस्सा रहे।
- इनमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक भी शामिल रहे।
- पुरस्कार राशि-1 करोड़ रुपये

- यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है जिसे वर्ष 1995 से प्रदान किया जा रहा है।
- इस पुरस्कार की स्थापना महात्मा गांधी की 125 वीं जयंती पर की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1706590

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस

प्रश्न-'विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 21 मार्च (b) 24 मार्च (c) 22 मार्च (d) 25 मार्च

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 21 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस' (World Down Syndrome Day) मनाया गया।
- इस दिवस के लिए 21 क्रोमोसोमों (गुणसूत्रों) की त्रिज्या (ट्राइसोमी-Trisomy) की विशिष्टता को दर्शाने के लिए वर्ष के तीसरे महीने की 21 तारीख का चयन किया गया था, जिसके कारण डाउन सिंड्रोम होता है।
- डाउन सिंड्रोम नाम, ब्रिटिश चिकित्सक जॉन लैंगडन डाउन के नाम पर पड़ा जिन्होंने इस सिंड्रोम (चिकित्सीय स्थिति) के बारे में सबसे पहले वर्ष 1866 में पता लगाया था।
- विश्व में अनुमानित 1000 में से 1 बच्चा डाउन सिंड्रोम के साथ पैदा होता है।
- डाउन सिंड्रोम क्या है?
- डाउन सिंड्रोम एक आनुवांशिक विकार है, जो कि क्रोमोसोम-21 में एक अतिरिक्त क्रोमोसोम के जुड़ने की उपस्थिति के कारण होता है।
- अधिकांश लोगों की सभी कोशिकाओं में 46 गुणसूत्र होते हैं, लेकिन डाउन सिंड्रोम से पीड़ित लोगों में उनके 47 गुणसूत्र होते हैं और इसके कारण वे अलग दिखते हैं तथा अलग तरीके से सीखते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worlddownsyndromeday.org/

https://www.un.org/en/observances/down-syndrome-day

एसजेए ब्रिटिश स्पोर्ट्स जर्नलिज्म अवॉर्ड्स, 2020

प्रश्न-15 मार्च, 2021 को प्रदत्त एसजेए (SJA) ब्रिटिश स्पोर्ट्स जर्नलिज्म अवॉर्ड्स, 2020 में किस पूर्व क्रिकेटर को 'ब्लैक लाइव्स मैटर' अभियान के समर्थन के लिए सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ चुना गया है?

(a) मैल्कम मार्शल (b) माइकल होल्डिंग (c) क्लाइव लॉयड (d) विवियन रिचर्ड्स

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को एसजेए (SJA) ब्रिटिश स्पोर्ट्स जर्नलिज्म अवॉर्ड्स, 2020 प्रदान किया गया।
- वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर माइकल होल्डिंग को 'ब्लैक लाइव्स मैटर' अभियान के समर्थन के लिए एसजेए ब्रिटिश स्पोर्ट्स जर्नलिज्म अवॉर्ड्स, 2020 में सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ चुना गया है।
- अन्य प्रदत्त पुरस्कार-
- एसजेए स्पोर्ट्स राइटर ऑफ ईयर (द जॉन ब्रोमले ट्रॉफी जोनाथन लीव (द गार्जियन)।
- एसजेए स्पोर्ट्स फोटोग्राफर द ईयर (एड लेसी ट्रॉफी)-क्लाइव मेसन (गेटी इमेजेज)।
- एसजेए ब्रॉडकास्ट जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर-स्टीव स्कॉट (आईटीवी)
- एसजेए स्पोर्ट्स नेटवर्क ऑफ द ईयर-स्काई स्पोर्ट्स
- एसजेए स्पोर्ट्स न्यूजपेपर ऑफ-द ईयर द टेलीग्राफ-ड्ररी (Peter Drury)
- स्पोर्ट्स प्रेजेंटर श्रेणी-लौरा वुड्स (टॉकस्पोर्ट)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.sportsjournalists.co.uk/awards-news/the-2020-sja-british-sports-journalism-awards-winners/

प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार, 2021

प्रश्न-16 मार्च, 2021 को प्रतिष्ठित प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार किसे प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) पी.वी.रमेश (b) अराता इसोजाकी

(c) यावोन फारेल एवं शैली (d) ऐनी लैकेटॉन और जीन फिलिप वासल

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को फ्रांस के आर्किटेक्ट (Anne Lacaton) तथा जीन-फिलिप वासल ऐनी लैकेटॉन (Jean-Philippe Vassal) को वर्ष 2021 का प्रतिष्ठित प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार (Pritzker Architecture Prize) प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- यह आर्किटेक्चर के क्षेत्र में दिया जाने वाला सबसे बड़ा पुरस्कार है।
- इसे 'आर्किटेक्चर का नोबेल' भी कहा जाता है।
- इसके तहत विजेता को 1 लाख यूएस डॉलर की राशि प्रदान की जाती है।
- यह पुरस्कार प्रतिवर्ष एक जीवित वास्तुकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए दिया जाता है।
- इस पुरस्कार को शिकागो के प्रित्जकर परिवार द्वारा वर्ष 1979 में उनके ध्यात फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया था।
- भारत के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट बालकृष्ण दोशी वर्ष 2018 में यह पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय बने थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pritzkerprize.com/

साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार, 2020

प्रश्न-12 मार्च, 2021 को साहित्यअकादेमी द्वारा साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार, 2020 की घोषणा की गई। इसमें हिंदी के लिए किसे इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

(a) प्रचेता गुप्त (b) अजित 'बर' (c) बालस्वरूप राही (d) सियाराम झा

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 12 मार्च, 2021 को साहित्य अकादेमी द्वारा 'साहित्य अकादेमी बाल साहित्य पुरस्कार, 2020' की घोषणा की गई।
- साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष प्रो. चंद्रशेखर कम्बार की अध्यक्षता में अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में 21 लेखकों को इस पुरस्कार हेतु अनुमोदित किया गया।
- पुरस्कार उन पुस्तकों से संबंधित हैं, जो पुरस्कार वर्ष के तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष के अंतिम 5 वर्षों में (अर्थात 1 जनवरी, 2014 से 31 दिसंबर, 2018 के मध्य) प्रथम बार प्रकाशित हुई हैं।
- इस पुरस्कार के तहत एक उत्कीर्ण ताम्रफलक और 50000 रुपये की राशि प्रदान की जाती है।
- बालस्वरूप राही की रचना 'संपूर्ण बाल कविताएं' को हिंदी भाषा के लिए इस पुरस्कार हेतु चुना गया है।

- वेनिता कोएल्हो के कथा साहित्य 'डेड ऐज ए डोडो' (Dead as A Dodo) को अंग्रेजी भाषा के लिए इस पुरस्कार हेतु चुना गया।
- हाफिज कर्नाटकी की रचना 'फख्र-ए-वतन' को उर्दू भाषा के लिए इस पुरस्कार हेतु चुना गया।
- मलयालम, संस्कृत और तमिल में यह पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://sahitya-akademi.gov.in/pdf/Pressrelease_BSP-2020.pdf

11वें सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार, 2020-21 में 'रोल मॉडल' पुरस्कार

प्रश्न-18 मार्च, 2021 को सार्वजनिक क्षेत्र के किस उपक्रम को 11वें सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार, 2020-21 वितरण समारोह में प्रतिष्ठित 'रोल मॉडल' पुरस्कार प्रदान किया गया?
(a) एलआईसी (b) ओएनजीसी (c) एनटीपीसी लि. (d) सेल

उत्तर–(c)
संबंधित तथ्य

- 18 मार्च, 2021 को विद्युत मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एनटीपीसी लि. को 11वें सीआईआई राष्ट्रीय एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार 2020-21 वितरण समारोह में प्रतिष्ठित 'रोल मॉडल' पुरस्कार प्रदान किया गया।
- एनटीपीसी लि. यह पुरस्कार पाने वाला एकमात्र सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।
- इस पुरस्कार की शुरूआत के बाद, यह मात्र दूसरा अवसर है, जब किसी संगठन को 'रोल मॉडल' पुरस्कार दिया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.ntpc.co.in/en/media/press-releases/details/ntpc-conferred-%E2%80%98role-model%E2%80%99-award-11th-cii-national-hr-excellence-award-2020-21

साहित्य अकादेमी पुरस्कार, 2020

प्रश्न- 12 मार्च, 2021 को साहित्य अकादेमी ने वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार की घोषणा की। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए?
(i) साहित्य अकादेमी ने 20 भारतीय भाषाओं में इस वार्षिक पुरस्कार की घोषणा की।

(ii) अनामिका के कविता संग्रह 'टोकरी में दिगन्त: थेरीगाथा : 2014' के लिए उन्हें हिंदी भाषा के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

(iii) अरुंधति सुब्रमण्यम के कविता संग्रह 'व्हेन गॉड इज ए ट्रैवलर' के लिए उन्हें अंग्रेजी भाषा के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएग।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii)

(c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 12 मार्च, 2021 को साहित्य अकादेमी ने 20 भारतीय भाषाओं में वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार, 2020 की घोषणा की।
- सात कविता-संग्रह, चार उपन्यास, पांच कहानी-संग्रह, दो नाटक, एक-एक संस्मरण और महाकाव्य के लिए ये पुरस्कार घोषित किए गए।
- साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में आयोजित अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में इन पुरस्कारों को अनुमोदित किया गया।
- कविता संग्रहों के लिए पुरस्कृत कवि हैं-अरुंधति सुब्रमण्यम (अंग्रेजी), हरीश मीनाश्रु (गुजराती), अनामिका (हिंदी), आर.एस. भास्कर (कोंकणी), ईरूंगबम देवेन (मणिपुरी), रूपचंद हांसदा (संताली) एवं निखिलेश्वर (तेलुगु)।
- उपन्यास हेतु पुरस्कृत उपन्यासकार हैं-नंदा खरे (मराठी), डॉ. महेशचंद्र शर्मा गौतम (संस्कृत), इमाइयम (तमिल), हुसैन-उल-हक।
- कहानी-संग्रहों के लिए पुरस्कृत कहानीकार हैं-अपूर्व कुमार शइकीया (असमिया), धरणीधर औवारी (बोडो), हृदय कौल भारती (कश्मीरी), कमलकांत झा (मैथिली) एवं गुरुदेव सिंह रूपाणा (पंजाबी)।
- ज्ञान सिंह (डोगरी) एवं जेठो लालवानी (सिंधी) को नाटक के लिए और एम. वीरप्पा मोइली (कन्नड़) एवं श्री शंकर (मणिशंकर मुखोपाध्याय) (बंाग्ला) को क्रमश: संस्मरण और महाकाव्य के लिए पुरस्कृत किया गया।
- मलयालम, नेपाली, ओड़िया और राजस्थानी भाषाओं में पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा।
- **अनामिका के कविता-संग्रह 'टोकरी में दिगन्त: थेरीगाथा 2014' के लिए उन्हें हिंदी भाषा के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित** किया जाएगा।
- अरुंधति सुब्रमण्यम के कविता संग्रह 'व्हेन गॉड इज ए ट्रैवलर' के लिए उन्हें अंग्रेजी भाषा के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

- हुसैन-उल-हक के उपन्यास 'अमावस में ख्वाब' के लिए उन्हें उर्दू भाषा के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- डॉ. महेशचंद्र शर्मा गौतम के उपन्यास 'वैशाली' के लिए उन्हें संस्कृत भाषा के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लेखक एम. वीरप्पा मोइली के महाकाव्य 'श्री बाहुबली अहिमसादिग्विजयम' के लिए उन्हें कन्नड़ भाषा के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार 1 जनवरी, 2014 से 31 दिसंबर, 2018 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिया गया है।
- पुरस्कार विजेता को पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एल लाख रुपये की राशि प्रदान किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
http://sahitya-akademi.gov.in/pdf/sahityaakademiawards2020_h.pdf

दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स, 2021

प्रश्न-20 फरवरी, 2021 को दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स, 2021 प्रदान किया गया? इसमें सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म का पुरस्कार किस फिल्म को प्रदान किया गया?
(a) तान्हाजी (b) पैराइसाइट (c) स्कैम 1992 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(b)
संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2021 को मुंबई में आयोजित एक समारोह में दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स, 2021 प्रदान किया गया।
- इसमें प्रदान किए गए प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार रहें-
- सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म-पैरासाइट
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म-तान्हाजी।
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-अनुराग बसु।
- सर्वश्रेष्ठ सिनैमैटोग्राफर-जीतन हरमीत सिंह
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेताअक्षय कुमार
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-दीपिका पादुकोण
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेताविक्रांत मेसी
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-राधिक मदन

- क्रिटिक्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेतासुशांत सिंह राजपूत
- क्रिटिक्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, कियारा आणवानी
- सर्वश्रेष्ठ वेब सिरीज-स्कैम 1992
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (वेब सिरीज)-बॉबी देओल
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (वेब सिरीज)-सुष्मिता सेन
- बेस्ट एक्टर इन कॉमिक रोल-कुनाल खेमू
- परफॉर्मर ऑफ द ईयर-नोरा फतेही
- आउटस्टैडिंग कांट्रीब्यूशन इन फिल्म इंडस्ट्री-धर्मेंद्र
- आउटस्टैंडिंग कांट्रीब्यूशन इन म्यूजिक इंडस्ट्री-अदनान सामी

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dpiff.in/dadasaheb-phalke-international-film-festival-awards-mumbai-2020/

स्कॉच चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर, अवॉर्ड

प्रश्न-16 फरवरी, 2021 को किसे स्कॉच समूह द्वारा 'स्कॉच चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड' प्रदान किया गया?

(a) वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी (b) ममता बनर्जी
(c) अरविंद केजरीवाल (d) योगी आदित्यनाथ

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी को स्कॉच समूह द्वारा स्कॉच चीफ मिनिस्टर 'ऑफ द ईयर', 'अवॉर्ड प्रदान' किया गया।
- यह पुरस्कार उन्हें स्कॉच समूह के अध्यक्ष समीर कोचर द्वारा विजयवाड़ा में दिया गया।
- देश के विभिन्न राज्यों में परियोजना स्तर के परिणामों के अध्ययन के आधार पर उन्हें इस अवॉर्ड के लिए चुना गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/andhra-pradesh/jagan-conferred-skoch-cm-of-the-year-award/article33855381.ece

किंग भूमिबोल वर्ल्ड सॉइल डे-2020 पुरस्कार

प्रश्न- 10 मार्च, 2021 को किस भारतीय संस्थान को एफएओ का किंग भूमिबोल वर्ल्ड सॉइल डे-2020 पुरस्कार प्रदान किया गया?

(a) इसरो (b) डीआरडीओ (c) आईसीएआर (d) आईसीएमआर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) को एफएओ (FAO) का 'किंग भूमिबोल वर्ल्ड सॉइल डे-2020' पुरस्कार प्रदान किया गया।
- थाइलैंड में भारत की राजदूत सुचित्रा दुरई ने आईसीएआर की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।
- थाईलैंड के कृषि सहकारिता मंत्री डॉ. चैलेर्मचाई स्रिओन ने बैंकाक, थाईलैंड में हुए एक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया।
- एफएओ ने 5 दिसंबर, 2020 को 'विश्व मृदा दिवस' के अवसर पर गत वर्ष के दौरान 'मृदा क्षरण रोको, हमारा भविष्य बचाओ' विषय पर 'मृदा स्वास्थ्य जागरूकता' में योगदान के लिए आईसीएआर को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्रदान किए जाने की घोषणा की थी।
- आईसीएआर को यह पुरस्कार स्वस्थ मिट्टी के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के लिए दिया गया।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में शुरू किया गया यह पुरस्कार उन व्यक्तियों या संस्थाओं को दिया जाता है जो सफल और प्रभावकारी विश्व मृदा दिवस समारोह का आयोजन करके मृदा के बारे में जागरूकता बढ़ाते हैं।
- यह पुरस्कार 'किंगडम ऑफ थाईलैंड'द्वारा प्रायोजित है, जिसका नाम थाईलैंड के राजा भूमिबोल अदुल्यादेज के नाम पर रखा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=411604

जीव-जंतु कल्याण एवं संरक्षण के लिए पुरस्कार, 2020-21

प्रश्न-16 फरवरी, 2021 को किस मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली संस्था भारतीय जंतु कल्याण बोर्ड ने जीव-जंतु कल्याण के क्षेत्र में जीव-जंतु कल्याण एवं संरक्षण 2020-21 के लिए पुरस्कार प्रदान किए?

(a) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (b) मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालयह

(c) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (d) गृह मंत्रालय

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को भारतीय जंतु कल्याण बोर्ड ने जंतु कल्याण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों और कॉरपोरेट्स को वर्ष 2021 के लिए 14 प्राणी मित्र और जीवदया पुरस्कार प्रदान किए।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय जंतु कल्याण बोर्ड देश में जीव-जंतु कल्याण एवं संरक्षण के लिए काम करने वाली एक शीर्ष संस्था है, जो केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अधीन है।
- जीव दया पुरसकार जिन व्यक्तियों औरसंगड्गनों को दिए गए उनकी सूची इस प्रकार है-

1. प्राणी मित्र पुरस्कार: श्री योगेंद्र कुमार, नई दिल्ली, श्री मनीष सक्सेना, जयपुर, राजस्थान और श्री श्यामलाल चौबीसा, उदयपुर, राजस्थान।
2. प्राणी मित्र पुरस्कार शौर्य: श्री अनिल गणदास, गुरु ग्राम, हरियाणा, स्वर्गीय श्रीमती कल्पना वासुदेवन, कोयम्बटूर, तमिलनाडु।
3. प्राणी मित्र पुरस्कार: लाइफटाइम पशु सेवामेजर जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. आर.एम.खरब, एवीएसएम, गुहवग्राम, हरियाणा, डॉ.एस. चिन्नी कृष्णा, चेन्नई, तमिलनाडु और डॉ. एस.आर. सुंदरम्, चेन्नई, तमिलनाडु।
4. प्राणी मित्र पुरस्कार: जीव-जंतु कल्याण संगठन-वर्ल्ड संकीर्तन टूर ट्रस्ट, होडल, हरियाणा, श्री करुणा फाउंडेशन ट्रस्ट, राजकोट, गुजरात औरपीपल फॉर एनीमल्स अहमदाबाद, गुजरात।
5. प्राणी मित्र पुरस्कार: कॉरपोरेट-टाटा ट्रस्ट फाउडेशन, मुंबई, महाराष्ट्र।
6. जीव दया पुरस्कार: जीव-जंतु कल्याण संगठन-ध्यान फाउंडेशन, नई दिल्ली और एनीमल एंड चेरीटेबल ट्रस्ट, उदयपुर, राजस्थान

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1698588

30वां बिहारी पुरस्कार, 2020

प्रश्न-4 मार्च, 2021 को के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला प्रतिष्ठित 30वां बिहारी पुरस्कार किसे प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) मोहनकृष्ण बोहरा (b) विजय वर्मा (c) मनीषा कुलश्रेष्ठ (d) भगवती लाल व्यास

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा 30वें बिहारी पुरस्कार, 2020 की घोषणा की गई।
- इस वर्ष यह पुरस्कार मोहनकृष्ण बोहरा को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- उन्हें यह पुरस्कार उनकी आलोचना की हिंदी पुस्तक 'तस्लीमा: संघर्ष और साहित्य' के लिए दिया जाएगा।
- यह पुस्तक वर्ष 2016 में प्रकाशित हुई थी।
- इस पुरस्कार के तहत उन्हें 2.5 लाख रुपये, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा।
- यह पुरस्कार वर्ष 1991 में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा प्रारंभ किया गया था।
- जिसे प्रतिवर्ष विगत 10 वर्षों में प्रकाशित हिंदी/राजस्थानी कृति के लिए राजस्थानी लेखक को प्रदान किया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2019 का 29वां बिहारी पुरस्कार डॉ. आईदान सिंह को प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=Bihari-Puraskar-2020-to-be-awarded-to-Mohankrishna-Bohara&id=411099

78वां गोल्डन ग्लोब पुरस्कार-2021

प्रश्न-28 फरवरी, 2021 को 78वां गोल्डन ग्लोब पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वश्रेष्ठ मोशन फिल्म (ड्रामा) का पुरस्कार किस फिल्म को प्रदान किया गया?

(a) द फादर (b) नोमैडलैंड (c) मांक (d) हैमिल्टन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 फरवरी, 2021 को 78वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कार (78th Golden Globe Awards), 2021 वितरण समारोह का आयोजन बेवेरली हिल्टन, लॉस एंजेल्स, कैलिफोर्निया में किया गया।
- **प्रमुख वर्गों में प्रदत्त पुरस्कार इस प्रकार रहे-**
- सर्वश्रेष्ठ मोशन फिल्म (ड्रामा)- नोमैडलैंड(Nomadland)
- मोशन फिल्म-ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अभिनेता एवं अभिनेत्री-
- अभिनेता–**चैडविक बोसमैन** (फिल्म- मी रेनीज ब्लैक बॉटम(Me Rainey's Black Bottom)।
- अभिनेत्री–**एंड्रा डे** (फिल्म-द यूनाइटेड स्टेट्स वर्सेज बिली हॉलीडे(The United States Vs. Billie Holiday)

- सर्वश्रेष्ठ मोशन फिल्म- संगीत या हास्य वर्ग– **बोराट सब्सीक्वेंट मूवीफिल्म**(Borat Subsequent Moviefilm)
- मोशन फिल्म संगीत या हास्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अभिनेता एवं अभिनेत्री।
- अभिनेता–सचा बैरन कोहेन(Sacha Baron Cohen) (फिल्म-बोराट सब्सीक्वेंट मूवीफिल्म)
- अभिनेत्री–रोसमंड पाइक(Rosamund Pike) फिल्म-आई केयर ए लॉट(I Care a Lot)।
- किसी भी मोशन फिल्म में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सहायक अभिनेता एवं सहायक अभिनेत्री।
- सहायक अभिनेता– डेनियल कालूया (Daniel Kaluuya) फिल्म- जुडास एंड द ब्लैक मसीयाह (Judas and the Black Messiah)
- सहायक अभिनेत्री–जूडी फोस्टर (फिल्म- द मौरीटानियन (The Mauritanian)
- सर्वश्रेष्ठ निदेशक–क्लो झाओ (Chloe Zhao) फिल्म- नोमैडलैंड।
- सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले–आरोन सॉर्किन (Aaron Sorkin) फिल्म-द ट्रायल ऑफ द शिकागो7)।
- सर्वश्रेष्ठ एनीमेडेट फीचर फिल्म–साउल (Soul)।
- सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म– मीनारी (USA)।
- सर्वश्रेष्ठ टेलीविजन सीरीज (ड्रामा)–**द क्राउन**।
- सेसिल बी. डेमिले अवॉर्ड(Cecil B. DeMille Award)– जेनफोंडा(Jane Fonda)।
- यह पुरस्कार फॉरेन प्रेस एसोसिएशन द्वारा मनोरंजन की दुनिया में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला एक मानद गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.goldenglobes.com/winners-nominees
https://en.wikipedia.org/wiki/78th_Golden_Globe_Awards

योजना/परियोजना

ईंधन सेल आधारित एयर इंडिपेंडेट प्रोपल्शन प्रणाली का विकास

प्रश्न-मार्च, 2021 में डीआरडीओ द्वारा 'एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली के विकास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) इस प्रणाली का विकास डीआरडीओ की 'नौसेना' सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएमआरएल) द्वारा विकसित किया गया है।

(2) इस संयंत्र को उपयोगकर्ताओं की आवश्यकता के अनुसार मोड तथा अधिकतम पावर मोड में संचालित किया गया है।

(3) यह प्रणाली डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बी की घातकता को बढ़ाने के साथ-



साथ समुद्र के अंदर पनडुब्बियों को ज्यादा समय तक रहने की सुविधा उपलब्ध कराती है।
(4) इस प्रणाली के तहत हाइड्रोजन का उत्पादन जहाज पर किया जाता है।

उपर्युक्त दिए गये कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करे-

(a) (1) एवं (2) (b) (2) एवं (3) (c) (1),(2) एवं (3) (d) (1),(2),(3) एवं (4)

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने भूमि आधारित प्रोटोटाइप का सफलतापूर्वक विकास करके एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली के विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।
- उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं के अनुसार इस संयंत्र को एंडयोरेंस मोड (Endurance Mode) तथा अधिकतम पावर मोड (Max Power Mode) में संचालित किया गया है।
- ध्यातव्य है कि इस प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की नौ सेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (Naval Materials Research Laboratory) द्वारा विकासित किया गया है।
- गौरतलब है कि एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बी की घातकता को बढ़ाने के साथ-साथ समुद्र के अंदर पनडुब्बियों को ज्यादा समय तक रहने की सुविधा उपलब्ध कराती है।
- ध्यातव्य है कि ईंधन सेल आधारित एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली में अन्य तकनीकों की तुलना में अधिक प्रदर्शन आधारित गुण विद्यमान है।
- इस प्रणाली के तहत हाइड्रोजन का उत्पादन जहाज पर किया जाता हैं।
- ऐसे समय जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार की एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली अपनाई जा रही है, हाइड्रोजन का उत्पादन जहाज पर होने से 'नौ सेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला' की ईंधन सेल आधारित यह तकनीक अद्वितीय है।
- ध्यातव्य है कि इस तकनीक को 'लार्सन एंड टुब्रो' तथा 'थर्मेक्स' के सहयोग से विकसित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703456

रूफटॉप सोलर को फाइनेंस करने के लिए यूएसऐड और यूएस डीएफसी लोन गारंटी प्रोग्राम

प्रश्न : 18 मार्च, 2021 को यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट(यूएसऐड) और यूएस डीएफसी ने रूफटॉप सोलर को फाइनेंस करने के लिए कितनी राशि के ऋण गारंटी कार्यक्रम की घोषणा की है ?

(a) 41 मिलियन डॉलर (b) 61 मिलियन डॉलर (c) 81 मिलियन डॉलर (d) 91 मिलियन डॉलर

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- 18 मार्च, 2021 को यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट(यूएसऐड) और यूएस डीएफसी(अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास वित्त निगम) ने रूफटॉप सोलर को फाइनेंस करने के लिए 41 मिलियन डॉलर के ऋण गारंटी कार्यक्रम(LGP) की घोषणा की
- एलजीपी भारतीय लघु और मध्यम उद्यमों(SMEs) द्वारा अक्षय ऊर्जा समाधानों में वित्त निवेश में मदद करेगा, जिसमें छत पर सौर स्थापना भी शामिल है।
- ये ऋण एसएमई को विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने और लागत में कटौती करने में सक्षम बनाएंगे।
- इन क्रेडिट गारंटी द्वारा भारत सुरक्षित सौर समाधानों में निवेश, स्वच्छ, स्थिर और सस्ती ऊर्जा की पहुंच में सुधार करेगा और साथ ही स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और जलवायु परिवर्तन शमन की दिशा में आगे बढ़ेगा।
- अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने वाले छोटे एवं मध्यम उपक्रम (एसएसई) इसके पात्र होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/business/business/usaid-dfc-announce-41-million-loan-guarantee-programme-for-rooftop-solar-projects20210318131809/

एलआईसी की बचत प्लस योजना

प्रश्न-मार्च, 2021 में 'भारतीय जीवन बीमा निगम' द्वारा प्रारंभ की गई 'एलआईसी की बचत प्लस' योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(1) यह योजना मृत पॉलिसी धारक के परिवार को परिपक्वता के पूर्व किसी भी समय वित्तीय सहायता प्रदान करती है तथा परिपक्वता के समय पॉलिसी धारक को एकमुश्त

राशि प्रदान करती है।

(2) इस योजना के तहत प्रस्तावक एकमुश्त (एकल प्रीमियम) अथवा 5 वर्षों की सीमित अवधि के लिए प्रीमियम का भुगतान कर सकता है।

(3) इस योजना के तहत न्यूनतम 50 हजार रुपये की पॉलिसी ली जा सकती है जबकि इस योजना में अधिकतम राशि की कोई सीमा निश्चित नहीं है।

(4) इस योजना के तहत पॉलिसी धारक की आयु 12 वर्ष से लेकर 80 वर्ष तक होनी चाहिए।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 3 (b) 1 एवं 4 (c) 1 एवं 2 (d) 2 एवं 3

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) द्वारा गैर-संबद्ध, सहभागिता, व्यक्तिगत बचत योजना 'एलआईसी की बचत प्लस' योजना को शुभारंभ किया गया, जो सुरक्षा तथा बचत का संयोजन प्रस्तुत करती है।यह योजना मृत पॉलिसी धारक के परिवार को परिपक्वता के पूर्व किसी भी समय वित्तीय सहायता प्रदान करती है तथा परिपक्वता के समय पॉलिसी धारक को एकमुश्त राशि प्रदान करती है।इस योजना के तहत प्रस्तावक (Proposer) एकमुश्त (एकल प्रीमियम) अथवा 5 वर्षों की सीमित अवधि के लिए प्रीमियम का भुगतान कर सकता है।
- यह एजेंट या अन्य मध्यवर्ती संस्थाओं के माध्यम से ऑफलाइन के साथ-साथ भारतीय जीवन बीमा निगम की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन खरीदी जा सकती है।
- इस योजना के अंतर्गत एकल प्रीमियम तथा सीमित प्रीमियम भुगतान में से प्रत्येक के अंतर्गत उपलब्ध दो विकल्पों के अनुसार, मृत्यु पर बीमा राशि के चयन का विकल्प प्रदान किया गया है।
- पॉलिसी अवधि के दौरान बीमाधारक की मृत्यु की स्थिति में (पॉलिसी जारी रहने की स्थिति में) मृत्यु के उपरांत बीमा राशि देय होगी।एलआईसी द्वारा प्रारंभ की गई उक्त योजना में न्यूनतम 1 लाख रुपये की पॉलिसी ली जा सकती है। इस योजना में अधिकतम राशि की कोई सीमा निश्चित नहीं है।इस स्कीम में पॉलिसी अवधि, प्रवेश के समय आयु तथा परिपक्वता आयु आदि के लिए पात्रता शर्तें प्रस्तावक द्वारा प्रीमियम के भुगतान तथा तदनुसार चुने गये विकल्पों के अनुसार होगी।इस स्कीम में प्रीमियम भुगतान के लिए प्रस्तुत दोनों विकल्पों के लिए उच्च मूल बीमा राशि (High basic Sum Assured) पर छूट की सुविधा प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://licindia.in/Bottom-Links/Press-Release-(1)

पर्यटक वाहन संचालकों के लिए नई योजना

प्रश्न-मार्च, 2021 में किस मंत्रालय ने पर्यटक संचालकों के लिए नई योजना की घोषणा की है?

(a) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (b) पर्यटन मंत्रालय

(c) विदेश मंत्रालय (d) शहरी विकास मंत्रालय

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पर्यटक वाहन संचालकों के लिए नई योजना की घोषणा की गई।
- इस योजना के तहत कोई भी पर्यटक वाहन संचालन ऑनलाइन माध्यम से 'अखिल भारतीय पर्यटक अनुमति/परमिट' के लिए आवेदन कर सकता है।
- आवश्यक दस्तावेज और शुल्क जमा करने के बाद इसे आवेदन करने के 30 दिनों के भीतर जारी किया जाएगा।
- नए अखिल भारतीय पर्यटक वाहन प्राधिकरण और परिमिट नियम, 2021 के रूप में ज्ञात नियमों का नया सेट 10 मार्च, 2021 को प्रकाशित किया गया है।
- नए नियम 1 अप्रैल, 2021 से लगू होंगे।
- सभी मौजूदा परमिट उनकी वैधता की तिथि तक लागू रहेंगे।
- नए नियम के तहत इसके गुणकों की अवधि के लिए अनुमति परमिट प्रदान किया जाएगा जिसे 3 वर्ष की अवधि हेतु अधिकतम बढ़ाया जा सकता है।
- यह प्रावधान हमारे देश के उन क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए शामिल किया गया है जहां पर्यटन का सीमित मौसम है और उन पऑपरेटरों के लिए भी जिनके पास वित्तीय क्षमता कम है।
- यह एक केंद्रीय डेटाबेस और ऐसे सभी अनुमति/परमिटों की फीस को भी मिलाएगा, जो पर्यटकों की आवाजाही में तेजी लाने के साथ सुधार की गुंजाइश, पर्यटन को बढ़ावा देने का काम करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1704695

4 राज्यों में ईएसआई लाभार्थियों को कैशलेस उपचार की सुविधा

प्रश्न-10 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने 4 राज्यों के 113 जिलों में आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के साथ ईएसआई योजना के समेकन का शुभारंभ किया। दिए गए विकल्पों (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) में कौन राज्य शामिल नहीं है?

(a) छत्तीसगढ़ (b) मध्य प्रदेश (c) महाराष्ट्र (d) हरियाणा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को ईएसआईसी (कर्मचारी राज्य बीमा निगम) के अध्यक्ष और श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संतोष कुमार गंगवार ने 4 राज्यों के 113 जिलों में आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के साथ ईएसआई योजना के समेकन का शुभारंभ किया।
- यह शुभारंभ उन्होंने ईएसआईसी विशेष सेवा पखवाड़े के समापन दिवस पर किया।
- 4 राज्यों में छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र शामिल हैं।
- इस समेकन से इन जिलों में 1.35 करोड लाभार्थी बिना किसी रेफरल की आवश्यकता के आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई के सूचीबद्ध अस्पतालों के माध्यम से कैशलेस चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।
- इसी प्रकार पीएम-जेएवाई के लाभार्थी बिहार, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के राज्यों में निर्धारित क्षमता से कम उपयोग में लाए गए। ईएसआई अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में कैशलेस उपचार का लाभ उठा सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703964

हरि हर योजना

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को किस राज्य में अनाथ बच्चों (ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता के विषय में कोई जानकारी नहीं है। को संरक्षण एवं आश्रय प्रदान करने हेतु 'हरि हर योजना' शुरू की गई है?

(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तराखंड (c) हरियाणा (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर राज्य में अनाथ बच्चों (ऐसे बच्चे राज्य) जिनके माता-पिता के विषय में कोई जानकारी नहीं है) को संरक्षण एवं आश्रम प्रदान करने हेतु 'हरि हर योजना' की शुरुआत की।
- इस योजना को शुरु करने का निर्णय मुख्यमंत्री द्वारा एक अनाथ बच्चे की कहानी सुनने के बाद लिया गया है।
- इस योजनांतर्गत अनाथ बच्चों के अभिभावक/संरक्षण की भूमिका सरकार निभाएगी।
- इस योजना के तहत अनाथ बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक राज्य के अनाथालयों में आश्रय दिया जाएगा।
- 18 वर्ष की आयु के बाद राज्य सरकार उनकी आगे की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।
- जिन अनाथ बच्चों ने शिक्षा पूरी कर ली है, वे 25 वर्ष की आयु तक एक्स-ग्रेसिया के आधार पर ग्रुप-सी और ग्रुप-डी सरकारी नौकरी के लिए पात्र होंगे।
- यदि बच्चा स्नातक पूरा करता है, तो उन्हें ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत ग्रुप-ए और ग्रुप बी की सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कुपोषण और एनीमिया मुक्त अभियान की शुरुआत की।
- इस अवसर पर भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।
- कुमारी सुमेधा धानी और डॉ प्रियंका सोनी को इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार प्रदान किया गया।
- आशा को कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार और भगवती देवी यादव को लाइफ टाइम अचवीमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- लिंगानुपात में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सिरसा, भिवानी और सोनीपत जिलों को क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया गया।
- राज्य स्तरीय पोषण पुरस्कार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए क्रमश: नूंह, महेंद्रगढ़ और पंचकूला को प्रदान किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://prharyana.gov.in/en/haryana-government-has-taken-steps-to-ensure-that-the-state-is-anemia-and-malnutrition-free

प्रधानमंत्री द्वारा कोयम्बटूर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रश्न-25 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री ने कोयम्बटूर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी। इस संबंध में विकल्प में कौन-तथ्य सही नहीं है?

(a) प्रधानमंत्री ने 1000 मेगावॉट की न्येवेली न्यू ताप बिजली परियोजना राष्ट्र को समर्पित किया।

(b) न्येवेली न्यू ताप बिजली परियोजना की निर्माण लागत राशि 7200 करोड़ रुपये है।

(c) एनएलसीआईएल की 709 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया।

(d) उन्होंने कोयम्बटूर, मदुरै, सेलम, तंजावुर, वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, तिरुप्पुर, तिरुनेलवेली और थुथुकुडी सहित 9 स्मार्ट शहरों में एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र के विकास की आधारशिला रखी।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोयम्बटूर में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी।
- प्रधानमंत्री ने 1000 मेगावॉट की न्येवेली न्यू ताप बिजली परियोजना को राष्ट्र का समर्पित किया।
- इस परियोजना की निर्माण लागत राशि 7800 करोड़ रुपये है।
- इससे उत्पादित बिजली में से 65 प्रतिशत बिजली तमिलनाडु को प्रदान की जाएगी।
- उन्होंने एनएलसीआईएल की 709 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित किया।स्वदेशी रूप से विकसित इस परियोजना की लागत राशि 3000 करोड़ रुपये से अधिक है।
- इसके अलावा प्रधामनंत्री ने बी.ओ. चिदम्बरनार बंदरगाह पर डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना और 5 मेगावॉट के ग्रिड से जुड़े जमीन आधारित सौर ऊर्जा संयंत्र और लोअर भवानी प्रोजेक्ट सिस्टम के विस्तार, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण के लिए आधारशिला रखी।
- भवानी सागर बांध के आधुनिकीरण से 2 लाख करोड़ से अधिक भूमि सिंचित होगी और अनेक जिले के किसान इस परियोजना से लाभान्वित होंगे।
- उन्होंने कोयम्बटूर, मदुरै, सेलम, तंजावुर, वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, तिरुप्पुर, तिरुनेलवेली और थुथुकुडी सहित 9 स्मार्ट शहरों में एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीएससी) के विकास की आधारशिला रखी।प्रधानमंत्री ने वी.ओ. चिदम्बरनार बंदरगाह पर 8 लेन वाले कोरमपल्लम पुल और रेल ओवर ब्रिज और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित घरों का उद्घाटन किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/pm-inaugurates-and-lays-foundation-stone-of-various-development-projects-in-coimbatore/

दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का दूसरा चरण

प्रश्न-26 फरवरी, 2021 को किस राज्य में दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना का दूसरा चरण शुरू किया गया है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) उत्तराखंड (d) बिहार

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 26 फरवरी, 2021 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना के दूसरे चरण का शुभांरभ किया।
- द्वितीय चरण में उन्होंने सुदृढ़ीकृत एवं नवीन 100 रसोई केंद्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया।
- यह रसोई केंद्र 52 जिला मुख्यालय और 6 धार्मिक नगर यथा मैहर, ओंकारेश्वर, महेश्वर, अमरकंटक, ओरछा और चित्रकूट में संचालित होंगे।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस योजना की सतत निगरानी के लिए बनाए गए पोर्टल का भी लोकार्पण किया।
- इस पोर्टल में प्रतिदिन लाभान्वित हितग्राहियों की संख्या, रसोई केंद्रों का विवरण, ऑनलाइन रसोई केंद्रों और नगरीय निकायों को दान देने की सुविधा जन-सामान्य के लिए की गई है।
- रसोई केंद्र में सोमवार से शनिवार तक 70 रुपये प्रति थाली भोजन दिया जाएगा।
- रसोई केंद्र की स्थापना बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पतालों के पास की गई है।
- नवीन योजना में रसोई केंद्रों की स्थापना के लिए 13.36 करोड़ रुपये की एक-मुश्त सहायता और 15.84 करोड़ रुपये का आवर्ती व्यय का बजट स्वीकृत किया गया है।
- पहली बार राज्य सरकार द्वारा 5 रुपये प्रति व्यक्ति के मान से अनुदान स्वीकृत किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20210225N19&LocID=1

'ई-परिवहन व्यवस्था' का शुभारंभ

प्रश्न-25 फरवरी, 2021 को किस राज्य सरकार द्वारा अपने राज्य के लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस पंजीकरण प्रमाण-पत्र एवं परमिट आदि की सुविधा प्रदान करने के लिए 'ई-परिवहन व्यवस्था' को प्रारंभ किया गया?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) हिमाचल प्रदेश (d) तमिलनाडु

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2021 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर द्वारा परिवहन विभाग की 'ई-परिवहन व्यवस्था' शुभारंभ किया गया।
- इसका उद्देश्य प्रदेश के लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस/पंजीकरण प्रमाण-पत्र एवं परमिट आदि की पेपर लेस सुविधा प्रदान करना।
- हाल ही में हिमाचल सरकार द्वारा पहले ई-विधानसभा, ई-बजट और ई-कैबिनेट का प्रारंभ किया गया। ई-परिवहन उसी दिशा में किया गया एक अन्य महत्वपूर्ण पहल है।
- अपने इन्हें प्रयासों से व्यापार सुगमता सूचकांक में हिमाचल प्रदेश 16 वें स्थान से 7 वें स्थान पर आ गया है।
- कोविड महामारी के दौरान तकनीक के उपयोग ने आवश्यक सेवाओं तक हमारी पहुंच को सुनिश्चित किया। जैसे-स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा आदि।
- प्रधानमंत्री ने तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए वर्ष 2015 में 'डिजिटल इंडिया' का प्रारंभ किया था।
- 'ई परिवहन व्यवस्था' तीव्रता के साथ बढ़ रही वाहनों की संख्याओं का पंजीकरण और यातायात प्रबंधन प्रणाली के कुशल संचालन में सहयोगी सिद्ध होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.newsonair.com/News?title=Himachal-Pradesh-CM-Jai-Ram-Thakur-launches-%E2%80%98e-Parivahan-Vyavstha%E2%80%99&id=410584

मिशन 'लाल लकीर'

प्रश्न-19 फरवरी, 2021 को किस राज्य सरकार ने राज्य के सभी गांवों में सरकारी विभागों, संस्थानों और बैंकों द्वारा उपलब्ध कराए गए संपत्ति के अधिकार का लाभ उठाने हेतु ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से मिशन 'लाल लकीर' के कार्यान्वयन को मंजूरी प्रदान की?

(a) झारखंड (b) पंजाब (c) छत्तीसगढ़ (d) ओडिशा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2021 को पंजाब मंत्रिमंडल ने राज्य के सभी गांवों में सरकारी विभागों, संस्थाओं और बैंकों द्वारा उपलब्ध कराए गए संपत्ति के अधिकार का लाभ उठाने हेतु ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से मिशन 'लाल लकीर' के कार्यान्वयन को मंजूरी प्रदानद की गई।
- लाल लकीर के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों के अधिकार का ब्योरा उपलब्ध नहीं होने के कारण वर्तमान में इन संपत्तियों का वास्तविक मूल्य उपलब्ध नहीं हो पाता और इस तरह की संपत्तियों को गिरवी रखना संभव नहीं हो पाता है।
- लाल लकीर का तात्पर्य उस भूमि से है जो गांव 'आबादी' हैबिटेशन की हिस्सा है और इसका उपयोग केवल गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए किया जाता है।
- इस मिशन के तहत 'लाल लकीर' के अंतर्गत आने वाली संपत्तियों का रिकॉर्ड केंद्र सरकार की 'स्वामित्व' (SVA MITVA-Survey of villages and Mapping With Improvised Technology in Village Areas) योजना के सहयोग से तैयार किया जाएगा।
- इससे लाल लकीर में आने वाली भूमि, घर, बस्ती और अन्य सभी क्षेत्रों का मानचित्रण किया जा सकेगा।
- इन संपत्तियों के अधिकारों से संबंधित उत्पन्न होने वाले मुद्दों को अब इन लाल लकीर की संपत्तियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए जा रहे मुकदमें के माध्यम से निपटाया जाएगा।
- 'लाल लकीर' के भीतर की सामान्य भूमि जैसे तालाब, आमसभा क्षेत्र और यहां तक कि मार्ग और सड़कें, जो इन परिसंपत्तियों को बनाए रखने के लिए रिकॉर्ड की अनुपलब्धता/निर्माण के कारण अतिक्रमण का सामना कर रही थीं, उन्हें अब संरक्षित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/other-states/punjab-cabinet-approves-mission-lal-lakir-in-all-villages/article33881497.ece

महिला उद्यमियों के लिए 'विकास आशा'ऋण योजना

प्रश्न : किस बैंक ने महिला उद्यमियों के लिए 'विकास आशा ' ऋण योजना शुरू की है ?

(a) कर्नाटक ग्रामीण बैंक (b) कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक

(c) केरल ग्रामीण बैंक (d) तमिलनाडु ग्राम बैंक

उत्तर (b)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक ने महिला उद्यमियों के लिए 'विकास आशा' ऋण योजना शुरू की है।

- योजना
- 'विकास आशा'विशेष रूप से महिलाओं के लिए व्यापार-संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए है, जिसमें क्रय / मशीनरी / उपकरण और खुदरा व्यापार सहित सूक्ष्म और छोटे उद्यमों के तहत कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं शामिल हैं।
- ऋण राशिA
- योजना के तहत बैंक 84 महीने की चुकौती अवधि के साथ अधिकतम 10 लाख रुपये तक के ऋण का वितरण करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/kvgb-launches-loan-scheme-for-women-entrepreneurs/article34025401.ece

'मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास' परियोजना

प्रश्न-2 मार्च, 2021 को केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने किस राज्य में वर्चुअल माध्यम से 'माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास' परियोजना की आधारशिला रखी?

(a) झारखंड (b) छत्तीसगढ़ (c) मध्य प्रदेश (d) ओडिशा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 2 मार्च, 2021 को केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद सिंह पटेल ने वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में 'मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर का विकास' परियोजना की आधारशिला रखी।
- यह परियोजना पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत की गई है।
- अक्टूबर, 2020 में पर्यटन मंत्रालय द्वारा 43.33 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत राशि के साथ यह परियोजना अनुमोदित की गई थी।
- इस परियोजनान्तर्गत 'तीर्थ यात्रा गतिविधि केन्द्र' में तीर्थ यात्रा के बुनियादी ढांचे के विकास कार्य के साथ ही श्री यंत्र के आकार की प्रतिष्ठित इमारत, सीढ़ियों का निर्माण, शेड, पैदल मार्ग, आस-पास के इलाके की रोशनी व्यवस्था, झील का किनारा, अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के साथ पार्किंग स्थल का विकास और मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर और प्रज्ञागिरी में तीर्थ यात्रा के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य शामिल है।

- उल्लेखनीय है कि तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (पीआरएएसएचडी) भारत सरकार द्वारा पूर्णत: वित्त पोषित एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है।
- यह योजना पर्यटन तीर्थयात्रा के एकीकृत विकास और विरासत स्थलों के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में पर्यटन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई थी।
- आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु प्रसाद योजना के तहत 13 परियोजनाएं अब तक सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई हैं।
- पूर्ण की गई परियोजनाओं में सोमनाथ, मथुरा, तमिलनाडु और बिहार में दो-दो परियोजनाएं और वाराणसी, गुरुवायूर एवं अमरावती (गुंटूर), कामाख्या और अमृतसर में एक-एक परियोजना शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1701970

एलआईसी द्वारा 'बीमा ज्योति'योजना का प्रारंभ

प्रश्न-फरवरी, 2021 में प्रारंभ हुए 'बीमा ज्योति' योजना के सबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(1) इस योजना का प्रारंभ भारतीय स्टेट बैंक द्वारा किया गया है।

(2) इस योजना के तहत पॉलिसीधारक को सुरक्षा के साथ-साथ बचत की भी सुविधा प्रदान की जाएगी।

(3) इस योजना के तहत बीमित राशि की न्यूनतम सीमा 50 हजार रुपये रखी गई है।

(4) इस योजना के तहत लाभार्थी की न्यूनतम आयु सीमा 90 दिन होनी चाहिए।

उपर्युक्त कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 3 एवं 4 (d) 2 एवं 4

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2021 को भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने एक बीमा ज्योति (BIMA JYOTI) नामक योजना प्रारंभ की है।
- यह एक गैर-सम्बद्ध, गैर-भागीदारी, व्यक्तिगत बचत योजना है।
- इस योजना के तहत पॉलिसीधारक को सुरक्षा के साथ-साथ बचत की भी सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

- उक्त योजना के तहत पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की असामयिक मृत्यु की दशा में उनके परिजनों को वित्तीय समर्थन प्रदान किया जाएगा।
- इस योजना के तहत पॉलिसी के परिपक्व होने के फलस्वरूप पॉलिसीधारक को एकमुश्त भुगतान का लाभ प्राप्त होगा।
- उक्त योजना के तहत प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में प्रति 1000 रुपये बीमित राशि पर 50 रुपये की दर से अतिरिक्त राशि प्रदान किए जायेंगे।
- इस योजना के तहत बीमित राशि की न्यूनतम सीमा एक लाख रुपये रखी गई है, जबकि इस योजना की कोई अधिकतम सीमा नहीं रखी गई है।
- उक्त योजना की अवधि 15 से 20 वर्षों के लिए निर्धारित की गई है, जबकि प्रीमियम भुगतान अवधि (Premium paying ferm) इस योजना अवधि से 5 वर्ष कम निर्धारित की गई है।
- इस योजना के तहत लाभार्थी की न्यूनतम आयु सीमा 90 दिन तथा अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष निर्धारित की गई है।
- उक्त योजना के तहत प्रीमियम का भुगतान वार्षिकी, छमाही, त्रैमासिक या मासिक आधार पर किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1699958

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री द्वारा कीं। गई घोषणाओं के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) सभी लाड़ली लक्ष्मी की देश-विदेश में होने वाली उच्च शिक्षा का भार राज्य सरकार 50 प्रतिशत वहन करेगी।

(b) महिला स्व-सहायता समूहों को 4 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदत्त ऋण अब 2 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया जाएगा और शेष ब्याज दर राज्य सरकार वहन करेगी।

(c) मध्य प्रदेश में 100 करोड़ रुपये की लागत से नारी सम्मान कोष बनाया जाएगा।

(d) उज्जैन और सागर जिले में महिला स्वास्थ्य सेवा से संबंधित प्रशिक्षण हेतु स्किल लैब्स स्थापित की जाएगी।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।
- सभी लाडली लक्ष्मी की देश-विदेश में होने वाली उच्च शिक्षा का भार राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।
- स्व-सहायता समूह के खातों में प्रतिमाह 150 करोड़ रुपये डाले जाएंगे।
- महिला स्व-सहायता समूहों को 4 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदत्त ऋण अब 2 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया जाएगा और शेष ब्याज दर राज्य सरकार वहन करेगी।
- संविदाकर्मी महिलाओं को अब 180 दिन का प्रसूति अवकाश मिलेगा।
- नगरीय निकायों में कार्यरत अस्थायी महिला सफाई कर्मियों को सप्ताह में एक दिन का अवकाश मिलेगा।
- मध्य प्रदेश में 100 करोड़ रुपये की लागत से नारी सम्मान कोष बनाया जाएगा।
- बेटियों को ड्राइविंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- भूमि स्वामित्व में पति के साथ पत्नी का भी नाम होगा।
- प्रधानमंत्री आवास समेत जितनी भी योजनाओं के तहत मकान बनेंगे, उनके दस्तावेज महिला के नाम पर भी होंगे तथा चाबी भी संयुक्त रूप से प्रदान की जाएगी।
- महिला के नाम पर नई संपत्ति खरीदने पर रजिस्ट्री में 2 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।
- ठेकेदारी करने पर महिलाओं का पंजीयन नि: शुल्क होगा।
- स्कूल ड्रेस बनाने का काम महिला स्व-सहायता समूह की बहनें करेंगी।
- गेहूं फसल आदि खरीदी के काम भी स्व-सहायता समूह की महिलाएं ही करेंगी।
- पंचायत स्तर पर होने वाले सर्वे में भी महिला स्व-सहायता समूह को शामिल किया जाएगा।
- सरकारी अस्पतालों में वूमेन हेल्प डेस्क बनेगी।
- उज्जैन और सागर जिले में महिला स्वास्थ्य सेवा से संबंधित प्रशिक्षण हेतु स्किल लैब्स स्थापित की जाएगी।
- जिस गांव में 3 वर्ष तक बेटी-बेटे का समान संख्या में जन्म होगा, उस गांव के विकास के लिए 2 लाख रुपये की सहायता अलग से दी जाएगी।
- प्रदेश के हर जिले में महिला थाना खोला जाएगा।
- अगले 3 वर्षों में प्रदेश के हर गांव में हर घर में नल जल होगा।
- कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 11वीं के छात्रों को महिलाओं की इज्जत करने के संस्कार दिए जाएंगे।
- नशा मुक्त पंचायत को पुरस्कृत करने के साथ ही अधिक धनराशि मिलेगी।
- नशामुक्ति कार्यक्रम में स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह, शौर्या दल आदि की भी भागीदारी होगी।

- आत्म-रक्षा के लिए प्रदेश की 23 हजार बेटियों को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20210308N18&LocID=1

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सभी योजनाएं मंत्रालय की 3 प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत श्रेणीबद्ध

प्रश्न-मार्च, 2021 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सभी प्रमुख एवं योजनाओं को मंत्रालय की तीन प्रमुख योजनाओं मिशन पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति के अंतर्गत श्रेणीबद्ध किया गया है। मिशन वात्सल्य हेतु बजट 2021-22 में कितनी राशि का आवंटन किया गया है?

(a) 800 करोड़ रुपये (b) 900 करोड़ रुपये (c) 1000 करोड़ रुपये (d) 1200 करोड़ रुपये

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार ,महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सभी प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रमों को मंत्रालय की तीन प्रमुख योजनाओं मिशन पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति के अंतर्गत श्रेणीबद्ध किया गया है।
- इसका उद्देश्य मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करना है।
- भोजन में पोषक तत्वों की मात्रा और बढ़ाए जाने, उनके वितरण, उन तक पहुंच और सकारात्मक परिणामों के लिए सरकार पूरक पोषण कार्यक्रम और पोषण अभियान का आपस में विलय करके मिशन पोषण 2.0 शुरू करेगी।
- सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजनांतर्गत छत्रक (अम्ब्रेला) आईसीडीएएस-आंगनबाड़ी सेवाएं, पोषण अभियान, किशोरियों के लिए योजनाएं और राष्ट्रीय शिशु गृह (क्रेच) योजना शामिल की गई हैं।
- छत्रक योजना मिशन वात्सल्य के तहत बाल संरक्षण सेवाएं और बाल कल्याण योजनाओं को शामिल किया गया है।
- मिशन वात्सल्य हेतु बजट 2021-22 में 900 करोड़ रुपये आवंटित है।
- छत्रक योजना मिशन शक्ति (महिलाओं के संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए मिशन) के अंतर्गत संबल (एक ठहराव केंद्र, महिला पुलिस स्वयं सेवक, महिला हेल्पलाइन/स्वाधार/उज्ज्वला/विधवा आश्रय स्थल इत्यादि) और सामर्थ्य (बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, क्रेच, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना/ लैंगिंक बजट बनाना/शोध) शामिल हैं।

- मिशन शक्ति योजना हेतु बजट 2021-22 में 3,109 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।
- मिशन शाक्त महिला और बाल विकास की अन्य अम्ब्रेला योजनाओं (जैसे मिशन पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य: और मिशन सक्षम-आंगनबाड़ी (जिसमें राष्ट्रीय स्तर से पंचायत स्तर तक एक समान जानकारी सहित प्रशासनिक आधार शामिल हैं, के समावेशन के साथ संचालित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703147

आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना

प्रश्न-फरवरी, 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी प्रदान की। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है।

(a) केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को 24 फरवरी, 2021 को मंजूरी प्रदान की।

(b) प्रस्तावित योजना के लक्षित क्षेत्र में लैपटॉप, टैबलेट, आल-इन-वन पीसी और सर्वर शामिल हैं।

(c) इस योजना के तहत पात्र कंपनियों को 4 वर्ष की अवधि हेतु लक्षित क्षेत्र के अंतर्गत और भारत में निर्मित उत्पादों के लिए कुल वृद्धिशील बिक्री (आधार वर्ष 2019-20) पर 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत 11 प्रतिशत की प्रोत्साहन राशि दिया जाना प्रस्तावित है।

(d) प्रस्तावित योजना की 4 वर्षों के लिए कुल लागत राशि 6450 करोड़ रुपये है।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 24 फरवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को मंजूरी पद्रान की।
- इस योजनान्तर्गत आईटी हार्डवेयर की मूल्य शृंखला में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने हेतु उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन का प्रस्ताव किया गया है।
- प्रस्तावित योजना के लक्षित क्षेत्र में लैपटॉप, टैबलेट, ऑलइन-वन पीसी और सर्वर शामिल है।
- इस योजना के तहत पात्र कंपनियों को 4 वर्ष की अवधि हेतु लक्षित क्षेत्र के अंतर्गत और भारत में निर्मित उत्पादों के लिए कुल वृद्धिशील बिक्री (आधार वर्ष 2019-20) पर 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत 1प्रतिशत की प्रोत्साहन राशि दिया जाना प्रस्तावित है।
- इस योजना से लैपटॉप,टैबलेट, ऑल-इन-पीसी और सर्वर सहित आईटी हार्डवेयर निर्माण से जुड़ी 5 प्रमुख वैश्विक कंपनियों और 10 घरेलू कंपनियों को लाभ प्राप्त होने की संभावना है।

- यह आत्मनिर्भर भारत के तहत आयात को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, क्योंकि वर्तमान में इन वस्तुओं के लिए आयात निर्भरता बहुत अधिक है।
- प्रस्तावित योजना की 4 वर्षों के लिए कुल लागत राशि 7350 करोड़ रुपये है, जिसमें 7325 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन परिव्यय और 25 करोड़ रुपये का प्रशासनिक शुल्क शामिल है।
- यह योजना देश में इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम के विकास को बढ़ावा देगी।
- योजनान्तर्गत 4 वर्षों की अवधि में रोजगार के 1,80,000 से अधिक (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) अवसरों के सृजन की संभावन है।
- यह योजना आईटी हार्डवेयर के लिए घरेलू मूल्यवर्धन को प्रोत्साहन प्रदान करेंगी, जिसके वर्ष 2025 तक बढ़कर 20-25 प्रतिशत होने की उम्मीद है।
- वर्तमान में भारत में लैपटॉप और टैबलेट की मांग मुख्यत: आयात के माध्यम से पूरी की जाती है, जो वर्ष 2019-20 में क्रमश: 4.21 बिलियन डॉलर और 0.41 बिलियन डॉलर थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700431

आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा आर्थिक ह्वप से पिछड़ी जातियों के लिए नये लोककल्याणकारी योजना के लिए मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में 'ईबीसी नेस्थम' (Economically backward class-Nestham)योजना को किस राज्य सरकार ने मंजूरी दी है?

(a) छत्तीसगढ़ (b) तमिलनाडु (c) ओडिशा (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 23 फरवरी, 2021 को आंध्र प्रदेश कैबिनेट द्वारा आर्थिक ह्वप से पिछड़ा वर्ग की महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु 'आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईबीसी)' नेस्थम नामक नई योजना को मंजूरी दी गई।
- इस योजना के अन्तर्गत 3 वर्ष की अवधि के लिए 45 से 60 वर्ष की आयु के महिलाओं के लिए 15000 प्रतिवर्ष की सहायता की जायेगी।
- इस योजना को वर्ष 2021 के नवंबर माह से लागू किया जायेगा।
- इस योजना के माध्यम से लगभग 6 लाख महिलाओं को लाभान्वित होने का अवसर मिलेगा।

- इस योजना के अन्तर्गत 670 करोड़ रुपये की राशि प्रति वर्ष आवंटित किया जायेगा, जिसके लिये आगामी 3 वर्षों के लिये 2010 करोड़ रुपये की राशि को अनुमान किया गया है।
- ध्यातव्य हो कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा अन्य स्थानीय जनजातियों के आर्थिक सहयोग के लिए पहले से ही राज्य सरकार द्वारा Cheyata नामक से योजना विद्यमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/ap-approves-scheme-to-financially-empower-economically-backward-women/2035005

प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम बंगाल में अनेक रेल परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रश्न-22 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम बंगाल में उद्घाटित और समर्पित की गई रेल परियोजनाओं के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) प्रधानमंत्री ने नोआपाड़ा से दक्षिणेश्वर तक मेट्रो रेलवे के विस्तार का उद्घाटन किया और इस खंड पर पहली सेवा को हरी झंडी दिखाई।

(b) दक्षिण पूर्व-रेलवे के कलईकुंडा और झारग्राम के बीच 132 किमी. लंबी खड़गपुर-आदित्यपुर तीसरी लाइन परियोजना के 30 किमी. लंबे खंड को 1312 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत राशि पर मंजूरी दी गई है।

(c) प्रधानमंत्री ने रसूलपुर और मगरा के बीच तीसरी लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया।

(d) रसूलपुर और मगरा के बीच तीसरी रेलवे लाइन की निर्माण लागत राशि 470 करोड़ रुपये है।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कुछ को राष्ट्र को समर्पित किया।
- उन्होंने नोआपाड़ा से दक्षिणेश्वर तक मेट्रो रेलवे के विस्तार का उद्घाटन किया और इस खंड पर पहली सेवा को हरी झंडी दिखाई।
- कलईकुंडा और झारग्राम के बीच तीसरी लाइन का उद्घाटन किया।
- पूर्वी रेलवे के अजीमगंज से खरग्राघाट रोड खंडका दोहरीकरण और दनकुनी और बरुइपाड़ा के बीच चौथी लाइन तथा रसूलपुर और मगरा के बीच तीसरी लाइन को राष्ट्र को समर्पित किया।
- नोआपाड़ा से दक्षिणेश्वर तक मेट्रो रेलवे का विस्तार (4.1 किमी.) पूर्णत: केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है और इसकी निर्माण लागत राशि 464 करोड़ रुपये है।

- यह विस्तार कालीघाट और दक्षिणेश्वर के दो विश्व प्रसिद्ध काली मंदिरों तक लाखों पर्यटकों और भक्तों की पहुंच को आसान बनाएगा।
- बड़ानगर और दक्षिणेश्वर नाम के दो नए निर्मित स्टेशनों में आधुनिक यात्री सुविधाएं हैं और इन्हें सौंदर्य परकता के साथ भित्ति चित्रों, चित्रों, मूर्तिकला मूर्तियों से सुसज्जित किया गया है।
- दक्षिण-पूर्व रेलवे के कलईकुंडा और झारग्राम के बीच 132 किमी. लंबी खड़गपुर-आदित्यपुर तीसरी लाइन परियोजना के 30 किमी. लंबे खंड को अनुमानित लागत राशि 1312 करोड़ रुपये पर मंजूरी दी गई है।
- आज समर्पित की गई हावड़ा बर्धमान कोर्ड लाइन का दनकुनी और बरुपारा (11.28 किमी.) के बीच चौथी लाइन और हावड़ा-बर्धमान मुख्य लाइन के रसलूपुर और मगरा (42.42 किमी.) के बीच तीसरी लाइन कोलकता के लिए प्रमुख प्रवेश द्वारा के रूप में काम करेगी।
- रसूलपुर और मगरा के बीच तीसरी लाइन की निर्माण लागत राशि 759 करोड़ रुपये है, जबकि दनकुनी और बरुइपाड़ा के बीच चौथी लाइन की परियोजना लागत 195 करोड़ रुपये रखी गई हैं।
- अजीमगंज से खरग्राघाट रोड खंड का दोहरीकरण, जो पूर्वी रेलवे के हावड़ाबंदेल अजीमगंज खंड का हिस्सा है, उसकी परियोजना लागत राशि लगभग 240 करोड़ रुपये रखी गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1699972

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे-एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे निर्माण की शुहवआत संबंधी घोषणा की। इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण के उपरान्त दोनों शहरों के बीच की दूरी 235 km से घटकर कितनी रह जाएगी?

(a) 265 किमी. (b) 210 किमी. (c) 255 किमी. (d) 215 किमी.

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में केंद्र सरकार ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे सहित एलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर के निर्माण शुहव किए जाने संबंधी घोषणा की।
- सरकार द्वारा आशा व्यक्त की गई है कि दिल्ली-देहरादून पहुंच नियंत्रित एक्सप्रेसवे (Access-Controlled Expressway) का निर्माण कार्य मार्च, 2021 तक शुहव हो जाएगा।
- इस परियोजना में वन्य जीवों के संरक्षण हेतु 12 किलोमीटर लंबा तक छह लेन वाले एलिवेटेड वन्य जीव गलियारे होंगे।

- सरकार ने इस परियोजना को अगले दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा है।
- परियोजना को इंजीनियरिंग खरीद और निर्माण (Engineering Procurement and Construction) मोड पर निष्पादित करने का निर्णय लिया है।
- परियोजना के पूर्ण होने पर दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून गलियारे के माध्यम से दोनों शहरों (दिल्ली-देहरादून) की दूरी 235 किमी. से घटकर 210 किमी. हो जाएगी।
- इससे यात्रा समय भी 6.5 घंटे से घटकर मात्र 2.5 घंटे रह जाएगा।
- सड़क परिवहन मंत्रालय के अनुसार परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण-प्रभाव का आकलन अंतिम चरण में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/infrastructure/roadways/first-highway-with-wildlife-protection-corridor-delhi-dehradun-expressway-will-cut-travel-time-to-2-5-hours/2193513/

दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए उत्पादन से संबंद्ध लाभ (पीएलआई) योजना

प्रश्न-17 फरवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए उत्पादन से संबंद्ध लाभ (पीएलआई) योजना को मंजूरी प्रदान की। इस योजना के संबंद्ध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इस योजना का मुख्य अवयव 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के दूरसंचार उपकरणों के भारी-भरकम आयात को कम करते हुए इसके स्थान पर घरेलू बाजारों और निर्यात दोनों के लिए 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को बढ़ावा देना है।

(b) इस योजना का 5 वर्षों हेतु परिव्यय राशि 12, 195 करोड़ रुपये है।

(c) इस योजना हेतु पात्रता कुल निवेश में संचयी वृद्धि की न्यूतनम सीमा की प्राप्ति और शुद्ध करों के उत्पादित माल की बिक्री में वृद्धि के अधीन होगी।

(d) यह योजना 1 मार्च, 2021 से शुह्व होगी।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पादों के लिए उत्पादन से संबंद्ध लाभ (पीएलआई) योजना को मंजूरी प्रदान की।
- इस योजना हेतु बजट में व्यय के लिए 12,195 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

- पीएलआई योजना का लक्ष्य भारत में दूरसंचार तथा नेटवार्किंग उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देना है।
- इस योजना के तहत सहायता भारत में निर्दिष्ट दूरंसचार और नेटवर्किंग उत्पादों के निर्माण में लगी कंपनियों/संस्थाओं को प्रदान की जाएगी।
- इस योजना को उत्पादकों, उद्योग जगत और उनके संगठनों के नेताओं जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद अंतिम हवप दिया जाएगा।
- इस योजना का मुख्य अवयव 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के दूरसंचार उपकरणों के भारी-भरकम आयात को कम करते हुए इसके स्थान पर घरेलू बाजारों और निर्यात दोनों के लिए 'मेड इन इंडिया' उत्पादों को बढ़ावा देना है।
- इस योजना का 5 वर्षों हेतु परिव्यय राशि 12,195 करोड़ रुपये है।
- इस योजना हेतु पात्रता कुल निवेश में संचयी वृद्धि की न्यूतनम सीमा की प्राप्ति और शुद्ध करों के उत्पादित माल की बिक्री में वृद्धि के अधीन होगी।
- वित्तीय वर्ष 2019-20 को शुद्धकरों के उत्पादित माल की बिक्री में संचयी वृद्धि की गणना के लिए आधार वर्ष के हवप में माना जाएगा।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए 1 वर्ष में 7%, 2 वर्ष, (7%) और 3 वर्ष, (6%) प्रस्तावित है।
- एमएसएमई के लिए न्यूतनम निवेश सीमा 10 करोड़ रुपये और दूसरे उद्यमों के लिए 100 करोडत्र रुपये रखी गई है।
- एक बार योग्य घोषित हो जाने पर निवेशक को उनकी अप्रयुक्त क्षमता का उपयोग करने के लिए न्यूतनम निवेश सीमा के 20 गुना तक प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।
- यह योजना 1 अप्रैल, 2021 से शुरू होगी।
- इस योजना से 5 वर्षों में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये के साथ लगभग 2.4 लाख करोड़ रुपये का वृद्धिशील उत्पादन होगा।
- ऐसी संभावना है कि यह योजना, 3,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करेगी और व्यापक हवप से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार दोनों को सृजित करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1698685

दो नई लौह अयस्क खदानों में उत्पादन से जुड़ी गतिविधि का शुभारंभ

प्रश्न-18 फरवरी, 2021 को किस राज्य में स्थित दो नई लौह अयस्क खदानों जिलिंग-लैंग्लोटा लौह अयस्क ब्लॉक और गुआली लौह अयस्क ब्लॉक में उत्पादन से जुड़ी गतिविधि का शुभारंभ किया गया?

(a) झारखंड (b) ओडिशा (c) छत्तीसगढ़ (d) कर्नाटक

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2021 को केंद्रीय खान मंत्री प्रहलाद जोशी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने संयुक्त ह्वप से ओडिशा में दो नई लौह अयस्क खदानों जिलिंग-लैंग्लोटा लौह अयस्क ब्लॉक और गुआली लौह अयस्क ब्लॉक में उत्पादन से जुड़ी गतिविधि का शुभारंभ किया।
- दोनों खदानों की उत्पादन क्षमता प्रतिमाह 15 लाख टन है और इनमें लगभग 275 मिलियन टन का समेकित लौह अयस्क भंडार है।
- दोनों खदानों से ओडिशा राज्य को लगभग 4000-5000 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1699011

पंजाब में सौर-आधारित जल आपूर्ति परियोजना की शुरुआत

प्रश्न-पंजाब के निम्नलिखित में से किस जिले में अपनी तरह की पहली सौर-आधारित जल आपूर्ति परियोजना स्थापित की गई है?

(a) फरीदकोट (b) बरनाला (c) गुरदासपुर (d) जालंधर

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को पंजाब के जलआपूर्ति और स्वच्छता विभाग ने घोषणा की कि उसने जालंधर में अपनी तरह की पहली सौर-आधारित जल-आपूर्ति परियोजना स्थापित की है।
- यह सौर-आधारित जल आपूर्ति परियोजना जालंधर जिले के जगरावन-मुरादपुर और तलवाडा गांवों में शुरू की गई है।
- राज्य के जलआपूर्ति विभाग के अनुसार इस परियोजना के तहत 25000 लीटर क्षमता वाले पानी के टैंकों के साथ 150 मीटर की गहराई वाले ट्यूबवेल स्थापित किए गए हैं।
- इनके माध्यम से गांवों के प्रत्येक घरों में भी पाइप से जलापूर्ति करने की व्यवस्था की गई है।

- उल्लेखनीय है कि इस परियोजना का संचालन शुहव होने के बाद इन गांवों में अब जलआपूर्ति हेतु पंचायतें कोई बिजली बिल नहीं प्रदान कर रही हैं।
- पंचायतें अब, बिजली बिल पर पहले जो राशि खर्च होती थी, उसे गांवों के विकास कार्यों में लगा रही हैं।
- जगरावन गांव की सरपंच हरजीत कौर ने कहा कि बिजली का बिल शून्य हो जाने से पंचायत और गांववासियों ने राहत महसूस की है।
- इन परियोजनाओं के शुहव होने तथा सफलता से इनके संचालन के परिणाम-स्वहवप जगरावां और मुरादपुर के 141 घरों और तलवाडा गांव के 102 घरों को लाभ हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://diprpunjab.gov.in/?q=content/punjab%E2%80%99s-first-solar-based-water-supply-projects-boon-jalandhar-villages

कोच्चि वाटर मेट्रो परियोजना

प्रश्न-15 फरवरी, 2021 को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कोच्चि वाटर मेट्रो परियोजना के पहले हवट और टर्मिनल भवनों का उद्घाटन किया। कोच्चि वॉटर मेट्रो परियोजना के पहले चरण की लंबाई कितनी है?

(a) 180 किमी. (b) 220 किमी. (c) 340 किमी. (d) 520 किमी.

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अत्याधुनिक नौकाओं का उपयोग करते हुए शहर के आस-पास के द्वीपों को जोड़ने की परियोजना कोच्चि वाटर मेट्रो के पहले रूट और टर्मिनल भवनों का उद्घाटन किया।
- पहला रूट व्यित्तला (Vyttila) से कक्कानड (Kakkanad) तक है।
- व्यित्तला केरल से सबसे व्यस्त ट्रैफिक हब में से एक है तथा कक्कानड आईटी हब है।
- कोच्चि वाटर मेट्रो परियोजना का पहला चरण 520 किमी. लंबा है।
- केरल के मुख्यमंत्री ने पनामकुट्टी ब्रिज, जिसे पेट्ट ब्रिज के नाम से भी जाना जाता है का भी उद्घाटन किया इस पुल के चालू होने से पेट्टा जंक्शन और एएन जंक्शन के बीच अवरोध मुक्त यात्रा हो सकेगी।
- इस पुल की कुल लंबाई 250 किमी. है, जिसमें से लगभग 70 मीटर तक लंबाई में यह पुल पूर्णा नदी पर निर्मित है।

- यह पुल पेट्टा और थ्रीपुनिथुरा को जोड़ता है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एकीकृत शहरी उत्थान और जल परिवहन प्रणाली (IURWT) परियोजना की शुरूआत की।
- इस परियोजनांतर्गत कोच्चि में 34 किमी. की 6 प्रमुख नहरों को नवीनीकृत और पुनर्जीवित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/kerala-cm-inaugurates-first-route-of-kochi-water-metro-project20210216042727/

जम्मू-कश्मीर में ई-कुबेर भुगतान प्रणाली का शुभारंभ

प्रश्न-जम्मू-कश्मीर ने औपचारिक रूप से आरबीआई की ई-कुबेर भुगतान प्रणाली कब शुरू की?

(a) 18 फरवरी, 2021 (b) 16 फरवरी, 2021

(c) 14 फरवरी, 2021 (d) 12 फरवरी, 2021

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2021 को जम्मू-कश्मीर ने औपचारिक रूप से आरबीआई की ई-कुबेर भुगतान प्रणाली शुरू की।इसके साथ ही यह ई-कुबेर भुगतान प्रणाली के वर्जन 2.9 को लागू करने वाला पहला केंद्र शासित प्रदेश भी बन गया है।आरबीआई की नई भुगतान व्यवस्था मौजूदा सरकारी भुगतान प्रणाली की स्थान लेगी।
- कर्मचारियों के वेतन और पेंशनभोगियों के पेंशन सहित सभी प्रकार के सरकारी भुगतान आरबीआई के ई-कुबेर के माध्यम से किए जाएंगे।
- प्रांरभ में ई-कुबेर प्रणाली को प्रायोगिक आधार पर केवल सिविल सचिवालय कोषागार में लागू किया जाएगा और अन्य कोषागारों के लिए इस प्रणाली का आरंभ शीघ्र ही होगा।
- लाभ-यह प्रणाली एक समय में 50,000 लेन-देन करने में सक्षम है, जबकि सरकार से संबंधित सभी वित्तीय लेन-देन बिना किसी मध्यस्थ बैंक के सीधे आरबीआई के साथ निपटाए जाएंगे।
- प्रणाली भुगतान में देरी को दूर करेगी और पेपर वाउचर के खो जाने के जोखिम को भी समाप्त करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.outlookindia.com/newsscroll/ekuber-payments-system-launched-in-jk/2032184

पुगलुर-त्रिशूर एचवीडीसी परियोजना

प्रश्न-पुगलुर-त्रिशूर एचवीडीसी परियोजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 19 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉवर ग्रिड की 320 केवी 2000 मेगावॉट की पुगलुर (तमिलनाडु)-त्रिशूर (केरल) एचवीडीसी परियोजना का उद्घाटन किया।

(b) 2000 मेगावॉट वाली अत्याधुनिक पुगलुर-त्रिशूर हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट प्रणाली, राष्ट्रीय ग्रिड के साथ केरल के लिए पहला एचवीडीसी कनेक्शन है।

(c) यह दूसरी बार है, जब देश में ट्रांसमिशन के लिए वीएससी कनवर्टर तकनीक का उपयोग किया गया है।

(d) इस परियोजनांतर्गत उपयोग किए गए उपकरण का निर्माण भारत में किया गया है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉवरग्रिड की 320 केवी 2000 मेगावॉट की पुगलुर (तमिलनाडु)-त्रिशूर (केरल) एचवीडीसी परियोजना का उद्घाटन किया।
- 2000 मेगावॉट वाली अत्याधुनिक पुगलुर-त्रिशूर हाईवोल्टेज डायरेक्ट करंट प्रणाली, राष्ट्रीय ग्रिड के साथ केरल के लिए पहली एचवीडीसी (हाई वोल्टेज डायरेक्ट करेंट) इंटर कनेक्शन है।
- यह परियोजना राज्य में बिजली की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ बड़ी मात्रा में बिजली ट्रांसमिशन की भी सुविधा प्रदान करेगी।
- यह पहली बार है, जब देश में ट्रांसमिशन के लिए वीएससी (वोल्टेज सोर्स कनवर्टर) कनवर्टर तकनीक का उपयोग किया गया है।
- इस परियोजना से केरल 2,000 मेगावॉट का उपयोग कर सकेगा और शेष 1000 मेगावॉट को अपनी प्रणाली को मजबूत करने के बाद प्राप्त कर सकेगा।
- यह हानि को कम करते हुए सुरक्षित और त्वरित पारेषण को सक्षम बनाता है और यह केबलों के माध्यम से भी पारेषण को सक्षम बनाता है।
- 165 किमी. की ट्रांसमिशन लाइन में से लगभग 27 किमी. केबल भूमिगत है।
- यह तकनीक स्मार्ट ग्रिड की सुविधा के साथ-साथ प्रतिक्रियाशील शक्ति प्रबंधन में अधिक लोचशीलता प्रदान करते हुए अक्षय ऊर्जा संसाधनों के एकीकरण को भी सक्षय बनाती है।
- इस परियोजना की लागत राशि 5070 करोड़ रुपये है।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 50 मेगावॉट की कासरगोड सौर ऊर्जा परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित किया।
- इस परियोजना से उत्पादित संपूर्ण बिजली की खपत केरल द्वारा की जाएगी।

- प्रधानमंत्री ने अरूविक्करा स्थित जल शोधन संयंत्र का उद्घाटन और तिरूवनंतपुरम में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और स्मार्ट रोड परियोजना का भी शिलान्यास किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1699451

आयोग/समिति

स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ मनाने हेतु राष्ट्रीय समिति गठित

प्रश्न-5 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार ने स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ मनाने हेतु किसकी अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय समिति गठित की?

(a) गृहमंत्री (b) गृह सचिव (c) प्रधानमंत्री (d) कैबिनेट सचिव

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 मार्च, 2021 को केंद्र सरकार ने स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ मनाने हेतु एक राष्ट्रीय समिति गठित की।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समिति की अध्यक्षता करेंगे।
- समिति में 259 सदस्य हैं, जिनमें समाज के सभी वर्गों के जाने-माने लोग शामिल हैं।
- इस समिति में पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व एच.डी. देवगोडा, सोनिया गांधी, एल.के. साडवाणी के साथ-साथ कलाकार, खिलाड़ी इत्यादि शामिल होंगे।
- यह समिति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी के लिए नीतिगत दिशा-निर्देश देगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/centre-forms-259-member-committee-to-commemorate-75-years-of-indias-independence20210305232537/

ऑपरेशन/अभियान

हिंद महासागर में 90 दिवसीय समुद्री सीएसआईआर-अभियान

प्रश्न- मार्च, 2021 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी (एनआईओ) गोवा के वैज्ञानिकों द्वारा किस महासागर की जोनोमिक विविधता का पता लगाने के लिए 90 दिवसीय अभियान प्रारंभ किया गया है?

(a) प्रशांत महासागर (b) अटलांटिक महासागर (c) हिंद महासागर

(d) आर्कटिक महासागर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में हिंद महासागर के जीनोमिक और प्रोटिओम विविधता के मानचित्रण के लिए सीएसआईआर एनआईओ गोवा के 23 वैज्ञानिकों के दल ने 90 दिवसीय अभियान शुरू किया है।
- इस अभियान की शुरुआत आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तट से शोध पोत 'सिंधु साधना' के द्वारा प्रारंभ की गई।
- इस अभियान के तहत 'सिंधु साधना' लगभग 10000 समुद्री मील की दूरी तय करेगी, जिसमें, ऑस्ट्रेलिया से संबंधित मार्ग, हुगली का मुहाना, पाकिस्तान की सीमा, भारत के पश्चिमी तट, तक मारीशस का क्षेत्र शामिल हैं।
- वैज्ञानिकों द्वारा समुद्र में पाए जाने वाले बैक्टीरिया, रोगाणुओं तथा समुद्री जीवों के सेलुलर स्तर के क्रियान्वयन को समझने के लिए जल में स्थूल और पोषक तत्वों का भी पता लगाया जायेगा।
- इस अभियान के तहत वैज्ञानिकों द्वारा आणविक बायोमेडिकल तकनीकों, आनुवांशिक अनुक्रमण और जैव सूचना विज्ञान का उपयोग हिंद महासागर के पारिस्थितिकीय तंत्र की गतिशीलता को समझने के लिए किया जायेगा।
- भारत की यह इस तरह की पहली परियोजना है, जिसका उद्देश्य जैव रसायन विज्ञान और महासागर की जलवायु परिवर्तन, पोषक तत्वों की उपयोगिता तथा बढ़ते प्रदूषण की प्रतिक्रिया को समझना है।
- **नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी (एनआईओ) की स्थापना 1 जनवरी 1966 को की गई थी।**

संबंधित लिंक भी देखें...

http://ddnews.gov.in/sci-tech/csir-nio-expedition-indian-ocean-map-genetic-diversity-organisms-micronutrients-trace

सम्मेलन/समारोह

काला नमक चावल महोत्सव

प्रश्न-13-15 मार्च, 2021 तक उत्तर प्रदेश के किस जिले में 'कालानमक चावल महोत्सव' का आयोजन किया गया?

(a) गोरखपुर (b) सिद्धार्थ नगर (c) महाराजगंज (d) संतकबीर नगर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13-15 मार्च, 2021 तक उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर जिले में तीन दिवसीय 'कालानमक चावल महोत्सव' का आयोजन किया गया।
- यह उत्सव लखनऊ गुड़ महोत्सव की सफलता के बाद आयोजित किया गया।
- इस चावल महोत्सव का आयोजन 'एक जनपद, एक उत्पाद (ODOP) के तहत चयनित उत्पादों को आत्मनिर्भर भारत अभियान और 'लोकल फॉर वोकल' के रूप में बाजार को बढ़ावा देने और ब्रांड बनाने के लिए किया गया।
- 'एक जनपद, एक उत्पाद' योजना का उद्देश्य स्थानीय शिल्प का संरक्षण एवं विकास, कला और क्षमता का विस्तार, आय में वृद्धि एवं स्थानीय रोजगार का सृजन, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार एवं दक्षता का विकास, उत्पादों की गुणवत्ता में बदलाव, उत्पादों को पर्यटन से जोड़ा जाना, क्षेत्रीय असंतुलन के कारण होने वाली आर्थिक विसंगतियों को दूर करना और राज्य स्तर पर ओडीओपी के सफल संचालन के बाद इसे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।
- कालानमक चावल को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्राप्त हुआ है।
- यह चावल सिद्धार्थ नगर, देवरिया, गोरखपुर, महारागंज, कुशीनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती में उत्पादित किया जाता है।
- इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।
- महोत्सव में काला नमक चावल के विभिन्न व्यंजन भी प्रदर्शित किए गए।

संबंधित लिंक भी देखें...'

https://www.hindustantimes.com/lifestyle/art-culture/after-strawberry-and-jaggery-festival-kalanamak-rice-festival-to-be-held-in-up-101615611087732.html

अपराध की रोकथाम और आपराधिक न्याय पर 14वां यूएन कांग्रेस 2021

प्रश्न-7-12 मार्च, 2021 के मध्य अपराध की रोकथाम और आपराधिक न्याय पर 14वां यूएन कांग्रेस, 2021 कहां आयोजित किया गया?

(a) हेग (b) क्योटो (c) वियना (d) जिनेवा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7-12 मार्च, 2021 के मध्य अपराध की रोकथाम और आपराधिक न्याय पर 14 वां यूएन कांग्रेस, (14th UN Congress on Crime Prevention and Criminal Justice), 2021 क्योटो, जापान में आयोजित हुआ।
- इसका थीम-"Advancing Crime Prevention, Criminal Justice and the rule of Law: towards the achievement of the 2030 Agenda"
- यह विश्व भर में अपराध की रोकथाम और आपराधिक न्याय के क्षेत्र में नीति-निर्माताओं, चिकित्सकों, शिक्षाविदों, अंतर सरकारी संगठनों और नागरिक समाज की सबसे बड़ी विविध सभा है।
- इसका आयोजन वर्ष 1955 से विश्व के अलग-अलग हिस्सों में प्रति वर्ष में किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unodc.org/unodc/en/crimecongress/about.html

ब्रिक्स शेरपाओं तथा सू (Sous) -शेरपाओं की पहली बैठक, 2021

प्रश्न-24-26 फरवरी, 2021 के मध्य किस देश की अध्यक्षता में ब्रिक्स शेरपाओं तथा सू (Sous)-शेरपाओं की पहली बैठक वर्चुअल प्रारूप में संपन्न हुई?

(a) रूस (b) ब्राजील (c) दक्षिण अफ्रीका (d) भारत

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 24-26 फरवरी, 2021 के मध्य भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स शेरपाओं तथा सू-शेरपाओं की पहली बैठक, 2021 वर्चुअल प्रारूप में संपन्न हुई।
- बैठक की अध्यक्षता सचिव (सीपीवी एवं ओआईए), श्री संजय भट्टाचार्य तथा अतिरिक्त सचिव (आर्थिक संबंध) श्री पी. हरीश ने भारत के ब्रिक्स शेरपा तथा सू-शेरपा के रूप में की।

- भारत ने 2021 में अपनी अध्यक्षता के लिए अपनी प्राथमिकताएं निम्न विषयों के तहत प्रस्तुत की - 'ब्रिक्स @15: निरंतरता, समेकन और सहमति के लिए इंट्रा ब्रिक्स सहयोग' -

(i) बहुपक्षीय प्रणाली का सुधार;
(ii) काउंटर टेररिज्म सहयोग;
(iii) एसडीजी प्राप्त करने के लिए डिजिटल और तकनीकी समाधान का उपयोग करना;
(iv) लोगों के बीच आदान-प्रदान में वृद्धि करना।

- ब्रिक्स 2021 के कार्यक्रमों का कैलेंडर भी चर्चा और प्रतिक्रिया सत्रों के बाद प्रस्तुत किया गया।
- अपनी अध्यक्षता के दौरान विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में भारत की प्राथमिकताओं पर विभिन्न भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा कई संक्षिप्त विवरण और प्रस्तुतियां दी गईं।
- इनमें ब्रिक्स आतंकवाद विरोधी सहयोग, सतत विकास एवं डिजिटल कृषि पर विशेष ध्यान देने के साथ कृषि, नवाचार सहयोग, डिजिटल स्वास्थ्य, कोविड-19 महामारी का मुकाबला करने में सहयोग तथा पारंपरिक चिकित्सा, आर्थिक रणनीति साझेदारी एवं व्यापार एजेंडा शामिल थे।
- ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक के उपाध्यक्ष, श्री अनिल किशोरा, ने रूस और भारत में बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय खोलने और एनडीबी सदस्यता विस्तार सहित, वर्ष के लिए बैंक की प्राथमिकताओं पर ब्रिक्स शेरपाओं को जानकारी दी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/33574/First+meeting+of+BRICS+Sherpas+and+Sous+Sherpas#:~:text=BRICS%20Sherpas%20and%20Sous%20Sherpas%20held%20their%20first%20meeting%20under,BRICS%20Sherpa%20and%20Sous%20Sherpa.

16 वां फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन, 2021

प्रश्न-25-27 फरवरी, 2021 को 16वां फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन- 2021वर्चुअल प्रारूप में आयोजित किया गया। इसका विषय-वस्तु क्या था?

(a) सतत शिक्षा: विकास एवं नवाचार
(b) सतत शिक्षा : नवाचार एवं युवा पीढ़ी
(c) नई शिक्षा नीति : शिक्षा के एक नई दिशा
(d) उच्च शिक्षा @2030 : आर.आई.एस.ई.- रिजिली अन्स, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी, एंटरप्राइज

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 25-27 फरवरी, 2021 के मध्य 16 वें फिक्की उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन (16th FICCI Higher Education Summit), 2021 वर्चुअल प्रारूप में आयोजित किया गया।
- इस शिखर सम्मेलन की विषय-वस्तु उच्च शिक्षा @2030: आर.आई.एस. ई-रिजिलीअन्स, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी एंटरप्राइज था।इसका आयोजन शिक्षा मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सहयोग से भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा किया गया।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने इस सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दिया।
- इस उद्घाटन सत्र में फिक्की-ईवाई रिपोर्ट 'भारत में उच्च शिक्षा : विजन 2040' जारी की गई।
- मौजूदा संदर्भ में शिक्षा 4.0 को परिभाषित करते हुए रिपोर्ट ने उच्च शिक्षा क्षेत्र के भीतर उभरते महत्वपूर्ण रुझानों और सीखी गई बातों के साथ वैश्विक सर्वश्रेष्ठ्ख अभ्यासों को रेखांकित किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1700769

24वीं भारत -यूएसए कार्यकारी संचालन समूह की बैठक, 2021

प्रश्न-22-24 फरवरी, 2021 के मध्य 24 वीं भारत-यूएसए कार्यकारी संचालन समूह (ESG) की बैड्गक कहां सम्पन्न हुई?

(a) न्यूयॉर्क (b) नई दिल्ली (c) वाशिंगटन डी.सी. (d) मुंबई

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 22-24 फरवरी, 2021 के मध्य 24 वीं भारत -यूएसए कार्यकारी संचालन समूह की बैठक (ESG),2021 नई दिल्ली में संपन्न हुई।यह सेना से सेना के संबंधों के लिए एक मंच है, जो प्रति वर्ष बारी-बारी से भारत और अमेरिका में सेना से सेना के सहयोग के विषय पर चर्चा करने के लिए मिलता है।इस बैठक में अमरीकी सेना के 12 सदस्यीय शिष्टमंडल ने भाग लिया।
- जबकि भारतीय सेना के प्रतिनिधिमंडल में 37 अधिकारी शामिल थे।
- इस बैठक के दौरान दोनों पक्षों के बीच रक्षा सहयोग के प्रासंगिक मुद्दों और हित के साझा विषयों पर चर्चा की गई।आपसी हितों के कई समकालीन मुद्दों पर विविध क्षेत्रों में आपसी तालमेल बढ़ाने के उद्देश्य से चर्चा की गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1700779

संधि/समझौता

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा केंद्रीय रेशम बोर्ड के मध्य समझौता

प्रश्न-मार्च, 2021 में रेशम क्षेत्र में कृषि वानिकी के कार्यान्वयन हेतु कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा केंद्रीय रेशम बोर्ड के मध्य हुए समझौता- ज्ञापन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में पर विचार करे-

(1) इस समझौत-ज्ञापन का उद्देश्य कृषि वानिकी मॉडल पर आधारित रेशम उत्पादन के लिए किसानो को प्रोत्साहन देना है।

(2) इसके तहत रेशम उत्पादकों को जल्दी रिटर्न के लिए कृषि वानिकी में एक नया आयाम जुड़ने के साथ-साथ रेशम की श्रृंखला के उत्पादन के लिए समर्थन प्राप्त होगा।

(3) पिछले 6 वर्षों के दौरान देश में कच्चे रेशम के उत्पादन में लगभग 35 प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ-साथ 90 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार की प्राप्त हुई है।

(4) कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 से ही कृषि वानिकी सब मिशन को कार्यान्वित किया जा रहा है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों पर विचार करते हुए सत्य कथनों का चुनाव करें-

(a) 1 एवं 2 (b) 1, 2 एवं 3 (c) 1, 2, 3 एवं 4 (d) 2, 3 एवं 4

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 मार्च, 2021 को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने पहले से लागू कृषि वानिकी सब मिशन (SMAF) योजना के तहत रेशम क्षेत्र में कृषि वानिकी के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय रेशम बोर्ड के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।
- इस समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य कृषि वानिकी मॉडल (Agro-forestry Model) पर आधारित रेशम उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहन देना है, जिससे भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' तथा 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के विजन के लिए योगदान दिया जा सके।
- इसके फलस्वरूप रेशम उत्पादकों को जल्दी रिटर्न के लिए कृषि वानिकी में एक नया आयाम जुड़ने के साथ-साथ रेशमों की श्रंृखला के उत्पादन के लिए समर्थन प्राप्त होगा।
- इसके तहत केंद्रीय रेशम बोर्ड तथा वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार रेशम क्षेत्र में कृषि वानिकी को प्रोत्साहन देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।
- ध्यातव्य है कि पिछले 6 वर्षों के दौरान देश में कच्चे रेशम के उत्पादन में लगभग 35 प्रतिशत बढ़ोत्तरी होने के साथ-साथ इस क्षेत्र में 90 लाख से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से

रोजगार प्राप्त हो हुआ है।भारत सरकार द्वारा बुनियादी मशीन (Buniyaad Machines) उपलब्ध कराने हेतु 8000 महिला थाई रीलर्स (Thigh Reelers) की पहचान की गई है तथा 5000 महिलाओं को पहले ही सिल्क समग्र फेज 1 के तहत सहयोग प्रदान किया गया है।

- ध्यातव्य है कि इसके माध्यम से न केवल किसानों की आय एवं उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि उनके सामने आने वाली आर्थिक समस्याएं भी दूर होंगी।
- ध्यातव्य है कि राष्ट्रीय कृषि वानिकी नीति 2014 की सिफारिशों के तहत कृषि, सहकारिता और कृषक कल्याण विभाग वर्ष 2016-17 से ही कृषि वानिकी सब मिशन को कार्यान्वित कर रहा है।
- भारत इस तरह की समग्र नीति वाला पहला देश था, जिसने फरवरी, 2014 में दिल्ली में हुई 'विश्व कृषि वानिकी कांग्रेस' में इसका शुभारंभ किया था।
- वर्तमान में कृषि वानिकी सब मिशन को 20 राज्यों तथा 2 संघशासित क्षेत्रों में कार्यान्वित किया जा रहा है।कृषि वानिकी सब मिशन का उद्देश्य किसानों को आय के अतिरिक्त स्रोत मुहैया कराने के साथ-साथ लकड़ी आधारित एवं ओषधि उद्योग के लिए कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कृषि फसलों के साथ बहुउद्देशीय पेड़ लगाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1703051

उत्तर प्रदेश में सीवेज शोधन संयंत्र के विकास हेतु अनुबंध

प्रश्न-15 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी), उत्तर प्रदेश जल निगम और मैसर्स जीए इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड-लाहोटी बिल्डकॉन लिमिटेड के बीच उत्तर प्रदेश के किस शहर में सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) के विकास हेतु एक त्रिपक्षीय रियायत अनुबंध हस्ताक्षरित हुआ?

(a) मुरादाबाद (b) बरेली (c) शाहजहांपुर (d) हरदोई

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी), उत्तर प्रदेश जल निगम और मैसर्स जीए इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड-लाहोटी बिल्डकॉन लिमिटेड के बीच उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद शहर में सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) के विकास हेतु एक त्रिपक्षीय रियायत अनुबंध हस्ताक्षरित हुआ।
- यह अनुबंध हाइब्रिड एन्यूइटी पीपीपी मोड पर आधारित होगा।
- इस अनुबंध का कुल मूल्य 99.68 करोड़ रुपये है।

- इस परियोजना का उद्देश्य मुरादाबाद शहर से गंगा नदी में गैर-शोधित सीवेज के प्रवाह को समाप्त करना है।
- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने 25 एमएलडी सीवेज शोधन संयंत्र के निर्माण हेतु परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है।
- परियोजना में शामिल अन्य कार्यों में सीवेज-प्रवाह को बीच में रोकने और मार्ग बदलने (आई एंड डी) की क्षमता विकसित करना, आई एंड डी नेटवर्क तैयार करना, मुरादाबाद के सीवरेज जोन II के लिए 15 वर्षों तक परिचालन और रख-रखाव सहित सीवेज पंपिंग ग स्टेशन आदि हैं।
- इस परियोजना का अन्य उद्देश्य शहर में मौजूदा सीवरेज समस्याओं और रामगंगा में हाने वाले सीवेज प्रदूषण पर ध्यान केंद्रित करना भी है।
- इस परियोजना हेतु ऋण उपलब्ध कराने की पेशकश एसबीआई कैपिटल द्वारा पहले ही की जा चुकी है।
- ध्यातव्य है कि मुरादाबाद एवं बरेली गंगा की सहायक रामगंगा नदी पर स्थित दो प्रमुख शहर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1704951

एडॉप्ट ए हेरिटेज: अपनी धरोहर, अपनी पहचान परियोजना के तहत 28 वां समझौता-ज्ञापन

प्रश्न-15 मार्च, 2021 को 28 वें समझौता-ज्ञापन के तहत 'एडॉप्ट ए हेरिटेज (एक विरासत को अपनाएं): अपनी धरोहर, अपनी पहचान' परियोजना, दिल्ली में स्थित किस ऐतिहासिक स्थल को प्रदान की गई है?

(a) हुमायूं का मकबरा (b) सफदरजंग का मकबरा
(c) दारा शिकोह पुस्तकालय भवन (d) पुराना किला

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को 28 वें समझौता-ज्ञापन के तहत 'एडॉप्ट ए हेरिटेज (एक विरासत को अपनाएं): अपनी धरोहर, अपनी पहचान' परियोजना 'द्वारा शिकोह पुस्तकालय भवन, दिल्ली को प्रदान की गई।
- यह परियोजना भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय सहित सरकारी हितधारकों, कला, संस्कृति और भाषा विभाग (पुरातत्व विभाग के माध्यम से), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार और निजी

संस्थाओं अर्थात स्मारक मित्र, कला और सांस्कृतिक विरासत न्यास और संग्रहालय तथा कला परामर्श द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जाएंगी।

- इस समझौता-ज्ञापन की प्रारंभिक अवधि 5 वर्ष है, किंतु स्मारक मित्र के प्रदर्शन के आधार पर इसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत स्मारक मित्र विभिन्न सुविधाओं के विकास के साथ-साथ उन्नत सुविधाओं जैसे कैफेटेरिया (आउटडोर कैफे), स्मारिका दुकान, ब्रोशर और पत्रक, पुस्तकालय और पढ़ने के क्षेत्र, कला प्रतिष्ठान, वेबसाइट डिजाइनिंग, ऐप आधारित बहुभाषी ऑडियो-गाइड, वाई-फाई आदि के संचालन और रख-रखाव की योजना बनाई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1705045

खेल तथा युवा मामलों में सहयोग हेतु समझौता

प्रश्न-16 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार और किस देश के युवा, खेल और सामुदायिक सशक्तीकरण मंत्रालय के बीच खेल तथा युवा मामलों में सहयोग के सबंध में हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन से अवगत कराया गया?

(a) भूटान(b) श्रीलंका(c) बांग्लादेश(d) मालदीव

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार और मालदीव गणराज्य के युवा, खेल और सामुदायिक सशक्तीकरण मंत्रालय के बीच खेल तथा युवा मामलों में सहयोग के संबंध में हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन से अवगत कराया गया है।
- यह समझौता-ज्ञापन नवंबर, 2020 में हस्ताक्षरित हुआ था।
- खेल एवं युवा मामलों में मालदीव के साथ द्विपक्षीय सहयोग के लाभ समान रूप से सभी खिलाड़ियों को प्राप्त होगा, भले ही वह किसी जाति, पंथ, क्षेत्र, धर्म और लिंग के हों।
- इस समझौते से दोनों देशों के बीच खेल तथा युवा मामलों के क्षेत्र में द्विपक्षीय आदान-प्रदान कार्यक्रमों से खेल विज्ञान, खेल ओषधि, कोचिंग तकनीक, युवा महोत्सव तथा कैंपसों में भागीदारी के क्षेत्र में ज्ञान और विशेषज्ञता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1705110

एमसीए और सीबीआईसी में समझौता

प्रश्न-25 फरवरी, 2021 को कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने दोनों संगठनों के बीच डेटा के आदान-प्रदान हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौता-ज्ञापन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह समझौता-ज्ञापन प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने हेतु डेटा क्षमताओं का लाभ उठाने हेतु एमसीए और सीबीआईसी के विजन के अनुरूप है।

(b) दोनों संगठन एक दूसरे के डेटाबेस तक पहुंच के कारण लाभान्वित होंगे, जिसमें आयात-निर्यात, लेन-देन के विवरण और देश में पंजीकृत कंपनियों के समेकित विवरण शामिल हैं।

(c) यह समझौता-ज्ञापन स्वत: और नियमित आधार पर एमसीए और सीबीआईसी के बीच डेटा और जानकारी प्रदान करने में सहायता करेगा।

(d) यह समझौता-ज्ञापन 1 अप्रैल, 2021 से लागू होगा।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2021 को कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने दोनों संगठनों के बीच डेटा के आदान-प्रदान हेतु एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता-ज्ञापन प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने हेतु डेटा क्षमताओं का लाभ उठाने हेतु एमसीए और सीबीआईसी के विजन के अनुरूप है।
- दोनों संगठन एक-दूसरे के डेटाबेस तक पहुंच के कारण लाभान्वित होंगे, जिसमें आयात-निर्यात लेन-देन के विवरण और देश में पंजीकृत कंपनियों के समेकित विवरण भी शामिल हैं।
- एमसीए 21 संस्करण 3 के विकास के आलोक में डेटा साझा करने का प्रबंधन महत्वपूर्ण हो गया है और इसके लिए भारत में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने और समावेशी नियामक प्रवर्तन में सुधार लाने हेतु अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाएगा।
- इसी तरह सीबीआईसी भी एडीवीएआईटी (अप्रत्यक्ष कराधान में उन्नत विश्लेषण) एक समावेशी करदाता प्रोफाइलिंग वेâे उपकरण के लांच, एआई/एमएल डाटा एनालिटिक्स जैसे उपायों के द्वारा इस समन्वय को अर्जित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।
- यह समझौता-ज्ञापन स्वत: और नियमित आधार पर एमसीए और सीबीआईसी के बीच डेटा और जानकारी प्रदान करने में सहायता करेगा।

- डेटा के नियमित आदान-प्रदान करने के अलावा छंटनी करने, निरीक्षण जांच और अभियोजन संचालित करने के उद्देश्य से एमसीए और सीबीआईसी अनुरोध पर एक-दूसरे के साथ उनके संबधित डेटाबेस में उपलब्ध किसी भी जानकारी का आदान-प्रदान कर सकेंगे।
- यह समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित किए जाने की तिथि से लागू होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/policy/ministry-of-corporate-affairs-signs-pact-with-cbic-for-data-exchange/articleshow/81208991.cms?from=mdr

ओडिशा सरकार तथा आर्सेलर मित्तल-निपोन स्टील इंडिया में समझौता

प्रश्न-4 मार्च, 2021 को ओडिशा सरकार और आर्सेलर मित्तल-निपोन स्टील इंडिया के बीच ओडिशा के किस जिले में 12 मीट्रिक टन का एकीकृत इस्पात संयंत्र लगाने के संबंध में समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) बलांगिर (b) भद्रक (c) केंद्रपाड़ा (d) सुंदरगढ़

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4 मार्च, 2021 को ओडिशा सरकार और इस्पात दिग्गज आर्सेलर मित्तल-निपोन स्टील इंडिया के बीच ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में 12 मीट्रिक टन का एकीकृत इस्पात संयंत्र लगाने के संबंध में समझौता-ज्ञापन को लेकर समझौता हुआ।भारत सरकार द्वारा इस विशाल संयंत्र की स्थापना हेतु सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।
- 12 मीट्रिक टन के इस इस्पात संयंत्र का लक्ष्य भारत में संपदा निर्माण और रोजगार सृजन हेतु निवेशकों को आकर्षित करना है।इसका एक उद्देश्य राष्ट्रीय इस्पात नीति जैसे सहायक नीति सुधार लाने के साथ-साथ सुविधाओं से संपन्न अवसंरचना तैयार करना है।
- केंद्रपाड़ा में स्थापित किए जाने वाले इस आर्सेलर मित्तल-निपोन स्टील प्लांट को विगत 6 वर्षों में इस क्षेत्र में किए गए बुनियादी ढांचे के विकास जैसे-पारादीप बंदरगाह तथा महानदी तटवर्ती बंदरगाह, पारादीप-हरिदासपुर नई लाइन जैसे मुख्य माल एवं यात्री ढलाई रेल कॉरिडोर तथा राजमार्गों के निर्माण में लाभ प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/business/2021/mar/04/arcelormittal-revives-odisha-steel-plant-plan-zeroes-in-on-kendrapara-2272147.html

नवीकरणीय उर्जा के क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता

प्रश्न-मार्च, 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल को नवीकरणीय उर्जा सहयोग के क्षेत्र में भारत और किस देश के बीच समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बारे में जानकारी प्रदान की गई?

(a) अमेरिका (b) स्वीडन (c) जापान (d) फ्रांस

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- मार्च, 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल को नवीकरणीय उर्जा सहयोग के क्षेत्र में भारत और फ्रांस गणराज्य के बीच समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बारे में जानकारी प्रदान की गई।
- यह समझौता-ज्ञापन जनवरी, 2021 में हस्ताक्षरित हुआ था। ,
- इस समझौता-ज्ञापन में वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मियों का आदान-प्रदान और प्रशिक्षण, वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय की जानकारी और डेटा का आदान-प्रदान, कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन, उपकरणों, तकनीकी जानकारी, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संयुक्त अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकीय परियोजनाओं का विकास शामिल है।
- इस समझौता-ज्ञापन से वर्ष 2030 तक तक 450 गीगावॉट (GW) की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का महत्वाकांक्षी लक्ष्य अर्जित करने की प्रक्रिया में मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.businesstoday.in/current/economy-politics/centre-approves-mou-on-renewable-energy-cooperation-with-france/story/432881.html

डीआईएवी और वीणा नैय्यर के बीच समझौता

प्रश्न-1 मार्च, 2021 को भारतीय सेना के पूर्व सैनिक निदेशालय (डीआईएवी) और वीणा नैय्यर के बीच सेना, नौसेना और वायुसेना द्वारा संचालित योजनाओं के लिए कितनी राशि की शपथ के प्रावधान वाले एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षर हुआ?

(a) 1 करोड़ रुपये (b) 2 करोड़ रुपये (c) 5 करोड़ रुपये(d) 10 करोड़ रुपये

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 1 मार्च, 2020 को भारतीय सेना के पूर्व सैनिक निदेशालय (डीआईएवी) और वीणा नैय्यर के बीच सेना, नौसना और वायुसेना द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लिए दो करोड़ रुपये की शपथ के प्रावधान वाला एक समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- दिवंगत वाइस एडमिरल के.के. नैय्यर की पत्नी वीणा नैय्यर ने सेना के तीनों अंगों के लिए एक 2 करोड़ रुपये का चेक सौंपा।
- इस समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य ड्यूटी के दौरान प्राण गंवाने वाले सैन्यकर्मियों के निकटतम परिजनों के लिए बनाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को सुगम बनाना है।
- इन कल्याणकारी योजनाओं में जान गंवाने वाले सैनिकों के बच्चों और विधावाओं के लिए शिक्षा छात्रवृत्ति और कंप्यूटर अनुदान, विधवाओं की उच्च शिक्षा के लिए अनुदान और विधवाओं तथा ऐसे सैनिकों की बेटियों के विवाह हेतु अनुदान शामिल है।
- भारतीय सेना का पूर्व सैनिक निदेशालय (डीआईएवी) ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले सैन्य कर्मियों के परिवारों के पुनर्वास एवं कल्याण की देखभाल करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1701724

BPCL में विनिवेश प्रक्रिया : नुमालीगढ़ रिफाइनरी में BPCL की संपूर्ण हिस्सेदारी की बिक्री

प्रश्न : निजीकरण बद्ध BPCL ने हाल ही में नुमालीगढ़ रिफाइनरी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। नुमालीगढ़ रिफाइनरी में BPCL की कितनी हिस्सेदारी है ?

(a) 61.65 प्रतिशत (b) 56.65 प्रतिशत (c) 71.65 प्रतिशत (d) 66.65 प्रतिशत

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- निजीकरण बद्ध BPCL ने हाल ही में (मार्च, 2021) नुमालीगढ़ रिफाइनरी में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है।
- नुमालीगढ़ रिफाइनरी में शेयर होल्डिंग पैटर्न
- उल्लेखनीय है कि नुमालीगढ़ रिफाइनरी(एनआरएल) में BPCL की 61.65 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जिसकी कीमत लगभग 9,876 करोड़ रुपये है।
- ओआईएल के पास वर्तमान में एनआरएल में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि असम सरकार के पास लगभग 12.35 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

- निकासी का उद्देश्य
- बीपीसीएल 9,876 करोड़ रुपये की नुमालीगढ़ रिफाइनरी की हिस्सेदारी की बिक्री से शेयरधारकों को एक विशेष लाभांश का भुगतान करना चाहता है।
- निवेशक
- उपर्युक्त हिस्सेदारी को सरकार के स्वामित्व वाली(state-owned) ऑयल इंडिया, कंसल्टेंसी फर्म इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड(ईआईएल) और असम सरकार के एक कंसोर्टियम द्वारा 9,875.96 करोड़ रुपये में खरीदा जाएगा।
- ध्यातव्य है कि असम शांति समझौते को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने एनआरएल को सार्वजनिक क्षेत्र में ही रखने का फैसला किया था।
- परिणाम
- एनआरएल (Numaligarh refinery) की बिक्री के बाद बीपीसीएल के पास तीन रिफाइनरियां मुंबई, कोच्चि (केरल) और बीना (मध्य प्रदेश) की बचेंगी जो भारत ही तेल शोधन क्षमता का 14 प्रतिशत हिस्सा धारण करती हैं।
- BPCL का विनिवेश
- उल्लेखनीय है कि बीपीसीएल एक निजीकरण- बद्ध सार्वजनिक उपक्रम है। सरकार ने पहले ही संकेत दिया है कि वह 1 अप्रैल (2021-22) से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष की पहली छमाही तक बीपीसीएल के निजीकरण की प्रक्रिया को पूरा कर लेगी।
- एनआरएल की बिक्री बीपीसीएल के विनिवेश की दिशा में पहला कदम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/industry/energy/oil-gas/bpcl-to-sell-numaligarh-refinery-stake-for-rs-9876-cr/articleshow/81276808.cms?from=mdr

कोल इंडिया लिमिटेड तथा रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र के मध्य समझौता-ज्ञापन

प्रश्न-फरवरी में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा निगरानी एवं डेटा को साझा करने के उद्देश्य से हस्ताक्षरित समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

(a) कोल इंडिया द्वारा यह समझौता रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र के साथ किया गया है।

(b) इस समझौते के तहत कोल इंडिया लिमिटेड को कोयला रेकों तथा कोयला डिस्पैच गतिविधियों की निगरानी हेतु भारतीय रेलवे के एफओआईएस सुविधा का उपयोग करने में मदद मिलेगी।

(c) यह समझौता कोल इंडिया लिमिटेड को रेल मोड के माध्यम से कोयला आपूर्ति मैट्रिक्स को तर्कसंगत बनाने में मदद प्रदान करेगा।

(d) इस समझौता-ज्ञापन की अवधि वार्षिक तकनीकी सहायता के साथ पांच वर्ष हेतु निर्धारित है।

उपर्युक्त दिए गए कथनों में से सत्य कथन का चुनाव करें-

(a) 1एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 1, 2 एवं 3 (d) 2, 3 एवं 4

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 22 फरवरी, 2021 को सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला उत्पादन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने मालगाड़ी निगरानी (Frieght monitoring) एवं डेटा को साझा करने के उद्देश्य हेतु रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र (Centre for Railway information system) के साथ समझौता किया है।
- इस समझौते के तहत कोल इंडिया लिमिटेड को कोयला रेकों (Crakes) तथा कोयला डिस्पैच गतिविधियों की निगरानी हेतु भारतीय रेलवे के फ्रेट ऑपरेशन इंफार्मेशन सिस्टम (FOIS) का उपयोग करने में मदद मिलेगी।
- ध्यातव्य है कि फ्रेट ऑपरेशन इंफार्मेशन सिस्टम भारतीय रेलवे की माल ढुलाई व्यवसाय की प्रबंधन सूचना प्रणाली है, जिसके तहत रेकों के प्रबंधन तथा रियल टाइम ट्रैरकिंग को शामिल किया गया है।
- गौरतलब है कि यह अपनी तरह का पहला डेटा साझाकरण है, जो कोल इंडिया लिमिटेड को रेल मोड के माध्यम से कोयला आपूर्ति मैट्रिक्स को तर्कसंगत बनाने में मदद प्रदान करेगा।
- इन आंकड़ों से रेकों के ओवरलोडिंग के मामलों को कम करने में मदद मिलेगी।
- इस समझौता-ज्ञापन की अवधि वार्षिक तकनीकी सहायता के साथ एक वर्ष निर्धारित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/coal-india-signs-mou-with-railways-cris-to-monitor-freight-movement-121022200551_1.html

आयुष मंत्रालय,भारत सरकार, डब्ल्यूएचओ में समझौता

प्रश्न-15 फरवरी, 2021को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दक्षिण पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ) के मध्य किस उद्देश्य हेतु नई दिल्ली में समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय पारंपरिक चिकित्सा कार्यक्रम के लिए आयुष विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति हेतु ।

(b) आयुष चिकित्सा के संबंद्ध में ज्ञान साझा करने हेतु

(c) भारत में आयुष प्रणालियों के प्रचार-प्रसार हेतु

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी,2021 को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ) के मध्य डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय पारंपरिक चिकित्सा कार्यक्रम के लिए आयुष विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति के लिए समझौता-ज्ञापन नई दिल्ली में हस्ताक्षरित हुआ।
- क्षेत्रीय पारंपरिक चिकित्सा कार्य योजना को लागू करने वाले डब्ल्यूएचओ एसईएआर को समर्थन देने के लिए यह पहल की गई है, जिसमें आयुर्वेद और चिकित्सा की अन्य भारतीय पारंपरिक प्रणालियों सहित पारंपरिक चिकित्सा सेवा के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया गया है और राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों से उचित तरीके से जोड़ा गया है।
- यह साझेदारी दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के देशों में नीतियों को आगे बढ़ाने और पारंपरिक चिकित्सा की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्य योजनाओं को लागू करने हेतु आयुष मंत्रालय और डब्ल्यूएचओ का संयुक्त प्रयास भी होगा।
- इस अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और डब्ल्यूएचओ एसईएआर कार्यालय ने कोविड पर एक सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान परियोजना शुरू करने पर सहमति व्यक्त की।
- इस परियोजना को डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ और आयुष मंत्रालय का संयुक्त सहयोग प्राप्त है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1698177

पारादीप प्लास्टिक पार्क हेतु समझौता

प्रश्न-9 मार्च, 2021 को ओडिशा इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आईडीसीओ) और किसके बीच पारादीप प्लास्टिक पार्क को विकसित करने हेतु एक अनुबंध और समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) प्राकृतिक गैस एवं पेट्रोलियम मंत्रालय (b) हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड

(c) भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (d) इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 मार्च, 2021 को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और ओडिशा इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आईडीसीओ) के मध्य पारादीप प्लास्टिक पार्क को विकसित करने हेतु एक अनुबंध और समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षर हुआ।
- वर्तमान में भारत सरकार ने ऐसे 6 पार्कों को मंजूरी प्रदान की है और पारादीप प्लास्टिक पार्क उनमें से एक है।
- समझौते पर हस्ताक्षर के अनुसार पारादीप प्लास्टिक पार्क में डाउनस्ट्रीम पॉलिमर उद्योगों में निवेश को आकर्षित करने के लिए इंडियन ऑयल ने एक विशेष रणनीतिक प्रोत्साहन योजना की भी घोषणा की है।
- इसके अनुसार पॉलीप्रोपाइलीन ग्रेन्युल के उत्पादन पर 2000 रुपये प्रति मीट्रिक टन की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।
- अनुमानित है कि लगभग 26 प्लास्टिक पार्क इकाइयों में 500 करोड़ का निवेश होगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 6000 लोगों के लिए रोजगार उत्पन्न होने की संभावना है।
- यह प्लास्टिक पार्क ओडिशा के साथ-साथ पूर्वी भारत में पेट्रोकेमिकल्स और प्लास्टिक के बुनियादी ढांचे के साथ-साथ सहायक उद्योगों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को भी बढ़ावा देगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703600

छत्तीसगढ़ सरकार-इंडिया सेंटर फाउंडेशन में समझौता

प्रश्न-9 मार्च, 2021 को छत्तीसगढ़ सरकार और इंडिया सेंटर फाउंडेशन के बीच राज्य में कई क्षेत्रों का वैकल्पिक विकास मॉडल के माध्यम से समग्र विकास करने हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। विकल्प में कई क्षेत्रों में कौन-सा क्षेत्र शामिल है?

(a) शिक्षा (b) औद्योगिक विकास वल् र्ड (c) बौद्ध् पर्यटन अधोसंरचना (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 मार्च, 2021 को छत्तीसगढ़ सरकार और इंडिया सेंटर फाउंडेशन के बीच राज्य में शिक्षा, कौशल विकास, औद्योगिक विकास, कृषि गलियारे का विकास, इनोवेटिव डिजिटल समाधान, शहरी तथा ग्रामीण विकास, बौद्ध पर्यटन अधोसंरचना आदि क्षेत्रों के वैकल्पिक विकास मॉडल के माध्यम से समग्र विकास हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता-ज्ञापन के तहत छत्तीसगढ़ के उपरोक्त सेक्टरों का अल्टरनेटिव डेवलपमेंट मॉडल (वैकल्पिक विकास मॉडल) के माध्यम से सशक्तीकरण किया जाएगा।

- यह मॉडल विशेष रूप से भारत-जापान ग्लोबल पार्टनर शिप और इसके वैश्विक सहयोगियों के बीच भागीदारी पर केंद्रित होगा।
- वैकल्पिक विकास मॉडल में ऊर्जा-दक्षता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और स्थिरता पर केंद्रित सामाजिक-आर्थिक विकास रणनीतियों का क्रियान्वयन होगा।
- इस मॉडल में अपने मूल संसाधनों और पर्यावरण का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

इंडियन इकोनॉमिक ट्रेड आर्गनाइजेशन तथा कर्नाटक सरकार के मध्य समझौता-ज्ञापन

प्रश्न-फरवरी, 2021 में इंडियन इकोनॉमिक ट्रेड ऑर्गनाइजेशन ने सतत विकास लक्ष्यों को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए किस राज्य सरकार के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है?

(a) तमिलनाडु (b) केरल (c) तेलंगाना (d) कर्नाटक

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में इंडियन इकोनॉमिक ट्रेड ऑर्गनाइजेशन तथा कर्नाटक सरकार के मध्य समझौताज्ञापन किया गया है।
- इस समझौते के तहत राज्य में अधिक प्रभावी ढंग से सतत विकास लक्ष्यों को लागू करने तथा स्थायी भविष्य के दायरे का विस्तार करना शामिल है।
- ध्यातव्य है कि यह समझौता संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सतत विकास लक्ष्यों के संबंध में कर्नाटक की रैंकिंग में सुधार करेगी।
- गौरतलब है कि वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एजेंडा फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट-2030 के तहत 17 सतत विकास लक्ष्यों को चिह्नित किया था।
- सतत विकास से तात्पर्य ऐसे विकास से है, जो वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं की तरफ भी ध्यान देती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/brand-post/ieto-karnataka-govt-sign-mou-for-sdgs-11613133594329.html

सिविल स्पेस गतिविधियों के संबंध में समझौता ज्ञापन

प्रश्न-फरवरी, 2021 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगङ्गन ने सिविल स्पेस गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए किस देश की अंतरिक्ष एजेंसी के साथ संशोधित समझौता ज्ञापन किया है?

(a) अमेरिका (b) रूस (c) इजराइल (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2021 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने सिविल स्पेस गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष एजेंसी के साथ संशोधित समझौता-ज्ञापन किया है।
- उक्त हस्ताक्षर इसरो प्रमुख के.सिवन तथा ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख एनरिको पलेर्मो ने एक वर्चुअल मीटिंग के दौरान किया है।
- ध्यातव्य है कि यह संशोधन 2012 में भारत-ऑस्ट्रेलियाई के मध्य हुए सिविल अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा शिक्षा के क्षेत्र में हुए अंतर-सरकारी समझौते में किया गया है।
- इस समझौते का उद्देश्य सिविल स्पेस गतिविधियों के क्षेत्र में दोनों देशों के मध्य सहयोग को बढ़ाना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.isro.gov.in/update/17-feb-2021/dr-k-sivan-chairman-isro-secretary-dos-had-meeting-with-new-head-of-australian

भारत-मॉरीशस में समझौता

प्रश्न-17 फरवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और मॉरीशस के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की। इस समझौते के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) भारत-मॉरीशस सीईसीपीए पहला व्यापार समझौता है जो किसी अफ्रीकी देश के साथ किया गया है।

(b) इस समझौते में भारत के लिए 370 निर्यात वस्तुओं को शामिल किया गया है।

(c) मॉरीशस को अपने 6153 उत्पादों के लिए प्राथमिकता के आधार पर भारतीय बाजार में पहुंच से लाभ मिलेगा।

(d) इस समझौते पर दोनों देशों के संबंधितों द्वारा पारस्परिक हवप से सुविधाजनक तारीख पर

हस्ताक्षर किए जाएंगे जो हस्ताक्षरित तिथि से लागू होगा।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 17 फरवरी, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और मॉरीशस के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग और साझेदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की।
- भारत-मॉरीशस सीईसीपीए पहला व्यापार समझौता है, जो किसी अफ्रीकी देश के साथ किया गया है।
- सीईसीपीए दोनों देशों के बीच व्यापार को प्रोत्साहित करने और बेहतर बनाने हेतु एक संस्थागत तंत्र प्रदान करता है।
- इस समझौते में भारत के लिए 310 निर्यात वस्तुओं को शामिल किया गया है जिसमें खाद्य सामग्री और पेय पदार्थ (80 लाइनें), कृषि उत्पाद (25 लाइनें), वस्त्र और वस्त्र उत्पाद (27 लाइनें), आधार धातु और इससे बने उत्पाद (32 लाइने), बिजली और इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद (13 लाइनें), प्लास्टिक और रसायन (20 लाइनें), लकड़ी तथा लकड़ी से निर्मित सामान (15 लाइनें) और अन्य शामिल हैं।
- मॉरीशस को अपने 615 उत्पादों के लिए प्राथमिकता के आधार पर भारतीय बाजार में पहुंच से लाभ मिलेगा, जिसमें फ्रोजेन फिश, विशेष प्रकार की चीनी, बिस्कुट, ताजे फल, जूस, मिनरल वाटर, बीयर, मादक पेय, साबुन, बैग, चिकित्सा और शल्य-चिकित्सा उपकरण और परिधान शामिल है।
- सेवा व्यापार के संबंध में भारतीय सेवा प्रदाताओं को 11 व्यापक सेवा क्षेत्रों जैसे पेशेवर सेवाओं, कंप्यूटर से संबंधित सेवाओं, अनुसंधान और विकास अन्य व्यावसायिक सेवाएं, दूरसंचार, निर्माण, वितरण, शिक्षा, पर्यावरण, वित्तीय, पर्यटन और यात्रा संबंधी मनोरंजन, योग, ऑडियो-विजुअल सेवाएं और परिवहन सेवाएं आदि के अंतर्गत लगभग 115 उप-क्षेत्रों तक पहुंच प्राप्त होगी।
- समझौते पर हस्ताक्षर करने के 2 वर्ष के भीतर सीमित संख्या में अति संवेदनशील उत्पादों के लिए एक स्वचालित ट्रिकर सुरक्षा तंत्र (एटीएसएम) पर बातचीत करने हेतु दोनों पक्षों ने सहमति यक्त की है।
- इस समझाते पर दोनों देशों के संबंधितों द्वारा पारस्परिक ह्वप से सुविधाजनक तारीख पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जो उससे अगले महीने की पहली तारीख से लागू होंगे।
- मॉरीशस भारत का एक महत्वपूर्ण विकास भागीदार है, जिसे भारत ने वर्ष 2016 में 353 मिलियन डॉलर का विशेष आर्थिक पैकेज दिया था।

- भारत और मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2019-20 में 690.02 मिलियन डॉलर रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1698689

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, डब्ल्यूएचओ में समझौता

प्रश्न-15 फरवरी, 2021 को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दक्षिण पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ) के मध्य किस उद्देश्य हेतु नई दिल्ली में समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय पारंपरिक चिकित्सा कार्यक्रम के लिए आयुष विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति हेतु
(b) आयुष चिकित्सा के संबंध में ज्ञान साझा करने हेतु
(c) भारत में आयुष प्रणालियों के प्रचार-प्रसार हेतु
(d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 15 फरवरी, 2021 को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगङ्गन के दक्षिण पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय (डब्ल्यूएचओ एसईएआरओ) के मध्य डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीक पारंपरिक चिकित्सा कार्यक्रम के लिए आयुष विशेषज्ञ की प्रतिनियुक्ति के लिए समझौताज्ञापन नई दिल्ली में हस्ताक्षरित हुआ।
- क्षेत्रीय पारंपरिक चिकित्सा कार्य योजना को लागू करने वाले डब्ल्यूएचओ एसईआर को समर्थन देने के लिए यह पहल की गई है, जिसमें आयुर्वेद और चिकित्सा की अन्य भारतीय पारंपरिक प्रणालियों सहित पारंपरिक चिकित्सा सेवा के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया गया है और राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों से उचित तरीके से जोड़ा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1698177

वीएसएनएल में टाटा की हिस्सेदारी

प्रश्न-हाल ही में किस कंपनी द्वारा वीएसएनएल (विदेश संचार निगम लिमिटेड) में हिस्सेदारी खरीदी गयी है?

(a) रिलायंस जियो (b) टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड

(c) वोडाफोन (d) एस्सार

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2021 में टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड द्वारा आधिकारिक ह्वप से विदेश संचार निगम लिमिटेड में 26.12 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदने का निर्णय लिया है।
- इस हिस्सेदारी की बिक्री प्रस्ताव लगभग 8400 करोड़ रुपये में है जो वित्त वर्ष में विनिवेश के दौरान उसकी कमाई का हिस्सा है।
- यह हिस्सेदारी ऑफर फॉर सेल (OFS) के माध्यम से बेचा जायेगा।
- निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) द्वारा इस लेन-देन को पूरा करने की समय-सीमा अनुह्वप 20 मार्च तय किया गया है।
- सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी विदेश संचार निगम लिमिटेड (VSNL) का निजीकरण वर्ष 2002 में किया गया था।
- कंपनी के 25 फीसद हिस्सेदारी प्रबंधन नियंत्रण सौपने के साथ रणनीतिक भागीदार पानाटोन फिनवेस्ट लिमिटैड को बेंचे गये थे।
- बाद में इस कंपनी का नाम बदलकर टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड कर दिया गया।
- टाटा कम्युनिकेशंस की प्रवर्तक की हिस्सेदारी 74.99 प्रतिशत है, तथा भारत सरकार के पास 26.12 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/govt-to-exit-its-holding-in-vsnl-this-fiscal-sell-26-12-stake/articleshow/80351402.cms?from=mdr

आंध्र प्रदेश के परियोजना प्रबंधन इकाई की स्थापना के लिए समझौता

प्रश्न-हाल ही में सिडबी ने किस राज्य सरकार के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के क्षेत्रों को बढ़ावा देने हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?

(a) केरल (b) उत्तराखंड (c) सिक्किम (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2021 को लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) द्वारा आंध्र प्रदेश में सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।
- इस समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षरकर्ता जेवीएन सुब्रमण्डम (उद्योग निदेशक, वाणिज्य और निर्यात संवर्धन, आंध्रा प्रदेश) और संजय जैन (सिडबी महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रमुख, हैदराबाद) है।
- यह समझौता आंध्र प्रदेश के उद्योग मंत्री मेकापति गौतम रेड्डी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।
- इस समझौते के अन्तर्गत एक परियोजना प्रबंधन इकाई (PMU) की स्थापना की जायेगी।
- ध्यातव्य है कि सिडबी ने पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर 11 राज्यों- असम, नई दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में परियोजना प्रबंधन इकाई (PMU) की स्थापना हेतु एक विशेष एजेंसी की नियुक्ति की थी।
- सिडबी का कार्य सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों पर जोर देने के साथ उद्योग संबंधी पारिस्थितिकी को मजबूत बनाने हेतु सरकार की सहायता करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://sidbi.in/hi/news/sidbi-joins-hands-with-ap-government-to-develop-msme-ecosystem

MCEME तथा ऑर्डीनेंस फैक्ट्री मेडक के मध्य समझौता

प्रश्न-फरवरी, 2021 में मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, हैदराबाद ने आर्मड (Armed) ट्रैक्ड रिपेयर व्हीकल डिजाइन करने के लिए किसके साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया है?

(a) ऑर्डीनेंस फैक्ट्री, मेडक (b) ऑर्डीनेंस फैक्ट्री, कानपुर

(c) ऑर्डीनेंस केबल फैक्ट्री चंडीगढ़ (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, हैदराबाद ने आर्मड, ट्रैकेड रिपेयर व्हीकल डिजाइन करने के लिए ऑर्डीनेंस फैक्ट्री, मेडक के साथ शैक्षणिक एवं तकनीकी लिंकेज समझौते पर हस्ताक्षर किया है।उक्त समझौते के तहत मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग (MCEME) तथा ऑडीनेंस फैक्ट्री मेडक द्वारा

इंजीनियरिंग तथा तकनीकी में वैकल्पिक समाधान खोजने के अलावा विभिन्न घटकों के निर्माण, कर्मचारियों के प्रशिक्षण सहित बख्तरबंद ट्रैक वाले वाहनों के स्वदेशीकरण पर काम करेंगे।

- ध्यातव्य है कि आर्डिनेंस फैक्ट्री मेडक रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्थापित 41 आयुध फैक्ट्री में से एक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.uniindia.com/news/south/defence-telangana-mceme-agreement/2324284.html

संघ/संगठन

इटली अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल

प्रश्न-17 मार्च, 2021 को इटली ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के तहत संशोधित फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत के प्रधामनंत्री और फ्रांसीसी राष्ट्रपति द्वारा आईएसए किस वर्ष प्रारंभ किया गया था?

(a) 2014 (b) 2015 (c) 2016 (d) 2018

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17 मार्च, 2021 को इटली ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के तहत संशोधित फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- फ्रेमवर्क समझौते पर भारत में इटली के राजदूत विनसेंजो डी लूका ने हस्ताक्षर किए।
- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकोइस होलैंडे ने 30 नवंबर, 2015 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP21) के दौरान संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) प्रारंभ किया था।
- इस गठबंधन का उद्देश्य पेरिस जलवायु समझौते को अमल में लाने हेतु काम करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=412194

एनएएम एस्टेट्स और एम्बेसी वन कॉमर्शियल प्रॉपर्टी डेवलपमेंट विलय

प्रश्न-25 फरवरी, 2021 भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने किस रियल एस्टेट कंपनी में एनएएम एस्टेट्स और एम्बेसी वन कॉमर्शियल प्रॉपर्टी डेवलपमेंट्स के प्रस्तावित विलय को मंजूरी प्रदान की?

(a) एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड (b) सुनटेक रियलटी लिमिटेड

(c) इंडिया बुल्स रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड (d) डीएलएफ लिमिटेड

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 25 फरवरी, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इंडिया बुल्स रियल एस्टेट में एनएएमस्टेट्स और एम्बेसी वन कॉमर्शियल प्रॉपर्टी डेवलपमेंट्स के प्रस्तावित विलय को मंजूरी प्रदान की।
- प्रस्तावित संयोजन में एनएएम एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड (एनएएम एस्टेट) और एम्बेसी वन कॉमर्शियल प्रॉपर्टी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड (ईओसीपीडीपीएल) के इंडिया बुल्स रियल एस्टेट लिमिटेड (आईबीआरईएल) में विलय की परिकल्पना की गई है।
- प्रस्तावित संयोजन अंतर-जुड़े चरणों की एक शृंखला के माध्यम से किया जाएगा।

(i) एम्बेसी समूह की कुछ पहचानी गई संपत्ति, प्रतिभूति और या निवेश को ईओसीपीडीपीएल इकाई (इकाइयों) में स्थांतरित कर दिया जाएगा।

(ii) कुछ तीसरे पक्ष के निवेशक एनएम एस्टेट और ईओसीपीडीपीएल में हिस्सेदारी के लिए एम्बेसी समूह की इन पहचानी गई संपत्तियों, प्रतिभूतियों और/या निवेश में अपनी हिस्सेदारी की अदला-बदली करेंगे।

(iii) पुनर्गठित एनएएम एस्टेट और ईओसीपीडीपीएल का आईबीआरईएल में विलय होगा और आईबीआरईएल, एनएएम एस्टेट और ईओसीपीडीपीएल के सभी मौजूदा शेयरधारकों को शेयर जारी करेगी।

- आईबीआरईएल भारत में सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध रियल स्टेट कंपनी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1700818

बैंक ऑफ महाराष्ट्र - वायना नेटवर्क साझेदारी

प्रश्न: फरवरी, 2021 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने किस उद्देश्य से वायना नेटवर्क के साथ साझेदारी किया ?

(a) एमएसएमई की मदद हेतु (b) बीपीएल परिवारों की मदद हेतु
(c) छात्रों की मदद हेतु (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने एमएसएमई की मदद के उद्देश्य से वायना नेटवर्क के साथ एक साझेदारी किया।
- वायना नेटवर्क एक फिनटेक कंपनी है।
- यह MSMEs को वित्तीय सहायता देने वाला भारत का सबसे बड़ा 'आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण मंच'(supply chain financing platform) है।
- महाबैंक चैनल वित्तपोषण योजना
- इस साझेदारी के माध्यम से, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने महाबैंक चैनल फाइनेंसिंग योजना शुरू की है।
- जिससे कॉर्पोरेट्स के डीलरों और विक्रेताओं की फंडिंग आवश्यकता को पूरा करने के लिए अल्पकालिक क्रेडिट प्रदान किया जा सके।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/sme-sector/bank-of-maharashtra-partners-with-vayana-network-to-offer-help-msmes/articleshow/81085569.cms?from=mdr#:~:text=Under%20the%20partnership%2C%20Vayana%20Network,Vayana's%20technology%20and%20service%20expertise.&text=%E2%80%9CMSMEs%20are%20the%20backbone%20of,in%20a%20post%20pandemic%20world.

पिरामल ग्रुप द्वारा डीएचएफएल का अधिग्रहण

प्रश्न-फरवरी, 2021 में भारतीय रिजर्व बैंक ने 'दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड' (DHFL) के अधिग्रहण हेतु किसे अपनी मंजूरी प्रदान की है?

(a) पिरामल ग्रुप (b) ओकट्री कैपिटल (c) अडानी ग्रुप (d) रिलायंस कंपनी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में भारतीय रिजर्व बैंक ने पिरामल ग्रुप द्वारा दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (DHFL) के अधिग्रहण को अपनी मंजूरी प्रदान की है।
- ध्यातव्य है कि 15 जनवरी, 2021 को दीवान हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के क्रेडिटर्स ने विनिंग लीडर्स के रूप में पिरामल ग्रुप के पक्ष में वोटिंग की थी।
- इस वोटिंग में पिरामल ग्रुप को 94 प्रतिशत से ज्यादा वोट प्राप्त हुए। इस वोटिंग में पिरामल ग्रुप के अलावा अमेरिकी कंपनी ओकट्री कैपिटल तथा भारतीय कंपनी अडानी ग्रुप ने भी भाग लिया था।
- ध्यातव्य है कि दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिग्रहण हेतु पिरामल गुरप ने लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की बोली लगाई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/business/Industry/piramal-group-gets-rbi-nod-for-dhfl-acquisition/article33870488.ece

विधि/न्याय

गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) विधेयक, 2020

प्रश्न-16 मार्च, 2021 को राज्य सभा ने गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) विधेयक, 2020 पारित किया। इस विधेयक में गर्भपात की सीमा बढ़ाकर कितने सप्ताह करने का प्रावधान है?

(a) 20 सप्ताह (b) 30 सप्ताह (c) 24 सप्ताह (d) 26 सप्ताह

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 16 मार्च, 2021 को राज्य सभा ने गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) विधेयक (The Medical Termination of Pregnacy (Am endment Bill), 2020 पारित किया।
- इस विधेयक में गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, 1971 में संशोधन का प्रावधान किया गया है।
- यह विधेयक लोकसभा द्वारा 17 मार्च, 2020 को पारित किया जा चुका है।
- इस विधेयक में 24 सप्ताह तक के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति दी गई है।
- इससे पूर्व महिलाएं अधिकतम 20 सप्ताह तक के भ्रूण का गर्भपात करा सकती थी।

- इस विधेयक का उद्देश्य स्त्रियों की सुरक्षित गर्भपात सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि करने तथा असुरक्षित गर्भपात के कारण मातृ मृत्यु दर और अस्वस्थता दर एवं उसकी जटिलताओं की कमी लाना है।
- इसमें महिला की निजता का सम्मान करने और प्रक्रिया की गोपनीयता सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है।
- इसके दायरे में बलात्कार से पीड़ित, अनाचार की शिकार तथा अन्य कमजोर महिला (जैसे दिव्यांग महिलाओं, नाबालिक) आदि को शामिल किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/parliament-proceedings-rajya-sabha-passes-the-medical-termination-of-pregnancy-bill/article34085993.ece

वर्ष/दिवस/सप्ताह

अर्थ ऑवर, 2021

प्रश्न - वर्ष 2021 में ऊर्जा बचत का वैश्विक अभियान अर्थ आवर कब मनाया जाएगा?

(a)28 मार्च (b)30 मार्च (c)31 मार्च (d)27 मार्च

उत्तर - (d)

संबंधित तथ्य

- 27 मार्च 2021 को ऊर्जा बचत का वैश्विक अभियान अर्थ ऑवर संपूर्ण विश्व में 8:30 पीएम से 9:30 पीएम तक मनाया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि अर्थ ऑवर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (WWF World Wide Fund for Nature) द्वारा प्रत्येक वर्ष मार्चांत में मनाया जाता है।
- उद्देश्य- व्यक्तियों तथा विभिन्न समुदायों को ऊर्जा की खपत कम करने हेतु प्रोत्साहित करना, जिसके लिए सभी को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की गैरजरूरी लाइटों, इत्यादि को 1 घंटे के लिए बंद करने का आग्रह किया जाता है।
- इस वैश्विक अभियान की शुरुआत वर्ष 2007 में सिडनी, ऑस्ट्रेलिआ में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.earthhour.org/

विश्व रंगमंच दिवस

प्रश्न-'विश्व रंगमंच दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 24 मार्च (b) 26 मार्च (c) 27 मार्च (d) 25 मार्च

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व रंगमंच दिवस' (World Theatre Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 1962 में अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्था (ITI) द्वारा की गई थी।
- इस बार इस दिवस का संदेश यूके एवं यूएसए की प्रसिद्ध रंगकर्मी हेलेन मिरेन (Helen Mirren) ने दिया।
- ध्यातव्य है कि प्रतिवर्ष इस दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान के निमंत्रण पर, विश्व के कई विशिष्ट रंगकर्मी शांति की संस्कृति और रंगमंच विषय पर सारे रंगकर्मियों को संदेश देते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.world-theatre-day.org/mainevent.html

नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 20 मार्च (b) 22 मार्च (c) 30 मार्च (d) 21 मार्च

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 21 मार्च, 2021 को समूचे विश्व में 'नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस (International day for the elemination of racial discrimination) मनाया गया।
- इस दिवस का आयोजन संयुक्त राष्ट्र द्वारा किया जाता है।
- वर्ष 2021 के लिए इस दिवस का विषय है-"Youth Standing up against Racism" (नस्लवाद के खिलाफ उठ खड़ा हुआ युवा)
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य नस्लवाद के सभी रूपों को खत्म करना और नस्लीय भेदभाव के प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

- यह #FightRacism के माध्यम से जनता को नस्लीय पूर्वाग्रह और असहिष्णु दृष्टिकोण के खिलाफ खंडा होने हेतु प्रोत्साहित करता है।
- ध्यातव्य है कि दक्षिण अफ्रीका के शार्पविले में पुलिस ने 1960 में रंगभेद 'कानून' के विरुद्ध एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन में गोलियां चलवाईं जिसमें 69 लोग मारे गए।
- वर्ष 1979 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने निर्णय लिया कि 21 मार्च से आरंभ होने वाले नस्लवाद के विरुद्ध संघर्षशील लोगों के साथ एक सप्ताह की एकजुटता के रूप में प्रति वर्ष आयोजित की जाएगी।
- यह दिन सहिष्णुता, समानता और भेदभाव विरोधी वैश्विक संस्कृति का समर्थन करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/end-racism-day

विश्व कविता दिवस

प्रश्न-हाल ही में 'विश्व कविता दिवस' कब मनाया गया है?

(a) 23 मार्च (b) 21 मार्च (c) 24 मार्च (d) 19 मार्च

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 21 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व कविता दिवस' (World Poetry Day) मनाया गया।
- उद्देश्य-कविता के लेखन, प्रकाशन, अध्ययन और अध्यापन के साथ ही सृजनात्मकता को विश्वभर में बढ़ावा देना।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1999 में पेरिस में हुए यूनेस्को के 30वें अधिवेशन में '21 मार्च' को इस दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://en.unesco.org/commemorations/worldpoetryday

विश्व क्षय रोग दिवस, 2021

प्रश्न-'विश्व क्षय रोग दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 24 मार्च (b) 23 मार्च (c) 20 मार्च (d) 22 मार्च



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 24 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व क्षय रोग दिवस' (World Tuberculosis Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय (Theme)-"THE CLOCK IS TICKING"।
- यह दिवस क्षय रोग से संबंधित समस्याओं और समाधान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए और विश्व भर में इसके नियंत्रण के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मनाया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि यह दिवस वर्ष 1882 में क्षय रोग के बेसिलस की खोज करने वाले डॉ. रॉबर्ट कोच के जन्म दिवस पर '24 मार्च' को मनाया जाता है।
- W.H.O. के अनुसार, क्षय रोग (टी.बी.) अभी भी विश्व का सबसे घातक संक्रामक किलर (हत्यारा) है।
- भारत सरकार ने नई स्वास्थ्य नीति, 2017 में वर्ष 2025 तक क्षयरोग के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.who.int/campaigns/world-tb-day/world-tb-day-2021

विश्व मौसम विज्ञान दिवस

प्रश्न- 23 मार्च, 2021 को 'विश्व मौसम विज्ञान दिवस' मनाया गया। वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) क्या था?
(a) 'मौसम और जलवायु युवाओं को लुभाना' (b) जलवायु एवं जल
(c) जलवायु परिवर्तन एवं वर्षा (d) महासागर , हमारी जलवायु और मौषम
उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व मौसम विज्ञान दिवस' (World Meteorological Day) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)- 'महासागर , हमारी जलवायु और मौषम' (The Ocean, Our Climate and Weather) है।
- इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य लोगों को मौसम विज्ञान तथा इसमें हो रहे परिवर्तन के बारे में जागरूक करना है।
- यह दिवस विश्व मौसम विज्ञान संगठन (World Metrological Organisation) द्वारा मनाया जाता है।
- डब्लूएमओ (WMO) वर्ष 1873 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन (IMO) से उत्पन्न हुआ था।
- डब्लूएमओ (WMO) की स्थापना वर्ष 1950 में हुई थी।
- वर्ष 1951 में यह संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसी बना।

- वर्तमान में 191 देश इसके सदस्य हैं।
- इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://public.wmo.int/en/resources/world-meteorological-day/wmd-2021-the-ocean-our-climate-and-weather

विश्व जल दिवस

प्रश्न-22 मार्च, 2021 को 'विश्व जल दिवस' मनाया गया। वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय क्या है?

(a) जल और जलवायु परिवर्तन (b) पर्यावरण के लिए जल
(c) वैल्युइंग वाटर (d) सतत भविष्य के लिए जल

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व जल दिवस' (World Water Day) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)- "वैल्युइंग वाटर" (Valuing water) है।
- इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य जल संकट से निपटने हेतु लोगों को जागरूक करना है।
- वर्ष 1992 में रियो डी जेनेरियो में आयोजित पर्यावरण एवं विकास के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCED) में 'विश्व जल दिवस' मनाने की पहल की गई।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1993 में प्रतिवर्ष 22 मार्च को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल शक्ति अभियान : कैच द रेन कैम्पेन का वर्चुअल शुभारम्भ किया।
- इस अभियान का नारा है - " जहां भी गिरे , जब भी गिरे , वर्षा जल एकत्र करें" ।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/water-day

अंतरराष्ट्रीय वन दिवस

प्रश्न-21 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय वन दिवस' मनाया गया। वर्ष 2020 में इस दिवस का मुख्य विषय क्या था-

(a) वन और रोजगार (b) वन और जैवविविधता
(c) वन और जलवायु परिवर्तन (d) फॉरेस्ट रेस्टोरेशन :ए पथ टू रिकवरी ऐंड वेल-बींग

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 21 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय वन दिवस' (International Day of Forests) मनाया गया।
- मुख्य विषय (Theme)- " फॉरेस्ट रेस्टोरेशन : ए पथ टू रिकवरी ऐंड वेल-बींग " (Forest restoration: a path to recovery and well-being)।
- उद्देश्य-वन संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वर्तमान और भावी पीढ़ी के विकास को सुदृढ़ बनाना।
- उल्लेखनीय है कि 21 दिसंबर, 2012 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 21 मार्च को यह दिवस मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/forests-and-trees-day

अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस, 2021

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 20 मार्च (b) 18 मार्च (c) 21 मार्च (d) 22 मार्च

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 20 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस' (International Day of Happiness) मनाया गया।
- थीम-"Happiness for all forever"
- यह दिवस वर्ष 2013 से प्रतिवर्ष विश्व भर में खुशी के महत्व को समझने के लिए मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है, हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट, 2021 में भारत को 149 देशों में 139वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- जबकि फिनलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://happinessday.org/

विश्व गौरैया दिवस

प्रश्न-'विश्व गौरैया दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 20 मार्च (b) 18 मार्च (c) 23 मार्च (d) 15 मार्च

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 20 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व गौरैया दिवस' (World Sparrow Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय - 'आई लव स्पैरो' (I Love Sparrow)।
- उद्देश्य - संपूर्ण विश्व में गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना।
- पहली बार यह दिवस वर्ष 2010 में मनाया गया था।
- ध्यातव्य है कि गौरैया का जंतु-वैज्ञानिक नाम पासर डोमेस्टिकस (Passer Domesticus) है।
- यह भारत के केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली की राजकीय पक्षी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ndtv.com/india-news/world-sparrow-day-2021-here-are-sparrow-day-facts-and-how-to-celebrate-2394588

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

प्रश्न-15 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' मनाया गया। इस वर्ष इस दिवस का मुख्य विषय क्या था?

(a) प्लास्टिक प्रदूषण से निपटना (b) डिजिटल बाजारों को अधिक न्यायसंगत बनाना

(c) सतत उपभोक्ता (d) जागरूक उपभोक्ता सतत विकास



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' (World Consumer Rights Day) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) था- ''प्लास्टिक प्रदूषण से निपटना'' (Tackling Plastic Pollution)।
- उद्देश्य-उपभोक्ताओं के अधिकारों का सम्मान करना और बाजार में उनके शोषण को रोकना।

- गौरतलब है कि 15 मार्च, 1962 को अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी ने सबसे पहले उपभोक्ता अधिकारों के मुद्दे को संबोधित किया था।
- सर्वप्रथम 15 मार्च, 1983 को पहली बार यह दिवस मनाया गया था।
- ज्ञातव्य है कि भारत में प्रतिवर्ष 24 दिसंबर, को 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि भारत में इसी दिन वर्ष 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम अधिनियमित हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.consumersinternational.org/what-we-do/world-consumer-rights-day/tackling-plastic-pollution-2021/

विश्व वन्यजीव दिवस

प्रश्न-'विश्व वन्यजीव दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 1मार्च (b) 2 मार्च (c) 3 मार्च (d) 28 फरवरी

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 3 मार्च,2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व वन्यजीव दिवस' (World Wildlife Day) मनाया गया
- मुख्य विषय (Theme) -'Forests and Liveli hoods : Sustaining people and planet.'
- यह दिवस वैश्विक स्तर पर विलुप्त संकटापन्न वन्यजीवों तथा वनस्पतियों के संरक्षण की दिशा में जागरुकता लाने के लिए मनाया जाता है।
- ध्यातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2013 को अपने 68 वें सत्र में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/world-wildlife-day

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा कब से मनाया जा रहा है?

(a) वर्ष 1980 (b) वर्ष 1995 (c) वर्ष 1975 (d) वर्ष 1985

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' (International Women's Day) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Women in Leadership: Achieving an equal future in a COVID-19 World".
- इस दिवस को महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 1975 में 'अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष' के दौरान संयुक्त राष्ट्र ने 8 मार्च को इस दिवस को मनाना प्रारंभ किया था।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, कानूनी प्रतिबंधों ने 27 बिलियन महिलाओं को पुरुषों के समान नौकरियों तक पहुंचने से रोक दिया।
- वर्ष 2019 तक विश्व भर में 25 प्रतिशत से कम सांसद महिलाएं थी।
- गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा एजेंडा-2030 के तहत स्वीकृत 17 सतत विकास लक्ष्यों में 'लक्ष्य 5' के अंतर्गत लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी लड़कियों को सशक्त बनाना शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/womens-day

https://www.unwomen.org/en/news/in-focus/international-womens-day

विश्व किडनी दिवस

प्रश्न-वर्ष 2021 में 'विश्व किडनी दिवस' कब मनाया गया?

(a) 9 मार्च (b) 10 मार्च (c) 11 मार्च (d) 8 मार्च

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व किडनी दिवस' (World Kidney Day)
- मनाया गया।
- यह दिवस प्रतिवर्ष मार्च माह के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है।

- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Living Well with Kidney Disease" हैं।
- यह दिवस विश्व भर में किडनी रोग और उससे संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के प्रभाव को कम करने हेतु स्वास्थ्य में किडनी के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु 'वैश्विक जागरूकता' अभियान है।
- यह दिवस अंतरराष्ट्रीय सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी (ISN) और इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ किडनी फाउंडेशन (IFKF) की एक संयुक्त पहल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldkidneyday.org/about/world-kidney-day/

विश्व सामाजिक न्याय दिवस

प्रश्न-विश्व सामाजिक न्याय दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 22 फरवरी (b) 18 फरवरी (c) 20 फरवरी (d) 15 फरवरी

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व सामाजिक न्याय दिवस' (World Day of Social Justice) मनाया गया।
- थीम-'डिजिटल अर्थव्यवस्था में सामाजिक न्याय के लिए' (Call For Social Justice in the Digital Economy)।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2007 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगङ्गन ने सर्वसम्मति से 10 जून, 2008 को एक निष्पक्ष वैश्वीकरण के लिए सामाजिक न्याय पर आइएलओ घोषणापत्र को अपनाया था।
- उद्देश्य-गरीबी, लैंगिक समानता, बेरोजगारी, मानवाधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसी सामाजिक न्याय के मुद्दों को बढ़ावा देना।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सभी कामगारों में से 60 प्रतिशत से अधिक के पास किसी भी तरह के रोजगार अनुबंध की कमी है।
- 45 प्रतिशत से कम, वेतन और वेतनभागी श्रमिकों को पूर्णकालिक, स्थायी आधार पर नियुक्त किया जाता है।
- वर्ष 2019 तक, (विगत वर्षों में 201 मिलियन की तुलना में) 212 मिलियन से अधिक लोग काम से बाहर थे।

- वर्ष 2030 तक 600 मिलियन नए रोजगार सृजित करने की आवश्यकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/social-justice-day

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

प्रश्न-28 फरवरी, 2021 को देश भर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय क्या था?

(a) राष्ट्रीय निर्माण में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
(b) विज्ञान में महिलाएं (c) लोगों के लिए विज्ञान
(d) विज्ञान प्रौद्योगिकी नवाचारों का भविष्य: शिक्षा, कुशलता और काम पर प्रभाव

उत्तर–(*)

संबंधित तथ्य

- 28 फरवरी, 2021 को देश भर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (National Science Day) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) था विज्ञान प्रौद्योगिकी नवाचारों का भविष्य: शिक्षा, कुशलता और काम पर प्रभाव (Future of Science Technology Innovations: Impacts on Education, Skills and Work)।
- उद्देश्य–विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग करना।
- ज्ञातव्य है कि 28 फरवरी, 1928 को सर चंद्रशेखर वेंकटरमन ने 'रमन प्रभाव' की खोज की थी।
- इसी खोज के लिए उन्हें वर्ष 1930 में भौतिक का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।
- इसी उपलक्ष्य में भारत में वर्ष 1986 से प्रति वर्ष 28 फरवरी को इस दिवस के रूप में मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/national-science-day-2021-date-theme-and-significance-1773906-2021-02-28#:~:text=11%3A46%20IST-,National%20Science%20Day%202021%20is%20being%20observed%20on%20February%2028th,Nobel%20Prize%20for%20this%20discovery.

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

प्रश्न-8 मार्च, 2021 को विश्व भर में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' मनाया गया। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा कब से मनाया जा रहा है?

(a) 1975
(b) 1985
(c) 1995
(d) 1980

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को विश्व भर में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' (International Women's Day) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय है- 'Women in leadership: Achieving an equal future in a COVID-19 world' है।
- उल्लेखनीय है कि इस दिवस को महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 1975 में 'अंतरराष्ट्रीय महिला वर्ष' के दौरान संयुक्त राष्ट्र ने 8 मार्च को इस दिवस को मनाना प्रारंभ किया था।
- गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा एजेंडा 2030 के तहत स्वीकृत 17 सतत विकास लक्ष्यों में लक्ष्य 5 के अंतर्गत लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी लड़कियों को सशक्त बनाना शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/womens-day

विश्व श्रवण दिवस

प्रश्न-हाल ही में 'विश्व श्रवण दिवस' कब मनाया गया?

(a) 4 मार्च (b) 3 मार्च (c) 1 मार्च (d) 2 मार्च

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 3 मार्च, 2021 को 'विश्व श्रवण दिवस' (World Hearing Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय-Hearing care for All! Screen-Rehabilitate-Communicate

- इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने डब्ल्यूएचओ के कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष की हैसियत से डब्ल्यूएचओ की 'वर्ल्ड रिपोर्ट ऑन हियरिंग' जारी की।
- रिपोर्ट में सुझाई गई रणनीतिओं के अनुरूप स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से सामुदायिक और प्राथमिक स्तर पर सेवाओं में सुधार करना अनुशंसित है।
- इसके अलावा, इस रिपोर्ट में सभी जरूरतमंदों तक सस्ती श्रवण तकनीकी पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 2 प्रतिशत आबादी मुख्य तौर पर बच्चे ओटिटिस मेडिया (कान के मध्य भाग का संक्रमण) से पीड़ित हैं।
- गौरतलब है कि श्रव्य निशक्तता से पीड़ितों का उपचार प्रदान करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2006 में 'राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम' आरंभ किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1702290

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 18 फरवरी (b) 13 फरवरी (c) 21 फरवरी .

(d) 20 फरवरी

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' (International Mother Langua Day) मनाया गया।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Fostering Multilingualismge for Inclusion in educatlon and Society"
- उल्लेखनीय है कि यूनेस्को की आम सभा द्वारा नवंबर, 1999 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।
- जिसके पश्चात यह दिवस फरवरी, 2000 से प्रतिवर्ष भाषाई और सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि 21 फरवरी, 1952 को ढाका में कई छात्रों ने बांग्ला को राष्ट्रभाषा बनाने की मांग को लेकर पुलिस की गोलियों के सामने शहादत हासिल की थी।

- संयुक्त राष्ट्र ने इसकी स्मृति में प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाने निर्णय लिया।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2022-2032 को स्वदेशी भाषाओं का अंतरराष्ट्रीय दशक (International Decade of Indigenous Languages) के रूप में मनाया जाएगा।
- गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2008 को 'भाषाओं का अंतरराष्ट्रीय वर्ष (International Year of Languages) के रूप में मनाया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://en.unesco.org/commemorations/motherlanguageday

शून्य भेदभाव दिवस

प्रश्न-'शून्य भेदभाव दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 1 मार्च (b) 28 फरवरी (c) 3 मार्च (d) 25 फरवरी
उत्तर–(a)
संबंधित तथ्य

- 1 मार्च, 2021 को संपूर्ण विश्व में शून्य भेदभाव दिवस(Zero Discrimination Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय(Theme)– "End Inequalities"
- उद्देश्य– समाज में निष्पक्षता लाने, विविधता को अपनाने तथा प्रतिभा एवं कौशल को महत्व देने के लिए।
- इस दिवस को मनाने की घोषणा विश्व एड्स दिवस (1 दिसंबर, 2013) के अवसर पर यूएनएड्स (UNAIDS) द्वारा की गई।
- यह दिवस पहली बार 1 मार्च, 2014 को मनाया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://spark.adobe.com/page/XBcrhKn6snyky/

पुस्तकें

एडवांटेज इंडिया : द स्टोरी ऑफ इंडियन टेनिस

प्रश्न-पुस्तक-'एडवांटेज इंडिया : द स्टोरी ऑफ इंडियन टेनिस' के लेखक कौन हैं?



(a) मोहम्मद सलीम (b) दिलीप बोस (c) रामनाथन कृष्णन (d) अनिंद्या दत्ता

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- पुस्तक 'एडवांटेज इंडिया: द स्टोरी ऑफ इंडियन टेनिस' वेस्टलैंड पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित की गई है।
- इस पुस्तक के लेखक अनिंद्या दत्ता हैं।
- इस पुस्तक में भारतीय टेनिस की यात्रा का वर्णन किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/tennis/advantage-india/article33721222.ece

पुस्तक-एग्रीकल्चर ऐक्ट्स ऑफ, 2020

प्रश्न-पुस्तक-एग्रीकल्चर ऐक्ट्स ऑफ, 2020 के लेखक कौन हैं?

(a) के. वीरमणि (b) ए.के. राजन (c) बाला सुब्रमण्यम (d) सुमित चटर्जी

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2021 को द्रविड़ कजगम के अध्यक्ष के. वीरमणि ने पुस्तक - 'एग्रीकल्चर ऐक्ट्स ऑफ, 2020' का विमोचन किया।इस पुस्तक के लेखक मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश ए.के. राजन हैं।इस पुस्तक में केन्द्र सरकार के तीन विवादास्पद कृषि कानूनों के विषय में उल्लेख किया गया है, जिसके परिणामस्वहवप किसान नई दिल्ली में आंदोलनरत हैं।
- इसमें उल्लिखित है कि भारत के संघीय ढांचे पर यह कानून किस प्रकार प्रहार करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/chennai/veeramani-releases-book-on-farm-laws/article33898760.ece

पुस्तक-द टेरीबल हॉरीबल, वेरी बैड गुड न्यूज

प्रश्न-पुस्तक-'द टेरीबल, हॉरीबल, वेरी बैड गुड न्यूज' किसने लिखी है?

(a) किरण देसाई (b) मेघना पंत (c) अनीता नायर (d) शोभना भारतीय

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- अप्रैल, 2021 में पुस्तक 'द टेरीबल, हॉरीबल, वेरी बैडगुड न्यूज' प्रकाशित की जाएगी।
- यह शीघ्र ही 'बदनाम लड्डू' शीर्षक के तहत एक प्रमुख मोशन पिक्चर के ह्वप में पेश की जाएगी।
- इस पुस्तक की लेखिका मेघना पंत हैं।
- इस पुस्तक में एक छोटे शहर की महिला लाडो के विषय में उल्लेख है जो अपने रूढ़िवादी परिवार को डांटती है, जब वह मिस्टर राईट की तलाश करते हुए एक स्पर्म डोनर का उपयोग करके बच्चा पैदा करने का फैसला करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://penguin.co.in/book/the-terrible-horrible-very-bad-good-news/

पुस्तक-'राष्ट्र प्रथम-82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा'

प्रश्न-19 फरवरी, 2021 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में किस बल की 'राष्ट्र प्रथम-82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा' पुस्तक का विमोचन किया?

(a) सीआरपीएफ (b) बीएसएफ

(c) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (d) एसएसबी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 19 फरवरी, 2021 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में सीआरपीएफ की 'राष्ट्र प्रथम-82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा' पुस्तक का विमोचन किया।
- यह पुस्तक सीआरपीएफ में भर्ती होने वाले जवानों के लिए प्रेरणा का काम करेगी।
- इस पुस्तक में इतिहास की रोगटें खड़ी कर देने वाली वीरता की गाथाओं का उल्लेख है।
- इस पुस्तक में 82 वर्षों की सभी गौरवपूर्ण घटनाएं संकलित की गई हैं।
- इस पुस्तक के संकलनकर्ता डॉ. भुवन झा हैं।
- आगामी दिनों में इस पुस्तक में और प्रकरण जुड़ते जाएंगे।

- 19 फरवरी, 2021 से सीआरपीएफ का पूर्व सैनिक दिवस (वेटनर्स डे) मनाने की शुरुआत की गई है।
- देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने सीआरपीएफ को अपना झंडा देकर आजादी के बाद एक दल के रूप में देश के सामने रखने का काम किया, तब से यह सुरक्षा बल के रूप में आंतरिक सुरक्षा में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1699871

विविध

300 एचपी केप गेज लोकोमोटिव

प्रश्न-10 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 3000 एचपी केप गेज लोकोमोटिव को मोजोम्बिक के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस लोकोमोटिव के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह लोकोमोटिव बनारस लोकोमोटिव वर्क्स द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।
(b) भारतीय रेल उत्पादन इकाई बनारस लोकोमोटिव वर्क्स को मोजाम्बिक से 6 डीजल केप गेज लोकोमोटिव के निर्यात का ऑर्डर प्राप्त हुआ है।
(c) इन्हें भारतीय रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम आईआर सीटीसी द्वारा निर्यात किया जा रहा है।
(d) लोकोमोटिव लेवल ट्रेक पर 100 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से 2255 टन वजन ढोने की क्षमता के साथ 400 टन का अधिकतम ट्रैक्टिव प्रयास कर सकता है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को केंद्रीय रेल, वाणिज्य और उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने 3000 एचपी केप गेज लोकोमोटिव को मोजाम्बिक के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- यह लोकोमोटिव बनारस लोकोमोटिव वर्क्स द्वारा मेक इन-इंडिया मिशन के तहत स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

- भारतीय रेलवे द्वारा मोजाम्बिक को 3000 एचपी गेज लोकोमोटिव के 6 लोकोमोटिव और 90 स्टेनलेस स्टील यात्री डिब्बों के कुल क्रम के हिस्से के रूप में 2 लोकोमोटिव का पहला बैच निर्यात किया गया है।
- इन्हें भारतीय रेलवे के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम राइट्स लिमिटेड के माध्यम से निर्यात किया जा रहा है।
- यह लोकोमोटिव लेवल ट्रेक पर 100 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से 2255 टन वजन ढोने की क्षमता के साथ 400 टन का अधिकतम ट्रैक्टिव प्रयास कर सकता है।
- जनवरी, 2020 में ऑर्डर प्राप्त होने के बाद 14 महीनों के अंदर दो इंजनों की नई डिजाइन, खरीद और निर्माण की प्रक्रिया संपन्न हुई है।
- इंजन के सबसे महत्वपूर्ण पुर्जे अर्थात क्रैंक-केस असेंबली को बनारस लोकोमोटिव वर्क्स में इन-हाउस विकसित किया गया है।
- आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत इन केप गेज डीजल इंजनों को भारत में डिजाइन और विकसित करने के साथ भारत द्वारा वित्तपोषित किया गया है।
- उच्चतम सुरक्षा मानकों और विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु कंप्यूटर नियंत्रित ब्रेक सिस्टम (सीबी 2.0) से इसे लैस किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1703884

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1706213

सुगम्य भारत ऐप तथा पुस्तिका 'एक्सेस-द फोटो डाइजेस्ट'

प्रश्न-2 मार्च, 2021 को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावर चंद गहलोत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुगम्य भारत ऐप तथा पुस्तिका 'एक्सेस-द फोटो डाइजेस्ट' का शुभारंभ किया। सुगम्य भारत ऐप के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) सुगम्य भारत ऐप दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विकसित किया गया है।

(b) सुगम्य भारत ऐप-क्राउड सोर्सिंग मोबाइल ऐप्लिकेशन सुगम्य भारत के तीन स्तंभों निर्मित वातावरण, परिवहन क्षेत्र और देश में आईसीटी ईकोसिस्टम के प्रतिसंवेदी बनाने तथा पहुंच बढ़ाने हेतु एक साधन है।

(c) इस ऐप में 5 मुख्य विशेषताएं हैं, इसमें 4 विशेषताएं पहुंच बढ़ाने से सीधी जुड़ी हैं, जबकि 5 वीं विशेषता कोविड से संबंधित विषयों में दिव्यांगजन के लिए है।

(d) यह ऐप 8 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2 मार्च, 2021 को केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावर चंद्र गहलोत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'एक्ससेस भारत ऐप' तथा पुस्तिका 'एक्सेस-द फोटो डाइजेस्ट' लांच किया।
- इस ऐप और पुस्तिका को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा विकसित किया गया है।
- सुगम्य भारत ऐप-क्राउड सोर्सिंग मोबाइल ऐप्लिकेशन सुगम्य भारत अभियान के तीन स्तंभों- निर्मित वातावरण, परिवहन क्षेत्र और देश में आईसीटी ईकोसिस्टम के प्रति लोगों को संवेदी बनाने तथा पहुंच बढ़ाने हेतु एक साधन है।इस ऐप में 5 मुख्य विषेताएं हैं, इसमें 4 विशेषताएं पहुंच बढ़ाने से सीधी जुड़ी हैं, जबकि 5 वीं विशेषता कोविड से सबंधित विषयों में दिव्यांगजन के लिए है।
- यह 10 क्षेत्रीय भाषाओं-हिंदी, अंग्रेजी, मराठी, तमिल, ओड़िया, कन्नड़, तेलुगू गुजराती, पंजाबी और मलयालम में उपलब्ध है।इस ऐप में पंजीकरण, नियमित स्टेट्स अपडेट, समस्या समाधान का समय और शिकायत बंद करने के बारे में उपयोगकर्ताओं को सूचना देने का प्रावधान है।
- इस पुस्तक का उद्देश्य सुगमता की 10 विशेषताओं तथा समझने योग्य अच्छे-बुरे व्यवहारों के प्रति चित्रात्मक रूप से संवेदी बनाने का दिशा-निर्देश है।
- इस पुस्तिका का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण ऐप पर तथा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1701915

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1706468

हरियाणा में अविश्वास प्रस्ताव

प्रश्न-10 मार्च, 2021 को हरियाणा सरकार के खिलाफ मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। इस अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में और विरोध में कितने वोट पड़े?

(a) 30 और 54 (b) 31 और 53 (c) 32 और 55 (d) 29 और 58

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 मार्च, 2021 को हरियाणा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव रखा।
- चर्चा के बाद इस अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान कराया गया।
- अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 32 और विरोध में 55 वोट पड़े जिस कारण यह अविश्वास प्रस्ताव पारित नहीं हो सका।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/no-confidence-motion-against-haryana-government-defeated-in-assembly-101615376453463.html

भारतीय नौ सेना द्वारा युद्धपोतों पर महिला अधिकारियों की नियुक्ति

प्रश्न-मार्च 2021 में भारतीय नौ सेना के द्वारा अपने युद्धपोत पर कितनी महिला अधिकारियों को नियुक्त किया गया है?

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 6

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 मार्च, 2021 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय नौ सेना के द्वारा अपने युद्धपोत पर चार महिला अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।
- भारतीय नौ सेना के द्वारा अपने युद्धपोत पर इन महिला अधिकारियों की नियुक्ति 23 वर्ष के बाद हुई है।
- सर्वप्रथम वर्ष 1998 में युद्धपोतों पर नौ सेना द्वारा महिलाओं की नियुक्ति की गई थी, परंतु बाद में लॉजिस्टिकल तथा अन्य मुद्दों के चलते इसे समाप्त कर दिया गया था।
- इसके तहत दो महिला अधिकारियों की नियुक्ति 'आईएनएस विक्रमादित्य' तथा दो अन्य महिला अधिकारी की नियुक्ति 'आईएनएस शक्ति' पर की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livelaw.in/top-stories/supreme-court-women-army-officers-grant-of-permanent-commission-170673

हेराथ (Herath) पर्व

प्रश्न-किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में महाशिवरात्रि पर्व को स्थानीय रूप से 'हेराथ' के रूप में जाना जाता है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश (c) चंडीगढ़ (d) जम्मू-कश्मीर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- जम्मू एवं कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश में महाशिवरात्रि पर्व को स्थानीय रूप से 'हेराथ' (Herath) के रूप में जाना जाता है।
- यह पर्व कश्मीरी पंडित समुदाय द्वारा पूरे जम्मू-कश्मीर में हर्षोल्लास के साथ 'वटक नाथ पूजा' के रूप में मनाया जाता है।
- जो इसे देवी पार्वती तथा भगवान शिव के विवाह के रूप में मनाते हैं।
- यह पर्व भक्ति और सौहार्द्र के मूल्यों का प्रतीक है, जो जम्मू एवं कश्मीर की शानदार परंपरा तथा सांस्कृतिक लोकाचार की पहचान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://newsonair.com/News?title=J%26K-celebrates-festival-of-Shivratri-%E2%80%98Herath%E2%80%99&id=411606

ग्लोबल एनर्जी रिव्यू : CO2 एमिसंस इन-2020

प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा में CO2 उत्सर्जन में कितने प्रतिशत का गिरावट दर्ज किया गया है?

(a) 6.8% (b) 5.8% (c) 4.8% (d) 7.2%

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 मार्च, 2021 को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों, 2020 के अनुसार वैश्विक ऊर्जा से संबंधित CO2 उत्सर्जन में 5.8% या 2 बिलियन टन की गिरावट आयी। जिसका मुख्य कारण कोविड-19 महामारी बताया गया।
- द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात यह सबसे बड़ी वार्षिक प्रतिशत गिरावट है।
- वर्ष 2020 में प्राथमिक ऊर्जा मांग में लगभग 4% की गिरावट आयी है।
- वर्ष 2020 में कुल वैश्विक गिरावट का 50% से अधिक परिवहन और विमानन क्षेत्र में तेल के कारण हुई है।
- चीन में वर्ष 2020 में कार्बन उत्सर्जन में 0.8 प्रतिशत या 75 मिलियन टन की वृद्धि हुई।
- भारत में वर्ष 2020 में 7% या 160 मीट्रिक टन CO2 में गिरावट दर्ज की गई।
- भारत चीन, अमेरिका के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा CO2 उत्सर्जक देश है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका वर्ष 2020 में 10 % उत्सर्जक देश है।

- संयुक्त राज्य अमेरिका वर्ष 2020 में 10% उत्सर्जन में कमी आयी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iea.org/articles/global-energy-review-co2-emissions-in-2020

स्वच्छता सारथी फेलोशिप

प्रश्न-भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ने 'वेस्ट टू वेल्थ' मिशन के अन्तर्गत अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 'स्वच्छता सारथी फेलोशिप' के तहत प्रोत्साहन पुरस्कार का प्रारंभ कितने श्रेणियों में किया?

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 1 मार्च 2021 को भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के. विजय राघवन ने 'स्वच्छता सारथी फेलोशिप' की शुरुआत की।
- यह 'वेस्ट टू वेल्थ' मिशन के अंतर्गत शुरू किया गया।
- 'वेस्ट टू वेल्थ' प्रधानमंत्री- विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) के 9 राष्ट्रीय मिशनों में से एक है।इसका उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों को वैज्ञानिक और टिकाऊ तरीके से निपटान के लिए काम कर रहे नगर-निगम कर्मियों, सफाई कर्मियों, स्वयं सहायता समूहों, सामुदायिक कार्यकर्ताओं एवं छात्रों को मान्यता देना है।यह फेलोशिप उन युवा नवोन्मेषियों को सशक्त करने के लिए एक पहल है, जो अपशिष्ट प्रबंधन, जागरुकता अभियान, अपशिष्ट सर्वेक्षण/अध्ययन आदि के कार्यों में सामुदायिक स्तर पर 'सच्छता सारथी' के रूप में जुड़े हुए हैं।
- इस फेलोशिप के अन्तर्गत प्रोत्साहन पुरस्कार को तीन अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है, जो निम्न हैं-श्रेणी ए - यह श्रेणी स्कूली विद्यार्थियों (9 वीं-12 वीं कक्षा) के लिए है, जो सामुदायिक स्तर पर कचरा प्रबन्धन के कार्यों में लगे हैं।श्रेणी बी - इसके अंतर्गत कॉलेज के छात्रों (स्नातक, परास्नातक व शोध) को प्रोत्साहन मिलेगा।श्रेणी सी- इसके अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से समुदाय में कार्य कर रहे नागरिकों, नगर निगम कर्मियों और स्वच्छता कर्मियों को प्रोत्साहन मिलेगा, जो अपने उत्तरदायित्व से आगे बढ़कर कार्य कर रहे हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1701721

योनो मर्चेंट ऐप

प्रश्न-फरवरी, 2021 में एसबीआई भुगतान सेवा लिमिटेड ने भारत में व्यापारी भुगतान के डिजिटलीकरण का विस्तार करने के लिए कौन-सा ऐप लांच करने की घोषणा की?

(a) डिब्बा मर्चेंट ऐप (b) योनो मर्चेंट ऐप (c) भीम ऐप (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में एसबीआई भुगतान सेवा ने भारत के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक की सहायक कंपनी एसबीआई पेमेंटस व्यापारियों को कम लागत वाली डिजिटल भुगतान अवसंरचना प्रदान करने के लिए 'योनो मर्चेंट ऐप' (Vono Merchant App) लांच करेगी।
- इसका उद्देश्य व्यापारियों को कम लागत वाली डिजिटल भुगतान अवसंरचना प्रदान करना, उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने और व्यापारियों के लिए सुविधा प्रदान करना है।
- एसबीआई ने अगले 2 वर्षों में पूरे भारत में कम लागत वाली स्वीकृति बुनियादी सुविधाओं को तैनात करने का इरादा किया है, जो खुदरा और उद्यम क्षेत्र में पूरे भारत में 20 मिलियन संभावित व्यापारियों को लक्षित कर रहा है।
- यह पहल टियर 3,4 शहर के साथ-साथ उत्तर पूर्वी शहरों में भी डिजिटल भुगतान स्वीकृति बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में मदद करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/business/2021/feb/21/sbi-payments-to-launch-yono-merchant-app-2266719.html

गिरगिट की बहुत ही छोटी प्रजाति की खोज

प्रश्न-हाल ही में वैज्ञानिकों ने निम्नलिखित में से किस जगह गिरगिट की बहुत ही छोटी प्रजाति नई की खोज की है?

(a) मेडागास्कर (b) श्रीलंका (c) फिजी (d) म्यांमार

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- वैज्ञानिकों ने उत्तरी मेडागास्कर के वर्षावन के एक हिस्से में गिरगिट की एक अत्यंत छोटी नई प्रजाति खोजी है।

- यह तथाकथित नैनो-गिरगिट, जिसे आधारिक तौर पर ब्रूकेसिया नैना या संक्षेप में बी. नेना के ह्वप में जाना जाता है।यह गिरगिट आकार में इतना छोटा है कि यह संभवत: दीमक एवं स्प्रिंगटेल जैसे छोटे कीटों के आहार द्वारा ही अपनी उदर-पूर्ति कर सकता है।
- यह पत्तियों एवं कचरे पर बैठे छोटे कीटों का शिकार करता है।
- नर ब्रूकेसिया नेना (Brookeria Nana), या नैनोगिरगिट का शरीर सिर्फ 13.5 मिमी लंबाई का है, जिसके कारण इसे सरीसृपों की कुल 11,500 ज्ञात प्रजातियों में सबसे छोटा माना जा रहा है।
- म्यूनिख स्थित जूलॉजी के बवेरियन स्टेट संग्रह के अनुसार सिर के अग्रभाग से पूंछ तक इस गिरगिट की लंबाई मात्र 22 मिमी. (0.86 इंच) है।
- वैज्ञानिकों का मानना है कि इस गिरगिट को इतनी कम संख्या में देखा गया है, अत: यह जल्द ही संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची में शामिल किया जा सकता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.weforum.org/agenda/2021/02/new-species-madagascar-smallest-reptile-nano-chameleon/

खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल, 2021

प्रश्न-खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल, 2021 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?

(a) ओडिशा (b) कर्नाटक (c) महाराष्ट्र (d) हरियाणा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2021 को खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने घोषणा की कि खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल, 2021 कर्नाटक में आयोजित होगा।
- इस वर्ष के अंत में होने वाले देश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय खेल एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी में बंगलुह्व में प्रायोजित किए जाएंगे।
- 25 वर्ष से कम उम्र के 4000 से अधिक खिलाड़ी इसमें शामिल होंगे।
- इन खिलाड़ियों के पास राष्ट्रीय टीमों के लिए चुने जाने का अवसर भी होगा।
- इस बार विश्वविद्यालय खेलों में योगासन और मलखंभ को भी शामिल किया गया है।
- पहला विश्वविद्यालय खेल विगत वर्ष (वर्ष, 2020 में) भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित किया गया था।

बिहार में विभिन्न ऐप का शुभारंभ

प्रश्न-21 फरवरी, 2021 को बिहार में शुरू किए गए वन्डर ऐप के माध्यम से कौन-सी सुविधा प्राप्त होगी?

(a) गर्भवती महिलाओं के इलाज में काफी सुविधा होगी।

(b) गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों के इलाज के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

(c) इसके माध्यम से आशा कार्यकर्ताओं का पैसा समय पर उनके अकाउंट में चला जाएगा।

(d) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 21 फरवरी, 2021 को बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थिति संवाद में आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय पार्ट-2 के तहत ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सुविधा, अश्विन पोर्टल, वंडर ऐप एवं रेफरल ट्रांसपोर्ट ट्रैकिंग सिस्टम का शुभारंभ किया।
- वंडर ऐप की मदद से गर्भवती महिलाओं की इलाज में काफी सुविधा होगी।
- शुरू की गई रेफरल ट्रांसपोर्ट ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से अब एंबुलेस सेवा का बेहतर लाभ लोगों को मिल सकेगा।
- अश्विन पोर्टल के माध्यम से आशा कार्यकर्ताओं को उनका पैसा समय पर उनके खाते में चला जाएगा।
- इस अवसर पर जीविका और स्वास्थ्य विभाग के बीच समझौताज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौताज्ञापन से सभी अनुमंडलीय अस्पतालों में जीविका दीदी की रसोई स्थापित की जा सकेगी, इससे मरीजों को नाश्ता एवं भोजन की सुविधा समय पर उपलब्ध हो सकेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://state.bihar.gov.in/prdbihar/cache/10/25-Feb-21/SHOW_DOCS/156.pdf

तीसरा इंडिया टूरिज्म मार्ट, 2021

प्रश्न-18-20 फरवरी, 2021 के मध्य तीसरा इंडिया टूरिज्म मार्ट, 2021 कहां आयोजित हुआ?

(a) गुवाहाटी (b) नई दिल्ली (c) भोपाल (d) वर्चुअल प्लेटफार्म पर

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 18-20 फरवरी, 2021 के मध्य तीसरा इंडिया टूॅरिज्म मार्ट (3rd India Tourism Mart), 2021 वर्चुअल माध्यम से आयोजित हुआ।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम इसके उद्घाटन समारोह को संबोधित किया।
- इसका आयोजन, पर्यटन मंत्रालय और फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन इन इंडिया एंड हॉस्पटैलिटी (FAITH) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से 60 देशों के 250 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी हुई।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1698999

देश का पहला डिजिटल यूनिवर्सिटी

प्रश्न-20 फरवरी, 2021को कहां पर देश के पहले डिजिटल यूनिवर्सिटी का उद्घाटन किया गया?

(a) केरल (b) कर्नाटक (c) राजस्थान (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 20 फरवरी, 2021 को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने केरल यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी नामक देश के पहले डिजिटल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया।
- इसकी स्थापना केरल की टेक्नोसिटी , मंगलपुरम में की गई है।
- इसकी स्थापना लगभग 2 दशक पुरानी राज्य सरकार के भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान केरल (IITM-K) के उन्नयन से हुई है।
- देश के पहले डिजिटल विश्वविद्यालय के हवप में यह स्नातकोत्तर के हवप में यह स्नातकोत्तर कार्यक्रमों और शोध के साथ-साथ देश और विदेशों में अग्रणी संस्थानों के साथ मजबूत उद्योग-अकादमिक और अकादमिक संबंध बनाने पर केंद्रित होगा।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.livemint.com/news/india/indias-first-digital-varsity-comes-up-in-kerala-11613821538071.html

'नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज' कोहॉर्ट

प्रश्न-18 फरवरी, 2021 को स्मार्ट सिटी मिशन, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने 'नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज' कोहॉर्ट के लिए कितने शहरों के चयन की घोषणा की?

(a) 15 (b) 22 (c) 25 (d) 35

उत्तर–(c)

Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India

संबंधित तथ्य

- 18 फरवरी, 2021 को स्मार्ट सिटी मिशन, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने 'नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज' कोहॉर्ट के लिए 25 शहरों के चयन की घोषणा की।
- तीन वर्षीय यह कार्यक्रम (नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज' कोहॉर्ट) बर्नाड वैन लीयर फाउंडेशन तथा डब्ल्यू आरआई इंडिया की तकनीकी साझेदारी से प्रारंभ किया गया है।
- इसका उद्देश्य सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत बचपन अनुकूल पड़ोस को समर्थन प्रदान करना है।25 चुने गए शहरों में अगरतला, बंगलुहव, कोयम्बटूर, धर्मशाला, इरोड, हुबली-धारवाड़, हैदराबाद, इंदौर, जबलपुर, काकीनाडा, कोच्चि, कोहिमा, कोटा, नागपुर, राजकोट, रांची, रोहतक, राउरकेला, सलेम, सूरत, तिरुवनंतरपुरम, तिरुप्पुर, उज्जैन, बड़ोदरा तथा वारंगल शामिल हैं।
- कोहॉर्ट को प्रारंभिक विजय दिखाने, लोगों की भागीदारी के लिए काम करने और प्रस्तावों हेतु सहमति बनाने के उद्देश्य से अगले 6 महीनों तक परीक्षण और पायलट कार्य के लिए तकनीकी सहायता, क्षमता सृजन का अवसर प्राप्त होगा।
- विभिन्न शहरों द्वारा अनेक पायलट परियोजनाओं का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें आवासीय पड़ोस में नन्हें बच्चों के चलने हेतु कॉरिडोर, कमजोर बच्चों तथा शहरी स्लम से देख-रेख करने हेतु आने वाले लोगों के लिए आने-जाने का सुरक्षित रास्ता, नेचर प्ले तथा संवेदी प्रोत्साहन के लिए अवसर बढ़ाने और सरकारी स्कूल के मैदान में कक्षा खत्म होने के बाद उपयोग में नहीं लाए गए खुले स्थानों को अपनाना शामिल है।नर्चरिंग नेबरहुड चैलेंज 4 नवंबर, 2020 को लांच किया गया था।इसमें सभी स्मार्ट सिटी, राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की राजधानियों तथा 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों से आवेदन आमंत्रित किए गए।
- तीन वर्षीय इस कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित शहर, अपने प्रस्ताव, तैयारी तथा अपने संकल्प के आधार पर तकनीकी सहायता और क्षमता सृजन सहायता प्राप्त करेंगे, जिससे छोटे बच्चों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में विकास एवं समाधान योग्य कार्य किए जा सकें।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=169901

वर्ल्ड फ्यूचर फ्यूल समिट एंड एक्सपो, 2021

प्रश्न-16-17 फरवरी, 2021 के मध्य वर्ल्ड फ्यूचर फ्यूल समिट एंड एक्सपो, 2021 कहां संपन्न हुआ?

(a) भुवनेश्वर (b) जयपुर (c) नई दिल्ली (d) मुंबई

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 16-17 फरवरी, 2021 के मध्य वर्ल्ड फ्यूचर फ्यूल समिट एंड एक्सपो (World Future Fuel Summit & Expo), 2021 नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- थीम-"वैश्विक जलवायु परिवर्तन चुनौतियां" (Sustainable Future Fuel for Global Climate Change Challenges)।
- इसका आयोजन एनर्जी एंड इनवायरन मेंट फाउंडेशन द्वारा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार तथा नीति आयोग के सहयोग से किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.worldfuturefuelsummit.in/

'कार्बन वॉच' मोबाइल एप्लीकेशन

प्रश्न-फरवरी, 2021 में किस केंद्र शासित प्रदेश ने 'कार्बन वॉच' नामक मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है?

(a) चंडीगढ़ (b) पुडुचेरी (c) लद्दाख (d) लक्षद्वीप

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 16 फरवरी, 2021 को चंडीगढ़ प्रशासन ने 'कार्बन वॉच' नामक एक मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है।
- इसका उद्देश्य एक व्यक्ति के कार्बन फुटप्रिंट का आकलन करना है।
- इसके साथ ही चंडीगढ़ इस तरह की पहल शुरू करने वाला देश का पहला केंद्रशासित प्रदेश/राज्य बन गया है।
- इस मोबाइल एप्लीकेशन को डाउनलोड करने पर उपयोगकर्ताओं को कुल चार श्रेणियों-जल, ऊर्जा, अपशिष्ट उत्पादन और परिवहन से संबंधित विवरण प्रदान करना होगा।
- विवरण प्रदान करने के पश्चात सूचना के आधार पर यह ऐप स्वयं एक व्यक्ति के कार्बन फुटप्रिंट की गणना कर लेगा।

- इसके अतिरिक्त यह मोबाइल एप्लीकेशन उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रदान की गई सूचना के आधार पर कार्बन फुट पिंरट को कम करने के तरीकों का भी सुझाव देगा।
- कार्बन फुटप्रिंट का आशय किसी विशेष मानवीय गतिविधि द्वारा वातवारण में निर्गत ग्रीन हाउस गैसों, विशेष ह्वप से कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा से है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/explained/what-is-carbon-watch-indias-1st-app-to-assess-ones-carbon-footprint-7198710/

धोने योग्य संबंधित उत्पाद विकसित

प्रश्न-किस भारतीय प्रौद्योगिकों संस्थान (आईआईटी) के वैज्ञानिकों ने धोने योग्य एड्हेसिव और संबंधित उत्पाद विकसित किया है?



(a) आईआईटी, खड़गपुर (b) आईआईटी, मद्रास (c) आईआईटी, कानपुर (d) आईआईटी, रुड़की

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2021 में आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा स्टिकी चिपकने वाला मैट विकसित किया है जो संपर्क में आने वाली सतह के धूलकणों को समेट कर हमारे घरों, कार्यालयों, अस्पतालों और प्रयोगशालाओं में स्वच्छ, स्वास्थ्यकर ओर तरोताजा वातावरण को सुनिश्चित करता है।
- यह मैट सस्ता है और इसे धोया जा सकता है तथा इस प्रकार इसे बार-बार इस्तेमाल किया जा सकता है।
- आईआईटी कानपुर के रसायन इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अग्निमांग्शू घटक ने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सहायता से मेक इन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत यह मैट विकसित किया है।
- उन्होंने दीवार पर चढ़ने वाले जीव-जंतुओं जैसे किघरों में मिलने वाली छिपकली के पंजों में चिपकने वाले पैड को देखकर और उससे प्रेरित होकर इसे विकसित किया है।
- इस मैट में मौजूद एड्हेसिव अपनी सतह पर मौजूद अति सूक्ष्म पिरामिड आकार के बंप की मदद से धूल कणों को अपनी ओर खींच लेता है। जिससे जब हम उस पर पैर रखते हैं, तो इससे हमारे जूतों के सोल साफ हो जाते हैं।
- जब एड्हेसिव पूर्णत: धूल कणों से भर जाता है, तो उसे उसी प्रकार साफ किया जाता है जैसे कि हम अपने कपड़े धोते हैं।

- इसके बाद उसकी सतह एक बार फिर से अपना काम दोबारा शुह्व करने के लिए तैयार हो जाती है।वैज्ञानिकों ने मैट के विकास के लिए बड़े क्षेत्र, सरल पद्धति द्वारा सतह के आकार के नियंत्रण, धोने की संभावना और पुन: उपयोग जैसे बातों के दृष्टिगत इसे विभिन्न आकारों में तैयार करने की सोच पर काम किया है।
- स्टिकी मैट के लिए भारतीय पेटेंट का आवेदन भी किया गया है।
- स्टिकी मैट की तरह का सबसे करीबी उत्पाद 3 एम स्टिकी मैट है तो, लेकिन इसे धोया नहीं जा सकता है और न ही दोबारा उपयोग किया जा सकता है।
- यह मैट अस्पतालों के आईसीयू, में संवेदनशील उपकरण को रखने वाले कक्ष और सुविधाओं में एयर फिल्टर के एक घटक के ह्वप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
- टेक्नोलॉजी रेडीनेस लेवल के स्तर पर यह उत्पाद 7-8 के स्तर पर है और इसका अभी व्यावसायीकरण किया जाना है।
- व्यापक स्तर पर इसका निर्माण करने हेतु प्रायोगिक संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1700124